माघ शुक्ल पक्ष, द्वादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 21 फरवरी 2024
वर्ष -34, अंक -27, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

हबल ने कैद की एनजीसी 2298 की आकर्षक तस्वीर 16

शो टाइम में नजर आएंगी श्रिया सरन 15

स्वामी प्रसाद का सपा व एमएलसी पद से इस्तीफा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अखिलेश यादव व विधान परिषद सभापति को भेजा त्यागपत्र

अमृत विचार : सपा से नाराज चल रहे पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता व विधान परिषद सदस्य पद से इस्तीफा दे दिया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव को भेजे गए पत्र में मौर्य ने कहा कि वह 13 फरवरी को भेजे गए पत्र पर वार्ता के लिए पहल न करने पर इस्तीफा दे रहे हैं।

विधान परिषद सभापति को भेजे गए पत्र में लिखा कि वे सपा से परिषद के सदस्य निर्वाचित हुए थे, उन्होंने सपा से त्याग पत्र दे दिया है, इसलिए नैतिकता के आधार पर परिषद की सदस्यता से भी त्याग पत्र दे रहे हैं। इस्तीफा देने के बाद मीडिया से बातचीत में मौर्य ने कहा कि सपा प्रमुख खुद को सेकुलर कहते हैं, पर ऐसा लगता है कि वह मनुवादी व्यवस्था का समर्थन करते हैं। मौर्य ने कहा कि अखिलेश ऐसे सेकुलर हैं जो पार्टी कार्यालय में पूजा करवाते हैं, पर सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने कभी संविधान की भावना के विपरीत व्यवहार नहीं किया।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कॉन्क्लेव में प्रदेश में निवेश के माहौल को विदेशी उद्यमियों ने खूब सराहा

उत्तर प्रदेश में सुरक्षित ही नहीं, फायदेमंद निवेश की भी गारंटी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : जीबीसी के दूसरे दिन उद्योग समूहों के दिग्गजों को मंच मिला तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व, प्रदेश में बेहतरीन संसाधन, सुदृढ़ बुनियादी ढांचा और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की जमकर तारीफ की। कहा कि प्रदेश में विदेशी उद्यमियों के साथ परिवार की तरह व्यवहार होता है। सुरक्षित निवेश ही नहीं, फायदेमंद निवेश की भी गांरटी रहती है। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के दूसरे दिन मंगलवार को ''यूपी- भारत में विदेशी निवेश के लिए उभरता गंतव्य'' कॉन्क्लेव के दौरान विभिन्न उद्योग समूहों के प्रतिनिधियों ने विचार रखे। इस दौरान लुलु समूह के चेयरमैन एमए यूसुफ अली, शराफ ग्रुप के उपाध्यक्ष मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) शराफुद्दीन शराफ, एयर लिक्विड के एमडी बेनोइट रेनार्ड, डोर्ना के सीईओ कार्मेलो एस्पेलेटा और ग्रीनको ग्रुप के प्रतिनिधि ने प्रदेश में निवेश के बेहतरीन माहौल की सराहना की।

खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में विदेशी निवेश की उम्मीद

लुलु समूह के अध्यक्ष और एमडी एमए यूसुफ अली ने कहा कि विदेशी निवेश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र समेत कई क्षेत्रों में निवेश की बेहतरीन संभावनाएं हैं। निवेशक निवेश से पहले चार चीजें देखते हैं।

भारत और यूपी से रिश्ता परिवार जैसा

शराफ ग्रुप के उपाध्यक्ष शराफुद्दीन शराफ ने कहा कि कोई भी वहीं निवेश करना चाहता है जहां वे पूरी तरह संतुष्ट हों कि उसका निवेश उत्पादक होगा। भारत और यूपी से हमारा रिश्ता परिवार जैसा है।

उत्तर प्रदेश में निवेश का मिला व्यापक समर्थन

एयर लिक्विड के एमडी बेनोइट रेनार्ड ने कहा कि जब भी आवश्यकता हुई, हमें यूपी में निवेश के अपने निर्णय के लिए व्यापक समर्थन मिला है। मैं आने वाले वर्षों में निवेश के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करना चाहता हूं।

मोटोजीपी की मेजबानी देना एक बड़ा अवसर

डोर्ना के सीईओ कार्मेलो एस्पेलेटा ने मोटोजीपी भारत की मेजबानी करने के लिए यूपी सरकार द्वारा प्रदान किए गए अवसर की सराहना की। बताया कि मोटोजीपी ने 12 हजार रोजगार पैदा किए हैं।

छह माह में मंजूरी देने वाला पहला राज्य

ग्रीनको ग्रुप के प्रतिनिधि महेश पाण्डे ने कहा कि अन्य राज्यों में जहां प्रथम अनुमोदन चरण में दो से ढाई साल लगते हैं वहीं छह महीने के भीतर हमें यह मंजूरी दिलाने वाला उत्तर प्रदेश पहला राज्य है।

भाजपा को झटका, सुप्रीम कोर्ट ने कुलदीप को घोषित किया महापौर

चंडीगढ़ मेयर मामला : अदालत ने चुनाव अधिकारी के निर्णय को अवैध घोषित किया

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को एक ऐतिहासिक फैसले में चंडीगढ़ महापौर के पद पर चुनाव अधिकारी के निर्णय को अवैध घोषित करते हुए रद कर दिया और आम आदमी पार्टी-कांग्रेस पार्टी गठबंधन उम्मीदवार कुलदीप कुमार को विजेता घोषित किया। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ तथा न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने महापौर के पद पर अपेक्षाकृत कम पाषर्द संख्या वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार मनोज कुमार सोनकर को 30 जनवरी के चुनाव में गैरकानूनी तरीके से विजयी घोषित करने संबंधी पीठसीन अधिकारी अनिल मसीह के फैसले को अवैध घोषित करते हुए पलट दिया। अदालत ने याचिकाकर्ता आम आदमी पार्टी-कांग्रेस पार्टी गठबंधन उम्मीदवार कुलदीप कुमार को विजेता घोषित कर दिया। शीर्ष अदालत ने पाया कि पीठासीन अधिकारी ने याचिकाकर्ता 'आप' उम्मीदवार कुलदीप कुमार के पक्ष में डाले गए आठ मतों को जानबूझकर विकृत कर दिया था। पीठ ने वोटों की गिनती से संबंधित वीडियो देखने और विकृत मतपत्रों की जांच करने के बाद पीठासीन अधिकारी मसीह को अदालत की अवमानना के लिए 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया, जिसमें कहा गया कि उन्होंने (मसीह) जानबूझकर और गैरकानूनी तरीके से महापौर चुनाव को बदल दिया।

- पार्षदों की संख्या कम होने के बावजूद भाजपा प्रत्याशी को कर दिया था विजयी घोषित

कोर्ट ने कहा-चुनाव अधिकारी पर चले मुकदमा

चुनाव अधिकारी द्वारा 30 जनवरी को महापौर के पद के लिए विजयी घोषित किए गए मनोज सोनकर ने सोमवार को शीर्ष कोर्ट में सुनवाई से पहले ही इस्तीफा दे दिया था। कोर्ट ने सोमवार को पंजाब सरकार की उस याचिका को भी अनुमति देने का संकेत दिया, जिसमें नए सिरे से मतदान के बजाय मतों की दोबारा गिनती की अनुमति देने की गुहार लगाई गई थी। पीठ ने गत 30 जनवरी को हुई मतों की गिनती के दौरान चुनाव अधिकारी द्वारा मतपत्रों पर निशान लगाने के मामले में कहा था कि चुनावी लोकतंत्र में हस्तक्षेप करना सबसे गंभीर बात है और इसके लिए मुकदमा चलाया जाना चाहिए।

विपक्ष ने कहा- न्यायालय के फैसले ने भाजपा के जबड़े से लोकतंत्र बचाया

नई दिल्ली। विपक्ष के कुछ प्रमुख दलों ने चंडीगढ़ महापौर चुनाव परिणाम को उच्चतम न्यायालय द्वारा पलटे जाने का स्वागत करते हुए मंगलवार को कहा कि देश की सबसे बड़ी अदालत ने लोकतंत्र को निरंकुश भारतीय जनता पाटी के जबड़े से बचाया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा और कहा कि निर्वाचन अधिकारी अनिल मसीह तो सिर्फ एक मोहरा थे। खरगे ने 'एक्स' पर कि उच्चतम न्यायालय ने लोकतंत्र को निरंकुश भाजपा के जबड़े से बचाया है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि चंडीगढ़ महापौर के चुनाव में जो कुछ हुआ है उसके पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उच्चतम न्यायालय का फैसला विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के लिए बहुत बड़ी जीत है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि अंततः सत्य की जीत हुई।

पर्यटन में स्विट्जरलैंड को भी टक्कर देंगी कश्मीर की वादियां

जम्मू, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करना जम्मू-कश्मीर के व्यापक विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण रहा है और उनकी सरकार घाटी को एक ऐसे पर्यटन स्थल में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है जो स्विट्जरलैंड को टक्कर दे सके। यहां मौलाना आजाद स्टेडियम में एक विशाल सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने जम्मू-कश्मीर के लिए 32,000 करोड़ रुपये से अधिक और देश के अन्य हिस्सों के लिए 13,500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की।

उन्होंने क्षेत्र में जी20 के आयोजन के बाद खाड़ी के देशों में जम्मू-कश्मीर में निवेश को लेकर आई सकारात्मकता को रेखांकित करते हुए कहा कि पूरी दुनिया यहां की सुंदरता, परंपरा और संस्कृति से बहुत प्रभावित हुई है। मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को 'परिवारवाद' की राजनीति से मुक्ति मिल रही है और यह पूर्ववर्ती प्रदेश आज विकसित होने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने डोगरी में अपने भाषण की शुरुआत करते हुए कहा कि एक वो दिन भी थे, जब जम्मू-कश्मीर से सिर्फ निराशा की खबरें आती थीं। बम, बंदूक, अपहरण, अलगाव... ऐसी ही बातें जम्मू-कश्मीर का दुर्भाग्य बना दी गई थीं। लेकिन आज जम्मू-कश्मीर विकसित होने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है।

अपने 30 मिनट के भाषण के दौरान मोदी ने हिंसा और अलगाववाद से प्रभावित जम्मू-कश्मीर के उथल-पुथल भरे अतीत को याद किया और सौहार्दपूर्ण एवं समृद्ध जम्मू-कश्मीर की ओर बढ़ रहे मौजूदा बदलाव की सराहना की तथा इसका श्रेय संतुलित विकास पहलों को दिया।

- मोदी बोले-अनुच्छेद 370 को निरस्त करना जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए महत्वपूर्ण
- जम्मू-कश्मीर के लिए 32,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की शुरुआत की

रेल प्रोजेक्ट के लिए अब्दुल्ला ने दी बधाई

नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर के लिए नई रेल परियोजनाएं शुरू करने पर प्रधानमंत्री मोदी और रेल मंत्रालय को बधाई दी। श्रीनगर से लोकसभा सदस्य अब्दुल्ला ने कहा कि यह रेल मंत्रालय और प्रधानमंत्री मोदी का एक बड़ा कदम है और हम इस पहल का स्वागत करते हैं। हम उन्हें यह उपलब्धि हासिल करने के लिए बधाई देते हैं।

कश्मीर की सुंदरता-संस्कृति से पूरी दुनिया प्रभावित

प्रधानमंत्री ने क्षेत्र के युवाओं की नई भावना की सराहना की और उनकी रोजमर्रा की जिंदगी में बदलावों को रेखांकित किया तथा खाड़ी देशों से निवेश के संबंध में अपनी उम्मीदें भी साझा की। कहा कि आज जब दुनिया जम्मू-कश्मीर में जी20 का आयोजन होते देखती है तो इसकी गूंज बहुत दूर तक पहुंचती है। पूरी दुनिया यहां की सुंदरता, परंपरा, संस्कृति और स्वागत से बहुत प्रभावित हुई है। आज हर कोई जम्मू-कश्मीर आने को तत्पर है।

एक नजर

लर्नर व ड्राइविंग लाइसेंस की वैधता 29 तक बढ़ी

नई दिल्ली। सड़क मंत्रालय ने मंगलवार को एक आदेश जारी कर लर्नर लाइसेंस, ड्राइविंग लाइसेंस और कंडक्टर लाइसेंस की वैधता 29 फरवरी, 2024 तक बढ़ा दी है। मंत्रालय ने अपने 'सारथी' पोर्टल में बुनियादी ढांचे से संबंधित मुद्दों के चलते ऐसा किया।

पूर्व डीआईपीपी सचिव के परिसर पर सीबीआई छापा

नई दिल्ली। सीबीआई पूर्व डीआईपीपी सचिव रमेश अभिषेक से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में उनके परिसर पर तलाशी अभियान चला रहा है। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 1982 बैच के बिहार कैडर के अधिकारी अभिषेक 2019 में सेवानिवृत हुए और इसके बाद एक निजी कंपनी में शामिल हो गए।

सपा-कांग्रेस में गठबंधन की उम्मीद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : सपा प्रमुख अखिलेश यादव न तो कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ उनकी यात्रा में शामिल हुए और न ही सीटों के बंटवारे पर कोई समझौता हुआ बावजूद इसके दोनों दलों के नेताओं को अब भी उप्र. में गठबंधन की उम्मीद है। मंगलवार को मैनपुरी से सपा सांसद डिंपल यादव ने कहा कि लगातार वरिष्ठ नेता से बातचीत चल रही है। गठबंधन होगा तो आपको बताया जाएगा।

उधर, कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने भी कहा कि गठबंधन निर्णायक स्थिति में है। अखिलेश यादव ने कांग्रेस को उप्र. से लोकसभा की पहले 11 और फिर 17 सीटों का प्रस्ताव दिया जबकि कांग्रेस 20 सीटों की मांग कर रही है। सीट समझौते को लेकर कांग्रेस और सपा नेताओं के बीच सोमवार को देर रात तक बातचीत हुई, लेकिन सहमति नहीं बन सकी। दरअसल, दोनों दलों के बीच कुछ सीटों को लेकर पेच फंसा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अखिलेश यादव से 17 सीटों के अलावा बहराइच, देवरिया, अमरोहा सीट भी मांगी थी। सपा ने देवरिया और अमरोहा सीट देने की हामी भरी, लेकिन बहराइच नहीं दिया. इसके बाद अखिलेश यादव ने राहुल गांधी की यात्रा में जाने से मना कर दिया।

हमीरपुर से अजेंद्र व बदायूं से शिवपाल चुनाव लड़ेंगे

लखनऊ। लोकसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी ने पांच प्रत्याशियों की तीसरी सूची जारी की है। बदायूं से शिवपाल सिंह यादव, हमीरपुर से अजेंद्र सिंह राजपूत, वाराणसी से सुरेन्द्र सिंह पटेल, कैराना से इकरा हसन व बरेली से प्रवीण सिंह ऐरन उम्मीदवार होंगे।

राजा भैया से मिले नरेश उत्तम

समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल मंगलवार को जनसत्ता दल के नेता और कुंडा (प्रतापगढ़) से विधायक राजा भैया से मुलाकात की। उन्होंने राजा भैया की फोन पर अखिलेश यादव से बात कराई है। सूत्रों के मुताबिक जनसत्ता दल और सपा के बीच राज्यसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी के लिए वोट करने और चुनावी गठबंधन को लेकर बात हुई है।

अभिनेता ऋतुराज का दिल का दौरा पड़ने से निधन

मुंबई। पहली बार 1993 में टीवी शो 'बनेगी अपनी बात' से प्रसिद्ध हुए और अगले तीन दशकों में कई टीवी सीरीयल, फिल्मों और ओटीटी शो में नजर आए प्रसिद्ध अभिनेता ऋतुराज सिंह का मंगलवार तड़के दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 59 साल के थे। पेट की किसी समस्या के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था और कुछ ही दिन पहले उन्हें छुट्टी दी गई थी। उनके करीबी दोस्त अमित बहल ने बताया कि देर रात 12:30 बजे के आसपास दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया।



कांग्रेस की सरकार बनी तो पूरे देश में होगी जाति जनगणना

राहुल गांधी बोले

- सिपाही भर्ती पर्चा लीक प्रकरण में दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई
- किसानों के लिए कानूनी तौर पर लागू होगा न्यूनतम समर्थन मूल्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनी तो पूरे देश में जाति जनगणना कराई जाएगी। किसानों के लिए कानूनी तौर पर न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की पुलिस भर्ती पर्चा लीक प्रकरण में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। राहुल गांधी मंगलवार को राजधानी में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान चौक के घंटाघर पर आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भाजपा देश में नफरत फैलाने का काम कर रही है। पर यह देश नफरत से नहीं, मोहब्बत से चलेगा। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के उद्देश्य का जिक्र करते हुए कहा कि इसके जरिये कांग्रेस लोगों को सामाजिक व आर्थिक न्याय दिलाना चाह रही है। देश के 50 प्रतिशत पिछड़े, 20 प्रतिशत दलित, अल्पसंख्यक व आदिवासियों के लिए मोदी के हिंदुस्तान में कोई जगह नहीं है। पर कांग्रेस देश के युवाओं, वंचितों, किसानों और जन-जन के अधिकारों के लिए न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों ने युवाओं के रोजगार छीन लिए हैं। हिंदुस्तान की 200 बड़ी कंपनियों के मालिकों और मैनेजमेंट में एक भी ओबीसी, दलित व आदिवासी वर्ग के लोग नहीं हैं।

जनसभा में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, राष्ट्रीय महासचिव व प्रभारी संचार विभाग जयराम रमेश, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी, राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर, आराधना मिश्रा मोना, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण पटेल, राजेश तिवारी, अजय कुमार 'लल्लू', राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत आदि नेता शामिल हुए।

लखनऊ : भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

सुविधा | निर्यात होगा आसान, सेल प्वाइंट सीधे एफपीओ से उत्पाद खरीदकर करेगा बिक्री

दुबई में खुला सेल प्वाइंट, खरीदेगा यूपी के उत्पाद

विशेष

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) फल, सब्जी, गल्ला व इनसे बनने वाले खाद्य पदार्थों का निर्यात आसान होगा।

लखनऊ में मैंगो पैक हाउस संचालन व निर्यात करने वाली फर्म डॉ. नेचर ने कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के समन्वयक से दुबई के फूड एंड वेजीटेबल अल अवीर बाजार में सेल प्वाइंट खोला है। इस सेल प्वाइंट में कंपनी प्रदेश के किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) से सीधे उत्पाद खरीदेगी और दुबई, बहरीन, कुवैत, इराक, ओमान, कतर, सऊदी अरब आदि में आयात करेगी। यह कार्य अभी तक इन देशों द्वारा किया जाता है। इस प्रक्रिया में काफी समय लगता है और निर्यात की मंजूरी व भुगतान आदि में समय लगता है। लेकिन, इस सेल प्वाइंट से किसी तरह का झंझट नहीं रहेगा। खासबात यह है कि किसानों की बिक्री के रुपये सुरक्षित रहेंगे और कंपनी सीधे उनके खातों में समय पर भुगतान करेगी।

दुबई में आयोजित गल्फ फूड एक्सपो में एपिडा व डॉ. नेचर के अधिकारी।

- भुगतान रहेगा सुरक्षित, सीधे किसानों को मिलेंगे रुपये, मार्च से बिक्री की तैयारी

> यूएई में निर्यात करने में समस्या आती है। स्वीकृति से लेकर तमाम पेंच फंसते हैं। इससे किसानों का समय बर्बाद होता है। इसलिए सेल प्वाइंट खोला है। जहां खुद अपने उत्पाद एफपीओ से लेकर देशों में आयात करेंगे।
> – **अकरम बेग**, प्रमोटर, डॉ. नेचर

24 को एफपीओ जाएंगे दुबई, मार्च से निर्यात

दुबई में गल्फ फूड एक्सपो चल रहा है। वहां एपिडा के चेयरमैन अभिषेक, सचिव डॉ. सुधांशू, डॉ. तरुन बजाज व डॉ. नेचर के प्रमोटर अकरम बेग टीम के साथ गए हैं। इस बीच वहां सेल प्वांइट की तैयारी की जा रही है। निर्यात की शुरुआत लखनऊ और वाराणसी से की जाएगी। दोनों जिलों के 50 एफपीओ से एक-एक सदस्य 22 को दुबई सेल प्वांइट का भ्रमण करने जाएंगे। चार्टर्ड प्लेन से भेजने के लिए सरकार को प्रस्ताव दिया है।

रामलला के दर्शन कर भावुक हूं : धामी

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : आज रामलला के दर्शन कर मन बहुत भावुक है। रोम-रोम भक्तिमय हो गया। पहले जब आया था तब रामलला को टेंट में देखकर मन बहुत दुखी था। 500 साल के संघर्ष के बाद अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण रामभक्तों व सनातन धर्म को मानने वालों की जीत के साथ-साथ नए युग और रामराज्य की शुरुआत है। हर रामभक्त यहां आकर रामलला का दर्शन-पूजन करना चाहता है। मैं भी रामभक्त होने के नाते यहां आया हूं और रामलला का दर्शन-पूजन कर खुद को सौभाग्शाली मानता हूं। यह बातें मंगलवार को रामनगरी पहुंचे उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहीं। वे अपनी कैबिनेट के साथ यहां रामलला का अशीर्वाद लेने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने रामलला को ब्रह्मकमल व भोज पत्र अर्पित किया। उन्होंने कहा कि एक लंबी प्रतीक्षा और लंबे संघर्ष के बाद प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बनकर तैयार हुआ है। इसके लिए बहुत बलिदान देने पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु श्रीराम यत्र, तत्र, सर्वत्र हैं। उनकी कृपा सभी पर है। प्रभु श्रीराम कभी राजनीतिक मुद्दा नहीं रहे और न ही हमने कभी श्रीराम के नाम पर राजनीति करने का प्रयास किया।

- उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने कैबिनेट के साथ किया रामलला का दर्शन-पूजन
- बोले, राम मंदिर का निर्माण सनातनियों की जीत, नए युग व रामराज्य की शुरुआत

रामलला का दर्शन करते उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी।

एक नजर

पुरानी पेंशन बहाली को लेकर इप्सेफ का सत्याग्रह आंदोलन 6 मार्च से

अमृत विचार, लखनऊ : पुरानी पेंशन बहाली सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर इंडियन पब्लिक सर्विस इंप्लाइज फेडरेशन (इप्सेफ) 6 मार्च से सत्याग्रह आंदोलन करेगा। यह निर्णय मंगलवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित हुई कोर कमेटी की बैठक में लिया गया। वीपी मिश्रा ने बताया कि सत्याग्रह के दौरान प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजेंगे। प्रमुख मांगों में पुरानी पेंशन की बहाली, 8वें वेतन आयोग का गठन, पिछले वेतन आयोग का दो वर्ष पहले गठन हुआ था, आउटसोर्सिंग, संविदा कर्मचारी की सेवा सुरक्षा के लिए नीति बनाकर उन्हें नियमित करने की कार्रवाई की जाए और उन्हें न्यूनतम वेतन दिए जाने को शामिल किया जाए। बैठक में महासचिव प्रेमचंद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल शुक्ला, ओपी शर्मा, ईश्वर सिंह और आरके भदोरिया उपस्थित रहे।

डॉ.चंद्रेश्वर सर्व भाषा सम्मान से सम्मानित

अमृत विचार, लखनऊ : 'सर्व भाषा ट्रस्ट' व चौधरी कन्हैया प्रसाद सिंह स्मृति संस्थान', आरा की ओर से हिन्दी -भोजपुरी के वरिष्ठ कवि -गद्यकार डॉ.चंद्रेश्वर को 'सर्व भाषा सम्मान -2024' से सम्मानित किया गया।

डॉ.चंद्रेश्वर को भोजपुरी में कथेतर साहित्य में उत्कृष्ट लेखन के लिए यह सम्मान दिया गया। पिछले दो-तीन साल के भीतर डॉ.चंद्रेश्वर की दो गद्य कृतियां 'हमार गांव' और आपन आरा' बहुत चर्चा में रही हैं। डॉ.चंद्रेश्वर ने महारानी लाल कुँवरि स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलरामपुर में हिन्दी विभाग में जुलाई 1996 से जून 2022 तक शिक्षण कार्य किया है और अब हिन्दी विभागाध्यक्ष/प्रोफ़ेसर के पद से सेवानिवृत्त होने के बाद लखनऊ में रहकर साहित्य सृजन कर रहे हैं।

बरेली में 1002 करोड़ का डेयरी उद्योग में निवेश

जीबीसी में पशुधन की 532 परियोजनाएं शुरू, मंत्री बोले- परियोजनाओं से 1,23,167 लोगों को मिलेगा रोजगार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि राजधानी में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के तहत पशुधन विभाग में 2131.65 करोड़ रुपये की 532 निवेश परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई। इसमें डेयरी क्षेत्र में 10021.66 करोड़ लागत की 253 परियोजनाएं शुरू हुई हैं। डेयरी क्षेत्र में सर्वाधिक 1002 करोड़ रुपये का निवेश बरेली में हुआ है। जबकि अयोध्या मण्डल में सर्वाधिक 111 परियोजनाएं धरातल पर उतरी हैं। मंत्री ने दावा किया कि इन परियोजनाओं से एक लाख 23 हजार 167 लोगों को रोजगार प्राप्त होगा।

विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में मंगलवार को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के अंतर्गत पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग के निवेश परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए मंत्री धर्मपाल ने बताया कि सेरेमनी में 1250 करोड़ रुपये की परियोजनाओं के अधारशिला का लक्ष्य था, जिसके सापेक्ष 180 प्रतिशत अधिक सफलता प्राप्त हुई है। क्षेत्रवार इन्वेस्ट यूपी के अंतर्गत जेबीसी में पूर्वांचल में 229, मध्यांचल में 145, पश्चिमांचल में 114 तथा बुंदेलखंड में 44 निवेशकों द्वारा विशेष रुचि दिखाई गई है। बागपत में 800 करोड़ का निवेश उल्लेखनीय उपलब्धि है। इनके अलावा बाराबंकी में 600 करोड़ रुपये, हापुड़ में 502 करोड़ रुपये, मेरठ में 450 करोड़ रुपये, बुलंदशहर में 422.70 करोड़, कानपुर देहात में 410 करोड़ तथा शाहजहांपुर में 300 करोड़ का निवेश किया जा रहा है। कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में प्रदेश की कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई, जिससे निवेशकों का विश्वास बढ़ा।

इस अवसर पर पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. रजनीश दुबे, विशेष सचिव देवेन्द्र पाण्डेय, विशेष सचिव अमर नाथ उपाध्याय सहित शासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

फन यू टॉयज 20 हजार युवाओं को देगी रोजगार : बड़े प्रोजेक्ट्स के माध्यम से मिलने वाले रोजगार की बात करें तो इसमें कई प्रमुख संस्थान शामिल हैं। जैसे टोरेंट पावर लिमिटेड सोनभद्र में 22800 करोड़ का निवेश करेगी। इससे प्रदेश के 4800 युवाओं को रोजगार मिलेगा। इसी तरह एम3एम इंडिया प्राइवेट लि. गौतमबुद्धनगर में 7500 करोड़ का निवेश करेगी। इससे 14 हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा। वहीं एयर इंडिया सैट्स एयरपोर्ट सर्विसेज प्राइवेट लि. गौतमबुद्धनगर में 4 हजार करोड़ का निवेश करेगी। इससे पांच हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा। इसके अलावा फन यू टॉयज गौतमबुद्धनगर में 1052 करोड़ का निवेश करेगी, जिससे बीस हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान आयोजित एफडीआई कॉन्क्लेव में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का स्वागत करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में मंत्री नंद गोपाल नंदी व अन्य। अमृत विचार

10 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाएं लेंगी आकार

योगी सरकार ने जीबीसी 4.0 में जिन 14 हजार परियोजनाओं की शुरुआत की है। इनमें सबसे अधिक 52 प्रतिशत परियोजनाएं पश्चिमांचल, 29 प्रतिशत पूर्वांचल, 14 प्रतिशत मध्यांचल और 5 प्रतिशत बुंदेलखंड में धरातल पर उतरेंगी। जाहिर है इन क्षेत्रों में होने जा रहे इन निवेश के जरिए बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलने जा रहा है। जो निवेश हो रहा है उसमें 10 हजार करोड़ से अधिक की 23 प्रतिशत परियोजनाएं हैं। वहीं 5 हजार से 10 हजार करोड़ की 12 प्रतिशत, एक हजार करोड़ से 5 हजार करोड़ की 20 प्रतिशत, 500 करोड़ से एक हजार करोड़ की 10 प्रतिशत, 100 करोड़ से 500 करोड़ की 20 प्रतिशत, 20 करोड़ से 100 करोड़ की 10 प्रतिशत और 20 करोड़ से कम की 5 प्रतिशत परियोजनाएं शामिल हैं। इन परियोजनाओं में 21 प्रतिशत मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर, 13 प्रतिशत रिन्यूवल एनर्जी सेक्टर, आईटी एंड इलेक्ट्रानिक्स सेक्टर की 9 प्रतिशत, पॉवर सेक्टर की 8 प्रतिशत, फूड प्रोसेसिंग और रियल स्टेट सेक्टर की 6 प्रतिशत, एमएसएमई सेक्टर की 5 प्रतिशत और हॉस्पिटैलिटी एंड एंटरटेंमेंट, वेस्ट मैनेजमेंट और एजुकेशन सेक्टर की 3-3 प्रतिशत की भागीदारी है। इसके अलावा हेल्थकेयर, वुड बेस्ड इंडस्ट्रीज, डिस्टलरी, डेयरी, कॉपरेटिव, हैंडलूम एंड टेक्सटाइल, फार्मा एंड मेडिकल डिवाइस और एनीमल हस्ब्रैंडी सेक्टर का भी अहम रोल है। इन सभी सेक्टर्स में लोगों की डिमांड बढ़ेगी, जबकि यूपी के वो युवा जो दूसरे राज्यों में काम कर रहे हैं, उनके लिए भी वापसी संभव हो सकेगी।

ये कंपनियां भी देंगी बड़े पैमाने पर रोजगार

- एडवर्ब टेक्नॉलीज- गौतमबुद्ध नगर में 500 करोड़ निवेश, रोजगार 2000
- ग्रीनको ग्रुप सोनभद्र में 17181 करोड़ का निवेश करेगी, जिससे 300 युवाओं को रोजगार मिलेगा।
- आईकेईए ग्रुप- गौतमबुद्ध नगर में 4300 करोड़ का निवेश, रोजगार 500
- लोढ़ा ग्रुप- अयोध्या में 3000 करोड़ का निवेश, रोजगार 100
- शराफ ग्रुप- मुरादाबाद में 1250 करोड़ का निवेश, रोजगार 1250
- अशोक लीलैंड- लखनऊ में 1000 करोड़ का निवेश, रोजगार 500
- जेएसडब्ल्यू एनर्जी- सोनभद्र में 8000 करोड़ का निवेश, रोजगार 840
- टाटा टेक्नॉलाजी- लखनऊ में 4200 करोड़ का निवेश, रोजगार 450
- वरुण वेबरेज- प्रयागराज, अमेठी, गोरखपुर और चित्रकूट में 3500 करोड़ का निवेश, 1500 रोजगार
- सेंचुरी ग्रुप- मुरादाबाद में 4000 करोड़ का निवेश, रोजगार 800
- डालमिया सीमेंट-मिर्जापुर में 3000 करोड़ का निवेश, रोजगार 2500

राजधानी को बनाएंगे एआई सिटी का प्रमुख केंद्र : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी को एआई सिटी का प्रमुख केंद्र बनाने पर सरकार काम कर रही है। यह केंद्र एयरपोर्ट के पास खुलेगा। इसमें आईआईएम लखनऊ के युवा भागीदार बनेंगे। जबकि गौतमबुद्धनगर विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा में भी एआई केंद्र खुलेगा। इसके जरिये प्रदेश के लाखों नौजवानों को उनके घर और जनपद में नौकरी मिलेगी। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को आईजीपी में आयोजित डेस्टिनेशन यूपी-इमर्जिंग हब फॉर एआई इन इंडिया कॉन्क्लेव में कहीं।

जीबीसी-4 में भारी संख्या में आए आईआईएम के छात्र-छात्राओं से मुख्यमंत्री ने लखनऊ में एयरपोर्ट के पास एआई सिटी और गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा को एआई केंद्र स्थापित करने और गौतमबुद्धनगर में भी केंद्र स्थापित करने की दिशा में भरपूर सहयोग देने की अपेक्षा की। कहा कि प्रदेश डाटा सेंटर का हब बनने जा रहा है। यहां पर तीन डाटा सेंटर स्थापित हो चुके हैं जबकि आठ नए डाटा सेंटर बन रहे हैं। जीबीसी 4.0 में 10 लाख 24 हजार करोड़ की परियोजनाओं से 35 लाख से अधिक युवाओं को नौकरी मिलेगी।

इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कॉन्क्लेव में आईलेट्स की मदद से डेस्टिनेशन यूपी अपॉर्च्युनिटीज एआई बुक की लॉन्चिंग की। इस दौरान योगी की मौजूदगी में तीन एमओयू का आदान प्रदान किया गया। इसमें माइक्रोसॉफ्ट कॉरपोरेशन के अभिषेक बोस, एचसीएल साफ्टवेयर के ध्रुव कोहली ने एआई सेंटर स्थापित करने और वाधवानी एआई के शेखर ने सरकार से एमओयू का आदान प्रदान किया।

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री योगेंद्र कुमार उपाध्याय, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, आईआईडीसी मनोज कुमार सिंह, डेनियल नाइफ हेड ऑफ इनोवेशन एंड इंटरप्रोन्योरशिप ईटीएच एआई जुरीक आदि मौजूद रहे।

पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम का सबसे सुंदर मॉडल यूपी में

योगी ने कहा कि आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस का प्रयोग करके कितना बड़ा कार्य हो सकता है, इसे प्रदेशवासियों ने पिछले 7 वर्षों में देखा है। इसके जरिये सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। प्रदेश में 2016-17 तक लोग भूख से मर रहे थे। आज पूरे देश में उत्तर प्रदेश में पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम का सबसे सुंदर मॉडल खड़ा हो चुका है। ई पॉस मशीन के जरिये एक जगह एक स्क्रीन से हर लाभार्थी को उसके अनुसार खाद्यान्न मिलने की जानकारी प्राप्त की जा रही है।

प्रदेश में प्रत्येक निवेश पूरी तरह से सुरक्षित

मुख्यमंत्री ने कहा कि सात वर्ष पहले प्रदेश में कोई निवेश नहीं करता था जबकि आज उत्तर प्रदेश देश में मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग के केंद्र के रूप में उभरा है। सीएम योगी ने विभिन्न इंडस्ट्री से आए मेहमानों को आश्वस्त किया कि प्रदेश में एक-एक निवेश पूरी तरह से सुरक्षित होगा। सरकार हर तरह की अपनी प्रतिबद्धताओं को समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ाएगी।

शासन व विभागों के मकड़जाल में अब नहीं उलझती हैं फाइलें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारे पास प्रकृति भी है, परमात्मा भी है और प्रतिभा से भरपूर युवा भी हैं। इस त्रिवेणी के माध्यम से प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन व नेतृत्व में हम उप्र. को आगे बढ़ा रहे हैं। सात सालों में उप्र. की अर्थव्यस्था व प्रति व्यक्ति आय को दोगुना करने में सफलता प्राप्त हुई है। योगी के मुताबिक, उप्र. ने नया प्रयास प्रारंभ किया है। पहले यहां शासन व विभागों के मकड़जाल में फाइल उलझ जाती थी। आज सिंगल विंडो पोर्टल 'निवेश मित्र' आपकी सेवा के लिए समर्पित है।

उक्त बातें योगी आदित्यनाथ ने कहीं। वे मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उत्तर प्रदेश-निवेश प्रदेश के तहत मुख्य हैंगर में आयोजित एफडीआई कॉन्क्लेव 'यूपी-इमर्जिंग डेस्टिनेशन फॉर फॉरेन इनवेस्टमेंट इन इंडिया' को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', अनिल राजभर, राज्यमंत्री जसवंत सैनी, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अवस्थापना व औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव अनिल कुमार सागर आदि मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश में आया सर्वाधिक एफडीआई : मुख्यमंत्री ने यहां बताया कि, वर्ष 2000 से लेकर 2017 (17 वर्ष) तक जितना एफडीआई आया था, 2019 से 2023 के बीच में उसका चार गुना एफडीआई उप्र. में आया है। जब सुरक्षा का माहौल, सरकार की स्पष्ट नीति व नीयत साफ होती है तो निवेशक सुरक्षित वातावरण में निवेश का इच्छुक होता है। योगी ने बताया कि सैमसंग, माइक्रोसॉफ्ट, एलजी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा, हिंदुस्तान यूनीलीवर, आइकिया समेत 14 फॉर्च्यून ग्लोबल 500 कंपनियां उप्र. में सफलतापूर्वक बिजनेस बढ़ाने का कार्य कर रही हैं।

निवेशक तभी आता है, जब उसे भविष्य पर हो विश्वास

लखनऊ : केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सात-आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश का चित्र बदला, यहां की दिशा और दशा भी बदली। आज सामाजिक न्याय दिवस है। यह तब तक अधूरी है, जब तक समाज के हर वर्ग व व्यक्ति तक विकास न पहुंचे। योगी आदित्यनाथ ने इन सात-आठ वर्षों में उप्र. का कायाकल्प किया है, लेकिन यह एक वर्ष उपलब्धियों भरा रहा है। यह उप्र. के इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण वर्ष होगा। उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व उत्तर प्रदेश और लखनऊ के बारे में बातचीत कर रहा है। उप्र. अब रुकने और थमने वाला नहीं है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने भी मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उत्तर प्रदेश-निवेश प्रदेश के तहत मेन हैंगर में आयोजित एफडीआई कॉन्क्लेव ''यूपी-इमर्जिंग डेस्टिनेशन फॉर फॉरेन इनवेस्टमेंट इन इंडिया'' को संबोधित किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कोई भी निवेशक जब निवेश करने का निर्णय लेता है तो उसके सामने सबसे बड़ी शर्त होती है विश्वास। निवेशक तभी आता है जब उसे नेतृत्व, व्यवस्था और भविष्य पर विश्वास हो। जब यह तीनों विश्वास निवेशक को मिलते हैं तो वह प्रदेश में आने को तैयार होता है।

देश के विकास में सबसे आगे होगा प्रदेश : केंद्रीय मंत्री ने विश्वास जताया कि भारत अगले 30 वर्षों तक दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में विकसित होता रहेगा। भारत की राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में 30 ट्रिलियन डॉलर और जुड़ने की उम्मीद है। इस वृद्धि में उत्तर प्रदेश सबसे आगे रहेगा। उत्तर प्रदेश आज सर्वोत्तम बुनियादी ढांचे और स्मार्ट औद्योगिक नीतियों में से एक प्रदान करता है।

सीएसआर फंड के सदुपयोग के लिए यूपी सबसे बेहतर : अनिल राजभर

जीबीसी 4.0 के दूसरे दिन कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिल्टी कान्क्लेव का हुआ आयोजन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : जीबीसी 4.0 के दूसरे दिन मंगलवार को कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिल्टी कान्क्लेव में कंपनियों को उनके सीएसआर फंड का उपयोग रचनात्मक कार्यों में करने की अपील की गई। श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि सीएसआर फंड के सदुपयोग के लिए यूपी से बेहतर कोई जगह नहीं है।

अनिल राजभर ने कहा कि प्रधानमंत्री के आशीर्वाद, मुख्यमंत्री के संकल्प और अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के प्रयास से प्रदेश के विकास की नई गाथा लिख दी गई है। किसी ने कल्पना नहीं की थी कि हम इस तरह के इवेंट करेंगे। लोग कहते थे कि निवेश का प्रस्ताव मिलना और उसका धरातल पर उतारना दोनों अलग-अलग बात है। मगर 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश धरातल पर उतर गया है। उन्होंने कहा कि सीएसआर फंड के सदुपयोग के लिए यूपी से बेहतर कोई जगह नहीं है। यूपी में 8.39 करोड़ श्रमिक पंजीकृत हैं। सीएसआर फंड को खर्च करने के लिए बहुत बड़ी संभावना यूपी में है।

सीसीआर पोर्टल की शुरूआत, सीसीआर प्रमुखों का सम्मान : इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर और राज्यमंत्री असीम अरुण ने सीएसआर पोर्टल का भी शुभारंभ किया। इसके अलावा सीएसआर के मैनुअल 'समुदाय' का विमोचन किया गया। वहीं प्रदेश में सीएसआर फंड से बड़े स्तर पर सामाजिक कार्य कर रही कंपनियों वेदांता समूह, एचसीएल, एनसीएल, रिलायंस फाउंडेशन, शिव नादर फाउंडेशन, आईटीसी लिमिटेड और एनटीपीसी के सीएसआर प्रमुखों को सम्मानित भी किया गया। साथ ही प्रदेश ने सीसीआर को लेकर भौमिक से एमओयू भी किया।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में पुस्तक का विमोचन करते मंत्री असीम अरुण, मंत्री अनिल राजभर, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र व अन्य। अमृत विचार

- मंत्रियों व अधिकारियों ने की सीएसआर फंड के रचनात्मक उपयोग की अपील

सीएसआर डबल इंजन सरकार में गार्ड के डिब्बे की तरह : अरुण

समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा सीएसआर डबल इंजन सरकार में गार्ड के डिब्बे की तरह है, जो ये सुनिश्चित करता है कि कोई डिब्बा पीछे ना छूट जाए। समाज का कोई तबका विकास से वंचित न रहे, यही सीएसआर के मूल में है। वस्तुत: ये समाज के लिए अच्छी दिशा दिखाने वाला प्रयास है। असीम अरुण ने विभिन्न कंपनियों द्वारा सीएसआर फंड से किये गये कार्यों की चर्चा करते हुए उन्हें अन्य कंपनियों के लिए मॉडल बताया।

प्रदेश में होगा सीएसआर समिट का आयोजन : दुर्गा शंकर

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि देश में ही नहीं विश्व कोई ऐसा उदाहरण नहीं मिलेगा, जहां एक साथ 14 हजार 619 उद्योग एक दिन में धरातल पर उतरे हों। प्रधानमंत्री की प्रेरणा और मुख्यमंत्री की मेहनत से आश्चर्यचकित करने वाला परिणाम हासिल हुआ है। कहा कि सीएसआर के मूल में हमारी सनातन संस्कृति के विचार हैं, जो सामूहिकता पर बल देते हैं। कोरोना काल में हमने देश की सामूहिक शक्ति का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देखा है। उन्होंने बताया कि 2015 से 2023 के बीच में प्रदेश में दो लाख करोड़ का सीएसआर फंड प्राप्त हुआ है। कंपनियों को उनके सीएसआर फंड का रचनात्मक कार्यों में उपयोग करने की अपील की। साथ ही यह भी बताया कि आने वाले समय में उत्तर प्रदेश सीएसआर समिट का आयोजन करेगी, जिसमें कंपनियों के सीएसआर प्रमुखों की भागीदारी होगी। मुख्य सचिव ने यह भी कहा कि सीएसआर कंपनियों की ओर से दान नहीं, बल्कि बड़ी जिम्मेदारी है।

बैठक | पार्टी मुख्यालय में भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों, मोर्चो के अध्यक्षों और क्षेत्रीय अध्यक्षों की हुई बैठक

अगले सौ दिनों में पूरा होगा मोदी की तीसरी ताजपोशी का संकल्प : पांडा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश के लोकसभा चुनाव प्रभारी बैजयंत जय पांडा पार्टी पदाधिकारियों का आह्वान किया कि अगले 100 दिन फिर तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का संकल्प पूरा करना है। इसके लिए हर बूथ पर जीत के लक्ष्य के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा आज पूरा देश मोदी मय है। जनता को मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है।

वे मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर प्रदेश पदाधिकारियों, मोर्चो के अध्यक्षों और क्षेत्रीय अध्यक्षों की मिशन : 80 को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार गांव, गरीब, किसान, नौजवान सहित समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन और कानून का राज स्थापित हुआ है। लोक कल्याणकारी कार्यों की प्रंशसा चारों ओर हो रही है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में हमारे पास युगदृष्टा नेता है, जो काल के कपाल पर स्वर्णिम इतिहास का सृजन कर रहे है। उन्होंने कहा कि देश की 500 वर्षों की लम्बी प्रतिक्षा समाप्त हुई और आज भारतीय संस्कृति को गौरवान्वित करते हुए भव्य श्री राम मंदिर का निर्माण हुआ है। पार्टी की विचारधारा राष्ट्रवाद के पथ पर आगे बढ़ते हुए भारतीय संस्कृति के पुनरोत्थान के साथ राष्ट्र के विकास की है, जिसके लिए हम संकल्पित है।

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि आगामी समय बिना थके और बिना रूके परिश्रम को परिणाम में परिणित करने की योजना पर काम करने का है। आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि दीवार लेखन, नमो एप, नारी शक्ति वंदन, गांवों व शहरी क्षेत्रों में बूथों पर 24 घंटे का प्रवास, स्वच्छता अभियान सहित विभिन्न सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भाजपा गांव-गांव में आमजन से जुड़ रही है। बैठक में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक भी सम्मिलित हुए। संचालन पार्टी के प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला ने किया।

मंगलवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर बैठक के दौरान उपस्थित उत्तर प्रदेश के लोकसभा चुनाव प्रभारी बैजयंत जय पांडा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह।

विपक्ष के पास नीति है न ही साफ नीयत : भूपेंद्र

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि देश तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प ले चुका है। जनमानस के संकल्प के साथ हमें भी अपने परिश्रम के संकल्प को और मजबूत करना है। कहा कि विपक्ष के पास न नीति है और न ही उसकी नीयत साफ है। लगातार जनमानस विपक्ष को नकार रहा है। फिर भी विपक्ष अफवाहों व झूठ का सहारा लेकर भ्रम फैलाने व षड़यंत्र रचने का काम करेगा, इसका पुरजोर जवाब भी देना है। बूथ की मजबूत संरचना भाजपा की विशेष राजनैतिक शैली बन चुकी है।

रसिका के गीतों पर थिरक उठी राजधानी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : तीन ग्रैमी पुरस्कार विजेता रिक्की केज की भक्तिमय बैंड प्रस्तुति और रसिका शेखर के बांसुरी वादन का दर्शकों ने जीबीसी 4.0 के दूसरे दिन आनंद उठाया। मुंबई से आए रिक्की केज व उनकी टीम ने गीतों के जरिए गंगा व शिव की आराधना की तो रसिका शेखर के गीतों व बांसुरी की धुन पर लखनऊ थिरक उठा। वहीं शहर में बनाए गए अनेक मंचों पर मयूर, फरुवाही, अवधी, राई, बमरसिया आदि लोकनृत्य का भी लोगों ने दीदार किया।

बैंड की प्रस्तुति पर झूम उठे दर्शक : रिक्की केज व उनकी टीम ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मेन हैंगर में उप्र संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। देवी सुरेश्वरि भगवती गंगे भजन पर सबसे पहले गंगा नदी की महिमा का वर्णन किया गया। इसके बाद पधारो म्हारे देश सुनाया। बम लहरी- ऊं नमः शिवाय से शिव जी के चरणों में श्रद्धा निवेदित की गई। सुधीर यदुवंशी ने इसे स्वरों से सजाया तो कीबोर्ड पर रिक्की केज, गिटार पर सिद्धार्थ, बांसुरी पर वारिजा श्री व ड्रम पर प्रमथ किरण ने संगत किया।

बॉलीवुड गायिका रसिका शेखर ने कौन कहते हैं भगवान आते नहीं-तुम मेरे के जैसे बुलाते नहीं, होठों से छू लो तुम आदि गीतों पर अपनी प्रस्तुति दी। रसिका ने बांसुरी वादन कर भी अवध के लोगों के दिलों में जगह बना ली। ध्वनि एमटी आदित्य व लाइट्स दीपक गौतम का रहा।

लोकनृत्य का लोगों ने उठाया लुत्फ

मयूर, फरुवाही, अवधी, राई, बमरसिया समेत अनेक लोकनृत्यों पर कलाकारों ने प्रस्तुति दी। मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के गेट नंबर दो पर पीलीभीत के बंटी राणा व उनकी टीम ने थारू लोकनृत्य कर हर किसी का ध्यान आकृष्ट किया। मथुरा के राजेश शर्मा व उनकी टीम के सदस्यों ने मयूर लोकनृत्य प्रस्तुत किया। आजमगढ़ के उमेश कन्नौजिया व उनकी टीम ने धोबिया लोकनृत्य से लोगों को परिचित कराया। अयोध्या के विजय यादव-शीतला प्रसाद वर्मा फरुवाही लोकनृत्य, प्रकृति यादव अवधी लोकनृत्य, राजेश गौड़ व आजमगढ़ के सतीश कुमार कहरवा लोकनृत्य पर प्रस्तुति दी। गाजीपुर के सल्टूराम धोबिया लोकनृत्य, प्रयागराज की प्रीति सिंह व कृति श्रीवास्तव टीम ढेढ़िया लोकनृत्य, झांसी के निशांत सिंह भदौरिया व इमरान खान राई, मथुरा के खजान सिंह व महिपाल सिंह टीम के साथ बमरसिया लोकनृत्य पर खूब वाहवाही लूटी। दिवारी-पाईडंडा लोकनृत्य पर महोबा के लखन लाल यादव-बांदा के अखिलेश यादव ने हर किसी को झूमने पर विवश कर दिया। सोनभद्र के कतवारू जनजाति लोकनृत्य व सोनभद्र की आशा कुमारी झूमर लोकनृत्य, संतोष सिंघा ने आदिवासी लोकनृत्य पर प्रस्तुति दी।

SHIVENDRA'S ORTHO CLINIC
शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि ट्यूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
WE CARE YOUR BONES & JOINTS
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
20 वर्षों से अधिक अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)

ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:-
Morning : 11am-2pm,
Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency

शहर में आज

- उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा राजभवन कालोनी में लोटस टीएमटी मेडिकल बस की शुरुआत - 8.45 बजे।
- कुर्सी रोड स्थित गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में 71वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक एथलेटिक्स क्लस्टर प्रतियोगिता - 9:00 बजे।
- विकास भवन सभागार में जिला पंचायत राज अधिकारी की अध्यक्षता में केंद्र व राज्य वित्त की खर्च धनराशि के संबंध में एडीओ पंचायत व सचिवों के साथ बैठक - 11:00 बजे।

एक नजर

बारिश से बदला मौसम का मिजाज

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी में पिछले कुछ दिनों से तेज धूप निकलने से जहां लोगों को ठंड से कुछ राहत मिली थी, वहीं मंगलवार को देर रात हुई बूंदाबांदी ने फिर से एक बार ठंड का एहसास करा दिया। तापमान बढ़ने से दिन में गर्मी का एहसास होने लगा था। इस बीच, मंगलवार रात अचानक मौसम बदला और बादल छा गए। रात करीब 11.45 बजे पहले हल्की बूंदा बांदी हुई। इसके बाद बिजली कड़कने के साथ ही तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश के संग हवा चलने से मौसम का मिजाज बदल गया। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार बारिश होने से अगले दो दिन पारा सामान्य रहेगा। बता दें कि पिछले कुछ दिनों से तेज धूप निकलने के कारण दिन में सर्दी कम हो गयी थी। जबकि रात में गुलाबी ठंड हो रही है। इससे लोगों को राहत मिल रही है।

किसानों की मांगों को लेकर आवाज बुलंद करेगा भाकियू

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ में भारतीय किसान यूनियन ट्रैक्टर मार्च के जरिये विरोध प्रदर्शन कर बुधवार को दोपहर 12 बजे जिलाधिकारी कार्यालय को घेराव करेंगे। यूनियन के जिला अध्यक्ष अलोक वर्मा के नेतृत्व में किसान व कार्यकर्ता एकत्रित होकर प्रदर्शन कर विभिन्न मांगों को लेकर आवाज बुलंद करेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों के प्रदर्शन करने व लगातार मांग करने के बाद भी सरकार ध्यान नहीं दे रही है।

विश्व में टॉप तीन शहरों की रैंकिंग में होगा लखनऊ

29 तक पूरा हो जाएगा आउटर रिंग रोड का काम, नहीं लगेगा टोल, मार्च के पहले सप्ताह में प्रधानमंत्री कर सकते हैं उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : आउटर रिंग रोड का काम 29 फरवरी तक पूरा हो जाएगा। इससे आसपास के क्षेत्रों का भी विकास होगा और अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी। मार्च प्रथम सप्ताह में प्रधानमंत्री इसका उद्घाटन कर सकते हैं। खास बात यह होगी कि आउटर रिंग रोड पर टोल नहीं लगेगा।

ये बातें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को आउटर रिंग रोड के निरीक्षण के दौरान कहीं। उनका काफिला सुबह 11 बजे कालीदास मार्ग से सुल्तानपुर रोड होते हुए आउटर रिंग रोड पर चढ़ा। लगभग 32 किलोमीटर का सफर तय करने के बाद काफिला आगरा एक्सप्रेस वे पर रुका। आउटर रिंग रोड ओर एप्रोच रोड का निर्माण होते देख रक्षा मंत्री ने एनएचएआई के अधिकारियों से जानकारी ली। परियोजना निदेशक सौरभ चौरसिया ने बताया कि 29 फरवरी तक काम पूरा हो जाएगा। इसके बाद रक्षा मंत्री मोहान रोड होते हुए बक्शी का तालाब पहुंच गए। लखनऊ शहर के चारों ओर आठ लेन की 104 किलोमीटर रोड बन रही है। 28 फरवरी तक 104 किलोमीटर लंबे रिंग रोड का काम पूरा हो जाएगा। जिसमें चार लेन जाने के लिए और चार लेन वापसी के लिए होंगे। मार्च प्रथम सप्ताह में इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री कर सकते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि लखनऊ में ऐसी बहुत सारी परियोजनाएं हैं, जो स्वीकृत हैं, मगर काम शुरू नहीं हो सका है। उन परियोजनाओं के पूरा होने के बाद लखनऊ देश में नहीं, बल्कि विश्व में टॉप तीन शहरों की रैंकिंग में होगा।

बता दें कि 104 किलोमीटर लंबी आउटर रिंग रोड का शिलान्यास 2016 में तत्कालीन गृहमंत्री के रूप में राजनाथ सिंह और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने किया था। लखनऊ आउटर रिंग रोड का निर्माण पांच पैकेजों में किया गया है। जिसमें सुल्तानपुर से बेहटा गांव तक 31.745 किलोमीटर का निर्माण 1062 करोड़ की लागत से पूरा हो चुका है। दूसरे पैकेज में बेटा गांव से सीतापुर रोड तक 32.895 किलोमीटर का निर्माण 981 करोड़ की लागत से हो रहा है। जिसमें लगभग 96% काम हो चुका है। काकोरी रेलवे ओवरब्रिज, सीतापुर रोड फ्लाईओवर और लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे फ्लाईओवर पर पहुंच मार्ग का काम फरवरी अंत तक पूरा हो जाएगा। निरीक्षण के दौरान उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महापौर सुषमा खर्कवाल, एमएलसी डॉ. महेंद्र सिंह, मुकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।


आउटर रिंग रोड का निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से जानकारी लेते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, साथ में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व अन्य।

बिखर चुका है इंडिया गठबंधन

लखनऊ : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राहुल गांधी के लखनऊ आने के सवाल पर कहा कि लखनऊ में अदब और तहजीब की पुरानी परंपरा है। यहां आने वालों का स्वागत है। कहा कि इंडिया गठबंधन पूरी तरह बिखर चुका है। लोगों में इंडिया गठबंधन को लेकर बहुत निराशा है। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी पर लोग भरोसा करते हैं। साथ ही, उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतेगी।

भारी वाहन शहर में नहीं कर सकेंगे प्रवेश

लखनऊ : आउटर रिंग रोड शुरू होने के बाद भारी वाहन शहर में प्रवेश नहीं करेंगे। सीतापुर, गोंडा, अयोध्या, गोरखपुर, हरदोई, कानपुर, वाराणसी, रायबरेली सहित एक दर्जन से अधिक जिलों को जाने वाले वाहन बाहर ही बाहर निकल जाएंगे। इससे शहर में यातायात का दबाव कम होगा और लोगों को जाम की समस्या से निजात मिलेगी।

निरीक्षण के दौरान ट्रक आने से हड़कंप

लखनऊ : आउटर रिंग रोड पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह निरीक्षण कर रहे थे, तभी रिंग रोड पर करीब 30 किलोमीटर चलने के बाद उल्टी दिशा में ट्रक आते देख पुलिस हरकत में आ गई। यह स्थिति आउटर रिंग रोड व सुलतानपुर रोड पर कई स्थानों पर दिखी।

अच्छे स्वास्थ्य के लिए जिम जरूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सिलाई-कढ़ाई सेंटर की महिलाओं से किया संवाद, पार्क के जीर्णोद्धार को दी मंजूरी

अमृत विचार : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि लखनऊ में जितने भी बड़े पार्क हैं, सबमें ओपन जिम लगवाने का काम चल रहा है। 150 का काम पूरा हो चुका है और 100 स्वीकृत हैं।

राजनाथ ने ऐशबाग वार्ड के पीली कॉलोनी स्थित पार्क में बने ओपन जिम का निरीक्षण किया। कहा कि अच्छा स्वास्थ्य अच्छी जिंदगी के लिए आवश्यक है। क्योंकि मनुष्य की अनमोल पूंजी उसका स्वास्थ्य है। उन्होंने क्षेत्र में महिला सशक्तीकरण के लिए खुलवाए सिलाई-कढ़ाई सेंटर की महिलाओं और क्षेत्र के लोगों से बातचीत की। साथ ही लोगों की मांग पर पार्क के जीर्णोद्धार की मांग मान ली।

सबीना, लक्ष्मी और मोनिका यादव ने हाथ से सिली और कढ़ी हुई चादर रक्षा मंत्री को भेंट की। उन्होंने 100 नए सिलाई केंद्र खोलने की घोषणा की। इस दौरान राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, महामंत्री त्रिलोक सिंह, अंजनी श्रीवास्तव, रजनीश गुप्ता, अमित गुप्ता, पार्षद संदीप शर्मा, राजीव वाजपेयी आदि मौजूद रहे।

याचिका दाखिल न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए एलडीए स्वतंत्र

अमृत विचार, लखनऊ : अकबर नगर में ध्वस्तीकरण मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने स्पष्ट किया है कि कब्जेदारों में से जिन लोगों ने याचिकाएं अथवा हस्तक्षेप प्रार्थना पत्र नहीं दाखिल किया है, उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए एलडीए स्वतंत्र है। इसी के साथ न्यायालय ने उन याचियों को जो गरीबी रेखा के नीचे होने का दावा कर रहे हैं, उन्हें बीपीएल सर्टिफिकेट अथवा राशन कार्ड दाखिल करने का आदेश दिया है। ऐसे याचियों के मामलों की सुनवाई 26 फरवरी को होगी, जबकि जीएसटी और आयकर भरने वाले कब्जेदारों के मामलों की सुनवाई बुधवार को जारी होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति विवेक चौधरी व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने अकबर नगर के तमाम निवासियों की ओर से दाखिल याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए पारित किया। न्यायालय के पूर्व के आदेश के अनुपालन में जीएसटी अथवा आयकर भरने वाले याचियों की ओर से पूरक शपथ पत्र दाखिल किया गया। न्यायालय ने पाया कि टैक्स भरने वाले कुल 13 लोगों ने अब तक अपने दस्तावेज दाखिल किए हैं जबकि टैक्स भरने वाले अन्य याचियों की ओर से अपने दस्तावेज दाखिल करने के लिए बुधवार तक समय देने की मांग की गई। न्यायालय ने कहा कि टैक्स भरने वाले या लखनऊ शहर में दूसरी संपत्तियों के मालिक याचियों की संख्या अच्छी-खासी है। लिहाजा न्यायालय ने बाकी के याचियों को भी आदेश दिया कि वे भी अपने पैन नम्बर अथवा आईटीआर इत्यादि की जानकारी दें।

एलडीए ने बेचीं 550 करोड़ की सम्पत्तियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विभूतिखंड में तीन करोड़ के भूखंड की आठ करोड़ लगी बोली
- सीबीडी योजना के दो भूखंड 12-12 करोड़ में बिके

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण ने ई-नीलामी में 550 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की व्यावसायिक सम्पत्तियां बेची हैं। निवेशकों ने उत्साह दिखाते हुए ई-नीलामी में आरक्षित दर से दोगुनी से भी अधिक बोली लगायी। व्यावसायिक भूखण्डों के साथ ग्रुप हाउसिंग, नर्सिंग होम, फैसेल्टीज, मिश्रित भू-उपयोग व फाइन डाइन के भूखण्ड भी बिके।

एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि सीबीडी योजना स्थित फाइन डाइन के दो भूखण्ड 12-12 करोड़ रुपये में बिके। विभूतिखण्ड में तीन करोड़ की कीमत के एक भूखण्ड की आठ करोड़ रुपये बोली लगी। गोमती नगर विस्तार में फैसेल्टीज के दो भूखण्ड 10-10 करोड़ में बिके।

सीजी सिटी में मिश्रित भू-उपयोग के तीन भूखण्ड 80-80 करोड़ रुपये में बिके। उन्होंने बताया कि ई-नीलामी में बोली लगाने वाले सभी सफल आवंटियों को जल्द से जल्द आवंटन पत्र जारी कर दिए जाएंगे। आवंटियों को प्रोजेक्ट लगाने के लिए सम्पत्ति का मानचित्र स्वीकृत करने की कार्यवाही सिंगल विंडो सिस्टम से की जाएगी।

कल से फिर खुलेगा ई-नीलामी पोर्टल

अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि ई-नीलामी में बोली लगाने वाले जो लोग सफल नहीं हुये वह फिर से आवेदन कर सकते हैं। एलडीए व्यावसायिक सम्पत्तियों की ई-नीलामी के लिए 22 फरवरी से पोर्टल खोलने जा रहा है। इच्छुक लोग 4 मार्च तक पंजीकरण करा सकेंगे। 7 मार्च को ई-नीलामी की जाएगी।

गृहकर के 87 बड़े बकायेदारों को अंतिम नोटिस जारी

अमृत विचार, लखनऊ : गृहकर के बड़े बकायेदारों पर नगर निगम ने बड़ी कार्रवाई की है। 87 बड़े बकायेदारों को अंतिम नोटिस जारी किया है। इनमें गृहकर के ऐसे बकायेदार शामिल हैं, जिन पर 14 करोड़ से ज्यादा का बकाया है। सबसे अधिक बकाया शिक्षण संस्थानों और सरकारी विभागों के भवनों पर है। इन सभी बकायेदारों का 5 से 10 वर्ष का गृहकर जमा होना है। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अम्बी बिष्ट ने बताया कि बड़े बकायेदारों की सूची सभी जोन कार्यालयों को भेज दी गयी है। इनको जोन स्तर पर अंतिम नोटिस जारी किया गया है। एक सप्ताह में बकाया गृहकर जमा नहीं किया गया तो सभी के खिलाफ कुर्की और सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी।

इन्वेस्टर फ्रेंडली पॉलिसी से पब्लिक फ्रेंडली हो निवेश : मुख्यमंत्री योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम प्रदेश में जैसे इन्वेस्टर फ्रेंडली पॉलिसी लेकर आते हैं, वैसे ही इन्वेस्टर्स को भी अपने निवेश को पब्लिक फ्रेंडली बनाना पड़ेगा। उन्होंने प्रदेश से पूरे उत्तर भारत के बाजार का जिक्र करते हुए कहा कि इलेक्ट्रिक बसों का बड़ा बाजार इंतजार कर रहा है। स्कूली बसों के साथ गांवों को शहरों से जोड़ने में इलेक्ट्रिक बसें सस्ती और लोकप्रिय बन सकती हैं।

अशोक लीलेंड की इलेक्ट्रिक वाहन फैक्ट्री के भूमि पूजन कार्यक्रम में सरोजनी नगर स्थित स्कूटर इंडिया परिसर में हिस्सा लेने मंगलवार को दोपहर में पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को हिंदुजा ग्रुप की तरफ से डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस की चाभी और मोमेंटो प्रदान किया गया। इस दौरान योगी ने प्लांट में इलेक्ट्रिक बसों का भी अवलोकन किया और उनके फीचर्स के बारे में भी जानकारी ली। हिंदुजा ग्रुप के अधिकारियों ने उन्हें ई व्हीकल्स की विशेषताओं से परिचित कराया। योगी ने हिंदुजा ग्रुप के प्रमुख लोगों और अधिकारियों के साथ मंत्रणा भी की। कहा कि सिर्फ चाभी नहीं, बल्कि जल्द से जल्द प्रोडक्शन शुरू करें।

उन्होंने कहा कि प्रदेश का पहला इलेक्ट्रिक व्हीकल प्लांट अशोका लीलेंड के माध्यम से स्थापित होने जा रहा है। इस कार्यक्रम की शुरुआत के लिए हिंदुजा ग्रुप, अशोका लीलेंड को शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि एक लाख स्कूली बस हैं हमारे पास, ये सब रिप्लेस हो जाएंगी इलेक्ट्रिक बसों में बशर्ते इस दिशा में हम लोगों ने थोड़ा भी इनीशिएटिव लिया तो। प्रदेश में 1 लाख 5 हजार से अधिक राजस्व गांव हैं और दो लाख से अधिक मजरे हैं। अगर इन गांवों को हमें शहरों से जोड़ना होगा तो भी सस्ती सेवा के लिए इलेक्ट्रिक बस सेवा सस्ती और लोकप्रिय माध्यम बन सकती है। इसमें हम अपने तमाम युवाओं को इस सर्विस के साथ जोड़ सकते हैं। यहां पर भी हिंदुजा ग्रुप भी कुछ इनीशिएटिव ले और स्टेट गवर्नमेंट भी इसको आगे बढ़ाए।

इस अवसर पर हिंदुजा ग्रुप भारत के अध्यक्ष अशोक हिंदुजा, प्रकाश हिंदुजा, वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह, विकास गुप्ता समेत अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सरोजनीनगर में अशोक लीलैंड की इलेक्ट्रिक वाहन की फैक्ट्री के भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान उपस्थित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मंत्री सुरेश खन्ना व अन्य। अमृत विचार

- मुख्यमंत्री ने अशोक लीलेंड की इलेक्ट्रिक वाहन फैक्ट्री के भूमि पूजन कार्यक्रम में लिया हिस्सा
- कहा- चाभी नहीं, प्रोडक्शन शुरू करें, यूपी के साथ पूरे उत्तर भारत के बाजार को है आपका इंतजार

ई व्हीकल पॉलिसी इन्वेस्टर्स के लिए भी और बायर्स के लिए भी

मुख्यमंत्री योगी ने सरकार द्वारा लागू इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी का भी जिक्र किया। कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा सोमवार को 10 लाख 24 हजार करोड़ रुपये के निवेश कार्यक्रमों की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अपनी पॉलिसी के अंतर्गत हर इलेक्ट्रिक बस में 20 लाख रुपये तक का इन्सेंटिव दे रही है। इलेक्ट्रिक व्हीकल के लिए यूपी की पॉलिसी अलग है। यह इन्वेस्टर्स के लिए भी है और खरीदने वाले के लिए भी है।

राहुल जिंदाबाद... के साथ राजधानी में हुआ यात्रा का स्वागत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : नवाबों के शहर लखनऊ में राहुल गांधी की न्याय यात्रा का कांग्रेसियों ने मंगलवार को जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओं का जोश देखते ही बन रहा था। हाथों में पार्टी का झंडा लहराते हुए राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे काफी देर तक गूंजते रहे। इस दौरान राहुल ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को संबोधित कर उनमें जोश भरा।

रायबरेली से चली न्याय यात्रा लखनऊ के मोहनलालगंज, पीजीआई, उतरेठिया, तेलीबाग, बंगला बाजार, कुंवर जगदीश चौराहा, लोको चौराहे होते हुए केकेसी पर 7:30 बजे पहुंची। यहां केकेसी पर मौजूद कुछ अभ्यर्थियों ने पुलिस भर्ती पेपर लीक होने की बात कहते हुए गुस्सा जाहिर किया। साथ ही आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार पुलिस भर्ती परीक्षा ठीक तरीके से नहीं करा पाई।

वहीं, पेपर लीक मामले को लेकर मौन है। केकेसी से होकर यात्रा चारबाग, नत्था तिराहा, नाका चौराहा होकर रकाबगंज पहुंची। जहां पर कांग्रेस श्रम प्रकोष्ठ कमेटी के चेयरमैन नरेन्द्र त्रिपाठी ने राहुल गांधी का स्वागत किया। रकाबगंज से यात्रा राजा बाजार, चौक होते हुए घंटाघर पहुंची। जहां पर राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं और जनता को संबोधित किया।

मंगलवार को राजधानी में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ राहुल गांधी। इस दौरान राहुल की झलक पाने को लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। अमृत विचार

शिक्षक अभ्यर्थियों से राहुल ने की मुलाकात

यात्रा के दौरान 6800 शिक्षक भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों ने राहुल गांधी से मुलाकात कर दर्द बयां किया। इस दौरान कुछ अभ्यर्थी भावुक हो गए। उन्हें समझाते हुए राहुल ने कहा कि तुम शेर हो। समस्या के समाधान के लिए संघर्ष करने के लिये उन्हें उत्साहवर्धन किया। अभ्यर्थियों ने राहुल गांधी से उनकी समस्या को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक पहुंचाने की गुहार लगायी, ताकि उनको रोजगार मिल सके।

शिक्षकों ने राहुल गांधी को सौंपा ज्ञापन

महाविद्यालय में अनुमोदित और स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम पढ़ा रहे शिक्षकों ने राहुल गांधी को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं से अवगत कराया। शिक्षकों ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 7875 शासकीय, आशासकीय सहायता प्राप्त अनुदानित एवं प्राइवेट महाविद्यालय संचालित हैं, जिनमें लगभग एक लाख के करीब शिक्षक पढ़ा रहे हैं। उनकी कई समस्यायें हैं, जिनको प्रदेश सरकार सुन नहीं रही।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा से थमा पुराना शहर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- वैकल्पिक मार्गों पर रेंगते रहे वाहन, लोग हुए परेशान

अमृत विचार : राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मंगलवार को राजधानी पहुंची। सोमवार रात से ही पुलिस ने वैकल्पिक मार्गों का चयन करते हुए रूट प्लान तैयार किया था। मंगलवार देर शाम राहुल गांधी का काफिला जब लखनऊ पहुंचा। तब डायवर्जन व्यवस्था बेपटरी हो गई।

मोहनलालगंज से तेलीबाग होते हुए यात्रा कैंट इलाके में पहुंची तो पूरा इलाका जाम हो गया। हालांकि ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों की मदद से कड़ी मशक्कत कर धीरे-धीरे वाहनों को निकलवाया। गौरतलब है कि 19 फरवरी की रात पुलिस लखनऊ ने राहुल गांधी की यात्रा के मद्देनजर वैकल्पिक मार्गों का चयन कर रूट चार्ट बनाया था। राहुल गांधी की एक झलक देख पाने और यात्रा का स्वागत के लिए शहर के कई क्षेत्रों में कांग्रेस कार्यकर्ता उत्साहित थे।

ऐसे में यात्रा के आते ही कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह राहगीरों और वाहन सवारों को रोकना शुरू कर दिया। इससे तेलीबाग, कैंट, केकेसी, चारबाग, नाका, रकाबगंज, चौक, चरक चौराहा समेत अन्य इलाकों में वाहनों की कतार लग गई। वह भी तब जब जगह-जगह ट्रैफिक पुलिस तैनात थी। कर्मियों ने यात्रा के मार्ग को बंद कर वाहन सवारों को डायवर्ट करना शुरू कर दिया। इससे यात्रा के पीछे फंसे वाहन सवार परेशान दिखे। यात्रा के निकलने के बाद देर रात तक हालात सामान्य हो सके।

यात्रा के बीच सड़क पर रेंगती रही एंबुलेंस

यात्रा के दौरान मरीज को लेकर जा रही एंबुलेंस तक सड़क पर रेंगती दिखी। यह नजारा कई स्थानों पर भी देखने को मिला। सायरन की आवाज सुन आम वाहन सवार तो रास्ता दे रहे थे, लेकिन यात्रा के चलते फिर उसी रास्ते में आगे निकलने में बेबस दिखी। राहुल की यात्रा के स्वागत के लिए केकेसी इलाके में पहुंचे समर्थकों ने अपने वाहन चारबाग स्टेशन तक सड़क किनारे खड़े कर दिए। इससे एक लेन का ही रास्ता वाहन निकलने के लिए बचा। यात्रा आगे बढ़ी तो कुछ राहत मिल सकी।

सक्रियता | रक्षा मंत्री राजनाथ ने जनेश्वर मिश्र पार्क से झंडी दिखाकर किया रवाना, पांच सफाई कर्मियों को दिया नियुक्ति पत्र

सफाई व कूड़ा उठाने के लिए कंपनी ने उतारे 150 इलेक्ट्रिक वाहन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ को स्वच्छता के मामले में नंबर एक बनाने और प्रदूषण मुक्त करने की दिशा में मंगलवार को नगर निगम ने एक कदम और बढ़ा दिया। शहर के पांच जोन में सफाई के लिए चयनित चेन्नई एमएसडब्ल्यू प्रालि. (रामकी) ने सफाई व कूड़ा उठाने के लिए 150 इलेक्ट्रिक वाहन सड़क पर उतार दिए। रक्षा मंत्री एवं लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह ने इन वाहनों को जनेश्वर मिश्र पार्क के गेट नंबर 5 से मंगलवार को झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने पांच सफाई कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। रक्षा मंत्री ने कहा कि सफाई करने वाले कर्मचारी छोटे नहीं होते। सफाई कर्मी परमात्मा का कार्य कर रहे हैं। जहां गंदगी रहेगी वहां बीमारियां फैलती हैं। सफाई होने से हम स्वस्थ रहते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का मानना है कि पेट्रोल-डीजल से प्रदूषण फैलता है। इसलिए ई वाहन सफाई के लिए उतारे गए हैं।

इससे पहले महापौर सुषमा खर्कवाल ने रक्षा मंत्री का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि हर कदम स्वच्छता की ओर बढ़ रहे हैं। शिवरी प्लांट पर कूड़े के पहाड़ 18 महीने में खत्म करके बड़ा पार्क बनाया जाएगा। लखनऊ को स्वच्छता में पहले स्थान पर लाने का प्रयास किया जाएगा। महापौर ने रक्षा मंत्री को विश्वास दिलाते हुए कहा कि तन, मन और धन से लखनऊ को स्वच्छता की ओर ले जाएंगे।

इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल, सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा, भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आन्नद द्विवेदी, पार्षद, हैदराबाद के पूर्व नगर आयुक्त एवं कंपनी के अध्यक्ष आर मोहन राव, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह समस्त अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, पंकज श्रीवास्तव, डॉ. अरविंद कुमार राव एवं अरुण कुमार गुप्त, मुख्य अभियंता सिविल महेश वर्मा, एमएस डब्ल्यू के सीईओ मसूद मलिक तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

1 मार्च से जोन-एक में सफाई शुरू करेगी कंपनी

चेन्नई एमएसडब्ल्यू प्रालि. को नगर निगम के आठ में से पांच जोन में सड़कों और नालियों की सफाई, घरों से कूड़ा कलेक्शन और कूड़े को शिवरी प्लांट तक पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गयी है। कंपनी जोन एक में 1 मार्च से सफाई शुरू कर देगी। इसके बाद जोन सात और जोन एक में काम संभालेगी। कंपनी के सीईओ मसूद मलिक ने बताया कि हर 15 दिन पर दूसरे जोन में सफाई शुरू की जाएगी। आम जनता की सुविधा के लिए कमांड सेंटर बनाएंगे, जहां सफाई आदि से संबंधित शिकायत कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि कंपनी ही भवन स्वामियों से यूजर चार्ज लेगी।

9,00 इलेक्ट्रिक वाहनों से उठेगा कूड़ा

पांच जोन में घरों से कूड़ा उठाने से लेकर शिवरी प्लांट तक पहुंचाने के लिए कंपनी 900 इलेक्ट्रिक वाहनों का इस्तेमाल करेगी। इससे पेट्रोल-डीजल चोरी होने का डर नहीं होगा, साथ ही प्रदूषण भी कम होगा। कंपनी ने अभी 150 इलेक्ट्रिक टाटा ऐस खरीदी हैं। इसके अलावा कंपनी सफाई के लिए 8,000 कर्मचारी लगाएगी।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

गुरु जी साल भर पढ़ाई की नहीं, पास होने का मंत्र बताइए

जेडी माध्यमिक विज्ञान चेतना हेल्पलाइन पर मुरादाबाद के रहने वाले 12वीं के छात्र ने पूछा सवाल

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

जेडी कार्यालय में स्थापित चेतना हेल्पलाइन सेवा पर सवालों के जवाब देते जेडी डॉ. प्रदीप कुमार, मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार व विशेषज्ञों की टीम।

अमृत विचार : यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के लिए संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक लखनऊ मंडल (जेडी) कार्यालय में स्थापित की गई विज्ञान चेतना हेल्पलाइन पर सभी जिलों के बच्चों ने विशेषज्ञों से सवाल पूछे। इस दौरान कई बच्चों ने ऐसे सवाल भी किए जिसमें विशेषज्ञों ने उन्हें पॉजीटिव रहने की सलाह देते हुए समय से परीक्षा में शामिल होने की बात कही।

हेल्पलाइन पर मुरादाबाद के एक बच्चे ने सवाल किया कि सर मैं पूरे साल पढ़ने नहीं जा पाया हूं तो परीक्षा में कैसे प्रश्नपत्र हल करूं पास होने का कोई उपाय बताइए। इस पर विशेषज्ञ सोच में पड़ गये और बाद में उन्होंने यही उत्तर दिया कि पॉजीटिव रहिए जो समय अभी बचा है उसमें रिवीजन करके समय से परीक्षा में शामिल हो जाइए। वहीं दूसरे बच्चे ने सवाल किया कि सर इस बार लोकसभा चुनाव होने है तो सरकार कुछ छूट देते हुए बेहतर परिणाम दे सकती है। इस पर भी विशेषज्ञों ने कहा कि बेटा किसी की बातों में मत आइए और मेहनत करिए अफवाहों से बचिए, नंबर उतने ही मिलेंगे जितना आपने सही-सही कॉपी में लिखा होगा।

2 घंटे में दिए गए 100 सवालों के जवाब : संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार की पहल हेल्पलाइन पर दो घंटे में विशेषज्ञों ने करीब 100 सवालों का समाधान किया है। हेल्पलाइन पर सवालों के दौरान उप शिक्षा निदेशक डीडीआर रेखा दिवाकर भी उपस्थित रही। विज्ञान चेतना हेल्पलाइन के माध्यम से यह कार्य मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ दिनेश कुमार के निर्देशन में सफलता पूर्वक आयोजित हुआ। इसमें रसायन विज्ञान विशेषज्ञ डॉ श्वेता श्रीवास्तव, भौतिक विज्ञान विशेषज्ञ डॉ अरविंद वर्मा, गणित विशेषज्ञ पवन कुमार तिवारी, जीव विज्ञान विशेषज्ञ डॉ दीप्ति विश्वकर्मा, वंदना तिवारी प्रवक्ता ने सवालों का समाधान किया।

▸▸ छात्र ने कहा, चुनावी वर्ष में सर रिजल्ट तो बेहतर आना चाहिए जवाब में कहा गया, मेहनत करिए फालतू बातों से ध्यान हटाइए

रसायन विज्ञान की विशेषज्ञ ने दिए ये सुझाव : रसायन विज्ञान के प्रश्न पत्र में वर्णनात्मक और आंकिक दोनों प्रकार के प्रश्न होते हैं इन्हें सही से हल करें। सैद्धांतिक पक्ष यथा नियम, परिभाषा, अवधारणा को भी ध्यान से पढ़े। रासायनिक अभिक्रियाओं को कई बार लिखकर अभ्यास करें। उत्तर पुस्तिका में अपने उत्तरों की संपुष्टि यथा आवश्यक उदाहरण, रासायनिक समीकरण एवं रेखा चित्र का प्रयोग अवश्य करें। प्रश्न पत्र हल करते समय प्रश्न का क्रमांक अवश्य डालें तथा जहां तक संभव हो क्रम से ही उत्तर लिखें।

भौतिक विज्ञान के विशेषज्ञ डॉ. अरविंद कुमार ने दिए ये सुझाव : जो वर्ष भर पढ़ा है उसकी पुनरावृत्ति करें। सूत्र व मात्रक का खूब अभ्यास करें। शुरुआत के 15 मिनट में प्रश्न पत्र ठीक ढंग से पढ़ें, निर्धारित अंकों के अनुसार प्रश्नों का उत्तर लिखें। आवश्यकतानुसार किरण आरेख एवं परिपथ आरेख बनायें। आंकिक प्रश्नों को स्टेप बाय स्टेप हल करें एवं अंत में मात्रक अवश्य लिखें।

गणित पेपर के लिए विशेषज्ञ पवन कुमार तिवारी ने दिए ये सुझाव : अच्छे नंबर लाने के लिए आखिरी साल के पेपर को हल करें। फॉर्मूले पर विशेष फोकस करें, क्योंकि फॉर्मूले के बिना आप प्रश्नों को हल नहीं कर सकते हैं। फॉर्मूला आधारित प्रश्नों की ज्यादा से ज्यादा प्रैक्टिस करें। बेसिक कॉन्सेप्ट्स पर अवश्य ध्यान दे। परीक्षा में जो प्रश्न अच्छे से आते हो उनको पहले हल करें। रटने की जगह खूब अभ्यास करे इससे आपको यह याद रखने में मदद मिलेगी कि परीक्षा के समय तनावग्रस्त माहौल में प्रश्नों को कैसे हल किया जाए।

जीव विज्ञान में विशेषज्ञ दीप्ति विश्वकर्मा ने दिए ये सुझाव : लिखने से पहले सभी प्रश्नों को ध्यान से पढ़े। प्रश्न अंक के अनुसार समय एवम शब्द सीमा का विशेष ध्यान दें। विस्तृत उत्तरीय प्रश्नों को लिकने के लिए रेखा चित्र बनाकर महत्वपूर्ण बिंदुओं को लिखे जिससे समय बचता है। उत्तर टू द प्वाइंट लिखें और अनावश्यक न लिखे। हेडिंग डाल कर लिखें जिससे उत्तर प्रभावी लगता है। चित्र सुस्पष्ट एवम नामांकित बनाए। एक खंड के प्रश्न एक ही साथ करे।

अंग्रेजी विशेषज्ञ वंदना तिवारी ने दिया ये सुझाव : टाइम मैनेजमेंट करें, प्रत्येक सेक्शन के लिए 40 मिनट रखें, रीडिंग सेक्शन में पहले प्रश्न पढ़ने के बाद पैसेज पढ़े, समय की बचत होगी। महत्वपूर्ण बिंदुओं को रेखांकित करें, शब्द सीमा का ध्यान रखें रिवीजन के लिए समय रखें। सोशल मीडिया वाली भाषा का प्रयोग ना करें कोई भी प्रश्न ना छोड़ें।

परीक्षार्थियों ने किए ये सवाल

प्रश्न : परीक्षा की दृष्टि से रसायन विज्ञान में क्या महत्वपूर्ण है ?
उत्तर : नवीन पाठ्यक्रम के अनुसार इस वर्ष केमिस्ट्री में कई अध्याय हटा दिए गए हैं वर्तमान में 10 अध्याय के भारांक निर्धारित किए गए हैं उसी के अनुरूप पाठ की तैयारी करें। उपसहसंयोजन यौगिक, जैव अणु, एल्डिहाइड, कीटोन, एसिड आदि पाठ के भारांक अधिक है इसके अतिरिक्त फिजिकल केमिस्ट्री में आंकिक प्रश्न भी महत्वपूर्ण है। **आदेश गुप्ता, सरस्वती विद्या मंदिर, सीतापुर**

प्रश्न : उपसहसंयोजक यौगिक के नामकरण को कैसे तैयार करें?
उत्तर : उपसहसंयोजक यौगिक रसायन विज्ञान का एक महत्वपूर्ण अध्याय है जिसमें नामकरण प्रमुख है नामकरण हेतु निर्धारित नियमों को अच्छे से याद करके कई यौगिक पर इसका अभ्यास करें पुराने प्रश्न पत्रों मैं इनसे संबंधित प्रश्नों को हल करने का प्रयास करें। **स्मिता कुशवाहा, जीजीआईसी विकास नगर, लखनऊ**

प्रश्न : गणित में कौन से अध्याय पर इस समय फोकस करें?
उत्तर : कैल्कुलस से सबसे ज्यादा अंको के प्रश्न पूछे जाते है उस पर ज्यादा ध्यान दे और अधिक से अधिक प्रश्नों को हल करें। **रविन्द्र जैन, नेशनल कॉलेज, बाराबंकी**

प्रश्न : रसायन विज्ञान में अधिक अंक प्राप्त करने के लिए विशेष क्या करें?
उत्तर : रसायन विज्ञान आते हैं उनके प्रश्न अधिकतम 14 अंक के होते हैं जो भौतिक रसायन अध्याय से ही लिए जाते हैं आंकिक प्रश्न को सूत्र के साथ स्टेप बाय स्टेप करें रसायन विज्ञान में उदाहरण समीकरण तथा यथा आवश्यक चित्र का प्रयोग अवश्य करें, **शशांक दुबे, मानक नगर रेलवे इंटर कॉलेज लखनऊ**

फीस बाकी, नहीं रोक सकते प्रवेश पत्र

अमृत विचार, लखनऊ : फीस बाकी होने पर निजी कॉलेज किसी भी बच्चे का यूपी बोर्ड परीक्षा का प्रवेश पत्र नहीं रोक सकते हैं। इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा कि कॉलेज प्रबंधन इस बात का ध्यान रखें कि किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा से वंचित नहीं किया जायेगा। परीक्षार्थी को उसका प्रवेश पत्र देना होगा।

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी 9919792325 9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400,
के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ

पूर्वोत्तर रेलवे

ई– निविदा सूचना संख्या 08-TMC-POH-DGS-BRM-23-24 दिनांक 16.02.2024 में संशोधन/शुद्धि पत्र

प्रकाशित ई–निविदा सूचना संख्या 08-TMC-POH-DGS-BRM-23-24 दिनांक 16.02.2024 में निम्नवत परिवर्तन किया जाता है
क्रम सं0 1:– प्रकाशित ई–निविदा सूचनाः बीसीएम, एफआरएम मशीनों पर स्क्रीन मेश पूरा सेट एवं स्ट्रीप बनाकर आवश्यकता अनुसार लगाना। **ई–निविदा सूचना संशोधित कर पढा जायेः** पूर्वोत्तर रेलवे के डीजीएस–365 एवं बीआरएम (पीबीआर)–400–आर–25 ट्रैक मशीन के शेड्यूल पिरिऑडिक ओवरहालिंग (पीओएच) का कार्य।
नोटः– ई–निविदा सूचना संख्या 08-TMC-POH-DGS-BRM-23-24 दिनांक 16.02.2024 के तहत प्रकाशित अन्य शर्तें यथावत रहेगी। यह सूचना आइ.आर.इ.पी.एस की वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
अधि0अभि0/टीएमसी
मुजाधि/डब्लू–549 गोरखपुर
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

पूर्वोत्तर रेलवे ई–ऑक्शन सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल द्वारा लखनऊ मण्डल के रामघाट हॉल्ट पर GMU (General Minor Unit) के संचलन की 05 वर्ष की अवधि हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित है। जिसके खुलने की तिथि दिनॉक 08.03.24 समय 13:00 बजे एंव बंद होने की तिथि दिनॉक 8.03.24 समय 13:30 सम्बन्धित लॉट के अनुसार है। इस आक्शन के अन्तर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होगें। ई ऑक्शन से सम्बन्धित अन्य जानकारी www.ireps.gov.in (E-Auction Module) वेबसाइट पर उपलब्ध है।
ध्यान दें कि ई–ऑक्शन मूल्य एवं धरोहर राशि का भुगतान केवल through IREPS, online payment mode से ही स्वीकार्य किया जाएगा जोकि www.ireps.gov.in (E-Auction Module) की वेबसाइट पर उपलब्ध है, डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, जमा रसीदें, एफडीआर आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नही है। अन्य जानकारी www.ireps.gov.in (E-Auction Module) की वेबसाइट पर उपलब्ध है।
ई आक्शन सूचना संख्या, स्टेशन, लोकेशन, आदि का विवरण निम्न है।

ई ऑक्शन सूचना सं० (कैटलॉग सं०)	स्टेशन	लोकेशन	ऑक्शन/लॉट बन्द होने की तिथि व समय
Catg-RMBG-24-2	रामघाट हॉल्ट	नीचे सर्कुलेटिंग एरिया में जैसा सक्षम प्राधिकारी द्वारा तय किया जाए	दिनॉक 08.03.2024 समय 13:30

मुजाधि/वाणिज्य–276 मण्डल रेल प्रबन्धक/(वा.)/लखनऊ
यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो.–09794845955 पर SMS करें
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

सार-संक्षेप

छत्रपति शिवाजी की जंयती पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल लोग। अमृत विचार

छत्रपति शिवाजी की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

अमृत विचार, लखनऊ : महान हिंदू राष्ट्र नायक छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती की पूर्व संध्या एवं प्रभु श्री राम मंदिर निर्माण पर हर्ष प्रकट करने के लिए सम्मान समारोह का आयोजन बापू भवन सचिवालय के सामने एक होटल में हेमा अखिल भारतीय महिला शक्ति एसोसिएशन एवं अखिल भारतीय महिला शक्ति संघ भारत एवं बीएमएसएबी फिल्म प्रोडक्शन हाउस द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन विमलेश गंगवार (दिपि) राष्ट्रीय अध्यक्ष साहित्यिक एवं सांस्कृतिक मंच एवं शैलजा शुक्ला प्रदेश अध्यक्ष सांस्कृतिक मंच के द्वारा किया गया। प्रमुख संचालक अरुण शर्मा संपादक (पावर ऑफ जनाअधिकार न्यूज़ चैनल लखनऊ) कार्यक्रम व्यवस्थापक अनिल पटेल सह जितेंद्र कुमार का विशेष योगदान इस अवसर पर सर्वप्रथम मां सरस्वती प्रभुश्री राम लड्डू गोपाल छत्रपति शिवाजी महाराज को माल्यार्पण कर मुख्य अतिथि रामा सचान स्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष– हेमा पटेल ,डॉ पटेल मिश्रीलाल कनौजिया पूर्व वैज्ञानिक रक्षा अधिकारी भारत सरकार सह मुख्य अतिथि डॉक्टर एस एस गौरी गौरी, एवं रणजी सिलेक्ट कमलकांत कनौजिया दीप प्रज्वलित प्रभुश्री राम लड्डू गोपाल, सरस्वती एवं छत्रपति शिवाजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर संपन्न हुआ।

सीएमएस छात्रा की किताब प्रकाशित

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल कानपुर रोड कैम्पस की कक्षा–5 की छात्रा आध्या चौहान द्वारा लिखित पुस्तक 'फेबल्स ऑफ इमैजिनेशन' को देश के प्रख्यात साहित्यिक प्रकाशन 'ब्रिबुक्स' ने प्रकाशित किया है। इस पुस्तक में आध्या की लिखी प्रेरक लघु कथाओं को बच्चे व किशोर खूब पसंद कर रहे हैं, जिसमें आध्या ने अपनी कहानियों के माध्यम से बच्चों व किशोरों को सद्चिंतन व सद्विचारों के महत्व से अवगत कराते हुए उन्हें सामाजिक विकास में उल्लेखनीय योगदान हेतु प्रेरित किया है। प्रबन्धक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने छात्रा की बहुमुखी प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि आध्या सृजनात्मक प्रतिभा की धनी छात्रा है जिसका साहित्य के क्षेत्र में विशेष लगाव है।

पुनर्वास विश्वविद्यालय में विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू

अमृत विचार लखनऊ : डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में विषम अधिसत्र की परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं। वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव रोहित सिंह ने किया मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। कुलसचिव ने बताया कि ये परीक्षाएं 21 मार्च 2024 तक प्रस्तावित हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक . डा. अमित कुमार राय ने बताया कि मंगलवार को प्रथम पाली में 210 एवं द्वितीय पाली में 662 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 26 मार्च से संबद्ध महाविद्यालयों की परीक्षाएं भी प्रारंभ कर दी जाएंगी। इस परीक्षा के दौरान विश्वविद्यालय के कुलसचिव रोहित सिंह ने परीक्षा नियंत्रक डॉ अमित कुमार राय,वरिष्ठतम आचार्य प्रो. हिमांशु शेखर झा,कुलानुशासक प्रो. सी के दीक्षित संग औचक निरीक्षण किया।

101 गरीबों को वितरित किए गए कंबल

अमृत विचार, लखनऊ : राष्ट्रीय समाचार पत्र वितरक सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश उपाध्याय के जन्मोत्सव के अवसर पर जरूरत मंद वितरक साथियों एवं असहाय गरीबों को विवेकानंद पुरी पार्क के शिव मन्दिर पर अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में कंबल वितरित किए गए। आई टी समाचार पत्र वितरण केन्द्र के अध्यक्ष राम इकबाल शर्मा एवं महामंत्री श्रीदत्त पाण्डेय के द्वारा इंदिरा नगर के अध्यक्ष गोविन्द कुमार पटवा को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर जय सिंह, अभय सक्सेना, लायन क्लब के पीके चौधरी, राष्ट्रीय समाचार पत्र वितरक सेवा समिति के आनंद कुमार दुबे, राजेन्द्र कुमार वर्मा, रंजीत सिंह, राम चंदर, दीपक कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

आईआईआईटी में छात्रों और शिक्षकों ने सुना मोदी का संबोधन

अमृत विचार लखनऊ : भौगोलिक सीमाओं को पार करने वाले एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'ए लीप टूवड्‌र्स विक्सित भारत' के हिस्से के रूप में जम्मू से राष्ट्र को संबोधित किया। अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री ने कुल 13,300 करोड़ रुपये से अधिक की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्‌घाटन किया। इन परियोजनाओं में, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्र को आईआईआईटी लखनऊ का समर्पण उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का एक चमकदार उदाहरण बनकर सामने आया। प्र धानमंत्री मोदी का संबोधन सुनकर आईआईआईटी लखनऊ का परिसर उत्साह और गर्व के केंद्र में तब्दील हो गया जब छात्र, शिक्षक और गणमान्य लोग इस ऐतिहासिक अवसर का गवाह बनने के लिए एकत्र हुए। जीवंत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उत्सव और उपलब्धि की भावना को प्रतिध्वनित करते हुए वातावरण को रोशन कर दिया।

रात में केंद्रों का निरीक्षण करें डीआईओएस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : यूपी बोर्ड 10वीं 12वीं की परीक्षा के लिए सभी केन्द्रों पर प्रश्नपत्रों को पहुंचा दिया गया है। प्रश्नपत्र स्ट्रांग रूम में सीसी टीवी कैमरे की निगरानी में रखे गये हैं। इधर मंगलवार को प्रमुख सचिव माध्यमिक दीपक कुमार ने निदेशक डॉ महेन्द्र सहित सभी जिलों के जिला विद्यालय निरीक्षकों के साथ परीक्षा की तैयारियों को लेकर बैठक की।

बैठक के दौरान उन्होने जिला विद्यालय निरीक्षकों को दो टूक में आदेश देते हुए कहा कि प्रश्नपत्रों को केन्द्रों पर पहुंचा दिया गया है ऐसे में उनकी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए रात्रि में केन्द्र का निरीक्षण करते रहें। उन्होंने कहा कि परीक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही हुई तो इसके लिए सीधे डीआईओएस जिम्मेदार होंगे।

मंगलवार को रात में निरीक्षण करने निकले जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार।

▸▸ प्रमुख सचिव माध्यमिक ने बैठक में सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को दिया निर्देश

उन्होंने निर्देश दिया कि किसी भी केन्द्र पर यदि केन्द्र व्यवस्थापक की लापरवाही दिखती है तो तत्काल कार्रवाई की जाये। परीक्षा में सेंधमारी हुई तो सख्त कार्रवाई की जायेगी। इसके अलावा उन्होंने कहा कि किसी भी केन्द्र पर विषयवार कक्ष निरीक्षक ड्यूटी न करने पाये इसकी जिम्मेदारी केन्द्र व्यवस्थापक और जिला विद्यालय निरीक्षक की होगी। वहीं स्टैटिक मजिस्ट्रेट स्ट्रांग रूम की चाबी को संभालकर अपने पास रखें।

राजधानी में डीआईओएस ने किया निरीक्षण

प्रमुख सचिव का आदेश जारी होते ही देर रात्रि जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने मंगलवार को कई केन्द्रों पर निरीक्षण किया। दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था को परखा और साथ में ताले को भी चेक किया। डीआईओएस राकेश कुमार ने बताया कि प्रमुख सचिव के आदेश के बाद से निरीक्षण लगातार जारी रहेगा। ऐसे में केन्द्रों रात्रि में सुरक्षा व्यवस्था परखी जायेगी। उन्होंने बताया कि वह किसी भी केन्द्र पर औचक निरीक्षण कर सकते हैं। ऐसे में केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश हैं कि सभी गाइडलाइन का पालन करते हुए व्यवस्था को दुरुस्त को रखा जाए।

स्क्रीनिंग कमेटी सिर्फ मिनिस्ट्रीयल कार्य के लिए

विधि संवाददाता, लखनऊ : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में एक जनहित याकिका की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से स्पष्ट किया गया है कि मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों की नियुक्ति हेतु मांगे गए आवेदन पत्रों के सम्बंध में प्रमुख सचिव, प्रशासनिक सुधार विभाग की अध्यक्षता में बनायी गई स्क्रीनिंग कमेटी सिर्फ मिनिस्ट्रीयल (लिपिकीय) कार्य करेगी। कहा गया कि उक्त स्क्रीनिंग कमेटी आवेदन पत्रों की जांच करेगी कि आवेदन पत्रों में कोई कमी तो नहीं है। सरकार की ओर से आश्वासन दिया गया कि स्क्रीनिंग कमेटी किसी भी आवेदक की मेरिट के आधार पर छंटनी नहीं करेगी। मुख्य न्यायमूर्ति अरूण भंसाली व न्यायमूर्ति एआर मसूदी की खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि इन नियुक्तियों के लिए बनी कमेटी प्रश्नगत चयन के लिए क्या प्रकिया अपनाएगी, इस विषय पर अभी नहीं जाया जा सकता है। इन टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने महेंद्र अग्रवाल की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका को निस्तारित कर दिया। इस याचिका में कहा गया था कि सरकार ने 20 नवम्बर को एक अधिसूचना जारी कर मुख्य सूचना आयुक्त और दस सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के लिए आवेदन पत्र मांगे जिसके सापेक्ष छह सौ से अधिक लोंगो ने आवेदन किया है। कहा गया कि इस अधिसूचना के पैरा 10 में कहा गया है कि आवेदन पत्रों की स्क्रीनिंग एक कमेटी करेगी जिसके अध्यक्ष प्रमुख सचिव, प्रशासनिक सुधार विभाग होंगे। तर्क दिया गया था कि सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 15 (3) के तहत गठित कमेटी को ही नियुक्तियां करने का अधिकार प्राप्त है। साथ ही आशंका प्रकट की गई थी कि स्क्रीनिंग कमेटी आवेदन पत्रों को मेरिट के आधार पर छांट देगी जो कि सरासर गलत होगा।

ड्यूटी में लापरवाही पर छह पुलिसकर्मियों को चार वर्ष की कैद

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सजा भुगत रहे अपराधी को तिहाड़ जेल से लखनऊ पेशी के दौरान फ़रार करने के आरोपी दिल्ली पुलिस के एएसआई धर्मवीर सिंह, हेड कांस्टेबल महेंद्र पाल सिंह, सिपाही जोगेंद्र सिंह, शिवकुमार, रवि कुमार एवं रोशन लाल को भ्रष्टाचार निवारण की विशेष न्यायाधीश शालिनी सागर ने चार–चार साल की कैद और पचास–पचास हज़ार रुपये के जुर्माने से की सजा सुनाई है। सरकारी वकील सुनील यादव ने बताया कि मामले की रिपोर्ट एएसआई धर्मवीर सिंह ने 27 जून 2013 को जीआरपी थाने में दर्ज कराई थी कि तिहाड़ जेल में बंद आरोपी सौरव शर्मा को लखनऊ के कोर्ट में पेशी के लिए 26 जून को लाया गया था। पेशी के बाद पुलिस टीम आरोपी को दिल्ली ले जाने के लिए चारबाग छोटी लाइन के वेटिंग रूम में आ गई। कहा गया कि वहां आरोपी सौरव शर्मा से मिलने के लिए उसकी कथित मां और दो लड़के आए और सभी को खाना खिलवाया। यह भी कहा गया कि ट्रेन में समय था तो सौरव शर्मा ने सबके लिए लस्सी मंगवाई जिसे पीने के बाद गारद में लगे आरोपी और वादी धर्मवीर समेत अन्य पुलिस वाले बेहोश हो गये। इसके बाद सौरव शर्मा और उसके साथी भाग गए। अगले दिन होश आने पर दिल्ली पुलिसकर्मियों ने रिपोर्ट दर्ज कराई। जीआरपी पुलिस ने विवेचना के बाद आरोपी सौरव शर्मा को तिहाड़ जेल से लेने वाले दिल्ली पुलिस के कर्मियों के ख़िलाफ़ चार्जशीट लगाई थी।

दुष्कर्म आरोपी को 10 साल की सजा

ग्यारह माह की बच्ची और उसकी मां के साथ दुष्कर्म करने वाले नौकर रामसुत को दोषी करार देते हुए पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश विजेंद्र त्रिपाठी ने दस साल की क़ैद और छह हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। सरकारी वकील अभिषेक उपाध्याय और अरुण कुमार ने बताया कि वादी ने गोमतीनगर विस्तार थाने में 16 अप्रैल 2022 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अलकनंदा अपार्टमेंट में अपनी पत्नी, ग्यारह माह की बच्ची और नौकर रामसुत के साथ निवास करता है। कहा गया कि शाम को पत्नी के चिल्लाने पर जब वादी अपने कमरे से बाहर गया तो देखा कि उसकी पत्नी ज़मीन पर गिरी थी जबकि बेटी आरोपी के हाथ में थी और दोनों नग्नावस्था में थे। पत्नी से पूछने पर पता चला कि जब वह स्नान कर निकली तो पाया कि बेटी बिस्तर पर नहीं थी। इसपर वादिनी की पत्नी ने आरोपी का कमरा खोला तो पाया कि उसकी बेटी और आरोपी नौकर दोनों नग्नावस्था में थे। आरोप लगाया गया कि आरोपी नौकर ने धक्का मारकर वादी की पत्नी को गिरा दिया और दुष्कर्म किया और जानमाल की धमकी दी।

हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

रंजिश के चलते रिक्शा चालक की हत्या करने और साक्ष्य मिटाने के आरोपी बहादुर को दोषी करार देकर एडीजे विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने आजीवन कारावास और दो हज़ार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले के अन्य आरोपी मुन्ना सिंह की सुनवाई के दौरान मौत हो गई थी। कोर्ट में सरकारी वकील एमके सिंह ने बताया कि मामले की रिपोर्ट वादिनी माधुरी ने कृष्णानगर थाने में चार जुलाई 2009 को दर्ज कराई थी कि उसकी ससुराल उन्नाव का रहने वाला परिचित राकेश कुमार गुप्ता उसके घर पर रहकर रिक्शा चलाता है। एक दिन पहले रात में राकेश घर के बाहर ठेले पर सो रहा था। सुबह उसकी लाश कृष्णानगर थाना क्षेत्र के केसरीखेड़ा में मिली। माधुरी ने रिपोर्ट में शंका जताई थी कि कुछ दिन पहले आरोपी बहादुर और मुन्ना ने उसे और राकेश को मारपीटा था, लिहाजा इसी कारण राकेश की हत्या पड़ोसी बहादुर और मुन्ना ने की है।

इश्तहार

न्यायालय श्रीमान सिविल जज सी0 डिवी0 महोदय, हरदोई
मु0दी0मु0नं0– 22 सन 2024
ता0पेशी–27/2/24
वादी – गजाला रिजवी
बनाम
जायदाद मृतका– रफत रिजवी आदि

गजाला रिजवी पुत्री स्व0 निशात रिजनी, निवासी–मो0खजान्ची टोला, पर0–बंगर तह0 सदर, जि0 हरदोई, जायदाद मृतका रफत रिजवी पत्नवी स्व0 पत्नी स्व0 निशात रिजवी नि0–78, मो0 खजांची टोला पर0–बंगर, तह0सदर, जि0 हरदोई, शाखा प्रबंधक पंजाब नेशल बैंक शाखा रेलवेगंज, हरदोई, शाखा प्रबंधक वास्ते पंजाब नेशल बैंक शाखा प्रेमनगर, कानपुर।
सर्वसाधारण द्वारा जिलाधिकारी हरदोई–विपक्षी
प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 372 इण्डियन सक्सेशन एक्ट
मुत0दी0मु0सं0 22मुकदम नम्बर 2024
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गजाला रिजवी ने प्राप्त कर उत्तराधिकार प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत हेतु इस न्यायालय में पेशी दिनांक 27.02.2024, नियत है। पंजाब नेशल बैंक शाखा रेलवेगंज S.B.A.K.No. 2308000100223199N में जमा धनराशि Rs. 304999.35 पैसे पंजाब नेशनल बैंक शाखा प्रेमनगर कानपुर S.B.A.K.No. 2308000400146633 में जमा धनराशि Rs.16666705.82 पैसे कुल टोटल धनराशि Rs.1971705.17 पैसे अतः जिस किसी को उत्तराधिकार प्रमाण पत्र वास्ते जायदाद......... .मृतक की बावत कुछ उजर हो इस न्यायालय में दिनांक 27.02.2024 प्रस्तुत करें अन्यथा बाद में कोई उत्तर नहीं सुना जायेगा। आज दिनांक 06.02.2024 में मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी किया गया।
आज्ञा से
सिविल जज
(सी0डिवी0), हरदोई

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने जगदीशपुर भारतीय जीवन बीमा निगम में एक पॉलिसी लिया है जिसका नंबर–215006030 है। जिसमें बजरंग अग्रहरि दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड और बैंक पासबुक में हर्ष गुप्ता अंकित है दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति के हैं। इसी दोनों नाम से मुझे जाना वा पहचाना जाए। **– हर्ष गुप्ता उम्र 21 वर्ष सुत गिरधारी लाल गुप्ता मकान नंबर 256 गली नंबर 8 न्यू लाहौर शास्त्री नगर गांधीनगर एस0ओ0, ईस्ट दिल्ली 11003**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने HARAROOL HAK से अपना नाम बदलकर AHARAROOL HAK S/O SIRAJUL HAK **निवासी– ग्राम अकबरपुर बुजुर्ग पोस्ट मुड़की थाना फखरपुर बहराइच उत्तर प्रदेश** रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाए।

सूचना
सूचित हो कि मैं **हुस्ना जहॉ पत्नी ताहिर शेख पुत्री मोहम्मद शानू, निवासी– 419/115, हाता सूरत सिंह, ठाकुरगंज लखनऊ,** मेरे पुत्र मो0उजैर (MOHD UZAIR) के पिता का नाम (TAHIR SHAIKH) है परन्तु उसके पासपोर्ट में पिता का नाम त्रुटिवश (MOHD TAHIR SHAIKH) अंकित हो गया है। अतः मेरे पुत्र को (MOHD UZAIR) पुत्र (TAHIR SHAIKH) के नाम से जाना व पहचाना जाय।

सूचना
सुचित किया जाता है कि RAHUL पुत्र RAJESH **निवासी– लौवाबीरपुर, पो0– नवावगंज जिला गोण्डा** मैंने अपना नाम बदल कर RAHUL YADAV **पुत्र** RAJESH YADAV रख लिया है अब भविष्य मे मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना व पहचाना जाए।

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल मुख्य पूरक परीक्षा सन् 2010 अनुक्रमांक 788608 का अंकपत्र वास्तव में खो गया है। **– प्रदीप कुमार पुत्र धर्मराज सिंह, निवासी– ग्राम– करहा, फतेहपुर, उत्तर प्रदेश**

विकास आयुक्त (हथकरघा), वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित तथा आयुक्त एवं निदेशक, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, उत्तर प्रदेश, कानपुर द्वारा आयोजित
National Handloom Expo
"Gandhi Bunker Mela" - 2024
My Handloom My Pride
गाँधी बुनकर मेला
स्थान- बृजेन्द्र स्वरूप पार्क, लॉन नं0 २, कानपुर
(आयोजन अवधि - दिनांक 19 फरवरी 2024 से 3 मार्च 2024 तक)
का
भव्य उद्घाटन
मुख्य अतिथि
राकेश सचान
माननीय मंत्री सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग रेशम उद्योग हथकरघा एवं वस्त्र उद्योग विभाग, उत्तर प्रदेश
के कर-कमलों द्वारा दिनांक 21 फरवरी, 2024 दिन बुधवार, को अपराह्न 2:30 बजे किया जायेगा।
आपकी गरिमामयी उपस्थिति प्रार्थनीय है।
निवेदक
राजेश कुमार (आई.ए.एस.)
आयुक्त एवं निदेशक
हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग
उ0प्र0, कानपुर

एक नजर

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम पर कर्मचारियों ने किया सत्याग्रह

अमृत विचार, लखनऊ : विद्युत मजदूर संयुक्त मोर्चा और विद्युत संविदा कर्मचारी महासंघ उप्र की ओर से मध्यांचल विद्युत वितरण निगम मुख्यालय पर मंगलवार को सत्याग्रह किया गया। साथ ही डायरेक्टर टेक्निकल के माध्यम से ऊर्जा मंत्री को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान ऊर्जा निगमों के चेयरमैन आशीष कुमार गोयल की ओर से किए गए वादों, जिसमें नियमित और संविदा कर्मचारियों की मांगों पर दिए गए आश्वासन के बाद भी कार्रवाई न किए जाने से नाराजगी जताई। प्रदेश प्रभारी पुनीत राय की देख-रेख में संतोष त्रिपाठी, उत्पादन निगम के अध्यक्ष सतीश तिवारी मध्यांचल विद्युत मजदूर संगठन के महामंत्री मनीष श्रीवास्तव के साथ मध्यांचल विद्युत मज़दूर संगठन के आरपी पाल, शिव शंकर सिंह, पुनीत मिश्र, शिव कुमार, अंजनी कुमार, फ़राज़ हसन, मुस्ताक अहमद, सुधीर जौहरी सहित संगठन के पदाधिकारियों ने सत्याग्रह के बाद निदेशक कार्मिक प्रबंधन के माध्यम से ऊर्जा मंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया।

ट्रांस गोमती के मुंशी पुलिया और आसपास के इलाकों में आज गुल रहेगी बिजली

अमृत विचार, लखनऊ : ट्रांस गोमती के मुंशी पुलिया के अंर्तगत 33 केवी मुंशी पुलिया उपकेंद्र के सेक्टर-14 में बुधवार को अनुरक्षण कार्य किया जायेगा। जिसमें 33 केवी यार्ड में साफ-सफाई और नट बोल्ट के साथ टाइटिंग ग्रीसिंग का काम किया जायेगा। जिसके चलते सेक्टर-14 न्यू से होने वाली सप्लाई जिसमें सेक्टर-11,13,16,17 के साथ हरिहर नगर सहित इंसाफ नगर में सुबह 11 बजे से 2 बजे तक बिजली सप्लाई ठप रहेगी। यह जानकारी अधिशासी अभियंता मुंशी पुलिया ने दी।

केजीएमयू के आसपास नशे का कारोबार

लारी, ट्रॉमा सेंटर और शताब्दी अस्पताल के बाहर लगता है नशेड़ियों का जमावड़ा

पंकज द्विवेदी, लखनऊ

अमृत विचार : किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के आसपास नशे के सौदागरों का जाल है। युवाओ को पहले इसकी लत लगवाई जा रही है, बाद में इन्हें स्मैक व अन्य नशे से सम्बंधित चीजें उपलब्ध कराकर कमाई का जरिया बना लिया गया है। अब यह एरिया इतना बदनाम हो चुका है कि दूर-दूर से नशे के आदी युवाओं ने अपना अड्डा बना लिया हैं। इन्हें आसानी से नशे का सामान उपलब्ध हो जाता है। इसमें शहर के कई संभ्रांत परिवारों के भी युवक-युवतियां शामिल हैं।

एविल इंजेक्शन में स्मैक घोल कर सीधे नसों में लगा रहे : वैसे तो इन नशेड़ियों ने लारी कॉर्डियोलॉजी, मानसिक रोग विभाग, ट्रॉमा सेंटर और शताब्दी अस्पताल के फुटपाथ को अपना ठिकाना बनाया हुआ है। सबसे अधिक शताब्दी के बाहर फुटपाथ पर लगे पेड़ों के आड़ में यह दिख जायेंगे। नशा तेज करने के लिए 10 एमएल के एविल इंजेक्शन में एक पुड़िया स्मैक घोलकर सीधे नसों में लगा रहे है। सीधे खून में घुलने से स्मैक की काम मात्रा भी अधिक नशा दे रही है।

इस फार्मूले पर लगा रहे इंजेक्शन: बातचीत में एक नशेड़ी युवक ने बताया कि स्मैकिए 10 एमएल एविल इंजेक्शन से 5 एमएल सीरिंज में निकाल लेते हैं। बचे हुए 5 एमएल एविल इंजेक्शन में एक पुड़िया स्मैक डालकर इंजेक्शन की शीशी में गर्म करते हैं। जब स्मैक इंजेक्शन में घुल जाती है तब सीरिंज में निकालकर अलग रखे गए 5 एमएल एविल इंजेक्शन को स्मैक के घोल में मिलाकर अपनी नसों में लगा लेते हैं। इससे करीब 12 घंटी तक तेज नशा रहता है।

मरीज ही बेंच रहे नशे की टेबलेट : नशा करने वाले एक युवक ने बताया कि मानसिक रोग विभाग में भर्ती नशे के आदी मरीजों को ऐसे टेबलेट खिलाई जाती हैं जो शरीर में नशे को पूरा करते हैं इससे उसे नशा अचानक से छोड़ने में होने वाली दिक्कत नहीं झेलनी पड़ती है। धीरे- धीरे इसका डोज कम कर दिया जाता हैं। ये टेबलेट खिलाने के दौरान मेडिकल स्टॉफ के सामने यह खाने का नाटक करते हैं। जबकी नशे की गोलियों को वह मुंह में ही छिपा लेते है। स्टॉफ के जाने के बाद वह गोलियों को मुंह से निकाल कर सुखा लेते हो। बाद में इन्हीं गोलियों को स्टॉफ की नजरों से छिपकर अस्पताल के बाहर स्मैकियों को 50 से 70 रुपये में बेंच देते है। स्मैकिए इन गोलियों को एविल इंजेक्शन में मिला कर नसों में लगा लेते हैं।

अस्पताल के पास एकत्र युवक।

फुटपाथ पर पड़े इस्तेमाल इंजेक्शन व सिरिंज।

नशा करते लोग। अमृत विचार

बिना प्रशिक्षण के इंजेक्शन लगाने से जान का खतरा

सिविल अस्पताल के फिजीशियन डॉक्टर कुलदीप वर्मा का कहना है कि स्मैकिए बिना किसी ट्रेनिंग के खुद इंजेक्शन लगा रहे हैं। गलत जगह इंजेक्ट होने से नसों व मांसपेशियों को नुकसान पहुंचता है। एक सीरिंज से 2 या 3 नशेड़ी इंजेक्शन लगा रहे हैं। इससे एड्स जैसे खतरनाक रोगों की चपेट में आ सकते हैं। सीधे नसों में स्मैक जाने से दिमाग पर बुरा असर पड़ता है।

> केजीएमयू के आसपास स्मैक तस्करी हो रही है इसकी जानकारी नहीं है। टीम भेज कर कार्रवाई कराई जाएगी।
>
> –राजकुमार, एसीपी चौक

स्मैक तस्करों से अधिक कमा रहे मेडिकल स्टोर

नियम है कि मेडिकल स्टोर पर बिना डॉक्टर के पर्चे के एविल इंजेक्शन नहीं बिकना चाहिए। लेकिन कई मेडिकल स्टोर संचालक सारे नियम कानून ताक पर रखकर नशेड़ियों को एविल इंजेक्शन प्रिंट रेट से चार गुना अधिक दाम पर में बेच रहे हैं। नशेड़ियों को अपना स्थायी ग्राहक बनाने के लिए सीरिंज व कॉटन फ्री दे रहे हैं।

जिम्मेदार नहीं ले रहे सबक

अभी हाल ही में सेवानिवृत्त पुलिस अफसर की बेटी को केजीएमयू के मानसिक रोग विभाग के पास से नशेड़ी युवक वैन से साथ ले गए थे। रास्ते में उसे जबरन नशा देकर चलती वैन में गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया था। तब पुलिस जांच में यह भी सामने आया था कि केजीएमयू के आसपास नशे का कारोबार धड़ल्ले से हो रहा है। इसके बाद भी पुलिस मामले में कार्रवाई करने से बच रही है।

नहीं चला सर्वर, बिना इलाज लौटे 500 मरीज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सर्वर ठप होने की समस्या दूसरे दिन मंगलवार को भी बनी रही। इससे केजीएमयू में 500 से अधिक मरीजों की जांच नहीं हो पाई। इससे मरीजों का इलाज प्रभावित हुआ। दो दिन से रिपोर्ट के लिए भटक रहे मरीजों को राहत देने की कोई वैकल्पिक व्यवस्था तक नहीं की गई। वहीं, ओपीडी में पर्चा काउंटर के सामने सुबह से लंबी कतार लगी थी। आनन-फानन मैनुअल पर्चा बनाने की प्रक्रिया शुरू हुई।

तब जाकर मरीजों को राहत मिली। केजीएमयू की ओपीडी में रोजाना करीब सात से आठ हजार मरीज आते हैं। प्रतिदिन करीब 250 से अधिक मरीज भर्ती व डिस्चार्ज होते हैं। ज्यादातर पैथोलॉजी व रेडियोलॉजी की जांच रिपोर्ट बारकोड के आधार पर दी जाती है। गत दो दिनों से केजीएमयू में सर्वर ने मरीजों के इलाज में बाधा डाल रखी है। मंगलवार को सुबह करीब 9 बजे ही सर्वर ठप हो गया। ओपीडी का समय होने की वजह से मरीजों को पर्चा बनवाने में दिक्कत का सामना करना पड़ा। पर्चा काउंटरों के सामने लंबी कतार लगी थी। काफी देर तक पर्चा बनाने का काम शुरू नहीं हुआ तो मरीजों ने हंगामा शुरू कर दिया। रिपोर्ट व पैसे जमा करने को लेकर भी मरीजों व तीमारदारों को जूझना पड़ा। क्वीनमेरी और लारी कॉर्डियोलॉजी समेत दूसरे विभागों की ओपीडी में भी पर्चा आदि का काम ठप हो गया। इसकी वजह से मरीज बेहाल हो गए। बीच-बीच में नेटवर्क आया, लेकिन भीड़ पर काबू पाना कठिन हो गया। हंगामा व अफरा-तफरी के मद्देनजर संस्थान प्रशासन ने मैनुअल पर्चा बनाने के निर्देश दिए। लगभग 1500 हजार पर्चे बनाकर मरीजों को राहत दिलाने की कोशिश की गई।

केजीएमयू में दो दिनों से चल रही सर्वर की समस्या

> दिल्ली स्थित एनआईसी के सॉफ्टवेयर में खराबी होने से सर्वर में दिक्कत हुई है। मरीजों को दुश्वारियों से बचाने के लिए मैनुअल काम शुरू कर दिया गया। बिना इलाज किसी भी मरीज को नहीं लौटाया गया।
>
> –डॉ. सुधीर सिंह, प्रवक्ता, केजीएमयू

मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास अधूरे

अमृत विचार, लखनऊ : जिले में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ग्रामीण योजना के आवास अधूरे हैं। जिनका समय रहते निर्माण नहीं कराया गया है। समीक्षा में 2016-17 से 2023-24 तक 375 आवास अधूरे मिले हैं। जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक विकास ने आवासों की समीक्षा की। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के वर्ष 2016-17 से 2023-24 तक 23279 में 336 आवास पूर्ण नहीं पाए। मलिहाबाद में 93 व माल में 89 सबसे अधिक अपूर्ण आवास है। इसी तरह मुख्यमंत्री आवास की प्रगति खराब मिली। 2019-20 से 2023-24 तक 868 में 39 आवास अपूर्ण मिले। बीकेटी में 14 व मोहनलालगंज में 9 सबसे अधिक अपूर्ण आवास हैं। मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में यह योजना है। इसके बाद भी राजधानी का यह हाल है। परियोजना निदेशक ने बीडीओ पर नाराजगी जताते हुए जल्द आवास पूर्ण करने की चेतावनी दी है।

सिविल में साक्षात्कार से होगी विशेषज्ञों की नियुक्ति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हजरतगंज स्थित डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी को दूर करने के लिए वॉक इन इंटरव्यू रखा गया है। आवेदन के लिए अस्पताल प्रशासन की ओर से विज्ञापन निकाला गया है। विशेषज्ञ डॉक्टरों की सैलरी 1.25 लाख निर्धारित की गई है। 1 मार्च को सिविल अस्पताल में वॉक इन इंटरव्यू के आधार पर डॉक्टरों का चयन होगा।

सिविल अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि वर्तमान में अस्पताल को पांच विशेषज्ञ डॉक्टरों की आवश्यकता है। डॉक्टरों की भर्ती के लिए विज्ञापन भी जारी किया गया है। सीएमएस के मुताबिक अस्पताल में वर्तमान में दो ऑर्थोपेडिक डॉक्टर हैं इनकी अल्टरनेट बेस पर ड्यूटी निर्धारित होती है। इसमें एक ऑर्थोपेडिक डॉक्टर सर्जन हैं। इस स्थिति में ओपीडी और सर्जरी दोनों को संभाल पाना विशेषज्ञ के लिए संभव नहीं हो पता है। इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए एक और आर्थोपेडिक विशेषज्ञ को भर्ती किया जा रहा है। ताकि, ओपीडी का संचालन बेहतर तरीके से हो सके और अधिक से अधिक मरीजों को इलाज मिल सके। इसके अलावा जनरल मेडिसिन में दो पदों को लेकर विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती के लिए विज्ञापन निकाला गया है।

वॉक इन इंटरव्यू के आधार पर होगा डॉक्टरों का चयन

केजीएमयू के डॉ. सूर्यकांत को मिला डॉ. अंजू गुप्ता ओरेशन अवार्ड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : केजीएमयू के रेस्परेटरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सूर्यकांत को इलाहाबाद नर्सिंग होम एंड प्राइवेट प्रैक्टिशनर एसोसिएशन ने स्वर्गीय डॉ. अंजू गुप्ता ओरेशन अवार्ड से सम्मानित किया है।

डॉ. अंजू गुप्ता प्रयागराज की सुप्रसिद्ध सर्जन थीं। जीवन के अंतिम 10 वर्षों में वह रोटरी क्लब एवं आध्यात्मिक रूप से प्रवृत्त थीं और ब्रह्माकुमारीज से जुड़कर सामाजिक सेवा करती रहीं। वह लोगों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहतीं थीं। वर्ष 2021 के बाद इलाहाबाद नर्सिंग होम एंड प्राइवेट प्रैक्टिशनर एसोसिएशन ने पहले ओरेशन की शुरुआत की और डॉ. सूर्यकांत को स्वर्गीय डॉ. अंजू गुप्ता ओरेशन प्राप्त करने का मौक़ा मिला।

डॉ. सूर्यकांत का यह 18 वां ओरेशन अवार्ड है, इससे पहले भी कई ओरेशन अवार्ड कोविड, लंग कैंसर, सांस रोग, टीबी रोग, एलर्जी, अस्थमा आदि के लिए उन्हें मिल चुके हैं।

कार्यक्रम के दौरान अवार्ड लेते डॉ. सूर्यकांत, साथ में अन्य। अमृत विचार

संतोष मिश्रा बने आईसीएआई लखनऊ चैप्टर के नए चेयरमैन

अमृत विचार, लखनऊ : द इन्स्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की लखनऊ शाखा की कार्यसमिति का चुनाव मंगलवार को संपन्न हुआ। जिसमें सीए संतोष मिश्रा को चेयरमैन चुना गया।

वहीं सीए अनुराग पाण्डेय का उप सभापति और कोषाध्यक्ष के पद पर चयन किया गया। इसके अलावा सीए अंशुल अग्रवाल को सचिव तथा अनुराग पाण्डेय, रघुवंश लाल वाजपेयी, आशीष कुमार पाठक, शशांक मित्तल, रवीश चौधरी को कार्यकारी सदस्य चुना गया है।

नोटिस मिलने के बाद लामबंद हो रहे डॉक्टर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में बीते शुक्रवार को आयोजित हुई समीक्षा बैठक में हंगामा करने वाले डॉक्टर नोटिस मिलने से नाराज हैं। आरोपित डॉक्टर अधिकारियों के खिलाफ लामबंद होकर शासन में शिकायत करने की तैयारी कर रहे हैं। वहीं, हंगामे के समय का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। जिसकी जांच एलआईयू ने शुरू कर दी है।

बता दें कि सीएमओ कार्यालय में पीएचसी के डॉक्टरों की 16 फरवरी को समीक्षा बैठक हुई थी। इसमें एसीएमओ व पीएचसी के नोडल डॉ. आरएन सिंह, एनएचएम से संविदा पर तैनात नॉन मेडिको अफसर डीपीएम सतीश यादव और डिस्ट्रिक्ट अकाउंट मैनेजर (डैम) एपी सिंह बैठे थे। आरोप है कि नॉन मेडिको अफसरों ने मंच से डॉक्टरों से कहा कि उनका चयन कैसे कर लिया गया। रुपए देकर लोग डॉक्टर बनकर आ गए। इसी बात पर डॉक्टरों ने विरोध शुरू कर दिया। इसके बाद समीक्षा बैठक हंगामे की भेंट चढ़ गई। इसके बाद सीएमओ कार्यालय से सात डॉक्टरों व अन्य लोगों को नोटिस भेजकर कार्रवाई किए जाने का जवाब मांगा है। इससे डॉक्टरों में आक्रोश फैल गया है। डॉक्टरों ने सीएमओ, एसीएमओ स्तर के अफसरों को साफ कह दिया है कि उनकी बैठक में नॉन मेडिको अफसर डायस पर बैठेंगे तो वह मीटिंग ही नहीं करेंगे। साथ ही यह भी कहा कि पीएचसी व सीएचसी के ज्यादातर डॉक्टर सात दिन की ड्यूटी में शुक्रवार या शनिवार को ही ऑफ लेते हैं। इसी दौरान बैठकें की जाती हैं। यह उचित नहीं है।

सीएमओ ऑफिस में समीक्षा बैठक के दौरान डॉक्टरों ने किया था हंगामा

11 छात्रावासों के बहुरेंगे दिन, होगा जीर्णोद्धार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में जर्जर हो चुके छात्रावासों के दिन बहुरने की उम्मीद जगी है। केंद्र सरकार के बजट बढ़ाने के बाद विभाग नए वित्तीय वर्ष में इसको ठीक कराने के लिए प्रस्ताव बना रहा है।

समाज कल्याण विभाग के प्रदेश में 261 छात्रावास हैं। इसमें 31 छात्रावास जर्जर हो चुके हैं। इनकी खराब हालत को देखते हुए ताला डाल दिया गया। अब सिर्फ 230 छात्रावास संचालित हो रहे हैं। 230 छात्रावास में लगभग 20 हजार छात्र रहकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। 1 फरवरी को केंद्र सरकार ने बजट में आश्रम पद्धति विद्यालय और छात्रावासों को लेकर बजट 110 से बढ़ाकर 125 करोड़ कर दिया है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि पहले चरण में 11 छात्रावासों को ठीक कराया जाएगा। छात्रावासों की मरम्मत कराने का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि नए वित्तीय वर्ष में काम शुरू कराया जाएगा।

प्रदेश में 230 छात्रावास संचालित हो रहे हैं जबकि 31 छात्रावास जर्जर

छात्रावास, आश्रम पद्धति विद्यालय के लिए केंद्र सरकार ने बजट 110 करोड़ से बढ़ाकर 125 करोड़ किया

बढ़े हुए बजट से पहले चरण में 11 जर्जर छात्रावासों की मरम्मत कराई जाएगी

66 लाख परिवारों की आई मजदूरी

अमृत विचार, लखनऊ : मनरेगा श्रमिकों के लिए अच्छी खबर है। तीन माह का बकाया इस सप्ताह उनके खातों में पहुंचेगा। केंद्र ने मजदूरी के 780 करोड़ रुपये भेजे हैं। इससे बकायेदारी दूर होगी। दिवाली बाद से करीब 78 लाख श्रमिक मजदूरी मिलने का इंतजार कर रहे हैं। मनरेगा में वित्तीय वर्ष 2023-24 में बजट का अभाव रहा। श्रमिकों का बजट सात चरणों में दिया गया। इससे बकायेदारी बढ़ती गई। दिवाली बाद कुछ बजट केंद्र से मिला, लेकिन पूर्ति नहीं कर सका। इसके बाद से बजट नहीं मिला और श्रमिकों की उधारी बढ़ती गई। कई जगह तो बिना मजदूरी के काम बंद हो गए। इससे करीब 66 लाख परिवार को उनके काम का श्रम नहीं मिला। इसमें 78 लाख श्रमिक शामिल हैं। इन्हें मजदूरी देने के लिए 8वीं किस्त के 780 करोड़ रुपये केंद्र से मिले हैं। जो राज्य से श्रमिकों को खातों में इसी सप्ताह ट्रांसफर किए जाएंगे। बताया जा रहा है बजट पर्याप्त है। कोई भी श्रमिक वंचित नहीं रहेगा। लेकिन, निर्माण सामग्री के लिए बजट नहीं मिला है। जो प्रदेश में 1560 करोड़ रुपये के आसपास बकाया है। वित्तीय वर्ष में निर्माण सामग्री का दो चरणों में बजट मिला है।

यूपी रेरा में बिना नोटरी शपथ-पत्र के समझौते होंगे अमान्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : यूपी रेरा में बिना नोटरी शपथ-पत्र के समझौते अमान्य होंगे, यदि प्रोमोटर तथा आवंटी द्वारा आपसी समझौते के माध्यम से विवाद के समाधान का प्रस्ताव समझौता 100 रुपये के नॉन-ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर लिखा जाएगा। समझौता नोटराइज्ड होगा और इस पर दोनों पक्षों के हस्ताक्षर होंगे। दोनों पक्षों की ओर से एक-एक गवाह के हस्ताक्षर होंगे। प्रोमोटर की ओर से उनके किसी डायरेक्टर या किसी अधिकृत वरिष्ठ अधिकारी जैसे कि एमडी या सीईओ द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे। प्रोमोटर द्वारा प्रस्तुत समझौते को रेरा के पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा और शिकायतकर्ता को ई-मेल भेजकर उनसे समझौते की पुष्टि करायी जाएगी। पुष्टि होने पर या निर्धारित अवधि में कोई उत्तर न मिलने पर समझौते को स्वीकार करते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी।

यूपी रेरा में आवंटियों द्वारा दायर शिकायतों की सुनवाई या आदेश के कार्यान्वयन की कार्यवाही के दौरान पक्षकारों द्वारा आपसी समझौता दाखिल करके मामले के निस्तारण का अनुरोध किया जाता है। बहुत से मामलों में समझौता प्रक्रिया के अनुसार, नहीं होता और बाद में कुछ पक्षकार समझौते से इनकार कर देते हैं। यूपी रेरा ने शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावकारी बनाने के उद्देश्य से पक्षकारों के मध्य समझौते का तरीका तय कर दिया है। इस सम्बन्ध में आदेश भी जारी कर दिया है। अध्यक्ष, यूपी रेरा संजय भूसरेड्डी ने बताया कि शपथ-पत्र से पोषित तथा स्थापित प्रक्रिया के अनुसार, निष्पादित समझौते दोनों ही पक्षकारों के हित में हैं। भविष्य में यूपी रेरा में या किसी अन्य फोरम पर उनके द्वारा समझौते से इनकार नहीं किया जा सकेगा।



100 रुपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर नोटराइज्ड होना अनिवार्य

प्रोमोटर और आवंटी के साथ एक-एक गवाह भी करेंगे हस्ताक्षर

कैसे बने बात

एमएसएमई में पंजीकृत व्यापारियों ने की 43 बी (एच) कानून पर रोक लगाने की मांग, संगठनों ने कहा, खत्म करें 45 दिनों में भुगतान की बाध्यता

भुगतान की समय सीमा ने थामी कारोबार की रफ्तार, निरस्त होने लगे ऑर्डर

नीरज मिश्र, लखनऊ

अमृत विचार : माइक्रो, स्माल, मध्यम इंटरप्राइजेज (एमएसएमई) में पंजीकृत व्यापारियों के लिए 43 बी (एच) लागू किए जाने से कारोबारियों में नाराजगी बढ़ने लगी है। इस नए कानून की बाध्यता से व्यापारियों को 45 दिन के अंदर भुगतान करना होगा।

नहीं तो उसे आय मानते हुए अगले वित्तीय वर्ष में 30 प्रतिशत तक आयकर देना होगा। इस कानून से सभी ट्रेड के व्यापारियों में हड़कंप मच गया है। हालत यह है कि व्यापारियों ने 15 फरवरी, 2024 के बाद के अपने आर्डर कैंसिल करना शुरू कर दिए हैं। उनका मानना है कि ज्यादातर कारोबार लेन-देन पर चलता है। व्यापारियों को 90 दिनों से पहले भुगतान नहीं मिल पाता है। ऐसे में पेमेंट के लिए 45 दिनों की बाध्यता का कानून पूरी तरह से अव्यवहारिक है। इसे वापस लिया जाए या फिर इसकी समय सीमा बढ़ाकर 90 दिन की जाए। हालांकि, कारोबारी अगले साल के रिटर्न में इसे दाखिल कर रिफंड ले सकते हैं।

यह है नियम: यह नया नियम सिर्फ एमएसएमई में पंजीकृत सूक्ष्म एवं लघु व्यापारियों के बकाये पर लगेगा। यह उन्हीं व्यापारियों की देनदारी पर लगेगा जिनके कारखाने में पांच करोड़ तक वार्षिक टर्नओवर हो। इसी तरह लघु उद्यम के व्यापारी जिनका वार्षिक टर्नओवर 50 करोड़ तक हो और 10 करोड़ की मशीनें उनकी फैक्ट्री में लगी हों।

- व्यापारी बोले -

जबरन थोपे गए इस नियम पर सरकार को पुर्नविचार करने की आवश्यकता है। इससे व्यापारी परेशान होंगे। कारोबार का समय है ऐसे में व्यापारी 15 फरवरी के बाद के अपने सभी आर्डर कैंसिल कराएगा। बेहतर होगा या तो इसे सालभर के लिए आगे बढ़ाया जाए और व्यापारियों से वार्ता कर भुगतान की अवधि 90 दिन तय की जाए।

–अमरनाथ मिश्र, अध्यक्ष लखनऊ व्यापार मंडल

आयकर की धारा 43 बी(एच) के अंतर्गत 45 दिनों में पेमेंट की बाध्यता के नियम व्यापारियों के बीच असमंजस की स्थिति ला रहे हैं। इसके दुष्परिणाम सामान्य व्यापारियों पर पड़ेंगे। सरकार को इस नियम को वित्तीय वर्ष 2024-25 तक के लिए स्थगित करने चाहिए। व्यापारियों से वार्ता के बाद ही इस पर आगे बढ़ा जाए।

–संजय गुप्ता, अध्यक्ष उप्र. आदर्श व्यापार मंडल

स्टेशनरी का पूरा कारोबार इसी समय शुरू हो जाता है। पूरे साल की कमाई के लिए यही दो से तीन माह होते हैं। इन्हीं तीन माह की आय से सारा कारोबार और सभी खर्च चलते हैं। ऐसे में आयकर का यह नया फरमान पूरी तरह से कारोबार को चौपट कर देगा। व्यापारियों ने माल मंगाना रोक दिया है। आर्डर निरस्त होंगे तो माल की कमी से कीमतें बढ़ेंगी। –जितेंद्र सिंह चौहान, अध्यक्ष स्टेशनरी निर्माता एसोसिएशन

टेक्सटाइल (कपड़ा व्यापार) उधार की बुनियाद पर चलता है। 90 फीसद व्यापारी कपड़े की उधार में खरीदारी करते हैं। दुकान पर सेल करने के बाद ही खरीदे हुए माल का भुगतान करते हैं ऐसे में एमएसएमई में पंजीकृत व्यापारियों के लिए यह नया कानून हताशा पैदा करेगा। इससे होलसेल और रिटेल दोनों मार्केट प्रभावित होंगे। इसे वापस लिया जाए।

–अशोक मोतियानी, अध्यक्ष उप्र. कपड़ा व्यापार उद्योग प्रतिनिधि मंडल

एमएसएमई में व्यावसायिक भुगतान के लिए जो नियम सरकार ने बनाए हैं उसे 45 दिन से बढ़ाकर 90 दिन कर दिया जाए। माल का भुगतान दूसरा व्यापारी 90 दिन में ही कर पाता है। इससे कारोबार प्रभावित होगा। व्यापारी पहले अधिक स्टॉक भी खरीद लेता था अब वह ऐसा नहीं कर पाएगा। व्यापारी अपने आर्डर कैंसिल कराएगा। –प्रभू जालान, उपाध्यक्ष लखनऊ व्यापार मंडल एवं कपड़ा और साड़ी, लहंगा व्यापारी

बर्तन कारोबार तो पूरी तरह से उधार पर ही चलता है। जब से 45 दिन के नियमों की बाध्यता सामने आई है। माल मंगाया जाना कम कर दिया गया है। साथ ही अब कारोबार को फुटकर तरीके से आगे बढ़ाना होगा। थोड़ा-थोड़ा माल मंगवाना होगा। यह नियम पूरी तरह से अव्यवहारिक है। समय सीमा बढ़ाई जानी चाहिए।

–हरीश चंद्र अग्रवाल, अध्यक्ष मेटल एसोसिएशन

व्यापारी उधार से व्यापार करता है। ज्यादातर सभी ट्रेड इससे जुडे. हैं। कपड़े, टेक्सटाइल, स्टेशनरी, बर्तन संबंधित कारोबार में भुगतान समय से नहीं मिलता है। ऐसे में 45 दिन के भुगतान की बाध्यता व्यापार को नुकसान पहुंचाएगी। जिन व्यापारियों ने आर्डर किए हैं वह उन्हें निरस्त कराने की ओर बाध्य होंगे। जब माल का भुगतान हुआ नहीं पैसा कैसे दिया जाएगा।

–संदीप बंसल, अध्यक्ष अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल

सेंट मेरी स्कूल की प्रिंसिपल की बेटी ने फंदा लगाकर दी जान

संवाददाता, लखनऊ/ काकोरी

अमृत विचार : सेंट मेरी स्कूल की प्रिंसिपल की बेटी ने मंगलवार को कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। वह 10वीं की छात्रा थी, परीक्षा की तैयारी कर रही थी। घटना से पहले वह मोबाइल पर किसी से बात कर रही थी। परिजन परीक्षा के तनाव के चलते आत्मघाती कदम उठाने की बात कह रहे हैं।

पारा थाना अंतर्गत सागर विहार कॉलोनी निवासी जान अगस्टिन पादरी व सेंट मेरी स्कूल के फाउंडर हैं। उनकी पत्नी सपना अगस्टिन स्कूल की प्रिंसिपल हैं। उनका परिसर में ही आवास बना है। परिवार में पत्नी के अलावा बड़ी बेटी ज्योश (16) व छोटी बेटी के संग रहते हैं। ज्योश सेंट मेरी स्कूल में कक्षा 10वीं की छात्रा थी। मंगलवार सुबह जॉन को दिल्ली जाना था, वह तैयारियों को लेकर घर से बाहर निकले थे। पत्नी सपना भी किसी काम से आलमबाग गईं थी, छोटी बेटी मकान के बाहर थी। कुछ देर बाद लौटीं सपना कमरे में पहुंचीं तो ज्योश को चुनरी के फंदा से पंखे से लटका देखा। उन्होंने पति को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल की जांच की, कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पारा इंस्पेक्टर बृजेश कुमार वर्मा ने बताया परिजन ने आरोप से इनकार किया है। पंचनामा भर कर शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

स्कूल में कक्षा 10वीं की थी छात्रा परिजन परीक्षा का तनाव बता रहे कारण

पारा थाना क्षेत्र का मामला, घटना से पहले मोबाइल पर कर रही थी बात

स्वीमिंग में थी रुचि मंसूरी में बनी थी विजेता

जॉन अगस्टिन का कहना है कि ज्योश पढ़ने में काफी अच्छी थी। कक्षा में वह हर बार प्रथम स्थान प्राप्त करती थी। इसके अलावा स्विमिंग, स्पोर्ट्स का भी शौक था। वह मंसूरी में आयोजित स्वीमिंग प्रतियोगिता में विजेता चुनी गयी थी। जान का कहना है कि बेटी कोचिंग पढ़ने गयी थी। जहां से लौटने के बाद उसने आत्मघाती कदम उठाया।

एक नजर

युवक ने महिला की आपत्ति जनक फोटो वायरल की

अमृत विचार, लखनऊ : दुबग्गा इलाके में महिला की आपत्तिजनक फोटो पर अभद्र टिप्पणी कर सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित पति ने बताया अंधे की चौकी निवासी अमीर अहमद ने 7 फरवरी को व्हाट्सएप स्टेटस पर उनकी पत्नी की आपत्तिजनक फोटो पर अभद्र बातें लिख वायरल कर दी। कुछ परिचितों ने वायरल पोस्ट देख महिला को मामला बताया। घटना पता चलने पर महिला के पति ने आरोपी के पास काल की तो उन्हें गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दे रहा है। इसके अलावा आरोपी ने दोबारा स्टेटस पर अभद्र टिप्पणी लिख कर पोस्ट कर कई लोगों को पीड़िता की फोटो भेज दी। पति ने तहरीर दी है। इंस्पेक्टर काकोरी नवाब अहमद ने बताया आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

नाबालिग बेटी को बंधक बनाकर मां को धमकाया

अमृत विचार, लखनऊ : चिनहट इलाके में रहने वाली महिला तीन लोगों पर उसकी नाबालिग बेटी को अपने घर में छुपाकर रखने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने आरोपियों से जानमाल के खतरे की आशंका जताते हुये पुलिस से बेटी की बरामदगी व सुरक्षा की गुहार लगायी है। चिनहट कोतवाली अंतर्गत विमल नगर निवासी सोनम ने बताया उसके पति बाहर रहते हैं। वह घर पर बेटा व बेटी के संग रहती हैं। 15 फरवरी को घर से उसकी 12 वर्षीय बेटी लापता हो गयी। खोजबीन के दौरान पता चला कि संतोष कश्यप व उसके परिजन बेटी को अपने घर में छुपा कर रखे हैं। घर पहुंची तो आरोपियों ने अंदर नहीं घुसने दिया। जबकि फोन करने पर इधर-उधर की बातें कर उसे व बच्चों को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता ने पुलिस से बेटी के साथ अप्रिय घटना की आशंका जताते हुये तहरीर दी है। इंस्पेक्टर चिनहट अश्वनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

रुपये न देने पर सिर पर हथौड़ी मारकर पिता की हत्या

घटनास्थल से हत्यारोपी पुत्र गिरफ्तार, जांच में जुटी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: गाजीपुर थानाक्षेत्र अंतर्गत शेखपुर कसैला में मंगलवार तड़के नशेड़ी ने पिता खुशीराम (72) के सिर पर हथौड़ी से वारकर हत्या कर दी। चीख-पुकार मचने के बाद पड़ोसियों ने फौरन पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने हत्यारोपी बेटे को गिरफ्तार में लेते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पोस्टमार्टम के लिए शव ले जाते पुलिसकर्मी, इन्सेट में मृतक खुशीराम। अमृत विचार

नशे में पड़ोसियों को दे रहा था गालियां

एडीसीपी नार्थ अभिजीत आर शंकर के मुताबिक, शेखपुर कसैला निवासी खुशीराम सेवानिवृत्त चतुर्थ श्रेणी (फॉलोवर) के कर्मचारी थे। कुछ वर्ष पूर्व पत्नी राजेश्वरी की मौत हो गई थी। वह घर के ग्राउंड फ्लोर छोटे बेटे हेमंत के संग रहते थी। पहली मंजिल पर बड़ा बेटा रिंकू पत्नी व बच्चों के साथ रहता है। रिंकू ने बताया कि हेमंत नशे का आदी है। वह अक्सर नशा कर लोगों से झगड़ता है। सोमवार की रात हेमंत नशे की हालत में घर पहुंचा और मोहल्ले वालों को गालियां देने लगा। इसके बाद पिता खुशीराम ने उसे कमरे में बंदकर कर दिया। इसी रात हेमंत ने पिता के सिर पर हथौड़ी मारकर हत्या कर दी।

पेंशन के रुपये लेता था छीन

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक के बड़े बेटे रिंकू ने बताया कि हेंमत दिनभर नशेड़ी दोस्तों के संग रहता था। गलत संगत में पड़कर वह संपत्ति में हिस्सा देने के लिए पिता खुशीराम से अक्सर झगड़ता था। कई बार हेमंत ने पिता से मारपीट कर पेंशन के रूपये छीन लिए थे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि रिंकू की लिखित शिकायत पर हेंमत के खिलाफ हत्या की धारा में एफआईआर दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। साक्ष्यों और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

रात भर पिता के शव के पास बैठा रहा हत्यारोपी

एडीसीपी नार्थ ने बताया कि मंगलवार सुबह खुशीराम को दूसरा बेटा रिंकू पहली मंजिल से नीचे आया। तब उसने पिता को खून से लथपथ पड़ा पाया। जिसे देख वह शोर मचाने लगा। जिसके बाद पड़ोसियों की भीड़ घर के बाहर एकत्र हो गई। हालांकि, हत्यारोपी ने वहां से भागने का भी प्रयास किया लेकिन लोगों ने उसे घेर लिया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने हत्यारोपी को मौके से गिरफ्तार कर दिया। वहीं, प्रभारी निरीक्षक विकास राय ने बताया कि नशे की तलब को पूरा करने के लिए हेमंत पिता से रुपयों की मांग करता रहता था। प्रथम दृष्टया में सोमवार की रात भी रुपये न देने पर फिर से वह पिता से झगड़ रहा था। इसी दौरान उसने उनके सिर पर हथौड़ी से वार कर दिए। खुशीराम की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद हत्यारोपी रात भर पिता के शव के पास बैठा रहा। पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर हथौड़ी भी बरामद कर ली गई है।

8वीं के छात्र समेत तीन ने की खुदकुशी

- इटौंजा, चिनहट और आलमबाग से सामने आए मामले
- परिजनों से पूछताछ करने में जुटी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अलग अलग थानाक्षेत्रों से छात्र समेत तीन लोगों की खुदकुशी करने की घटनाएं सामने आई हैं। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

इटौंजा प्रभारी निरीक्षक मार्केण्डेय पाण्डेय के मुताबिक, सहादतनगर निवासी सुनील का छोटा बेटा अंशु आठवीं का छात्र था। गत 17 फरवरी को अंशु चचेरी बहन की चौथी लेकर ससुराल जाने की जिद कर रहा था। इस मां गुडिया ने उसे मना करते हुए डांट दिया था। इसके बाद अंशु भाई हिमांशु के संग चाचा के घर से अपने घर आ गया। जिसके बाद उसने कमरा बंद कर पंखे के हुक में दुपट्टे का फंदा बना खुदकुशी कर ली है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि प्रथम दृष्टया में समाने आया कि मां की डांट से नाराज होकर छात्र ने आत्महत्या कर ली। वहीं, चिनहट के डूडा कॉलोनी निवासी कारपेंटर हरिओम शर्मा पत्नी निधि के संग रहते थे। सोमवार शाम छोटा बेटा ट्यूशन पढ़कर घर लौटा तब दरवाजा भीतर से बंद था। कई बार आवाज लगाने के बाद भी मां ने जवाब नहीं दिया। तब बेटे ने पड़ोसियों संग दरवाजा तोड़ा तब निधि शर्मा का शव पंखे के हुक में साड़ी के फंदे से लटका मिला। पति हरिओम का कहना है कि कई दिनों से निधि के मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आ रही थी। फिलहाल, हरिओम फोनकर्ता के बारे में कोई जानकारी नहीं दे सके हैं। वहीं, आलमबाग कोतवाली के बड़ा बरहा निवासी टैक्सी ड्राइवर राजेंद्र लोधी काफी दिनों से वह काम पर नहीं जा रहे थे। बेटी रेनू ने बताया कि सोमवार देर रात पिता का शव फंदे से लटका मिला।

दुकान में चोरी करते आरोपी सीसीटीवी कैमरे में कैद

- पीजीआई क्षेत्र का मामला नकदी व सामान ले गये आरोपी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पीजीआई इलाके में चोरों ने दो दुकानों को बनाया निशाना। शटर तोड़ कर अंदर घुसे चोरों ने गुल्लक से नकदी और सामान पार कर दिया। सीसीटीवी कैमरे में आरोपियों की करतूत कैद हो गयी। आरोपियों ने पहले भी दुकान में भी चोरी का प्रयास किया।

थाना अंतर्गत उपहार के सेक्टर-3 निवासी दीपक वर्मा ने बताया उत्सव प्लाजा के समीप उनकी सैलून की दुकान है। कहा सोमवार रात वह दुकान बंद कर घर गया था। मंगलवार सुबह फूल विक्रेता दुकान पर पहुंचा तो शटर के ताले टूटे मिले। फूल वाले की सूचना पर दीपक दुकान पर पहुंचा तो अंदर रखा सामान गायब और गुल्लक खुली मिली। दुकान में लगा सीसीटीवी कैमरा की फुटेज खंगाली तो एक आरोपी गुल्लक में रखे 15 हजार रुपये और सामान समेट कर ले जाते दिखा।

पीड़ित ने बताया कि एक बार पहले भी उसकी दुकान में चोरी का प्रयास हुआ था। इंस्पेक्टर ब्रजेश चंद्र तिवारी ने बताया दुकानदार की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

मैरिज लॉन से दुल्हन के गहने चोरी, प्राथमिकी दर्ज

- चिनहट थानाक्षेत्र अंतर्गत अयोध्या मार्ग का मामला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : चिनहट थानाक्षेत्र अंतर्गत अयोध्या मार्ग पर स्थित एक मैरिज लॉन से चोरों ने दुल्हन के गहनों भरा बैग पार कर दिया। जिसके बाद दुल्हन के घर वालों ने फौरन पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

प्रभारी निरीक्षक अश्वनी चतुर्वेदी के मुताबिक, क्षेत्र के उर्मिलापुर निवासी आशीष यादव ने मैरिज लॉन में हुई चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि गत 18 फरवरी को अयोध्या मार्ग पर जश्न मैरिज लॉन में उनकी शादी का कार्यक्रम आयोजित था। बरात कार्यक्रम स्थल पर पहुंच गई थी। दुल्हन पक्ष के लोग लॉन के ऊपर वाले कमरे में ठहरे हुए थे। दुल्हन के सारे गहने एक बैग में सुरक्षित थे। जिनमे, एक चेन, मंगलसूत्र, अंगूठी, पायल, बिछुआ, कान का झुमका व बालियां थी। गहनों की कीमत लगभग साढ़े तीन लाख रूपये थी, इसके साथ ही बैग में नकदी भी थी। आरोप है कि मेहमानों की भीड़ का फायदा उठाते हुए लॉन में घुसे चोर ने दुल्हन का बैग पार कर दिया। लड़की वालों को इस बात की जानकारी हुई तो वह हलचल मच गई। पीड़ित ने बताया कि उसने फौरन पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उनके नाते-रिश्तेदार समेत कन्यापक्ष से भी पूछताछ की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शादी की वीडियो रिकार्डिंग के आधार पर कमता के हरीनगर कालोनी निवासी विनीत मिश्र को गिरफ्तार किया गया है। रात 10 बजे वह खाना खाने के बाद दुल्हन के कमरे में गया था जहां से वह बैग लेकर भाग निकला।

मजदूर के घर पहुंचे एडीओ पंचायत

संवाददाता, निगोहां

अमृत विचार : क्षेत्र के सैदापुर गांव में गरीब मजदूर कमलेश का सोमवार सुबह कच्चा आशियाना ढहने के बाद सिर छुपाने को छत नहीं बची। हल्का लेखपाल रमेश कुमार मौके पर गये और खानापूर्ति करके लौट आये।

अमृत विचार में प्रमुखता से खबर छपने के बाद सीडीओ की फटकार के बाद एडीओ पंचायत मोहनलालगंज अशोक यादव व सचिव वंदना शर्मा, प्रधान भोलानाथ के साथ पीड़ित मजदूर कमलेश के घर पहुंचकर राजस्व विभाग की रिपोर्ट पर सीएम आवास योजना का लाभ दिलाये जाने का आश्वासन दिया। मजदूर व उसकी पत्नी समेत बच्चे आगनबाड़ी केन्द्र के बाहर ठंड में तिरपाल के नीचे रहने को मजबूर हैं। एडीओ पंचायत अशोक यादव ने बताया राजस्व की रिपोर्ट के आधार पर पीड़ित मजदूर को सीएम आवास योजना समेत अन्य भी योजनाओं का लाभ दिलाया जायेगा। प्रधान व सचिव को मजदूर का जॉब कार्ड बनाने के भी निर्देश दिये गये।

खबर प्रकाशित होने के बाद पीड़ित मजदूर के घर पहुंचे अधिकारी। अमृत विचार

खबर का असर

कोठरी गिरी, बच्चों को बचाने में दंपति घायल

अमृत विचार में छपी खबर

जमानत पर छूटते ही दुष्कर्म पीड़िता पर जानलेवा हमला

अमृत विचार लखनऊ : 16 माह बाद जेल से जमानत पर छूटा दुष्कर्म का आरोपी ने दुष्कर्म पीड़िता का गला दबाकर हत्या करने की कोशिश की। तहरीर के आधार पर इंटौजा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक मार्कंडेय पांडेय के मुताबिक, करीब डेढ़ साल पहले क्षेत्र की रहने वाली युवती ने महोना निवासी शमीम पर उसने दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में इंटौजा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। दुष्कर्म पीड़िता का आरोप है कि करीब 16 माह पर जमानत पर छूटने के बाद शमीम मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहा था। सोमवार शाम 5 बजे शमीम दीवार फांदकर घर में घुस गया। युवती को देखते ही शमीम उनकी पिटाई करने लगा। इतना ही नहीं, एक बार फिर वह उन पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने पीड़िता का गला दबा कर उनकी हत्या करने का प्रयास किया।

धोखाधड़ी कर हड़पे 15 लाख

- दुबग्गा और विकासनगर थाने में पीड़ितों ने दर्ज कराई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : दुबग्गा में संचालित एक निजी संस्थान के अकाउंटेंट ने 11.82 लाख रुपये गबन कर लिये। दूसरे मामले में साइबर अपराधी ने पैन और आधार कार्ड की डिटेल हासिल की पीड़ित के खाते से 2.82 लाख रुपये ट्रांसफर कर लिये।

दुबग्गा थाने में संतोष सिंह निवासी सीतापुर ने तहरीर दी। बताया खदरा निवासी मोहित कश्यप उनके संस्थान की हरदोई रोड स्थित मीना प्लाजा शाखा में बतौर अकाउंटेंट कार्यरत थे। इस दौरान वहां से 11.82 लाख की गड़बड़ी सामने आयी। जांच टीम भेजी गयी जिसमें मोहित द्वारा गड़बड़ी कर रुपये हड़पने का खुलासा हुआ। इंस्पेक्टर अभिनव कुमार वर्मा ने बताया आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। उधर, विकासनगर के सेक्टर-8 निवासी कृष्ण मोहन चक्रवर्ती ने बताया उनका इंटरनेट काम नहीं कर रहा था। गूगल पर सर्च कर संबंधित नेट कंपनी का नंबर निकाल कस्टमर केयर को काल की तो आरोपी ने डिटेल पता करने के नाम पर उनका पैन व आधार कार्ड की डिटेल ली। इसके बाद कृष्ण मोहन के एक रुपया ट्रांसफर करते ही उनके खाते से कई बार में 2.92 लाख रुपये कट गये। इसके बाद उक्त नंबर बंद हो गया। तब उन्हें ठगी का पता चला। उन्होंने थाने में मामला दर्ज कराया है।

सार-संक्षेप

दहेज उत्पीड़न की दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बंथरा के लोनहा गांव निवासी सपना वर्मा ने उन्नाव के हसनगंज के नई सराय निवासी पति ललित कुमार समेत अन्य ससुरालवालों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। स्थानीय पुलिस के सुनवाई नहीं करने पर उन्होंने राज्य महिला आयोग अध्यक्ष से गुहार लगाई थी। अध्यक्ष के आदेश पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़िता का आरोप है कि ससुरालवालों ने दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर उसे घर से निकाल दिया था। इसके बाद से वह मायके में रह रही है।

पत्नी को जान से मरवाने की दी धमकी

अमृत विचार, लखनऊ : तालकटोरा थाना अंतर्गत मानस बिहार निवासी महिला ने पति पर उत्पीड़न वह जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता पुनीता पांडे ने पति अखिल व अन्य ससुरालीजनों पर आरोप लगाते हुये पुलिस को दी तहरीर में बताया अखिल निवासी पूरे सागर रायपुर, जिला भदोही से सात वर्ष पहले शादी हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल वाले कम दहेज लाने की बात को लेकर प्रताड़ित कर रहे थे। किसी तरह वह बर्दाश्त करती रही, लेकिन आरोपियों ने प्रताड़ना बंद नहीं की। इंस्पेक्टर ताल कटोरा ने बताया मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

क्रेन का केबल टूटने से गिरा गार्डर, टला हादसा

अमृत विचार, सरोजनीनगर : कानपुर एलिवेटेड रोड निर्माण में क्रेन उतारा जा रहा गार्डर केबल टूटने से नीचे आ गिरा। राहत की बात रही कि कर्मचारी चपेट में आने से बच गये। इससे बड़ा हादसा टल गया। सरोजनीनगर के गौरी बाजार के समीप कानपुर-लखनऊ रोड पर पीएनसी कंपनी निर्माण करा रही है। मंगलवार को जेसीबी से गर्डर नीचे उतार कर ट्रक पर लोड किया जाना था। करीब 20 फीट ऊंचाई से गर्डर उतारते समय क्रेन का केबल टूटने से भारी भरकर गर्डर नीचे आ गिरा। आधा हिस्सा ट्रक पर और आधा सड़क पर गिरा। वहां मौजूद कर्मी साफ बच गये।

दहेज में कार नहीं मिली तो नहीं लाये बरात, पांच पर एफआईआर

अमृत विचार, लखनऊ : ठाकुरगंज थाना क्षेत्र निवासी युवती ने बताया उसकी शादी उन्नाव के शहर कोतवाली अंतर्गत कुदरा मौरावां निवासी गुलाम अहमद पुत्र जफरुल हक के संग पिछले वर्ष तय हुई थी। उसी समय में दोनों पक्षों में दान दहेज की सभी शर्तें तय हो गयीं थी। शादी की तारीख 28 जनवरी तय हुई थी। इसके चलते पिता ने बरात की खातिरदारी व दान दहेज की तैयारियां पूरी कर ली थी। लेकिन तय तारीख पर जफरुल हक बरात लेकर नहीं पहुंचे। काफी इंतजार के बाद जब उनको पिता ने कॉल की तो दहेज में कार की मांग पूरी होने पर ही बरात लाने की शर्त रख दी। पिता के असमर्थता जताने पर रिश्ता तोड़ बरात लाने से इनकार कर दिया। रिश्ता टूटने से युवती काफी आहत है। उसने थाने में तहरीर दी है। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया गुलाम अहमद, अब्दुल कादिर समेत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

नशे में दंपति पर हमला, किशोरी का सिर फोड़ा

अमृत विचार, काकोरी/मलिहाबाद : सदरौना कांशीराम कालोनी निवासी ललित कुमार मिश्रा के मुताबिक, गत 16 फरवरी को पड़ोसी शशिकांत श्रीवास्तव का बेटा क्रिस अपने साथियों के साथ घर के बाहर शराब पीकर अभद्रता कर रहा था। मना करने पर दबंगों ने घर में घुसकर पीड़ित व उसकी पत्नी पर जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित ने बताया कि मारपीट में उनके नाक की हड्डी में फैक्चर हो गया। प्रभारी निरीक्षक बृजेश वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर दबंगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं, रहीमाबाद के रहटा गांव निवासी पुष्पांजलि अपने घर के पास दोपहर करीब डेढ़ बजे बैठी थी। आरोप है कि पड़ोसी शिवकुमार शराब के नशे में उससे अभद्रता करने लगा। युवती पड़ोसी के घर उसकी शिकायत करने पहुंची तब आरोपी ने उसके सिर पर पत्थर मार दिया। जिससे उसका सिर फट गया।

पर्यटन कर्मी और पत्नी पर असलहा तान छीने गहने

अमृत विचार, लखनऊ : चिनहट इलाके के गौरव विहार कॉलोनी निवासी स्वतंत्र सिंह पर्यटन विभाग में तैनात हैं। सोमवार दोपहर करीब 12 .30 बजे उनकी मां मंजू सिंह बाजार के लिए निकली थीं। एल्डिको चौराहे के पास पहुंचने पर कार सवार तीन युवक आ गए। ड्राइवर ने मंजू से एक अस्पताल का पता पूछा। उनके मना करने पर कार में बैठे दो युवक नीचे उतर आए और मंजू पर असलहा तान दिया। जिसके चलते महिला काफी घबरा गई थी। पीड़िता के मुताबिक बदमाश उन्हें एक गली में ले गए। जहां लुटेरों ने मंजू से गहने उतारने को कहा। विरोध करने पर गोली मारने की धमकी देते हुए मंगलसूत्र, सोने की अंगूठी और बाली लूट ली। इंस्पेक्टर अश्विन कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि मंजू सिंह की तहरीर पर लूट की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस आरोपों की जांच कर रही है।

प्रौद्योगिकी आधारित सेवाएं प्रदान करता है ग्लोबल आर्क

अमृत विचार, लखनऊ : ग्लोबल आर्क कंसल्टेंसी ने अपने कार्यालय परिसर और पॉलिसीक्यू इंश्योरेंस ब्रोकर ने विभूति खंड गोमती नगर में शाखा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक तपन सिंघल उपस्थिति रहे। निदेशक ने कहा कि ग्लोबल आर्क का कार्यालय कृषि क्षेत्र के लिए सभी सहायक खासकर प्रौद्योगिकी आधारित सेवाएं प्रदान करेगा। ग्लोबल आर्क कृषि क्षेत्र में सहायक सेवाओं के प्रति दृष्टिकोण में बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। ग्लोबल आर्क के सह-संस्थापक अरविंद यादव ने बताया टीम आने वाले दिनों में नई उपलब्धियां हासिल करने के लिए बेहद उत्साहित है। पोलिसीक्यू के सह-संस्थापक संजय वत्स ने कहा कि शहर में हमारी नई शाखा न केवल हमारी भौतिक उपस्थिति का विस्तार है बल्कि व्यापक और विश्वसनीय बीमा सेवाओं को सभी के लिए सुलभ बनाने की हमारी प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है।

दुष्कर्म आरोपी ने महिला को दी धमकी

- पीड़िता ने हजरतगंज कोतवाली में की शिकायत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: दुष्कर्म के आरोप में जेल में बंद रहे आरोपी ने बाहर आते ही महिला सफाई कर्मी से घनिष्ठता बढ़ा शादी का दबाव बनाया। इनकार करने पर आरोपी ने घर में घुस महिला और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की शिकायत पर हजरतगंज पुलिस मामले की जांच कर रही है।

हजरतगंज निवासी महिला ने बताया कि वह हरदोई के संडीला क्षेत्र में सफाई कर्मी हैं। कुछ माह पहले पहले कार्यालय में उनकी मुलाकात लखीमपुर खीरी निवासी मंगल उर्फ शिवम से हुई थी। घनिष्ठता बढ़ने पर मंगल ने उससे शादी करने की मंशा जताई। इस बीच आरोपी ने महिला की फोटो खींच एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी।शक होने पर महिला ने उसके बारे में छानबीन की। तब पता चला कि उस पर दुष्कर्म का मामला दर्ज है। इस पर महिला ने आरोपी से दूरी बना ली।

आरोपी ने पहले महिला को फोन पर धमकाया, इसके बाद हजरतगंज स्थित घर में घुस कर उसे व परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुये शादी का दबाव बनाया। इनकार करने पर मंगल ने पीड़िता की अश्लील फोटो वायरल करने की चेतावनी देते हुये उसकी फेसबुक आईडी हैक कर ली। पीड़िता ने तहरीर दी है। हजरतगंज इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी मदरसा शिक्षक गिरफ्तार

- खबर प्रकाशित होने के बाद हरकत में आई मलिहाबाद पुलिस
- मदरसा शिक्षक व उसके भाई पर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज
- बाल आयोग और एनजीओ भी बच्ची को न्याय दिलाने के लिए आए सामने

संवाददाता, मलिहाबाद

अमृत विचार : आठ साल की बच्ची से घिनौनी हरकत करने वाले मदरसा शिक्षक को मलिहाबाद पुलिस ने मंगलवार ठाकुरगंज क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। बच्ची ने मदरसा शिक्षक व उसके भाई पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर से कार्रवाई किए जाने की मांग की थी। इस खबर को अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसके बाद स्थानीय पुलिस हरकत में आई। आनन-फानन पुलिस ने मदरसा शिक्षक समेत सात लोगों पर एफआईआर दर्ज की। वहीं, बाल आयोग और एनजीओ भी बच्ची को न्याय दिलाने में आगे आए हैं।

एसीपी मलिहाबाद वीरेंद्र विक्रम सिंह के मुताबिक, क्षेत्र के रहने वाले युवक ने ठाकुरगंज स्थित न्यू हैदरगंज के मदरसा इस्लामिया शम्सुल उलूम के शिक्षक मो. आब्दीन समेत सात लोगों के खिलाफ लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि मदरसे के छात्रावास में मो. आब्दीन व उसके भाई अरशद ने बच्ची से दुष्कर्म किया है। प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मदरसा शिक्षक मो. आब्दीन, भाई अरशद, आमीन, शामीन, हामीम, शाद और शीरी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। मंगलवार को ठाकुरगंज क्षेत्र से मदरसा शिक्षक मो. आब्दीन व शीरीं को गिरफ्तार कर लिया गया है।

खबर का असर

मदरसा शिक्षक पर दुष्कर्म का आरोप

अमृत विचार में प्रकाशित खबर

आरोपी शिक्षक मो. आब्दीन

न्याय दिलाने में आगे आया बाल आयोग

अमृत विचार अखबार में खबर प्रकाशित होने के बाद ही बाल आयोग और ह्यूमन यूनिटी मूवमेंट 'हम' के सदस्य बच्ची को न्याय दिलाने के लिए आगे आए है। 'हम' की अध्यक्ष डॉ. संगीता शर्मा ने बताया कि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के लिए पुलिस आयुक्त से शिकायत की जाएगी। इसके साथ ही बच्ची को आश्रय देने के लिए शेल्टर होम भेजने की भी व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए बच्ची के परिजनों से बातचीत की जा रही है।

दुर्घटना बिजनौर, कृष्णानगर, आशियाना और निगोहां क्षेत्र के निवासी हुए घायल

अलग-अलग हादसों में 10 लोग घायल, अस्पताल में भर्ती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुये सड़क हादसों में 10 लोग घायल हो गये। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करा आगे की कार्रवाई कर रही है।

बिजनौर थाने के उप निरीक्षक अर्जुन सिंह ने बताया अंबेडकर नगर निवासी चंदन पटेल, गुड्डू उनकी पत्नी और बबलू सोमवार को कार से जयपुर से लौट रहे थे। रात करीब 1 बजे बिजनौर थाना क्षेत्र में शहीद पथ पर गुड़ौरा के समीप अनियंत्रित कार ट्रक में घुस गई। हादसे में कार सवार घायल हो गये। अगली सीट पर बैठा चंदन गंभीर घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार में फंसे लोगों को निकाल कर पीजीआई स्थित ट्रामा सेंटर भेजा। उधर, कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी कैलाश दूबे ने बताया बुद्धेश्वर निवासी विवेक कुमार 18 फरवरी को शादी में शामिल होने पत्नी राखी के साथ बाइक से जा रहे थे। विशाल मेगा मार्ट के सामने पीछे से आये बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में दंपति गंभीर घायल हो गये। तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इधर, आशियाना के एलडीए कॉलोनीनिवासी सूरज ने बताया सोमवार को शहीद पथ पर गुड़ौरा के पास नगर निगम की गाड़ी में कूड़ा भर रहे थे। इसी दौरान कमता की तरफ से आए एलपीजी सिलिंडर लदे ट्रक के चालक ने निगम की गाड़ी में टक्कर मार दी। हादसे में गाड़ी में बैठे नगर निगम के सुपर वाइजर मोनू गंभीर घायल हो गए। उन्हें ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। उधर, निगोहां के शेरपुर लवल निवासी प्यारे (28) मंगलवार को टेंपो में जा रहे थे। रास्ते में बेकाबू टेंपो डिवाइडर से टकरा गया। हादसे में चालक समेत दोनों घायल हो गए। टेंपो में फंसे चालक को निकाल कर बछरावां सीएचसी भेजा गया। इधर, निगोहां कस्बा निवासी नीरज के घर के बाहर खड़ी कार में चालक से बेकाबू दूसरी कार टकरा गयी। हादसे में कार सवार लखनऊ निवासी अनिता सिन्हा घायल हो गईं। उन्होंने अस्पताल में भर्ती कराया गया।

निगोहां में हुए हादसे के बाद क्षतिग्रस्त टेम्पो। अमृत विचार

हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार

संवाद वेणी कार्यक्रम में पहुंचीं मोटिवेशनल स्पीकर जया किशोरी

अमृत विचार, लखनऊ : महिला एवं बाल संगठन के तत्वाधान में मंगलवार को गन्ना संस्थान में महिला सशक्तीकरण पर संवाद वेणी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मोटिवेशनल स्पीकर जया किशोरी मौजूद रहीं। उन्होंने कहा समस्या होने पर अपनों से जरूर बात करें। लोगों को संबोधित करने के बाद उन्होंने 1090 के काल सेंटर का भ्रमण कर जाना कैसे प्रदेश के अलग-अलग जनपदों से कॉल आती हैं। इस दौरान उन्होंने कुछ कॉलर से फीडबैक लिया। इसके बाद पिंक बूथ, एस्काट, पिंक स्कूटर पेट्रोल आदि के बारे में जाना। कार्यक्रम में क्या सोसायटी खराब है। लड़का-लड़की में क्या समानता है। सवालों का उन्होंने सरलता से जवाब दिया। एडीजी डब्लूसीएसओ पद्मजा चौहान, डीआइजी किरन यादव, एसएसपी रुचिता चौधरी, एडिशनल एसपी विजय त्रिपाठी, पुलिस उपाधीक्षक सौम्या पांडेय, विनोद यादव, इंस्पेक्टर नीलम राणा रहे।

एक नजर

डीवाईए ने ब्रेवर्स क्लब को हराया

अमृत विचार, लखनऊ : डीवाईए ने ब्रेवर्स क्लब को 20 रन से हराते हुए एमएल मिश्रा मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किए। डीवाईए के 200 रन के जवाब में ब्रेवर्स क्लब की टीम आठ विकेट खोकर 180 रन बना सकी। आर्यावर्त ग्राउंड में खेले गए मुकाबले में डीवाईए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 35 ओवर में सात विकेट खोकर 200 रन बनाए। अंचितो दास ने 72 और रोहित यादव ने 51 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। अंकित कुमार ने चार विकेट लिए। जवाब में ब्रेवर्स क्लब की टीम 35 ओवर में आठ विकेट खोकर 180 रन बना सकी। ओंकार सिंह ने 48 और आदित्य कुशवाहा ने 47 रन का योगदान दिया।

गुरुद्वारा लालो जी में मातृभाषा दिवस पर कार्यक्रम आज

अमृत विचार, लखनऊ : आजाद लेखक कवि सभा की ओर से 21 फरवरी को वीआईपी रोड स्थित गुरुद्वारा भाई लालो जी के महाराजा जस्सा सिंह रामगढिया हाल में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर पंजाबी को समर्पित कार्यक्रम किया जायेगा। इस मौके पर भाषा के विद्वान अपनी बात रखेंगे। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार भी दिए जायेंगे।

लखनऊ विवि की क्रिकेट टीम के चयन में धांधली का आरोप

चयनकर्ताओं पर मनमाने चयन का आरोप, नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम के चयन को लेकर छात्रों ने चयनकर्ताओं पर धांधली का आरोप लगाया है। इस बात को लेकर छात्रों ने विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार और कुलपति को पत्र लिख कर शिकायत की है। छात्रों ने मामले की जांच करा कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

छात्रों ने आरोप लगाया है कि लखनऊ विश्वविद्यालय की क्रिकेट टीम के गठन को लेकर चयनकर्ताओं ने धांधली की है। सबसे पहले तो चयन ट्रायल की सूचना का प्रचार प्रसार नहीं किया गया। ऐसे में गिने-चुने अभ्यर्थी ही चयन में पहुंचे। चयन के लिए पांच-पांच ओवर के मैच कराने का प्रयोग पहली बार किया गया, जो कहीं मानक के अनुरूप नहीं है। सबसे खास बात यह है कि 19 और 20 फरवरी को ट्रायल होने थे, लेकिन टीम 20 को ही चयनित कर कानपुर भेज भी दी गई।

चयनकर्ताओं पर उठे सवाल : छात्रों के अनुसार, लखनऊ विश्वविद्यालय की क्रिकेट टीम के लिए हर बार रणजी स्तर के क्रिकेटर को बुलाया जाता है। उनका यहां पर किसी क्रिकेटर से कोई लेना-देना नहीं होता, वह बेहतर खिलाड़ियों का चयन टीम के लिए करते हैं, लेकिन इस बार ऐसे प्रशिक्षकों को यहां पर बुलाया गया जिनके पास क्रिकेट का अधिक अनुभव नहीं है। इन लोगों ने अपने चहेतों को टीम में लेने के लिए कारनामा किया। चहेते क्रिकेटरों से 100 रुपये का फार्म भरवा कर उन्हें सीधे टीम में जगह दी गई। ये खिलाड़ी ट्रायल के लिए पहुंचे भी नहीं।

इस बार बिना कैंप के ही हो गया चयन

छात्रों ने यह भी आरोप लगाया कि टीम के गठन के लिए केडी सिंह बाबू स्टेडियम में कैंप लगाया जाता था। रणजी खिलाड़ी इस कैंप में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने के साथ ही उनकी प्रतिभा का आकलन करते थे। इस बार बिना कैंप के ही चयन कर लिया गया। लखनऊ विश्वविद्यालय में चयन के लिए कैंप लगाए जाने को लेकर भी छात्रों ने आरोप लगाया और कहा कि जब यहां पर क्रिकेट का इंफ्रास्ट्रक्चर ही नहीं है तो भला यहां चयन शिविर क्यों आयोजित किया गया।

छात्रों ने रजिस्ट्रार व कुलपति को पत्र लिख कर की शिकायत बोले- चयन में मानकों की हुई अनदेखी

ये लगे आरोप

- लखनऊ विश्वविद्यालय में क्रिकेट का मैदान तक नहीं।
- चयन के लिए बुलाए गए चयनकर्ता भी मानक के अनुरूप नहीं।
- चयनकर्ताओं पर भी मनमानी का आरोप, अपनों के फार्म भरवा कर शामिल किया टीम में।
- 20 को टीम चयनित कर कानपुर रवाना कर दी गई।
- सिर्फ लविवि के पोर्टल पर प्रकाशित की गई सूचना, इसकी जानकारी कम लोगों को ही दी गई।

सरावां किंग्स ने जीता अवधपुरम प्रीमियर लीग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

विजेताओं को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

अमृत विचार: ''मैन ऑफ द मैच'' सलमान के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत सरावां किंग्स ने छंगापुर टाइटंस को 36 रनों से हराकर अवधपुरम प्रीमियर लीग का खिताब जीत लिया। लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में छंगापुर टाइटंस ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरे किंग्स ने निर्धारित 10 ओवरों में नौ विकेट खोकर 97 रन बनाए। जवाब में टाइटंस की पूरी टीम 9.2 ओवर में 61 रन ही बना सकी। किंग्स की शुरुआत काफी धीमी रही लेकिन बाद में सिराज मलिक (21 गेंद पर 39 रन) और सलमान (आठ गेंद पर 18 रन) ने तेजतर्रार पारियां खेलकर किंग्स को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

टाइटंस की तरफ से अरशद ने तीन हस्सान और इमाम ने दो-दो विकेट हासिल किये। जवाब में टाइटंस सलमान (हैट्रिक समेत 4 विकेट) की गेंदबाजी के आगे टिक नहीं सके और पूरी टीम 61 रन पर ऑल आउट हो गई। हस्सान ने अकेले मोर्चा संभालते हुए 22 गेंदों में तीन छक्कों की मदद से 31 रन बनाए। मगर टीम का कोई और बल्लेबाज दहाई के अंक तक नहीं पहुंच सका। सलमान को उनके हरफनमौला प्रदर्शन की वजह से ''मैन ऑफ द फाइनल'' और टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार दिया गया। टाइटंस के बल्लेबाज इमाम को सर्वश्रेष्ठ बैटर का पुरस्कार प्रदान किया गया।

सरावां किंग्स के कप्तान असद को ''मैन ऑफ द टूर्नामेंट'' का पुरस्कार दिया गया जबकि ''फेयरप्ले अवार्ड'' भी सरावां किंग्स के ही नाम रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्पोर्ट्स मेडिसिन स्पेशलिस्ट और भारतीय जूनियर हॉकी टीम के पूर्व फिटनेस कोच डॉक्टर सरनजीत सिंह, विशिष्ट अतिथि एडब्ल्यूपीएल के प्रतिनिधि अमित कुमार, आयोजक संस्था अवधपुरम वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष राजेश तिवारी, लीग आयोजन समिति के अध्यक्ष आरिफ अली सिद्दीकी, उपाध्यक्ष देव पांडेय, सचिव सूरज तिवारी तथा मनीष ओझा ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए।

आवास विकास को आठ वर्ष बाद मिलेंगे 123 अवर अभियंता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 23 को कार्यक्रम में दिए जाएंगे नियुक्ति पत्र

अमृत विचार : उप्र आवास एवं विकास परिषद को आठ वर्ष बाद 123 अवर अभियंता मिल जाएंगे। 23 फरवरी को कार्यक्रम में इन्हें नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। आवास विकास में लगभग 100 अवर अभियंता ही बचे हैं। नियुक्ति पत्र मिल जाने से अवर अभियंताओं की कमी से जूझ रहे आवास विकास को काफी राहत मिलेगी।

उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने 2016 में परीक्षा आयोजित की थी। परीक्षा का परिणाम सितम्बर 2023 को घोषित हो चुका है। इसमें आवास विकास के लिए 126 अवर अभियंता सिविल और 15 अवर अभियंता विद्युत पद के लिए चयनित हुए हैं। अक्टूबर में इनका वेरिफिकेशन कराया जा रहा था। मुख्यमंत्री के हाथों इन्हें नियुक्ति पत्र दिलाया जाना है। इसके अलावा उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की 2020 परीक्षा का परिणाम भी आ चुका है। इसमें आवास विकास को 84 अवर अभियंता सिविल और नौ अवर अभियंता विद्युत पद पर चयन हो चुका है। वेरिफिकेशन कराने के साथ इन्हें भी नियुक्ति पत्र जारी किया जाएगा।

पीएसी मध्य जोन के सुनील को स्वर्ण व अभिजीत को रजत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

सुनील साहनी

अनीता मिश्रा

▸▸ 71वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक एथलेटिक्स क्लस्टर प्रतियोगिता

अमृत विचार : 71वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक एथलेटिक्स क्लस्टर प्रतियोगिता के दूसरे दिन मेजबान पीएसी मध्य जोन को एक स्वर्ण और एक रजत पदक मिला। कुर्सी रोड स्थित गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित की जा रही प्रतियोगिता के दूसरे दिन मंगलवार को 40 किमी साइकिलिंग में मेजबान पीएसी मध्य जोन के सुनील कुमार साहनी ने स्वर्ण और अभिजीत कुमार ने रजत पदक जीता। 30 किमी साइकिलिंग में प्रयाग राज की अनीता मिश्रा चैंपियन बनीं। सह आयोजन सचिव, सेनानायक 35 वाहिनी के अनुसार प्रधानमंत्री के खेलो इंडिया से लोग खेलों को लेकर जागरूक हुए है। विभागों में भी लोग खेलों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं।

मंगलवार को हुई स्पर्धाओं के परिणाम

पुरुष वर्ग

- **40 किमी साइकिलिंग :** पीएसी मध्य जोन के सुनील कुमार साहनी को स्वर्ण और अभिजीत को रजत, मेरठ जोन के जितेंद्र कुमार को कांस्य।
- **20 किमी वाक चाल :** मेरठ जोन के प्रवीण को स्वर्ण, पीएसी पूर्वी जोन के अभिषेक यादव को रजत, मेरठ जोन के सोहन लाल को कांस्य
- **भाला फेंक :** गोरखपुर जोन के अमरेश यादव को स्वर्ण, मेरठ जोन के आगेश पवार को रजत और दीपक कुमार को कांस्य
- **पोलवाल्ट :** लखनऊ जोन के आलोक सिंह को स्वर्ण, कानपुर जोन के रावेंद्र सिंह को रजत, मेरठ जोन के रंजीत सिंह को कांस्य
- **हैमरथ्रो :** मेरठ जोन के ओमवीर सिंह को स्वर्ण

महिला वर्ग

- **30 किमी साइकिलिंग :** प्रयागराज जोन की अनीता मिश्र को स्वर्ण, मेरठ जोन की दीपिका को रजत, प्रयागराज जोन की सोनम यादव को कांस्य
- **10 किमी वॉक :** मेरठ जोन की मीना चौधरी को स्वर्ण, लखनऊ जोन की सरिता को रजत, गोरखपुर जोन की क्षमा सिंह को कांस्य
- **ऊंची कूद :** लखनऊ जोन की रश्मि को स्वर्ण, आगरा जोन की सोनिया को रजत, गोरखपुर जोन की क्षमा सिंह को कांस्य
- **भाला फेंक :** मेरठ जोन की उपासना को स्वर्ण, आगरा जोन की क्षमा को रजत, प्रयागराज जोन की सुषमा को कांस्य

बजरंग और आशा जाएंगे सिडनी

बजरंग और आशा

अमृत विचार, लखनऊ : 64 वर्ष के रिटायर कर्नल बजरंग सिंह और 58 साल की गृहणी आशा सिंह अगले माह की 12 तारीख को विवाह की 48वीं वर्षगांठ मनाएंगे। इस जोड़ी ने खेल जगत में कई रिकार्ड बनाए हैं। जल्द ही यह जोड़ी सिडनी में आयोजित होने वाली विश्व मैराथन में शामिल होगी। इन दोनों का चयन इस प्रतियोगिता के लिए किया जा चुका है। इससे पहले दोनों दो अक्टूर 2022 में लंदन मैराथन वर्ल्ड चैंपियनशिप में भाग ले चुके हैं। 15 सितंबर को आयोजित होने वाली मैराथन में बजरंग 60 से 65 और आशा 55 से 60 आयुवर्ग में अपनी चुनौती पेश करेंगे। इन दोनों के नाम बड़ी उपलब्धिया दर्ज हैं। बजरंग और आशा इससे पहले पांच विश्व मैराथन (वर्ष 2022 में शिकागो, न्यूर्याक व लंदन और वर्ष 2023 में बर्लिन व बोस्टन) में भाग ले चुके हैं। बजरंग बताते हैं कि मैंने वर्ष 2016 में सेना से रिटायर होने के बाद शौकिया तौर पर आशा के साथ दौड़ना शुरू किया था।

पैनल ब के निर्णायक बने रजनीश

अमृत विचार, लखनऊ : अलीगंज स्थित मार्डन स्कूल के प्रशिक्षक रजनीश त्रिवेदी बास्केटबाल फेडरेशन ऑफ इंडिया ब पैनल के निर्णायक बन गए हैं। लखनऊ बास्केटबाल संघ के सचिव अभिनव पुंडीर के अनुसार 37वें यूथ नेशनल बास्केटबाल चैंपियनिशप का आयोजन वर्ष 2022 में मध्य प्रदेश में किया गया था। यहां पर लिखित परीक्षा, शारीरिक दक्षता और मैच प्रैक्टिकल को पास कर बास्केटबाल फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्णायक बन गए। परीक्षा के परिणाम 15 फवरी को घोषित किए गए। उनकी इस उपलब्धि के लिए सीनियर उपाध्यक्ष नियाज अहमद सहित अन्य पदाधिकारियों ने बधाई दी।

मदरसा आधुनिकीकरण योजना को लागू करने की मांग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

इन्दिरा भवन के छठे तल पर स्थित अल्पसंख्यक आयोग में प्रेस वार्ता करते अध्यक्ष अशफाक सैफी, अफरोज खान, रूमाना सिद्दीकी व अन्य। अमृत विचार

▸▸ मदरसा शिक्षकों का छह साल का वेतन बकाया : अशफाक

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक के अध्यक्ष अशफाक सैफी ने मदरसा आधुनिकीकरण योजना को पूरे प्रदेश में लागू किये जाने की सिफारिश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजी है। अपने कार्यालय में मंगलवार को पत्रकारों से मुखातिब, अशफाक सैफी ने कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प एक हाथ में कुरान और दूसरे में कम्प्यूटर तभी सफल हो सकता है जब इसे पूरे प्रदेश में लागू किया जाए।

उन्होंने बताया कि मदरसा शिक्षकों का लगभग छह साल का वेतन बकाया है यह 700 करोड़ रुपये से अधिक है। मदरसा शिक्षकों को मिलने वाले वेतन में केन्द्र का 60 फीसदी और राज्य का 40 फीसदी योगदान होता है। उन्होंने केन्द्र से शिक्षकों का बकाया भुगतान कराने की भी सिफारिश की है।

उन्होंने कहा मदरसों में पसमांदा तबके का मुसलमान सबसे ज्यादा होता है। उन्होंने कहा कि पिछड़े वर्ग के मुसलमानों पर अगर ध्यान नहीं दिया गया तो फिर से उनकी स्थिति 2014 से पहले वाले दौर जैसी हो जायेगी। अशफाक सैफी ने बताया कि प्रदेश में 7442 मदरसे शासकीय सहायता से चलते हैं। इन मदरसों में 21126 शिक्षक बच्चों को आधुनिक शिक्षा दे रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से इन शिक्षकों को लगातार मानदेय दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मदरसा आधुनिकीकरण योजना के शिक्षकों का मानदेय रोका गया है। इसे रोके जाने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी।

देश की सांस्कृतिक पहचान में संस्कृत भाषा का बड़ा योगदान : डॉ. ममता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : कुर्सी रोड स्थित आइडियल डिग्री कॉलेज में उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान और यशोराज ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में संस्कृत भाषा के नए आयाम विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. ममता शुक्ला, अश्वनी शर्मा, माया गुप्ता, सुमित और राजेश ने अपने विचार व्यक्त किये। डॉ. ममता शुक्ला ने कहा कि संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है। भारत की सांस्कृतिक पहचान अगर दुनिया में है, तो उसमें संस्कृत भाषा का बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि संस्कृत को हम देव भाषा कहते हैं, क्योंकि इसको ब्रह्मा ने पैदा किया था। वेदों की रचना इसी भाषा में की गई। यह इसकी शुद्धता का भी प्रमाण है। इसके आंचल से ही हिन्दी, पाली, प्राकृत आदि कई भाषाएं विकसित हुईं। यह भाषा संस्कृति की तरह व्यापक है। अनेक वेद, उपनिषद, वेदांग आदि की विषयवस्तु संस्कृत में ही वर्णित है। संस्कृत भाषा हिन्दू धर्म, जैन धर्म, बौद्ध धर्म और सिख धर्म में संचार का पारंपरिक साधन रही है। अश्वनी शर्मा ने कहा कि इतिहासकार अलब-ए-रूनी ने संस्कृत भाषा की विशेषता पर काफी चर्चा की है। इतिहासकार विल डूरान्ट ने लिखा है कि भारत की मातृभूमि कई प्रजातियों की जन्मदात्री रही है और संस्कृत यूरोपीय भाषाओं की जननी थी। संस्कृत साहित्य को प्राचीन कविता, नाटक और विज्ञान के साथ-साथ धार्मिक और दार्शनिक ग्रंथों में इस्तेमाल होने वाले विशेषाधिकार भी प्राप्त है।

माया गुप्ता ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा और संस्कृति को समृद्ध बनाए रखने में इस भाषा का योगदान अतुलनीय है। यह जितनी प्राचीन है उतनी आधुनिक और वैज्ञानिक भी। संस्कृत भाषा के सार्वभौमिक स्वरूप एवं व्यापकता के कारण वर्तमान परिप्रेक्ष्य में इसका महत्व और भी बढ़ जाता है।

राजनाथ से मिला गोमती नगर जनकल्याण महासमिति का प्रतिनिधिमंडल

अमृत विचार, लखनऊ : गोमती नगर जनकल्याण महासमिति का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिला। गोमती नगर रेलवे स्टेशन का निर्माण एवं अटल बिहारी वाजपेई के नाम पर नामकरण करने, डायग्नोस्टिक सेंटर खुलवाने और लखनऊ को स्टेट कैपिटल रीजन घोषित करवाने के लिए रक्षा मंत्री को शॉल एवं अंगवस्त्र पहनाकर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर गोमती नगर फेज टू तथा गोमती नगर विस्तार की समस्याओं पर रक्षा मंत्री से चर्चा हुई। शहरीकरण विकास मंत्री जी से चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष डॉ. बीएन सिंह, उपाध्यक्ष पशुपति पाण्डेय, महासचिव डॉ. राघवेंद्र शुक्ल, कार्यवाहक महासचिव कर्नल एएन पांडे, कार्यकारी सचिव संजय निगम समेत अन्य उपस्थिति रहे।

नाटक उधार के पति ने खूब हंसाया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

वाल्मीकि रंगशाला में नाटक उधार का पति का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

▸▸ संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में हुआ नाटक का मंचन

अमृत विचार : सांस्कृतिक, सामाजिक और शैक्षिक संस्था अनादि की ओर से आयोजित दो दिवसीय नाट्य समारोह की दूसरी संध्या पर संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में नाटक उधार का पति का मंचन किया गया।

वनमाला भवालकर द्वारा लिखित और मुन्नी देवी द्वारा निर्देशित इस हास्य नाटक का मंचन संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से किया गया। इस नाटक की कहानी एक ऐसी लड़की की कहानी है जो अपने दादाजी की मर्जी के खिलाफ जाकर शादी करती है।

नाटक में आशीष सिंह राजपूत, अनिल कुमार, मधु प्रकाश श्रीवास्तव, सूरज गौतम, मनीष पाल, ज्योति सिंह परिहार, करिश्मा गौतम, मोनिका अग्रवाल और सौरभ शुक्ला ने उल्लेखनीय भूमिकाएं अदा कीं।

सार-संक्षेप

शाकुंभरी क्लब की जीत में देवेंद्र, अक्षय और अखिलेश के अर्धशतक

अमृत विचार, लखनऊ : देवेंद्र पाल (83), अक्षय (88) व अखिलेश यादव (66) के अर्धशतकों से शाकुंभरी क्रिकेट क्लब ने द्वितीय तारा देवी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में सीएसडी सहारा क्रिकेट अकादमी गोमतीनगर को 57 रन से हराकर पूरे अंक जुटाए। गियर क्रिकेट ग्राउंड पर शाकुंभरी क्रिकेट क्लब ने निर्धारित 40 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 318 रन का विशाल स्कोर बनाया। सलामी बल्लेबाज शिवम सिंह 2 रन ही बना सके। उनके बाद अक्षय ने 75 गेंदों पर 12 चौके व 3 छक्के से 88 रन और देवेंद्र पाल ने 73 गेंदों पर 12 चौके व एक छक्के से 83 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। अखिलेश यादव ने 47 गेंदों पर 4 चौके व 4 छक्के से उम्दा 66 रन बनाए। सीएसडी सहारा क्रिकेट अकादमी गोमतीनगर से आदित्य सिंह ने 2 विकेट हासिल किए। जवाब में सीएसडी सहारा क्रिकेट अकादमी गोमतीनगर लक्ष्य का पीछा करते हुए 36.1 ओवर में 261 रन ही बना सका और जीत से 57 रन दूर रह गया। सलामी बल्लेबाज रितिक राय (69 रन, 72 गेंद, 8 चौके) ने पारी की शुरुआत की। वहीं आदित्य कृष्णा (61 रन, 47 गेंद, 7 चौके, 3 छक्के) और अनुभव पी.सिंह (50 रन, 23 गेंद, 9 चौके, 1 छक्का) ने भी अर्धशतक जड़ा लेकिन टीम की हार को टाल न सके। शाकुंभरी क्रिकेट क्लब से मनीष रावत, मनीष कश्यप व आर्यन मिश्रा ने 2-2 विकेट झटकते हुए टीम की जीत तय की। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शाकुंभरी क्रिकेट क्लब के देवेंद्र पाल को मिला।

ललित कला अकादमी में मृगनयनी प्रदर्शनी का आयोजन आज से

अमृत विचार, लखनऊ : मध्य प्रदेश हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम की ओर से अलीगंज स्थित ललित कला अकादमी में 21 फरवरी से तीन मार्च तक मृगनयनी प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। प्रदर्शनी के संदर्भ में एमएल शर्मा ने बताया कि इस प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण राम दरबार की मूर्तियां होंगी। उन्होंने बताया कि पंचधातुओं से बनी रामदरबार की मूर्तियां छह इंच से लेकर तीन फुट की होंगी। इनकी कीमत ग्यारह सौ रुपये से लेकर एक लाख 29 हजार तक होगी। इसी तरह से 1930 के डिजाइन वाली चंदेरी साड़ियां भी यहां मिलेंगी। यह साड़ियां सोने के तार से बनाई गई हैं। उन्होंने बताया कि अहिल्या बाई होल्कर की स्मृति में महेश्वरी हथकरघा की वस्तुएं प्रदर्शनी में होंगी। उज्जैन की बाटिक कला से बने दुपट्टे और साड़ियां भी मिलेंगी। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

मध्य कालीन शासकों ने अरबी-फारसी का प्रयोग किया

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य संग्रहालय और उत्तर प्रदेश पुरातत्व विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राज्य संग्रहालय के सभागार में 15 फरवरी से चल रही पुरालेख और पुरालिपि कार्यशाला में मंगलवार को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, नागपुर के सेवानिवृत्त निदेशक (पुरालेख) डॉ. जीएस ख्वाजा ने मध्य कालीन पुरालेख और पुरालिपि के विषय में व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि मध्य कालीन भारत में मुग़ल कालीन शासकों ने अपने अभिलेखों में अरबी और फारसी भाषा का प्रयोग करना शुरू कर दिया था। मध्य कालीन स्मारकों और सिक्कों में अरबी और फारसी भाषा में शाक का नाम और उनके कालक्रम के बारे में लिखा गया। इस कार्यशाला में पुरातत्व विभाग की निदेशक डॉ. रेनू द्विवेदी, राज्य संग्रहालय की सहायक निदेशक डॉ. मीनाक्षी खेमका, डॉ. अनीता चौरसिया, शारदा प्रसाद त्रिपाठी, अनुपमा सिंह, शशि कला राय और गायत्री गुप्ता की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

एफसीआई तीन जिलों में 14 केंद्रों पर खरीदेगा गेहूं

अमृत विचार, लखनऊ : 15 मार्च से शुरू हो रही गेहूं खरीद के लिए भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) लखनऊ, उन्नाव व रायबरेली में 14 केंद्र खोलेगा। तीनों जिलों में 10 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य रखा है। खरीद सुबह 9 से शाम 5 बजे तक की जाएगी। समर्थन मूल्य 2,275 प्रति क्विंटल सरकार ने निर्धारित किया है। जो पिछले वर्ष से 150 रुपये अधिक है। किसानों को 48 घंटे में भुगतान किया जाएगा। मंडल प्रबंधक ने किसानों से बिचौलियों से बचकर समर्थन मूल्य का लाभ उठाने और गेहूं खरीद के पंजीयन कराने की अपील की है। साथ ही असुविधा, घटतौली व शोषण समेत किसी भी तरह की शिकायत के लिए मोबाइल नंबर 8318905227 नंबर जारी किया है।

काट लिया प्रीमियम, नहीं कर पा रहे फसल बीमा

अमृत विचार, लखनऊ : प्रधानमंत्री फसल बीमा से रबी की फसल पूरी तरह से बीमित नहीं हो पाई हैं। प्रीमियम काटने के बाद से सिर्फ फीडिंग की तारीख बढ़ रही है और दूसरी तरफ फसलें कटने लगी हैं। रबी फसलों के लिए किसानों के खातों से काटा गया प्रीमियम अब तक बैंकें पोर्टल पर फीड नहीं कर पाई हैं। जो 15 फरवरी तक चालान जनरेट कर फीडिंग करना था। अब तारीख 21 फरवरी कर दी गई है। लेकिन, किसानों को लाभ होते नहीं दिख रहा है। क्योंकि, रबी फसलों का बीमा करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर से बढ़ाकर 15 जनवरी की गई थी। इस तिथि तक केसीसी खातों से बीमा करने के लिए प्रीमियम तो समय पर काट लिया। लेकिन, बीमा करने के लिए तय समय पर बैंकें काटे गए प्रीमियम का चालान जनरेट कर पोर्टल पर फीड नहीं कर पाई। जब तक पोर्टल पर फीडिंग नहीं तब तक फसलें बीमित नहीं। फीडिंग की तिथि भी 30 जनवरी से 15 फरवरी और अब 21 फरवरी की गई। लेकिन, रुपये काटने के बाद उतने किसानों की पोर्टल फीडिंग न होने से फसलें बीमित नहीं हो पाई है। इधर, फसलें कटने लगी हैं। इससे बैंकें सीधा फायदा बीमा कंपनियों को पहुंचाएंगी।

कार्यक्रम पद्मविभूषण गिरिजा देवी की स्मृति में संगीत नाटक अकादमी में पुष्पांजलि का आयोजन

पं. हरिप्रसाद चौरसिया की बांसुरी, मालिनी अवस्थी का गायन बना आकर्षण का केंद्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

पद्म विभूषण विदुषी गिरजादेवी की स्मृति में प्रस्तुति देते पं. हरिप्रसाद चौरसिया व मालिनी अवस्थी। अमृत विचार

अमृत विचार : प्रख्यात शास्त्रीय गायिका पद्मविभूषण गिरिजा देवी की स्मृति में संगीत नाटक अकादमी ने मंगलवार को संगीत के जरिये उन्हें पुष्पांजलि दी। अंतरराष्ट्रीय ख्याति के बांसुरी वादक पद्मविभूषण पं. हरिप्रसाद चौरसिया ने बांसुरी के जरिये गिरिजा देवी को स्वरांजलि दी तो कोलकाता से आये पं. कुमार बोस ने मनभावन तबला वादन के जरिये उन्हें याद किया।

गिरिजा देवी की प्रमुख शिष्या पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने यहां गिरिजा देवी की पसंद को ध्यान में रखकर गायन किया और अपनी गुरु को याद किया।

प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मालिनी अवस्थी, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, प्रमुख सचिव समाज कल्याण डॉ. हरिओम और संगीत नाटक अकादमी के निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर इस मौके पर विशेष रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर जयवीर सिंह ने कहा कि संगीत के बिना जीवन अधूरा है। हर कलाकार को साल में कम से कम तीन प्रस्तुतियां देने का प्रयास किया जा रहा है।

आज के आयोजन का प्रमुख आकर्षण बांसुरी सम्राट पद्मविभूषण पं. हरिप्रसाद चौरसिया रहे। बांसुरी को जैसे ही उन्होंने अपने होठों से लगाया और स्वरलहरियां बिखेरीं तो लगा कि जैसे समय ठहर गया हो। पद्मविभूषण गिरिजा देवी की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे कलाकार कभी-कभी ही पैदा होते हैं।

पं. हरिप्रसाद चौरसिया से पहले यहां पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने अपनी गुरु गिरिजा देवी को याद करते हुए सबसे पहले उनकी सिखाई हुई राग खम्बावती में निबद्ध ठुमरी होली खेलों मोसे नन्द लाल सुनाई। उन्होंने अपना प्रिय दादरा बहिया छोड़ो न बलम और रंग डालूंगी नन्द के लालन पे को उन्होंने बहुत अच्छे अंदाज में सुनाया। बैरन भई रतिया, बिना पिया निंदिया न आवे ओ रामा के बाद उन्होंने चैती बैरन रे कोयलिया तोहरी बोली न सुहाय सुनाकर लोगों को मुग्ध कर दिया। मालिनी अवस्थी ने अपना कार्यक्रम शुरू करने से पहले पद्मश्री राज बिसारिया और प्रो. कमला श्रीवास्तव को उन्होंने श्रद्धासुमन अर्पित किये। पुष्पांजलि की शुरुआत देश-दुनिया में अपने तबले का डंका बजा चुके पं. कुमार बोस के तबला वादन से हुई। उन्होंने कहा जिस मुल्क में संगीत नहीं होता वह युद्ध की भेंट चढ़ जाता है। उन्होंने तीन ताल मध्य लय में शानदार तबला वादन किया। पं. धर्मनाथ मिश्र के हारमोनियम की संगत में उन्होंने इस तरह से तबला वादन किया जैसे कि तबला और हार्मोनियम आपस में बातचीत कर रहे हों।

एक नजर

डीपी पर डीजीपी की फोटो लगा की जा रही पैसे की मांग

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार : पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार की वर्दी वाली फोटो व्हाट्सएप की डीपी पर लगाकर पैसे की मांग की जा रही है। डीजीपी कार्यालय की ओर से कहा गया है कि ऐसे प्रयास की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। डीजीपी कार्यालय की ओर से दी गई जानकारी में बताया गया है कि डीजीपी की बावर्दी फोटो का दुरुपयोग कर अपने व्हाट्सएप की डीपी में लगाकर कुछ अराजक तत्वों द्वारा कतिपय मोबाइल नंबरों से कुछ व्यक्तियों से अनुचित मांग की जा रही है। कार्यालय की ओर से कहा है डीजीपी द्वारा निजी या सरकारी मोबाइल नंबर पर अपनी व्हाट्सएप की डीपी में बावर्दी फोटो का प्रयोग नहीं किया जा रहा है और न ही व्हाट्सएप के माध्यम से कोई मांग की गई है।

झांसी, कानपुर और इटावा के क्षेत्रीय प्रबंधकों को नोटिस

अमृत विचार, लखनऊ : आजमगढ़, झांसी, कानपुर और इटावा क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधकों को न्यून प्रतिफल देने पर परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक ने कड़ी फटकार लगाई। साथ ही चेतावनी के साथ सुधारात्मक कार्यवाही के निर्देश दिये। परिवहन निगम मुख्यालय में मंगलवार को आयोजित हुई समीक्षा बैठक में कई अन्य क्षेत्रों के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को भी पतिफल सुधारने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य प्रधान प्रबंधक प्रशासन राम सिंह वर्मा, प्रधान प्रबंधक संचालन वन मनोज पुन्डीर, संचालल -2 मनोज कुमार, मुख्य प्रधान प्रबंधक प्राविधिक राजीव आनन्द, प्रधान प्रबंधक एसएल शर्मा और प्रधान प्रबंधक अजीत सिंह के साथ अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में लखनऊ, अयोध्या, वाराणसी, चित्रकूट, प्रयागराज, कानपुर, इटावा, गोरखपुर एवं आजमगढ़ क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधकों, सेवा प्रबंधकों एवं सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों की समीक्षा हुई। लखनऊ, अयोध्या, चित्रकूट एवं प्रयागराज क्षेत्र के संतोषजनक प्रतिफल प्राप्त हुए। उन्नाव, फजलगंज, विकासनगर, बेवर, शिकोहाबाद, फरुखाबाद, आलमबाग, अवध, बाराबंकी, अकबरपुर, अमेठी, बादशाहपुर, दोहरीघाट, बेल्थरा रोड, डॉ अंबेडकर, निचलौल, सिद्धार्थनगर, पडरौना, देवरिया एवं वाराणसी ग्रामीण डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को खराब प्रतिफल देने पर कड़ी चेतावनी दी गयी।

नाम वापसी : किसी प्रत्याशी ने वापस नहीं लिया नाम

राज्यसभा चुनाव : भाजपा आठवें और सपा तीसरे उम्मीदवार को जिताने के लिए जोड़तोड़ में लगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ राज्यसभा के लिए सभी उम्मीदवार मैदान में, चुनाव तय

अमृत विचार : प्रदेश में 10 राज्यसभा की सीटों मतदान होना तय है। मंगलवार को नाम वापसी के अंतिम दिन किसी ने नाम वापस नहीं लिया और 10 सीटों के लिए 11 उम्मीदवार रह गए हैं। सपा ने तीन और भाजपा ने 11 उम्मीदवार उतारे हैं। विधानसभा की गणित के अनुसार सपा को तीसरा उम्मीदवार जिताने के लिए चार वोट कम पड़ रहे हैं। वहीं, भाजपा को अपना आठवां प्रत्याशी जिताने के लिए नौ वोट चाहिए।

सपा की चिंता गठबंधन से अलग हुए रालोद और विधायक पल्लवी पटेल ने बढ़ा रखी है जिन्होंने सपा प्रत्याशी को वोट नहीं देने की घोषणा की है। इस बीच कांग्रेस से भी सपा का गठबंधन टूटने की कगार पर है। ऐसे में सपा को एक-एक वोट कीमती है जिसके लिए पार्टी प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम राजा भैया तक की चौखट तक मंगलवार को पहुंचे।

27 फरवरी को मतदान और परिणाम

राज्यसभा के लिए 27 फरवरी को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान होगा। इसके बाद मतगणना होगी और परिणाम सार्वजनिक किए जाएंगे। मंगलवार 20 फरवरी को उम्मीदवारों द्वारा अपना नामांकन वापस लिए जाने की आखिरी तारीख थी। किसी भी उम्मीदवार ने अपना पर्चा वापस नहीं लिया।

ये हैं भाजपा-सपा के 11 उम्मीदवार

राज्यसभा की 10 सीटों के लिए जिन 11 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए हैं, उनमें सपा से जया बच्चन, रामजी लाल सुमन, आलोक रंजन, जबकि भाजपा से कुंवर आरपीएन सिंह, सुधांशु त्रिवेदी, तेजवीर सिंह, साधना सिंह, अमरपाल मौर्य, संगीता, नवीन जैन और संजय सेठ शामिल हैं।

सपा को तीसरा उम्मीदवार जिताने को चाहिए चार वोट

राज्यसभा का एक प्रत्याशी जिताने के लिए 37 विधायकों की जरूरत है। सपा को तीनों को जिताने के लिए 37 गुणे तीन यानी 111 वोट चाहिए। सपा के 108 विधायक पिछले विधानसभा चुनाव में जीते थे। इसमें से दो विधायक रमाकांत यादव और इरफान सोलंकी इन दिनों जेल में हैं। विधायक पल्लवी पटेल ने वोट नहीं देने की बात कही है। ऐसे में सपा के तीन विधायक कम होकर 105 ही रह जाते हैं। अगर अब भी कांग्रेस के दो विधायक सपा के पक्ष में वोट कर दें तो सपा के पास 107 विधायक हो जाएंगे। कांग्रेस का वोट मिलने के बाद भी 4 वोटों की जरूरत सपा को होगी। इस बीच राजा भैया ने अखिलेश से हाथ मिला लिया तो उनके दो और विधायकों का वोट मिलने पर सपा खाते में 109 वोट आ जाएंगे। यानी दो वोट तब भी कम ही पड़ेंगे। अब अगर रालोद से दो-तीन विधायकों की अप्रत्याशित मदद सपा को मिली तो बात बन जाएगी।

भाजपा को भी आठवां प्रत्याशी जिताने को चाहिए नौ वोट

दूसरी ओर भाजपा को भी अपना आठवां प्रत्याशी जिताने के लिए नौ वोटों की जरूरत है। भाजपा को अपने सभी उम्मीदवारों को जिताने के लिए 296 वोटों की जरूरत है। गणित समझें तो भाजपा के पास 252 विधायक हैं। सहयोगी अपना दल के पास 13, रालोद के पास 9, निषाद पार्टी के पास 6, सुभासपा के पास 5 (अब्बास अंसारी को छोड़कर) और राजा भैया की जनसत्ता दल 2 को भी जोड़ लें तो 287 मत हैं। यानी नौ वोट कम हैं।

भाई की जगह चाचा को टिकट देने के हैं राजनीतिक मायने

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी की लोस उम्मीदवार की मंगलवार को आयी तीसरी सूची में बदायूं में धर्मेंद्र यादव का टिकट बदलने के मायने तलाशे जा रहे हैं। समझा जा रहा है कि स्वामी प्रसाद मौर्य के पार्टी छोड़ने के कारण अचानक यह निर्णय पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने लिया है। शिवपाल यादव जहां अखिलेश यादव के चाचा हैं, वहीं धर्मेंद्र यादव उनके चचेरे भाई हैं।

बदायूं से स्वामी प्रसाद मौर्य की ही बेटी संघमित्रा सांसद हैं। पिता के विवादित बयानों का खामियाजा अगर भुगतना पड़ा तो उन्हें भाजपा से टिकट मिलने पर संशय है। इस स्थिति में अगर पिता और पुत्री नयी पार्टी बनाकर सपा के खिलाफ प्रचार करना भी करना चाहें तो सपा प्रमुख की नजर में शिवपाल यादव ज्यादा मजबूत साबित होंगे। दरअसल, बदायूं को पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के गढ़ के रूप में देखा जाता रहा है। ऐसे में अब शिवपाल पर इस सीट को जीतने की जिम्मेदारी दे दी गई है। लोस चुनाव 2019 में भाजपा की संघमित्रा मौर्य ने इस सीट पर जीत दर्ज की थी। उन्होंने सपा के धर्मेंद्र यादव को हराया था। अब धर्मेंद्र यादव को संगठन की जिम्मेदारी दी गई है। सपा की ताजा सूची में उन्हें कन्नौज और आजमगढ़ लोकसभा सीट का प्रभारी बनाया गया है। माना जा रहा है कि इन दोनों सीटों पर जीत का समीकरण तैयार करने की जिम्मेदारी धर्मेंद्र पर होगी। कन्नौज से अखिलेश यादव के चुनावी मैदान में उतरने की चर्चा है।

सपा ने ऐन मौके पर कांग्रेस पर बनाया दबाव

प्रधानमंत्री वाराणसी सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। यहां से पिछली दो बार कांग्रेस के अजय राय चुनाव लड़ चुके हैं। चूंकि, अभी तक कांग्रेस और सपा के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर बातचीत पूरी नहीं हो सकी है, ऐसे में सपा की ओर से वाराणसी से उम्मीदवार घोषित करने को कांग्रेस पर दबाव बनाने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है।

एक सप्ताह में करें शिकायतों का निस्तारण

▸▸ संपूर्ण समाधान दिवस में 48 प्रकरणों का हुआ निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस पर आने वाली शिकायतों का एक सप्ताह के भीतर समाधान किया जाए। शिकायतों के निस्तारण में अगर कोई समस्या है तो उसकी जानकारी दी जाए। समाधान दिवस में मंगलवार को 48 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

संपूर्ण समाधान दिवसों में तहसील सदर में 29 में 5 प्रकरण का निस्तारण प्रकरण का निस्तारण हुआ। तहसील मलिहाबाद में 58 में 6, बक्शी का तालाब में 128 में 25, मोहनलालगंज में 89 में 6 और सरोजनीनगर में 96 में 6 प्रकरण का निस्तारण किया गया। शेष प्रकरणों को समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया। समाधान दिवस में पुलिस 67, राजस्व एवं पुलिस संयुक्त 08, राजस्व 172, विकास 31, शिक्षा 01, समाज कल्याण 25, चिकित्सा 05 और अन्य मामलों से संबंधित 91 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए है।

मलिहाबाद में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते कोटेदार। अमृत विचार

किसान यूनियन व कोटेदारों ने सौंपा ज्ञापन

अमृत विचार, मलिहाबाद : तहसील में समाधान दिवस का तहसीलदार की अध्यक्षता में आयोजन हुआ। भारतीय किसान यूनियन (आर0) लोकतांत्रिक के जिला अध्यक्ष अतुल कुमार ने 16 सूत्रीय मांगों को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि आम्रपाली वाटर पार्क स्थित बन रहे बहुमंज़िला इमारात पर कोर्ट द्वारा रोक लगाए जाने के बाद भी निर्माण कार्य जारी है। जबकि फल पट्टी सहित हरित पट्टी होने के के कारण यहां बहुमंजिला इमारत बनाने पर रोक है। इसी तरह कोटेदारों ने राशन वितरण में मशीन में आ रही दिक्कत से के चलते मशीनें ठीक कराने की मांग करते हुए नौ सूत्री ज्ञापन तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

कोटेदारों का कहना है कि ई पॉस मशीन से राशन वितरण नहीं हो पा रहा है। वहीं प्रार्थना पत्र देते हुए रामरानी निवासी पहाड़पुर ने बताया कि उनका मकान कच्चा व छप्पर डालकर अपने परिवार के साथ रह रही है। उसके पास भूमि भी नहीं है लेकिन आज तक प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिला है।

पीजीआई के ट्रामा सेंटर में हंगामा, चार हिरासत में

अमृत विचार, लखनऊ : पीजीआई के अपेक्स ट्रामा सेंटर में मंगलवार देर रात नशे की हालत में कार सवार चार युवकों ने जमकर बवाल किया। विरोध करने पर डाक्टरों के साथ मारपीट कर मोबाइल तोड़ दिया। पुलिस ने विवाद को शांत कराने के बाद चारों को हिरासत में ले लिया। मिली जानकारी के मुताबिक साढ़े 11 बजे के करीब कार सवार चार युवक नशे की हालत में किसी मरीज को देखने के लिए पहुंचे थे। गार्ड न मिलने का समय न होने का हवाला देते हुए मना कर दिया। इस पर चारों ने अभद्रता शुरु कर दी। पहले गार्ड के साथ मारपीट की। इसके बाद चारो परिसर के अंदर घुस गए। वहां मौजूद डाक्टरों ने विरोध किया तो उनसे भी अभद्रता शुरु कर मारपीट करने लगे। वीडियो बनाने पर मोबाइल तोड़ दिया। इस मामले में इंस्पेक्टर ब्रजेश चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि चारो के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद सुलतानपुर

पत्रांक: 10657 न0पा0परि0सुल0/2023-24 दिनांक: 19 फरवरी, 2024

अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद सुलतानपुर द्वारा 15वें वित्त आयोग मद अन्तर्गत निर्माण कराये जाने हेतु पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से दिनांक-19/2/24 से दिनांक- 29/2/24.. दोपहर 12: 00 बजे तक ई-निविदा के माध्यम से ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन अपराह्न 2: 00 बजे नगर बजे नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के सभाकक्ष में खोली जायेगी। सम्बन्धित निविदा बेबसाइट etender.up.nic.in से डाउनलोड / अपलोड तथा शर्तो की जानकारी की जा सकती है।

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, सुलतानपुर — अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, सुलतानपुर

समय बचा कम... कैसे पूरा होगा लक्ष्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ प्रदेश के 75 जिलों में 1,15,000 जोड़ों का विवाह कराने का है लक्ष्य

▸▸ अभी तक 71 हजार जोड़ों के हो सके हैं विवाह

अमृत विचार : मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत प्रदेश में मिले लक्ष्य को पूरा करना समाज कल्याण विभाग के लिए चुनौती है। आचार संहिता लगने से पहले विभाग को 44 हजार जोड़ों का विवाह कराना है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 51 हजार रुपये प्रत्येक जोड़े के विवाह पर खर्च किए जाते हैं। इसमें 35 हजार रुपये की धनराशि कन्या के खाते में जमा की जाती है। इस बार प्रदेश के 75 जिलों में 1 लाख 15 हजार जोड़ों का मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत विवाह कराने का लक्ष्य रखा गया था। अभी तक 71 हजार जोड़ों का विवाह कराया जा चुका है और 50 हजार से अधिक जोड़ों के विवाह आयोजन में खर्च हुई धनराशि का भुगतान किया जा चुका है। फरवरी माह के नौ दिन शेष बचे हैं और मार्च के पहले सप्ताह के बाद कभी भी आचार संहिता लग सकती है। समाज कल्याण विभाग को आचार संहिता लगने से पहले लक्ष्य हासिल करना होगा। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने सभी जिला समाज कल्याण अधिकारियों को लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

10-15 साल के बच्चों को हो रही गॉल ब्लैडर में पथरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ केजीएमयू में हुई कार्यशाला में विशेषज्ञों ने दी जानकारी

अमृत विचार : कुछ समय पहले तक अमूमन 40 साल से अधिक उम्र के लोगों को गॉल ब्लैडर की पथरी होती थी, लेकिन अब 10 से 15 साल के बच्चों के भी गॉल ब्लैडर में पथरी होना आम बात हो गई है। जिसने डॉक्टरों की चिंता बढ़ा दी है। इसकी एक वजह खान-पान, जीवनशैली और अनुवांशिक कारण भी हो सकते हैं। यह जानकारी केजीएमयू जनरल सर्जरी विभाग के डॉ. अवनीश कुमार ने दी। वह मंगलवार को जनरल सर्जरी विभाग के प्रेक्षागृह में सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। डॉ. अवनीश कुमार ने कहा कि गॉल ब्लैडर में पथरी की परेशानी तेजी से बढ़ रही है। खासतौर पर तराई वाले इलाके ज्यादा प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि टॉइड फाइड से उबरे लोगों को अधिक संजीदा रहने की जरूरत है। ऐसे लोगों में गॉल ब्लैडर में पथरी की आशंका बढ़ जाती है। लिहाजा पेट में दर्द आदि समस्या होने पर डॉक्टर की सलाह पर जांच कराएं।

विभाग के अध्यक्ष डॉ. अभिनव अरुण सोनकर ने बताया कि गॉल ब्लैडर में पथरी के मामलों में तेजी से इजाफा हो रहा है। उन्होंने बताया कि विभाग में वर्ष 2022-23 में 700 से 800 गॉल ब्लैडर के ऑपरेशन हुए थे। जबकि 2023-24 में 1500 से अधिक मरीजों के ऑपरेशन हुए हैं। डॉ. कुशाग्र भटनागर ने बताया कि इलाज में देरी से पथरी कैंसर में तब्दील हो सकती है। उन्होंने बताया कि गॉल ब्लैडर कैंसर से पीड़ित 90 प्रतिशत मरीजों में पथरी पाई गई है। इसलिए पथरी का पता चलते ही तुरंत इलाज कराना चाहिए। डॉ. सुरेंद्र कुमार ने कहा कि गॉल ब्लैडर में तीन सेंटीमीटर से बड़ी पथरी वाले मरीजों को अधिक वसा वाली वस्तुओं के सेवन से परहेज करें। वजन काबू में रखें। पथरी की वजह से संक्रमण भी हो सकता है। गॉल ब्लैडर की परत में भी बदलाव हो सकता है। उन्होंने बताया कि लैप्रोस्कोप (दूरबीन विधि) से गॉल ब्लैडर का ऑपरेशन किया जा सकता है।

कार्यालय नगरपालिका परिषद, बहराइच

पत्रांक-944/15वां वि0आ0 (टाइड ग्रा0) / स्टाम्प शुल्क / नि0कार्य / ई-टेण्डर / 2023-24 दिनांक : 16 फरवरी, 2024

ई-निविदा सूचना

इस कार्यालय के पत्रांक 943/ 15वां वि0आ0 (टाइड ग्रां0) / स्टाम्प शुल्क/नि0कार्य/ई-टेण्डर/ 2023-24 द्वारा 15वां वित्त आयोग टाइड ग्रांट/स्टाम्प शुल्क के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 में नगर पालिका परिषद, बहराइच के स्वीकृत कार्यो में से निर्माण कार्य हेतु आनलाइन निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर दिनांक 19.02.2024 को अपरान्ह 2: 30 बजे से दिनांक 11.03.2024 को अपरान्ह 3: 00 बजे तक निर्माण कार्यो के लिए वर्ष 2023-24 में नगरपालिका परिषद, बहराइच के साथ-साथ अन्य विभागों में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों/फर्मो से प्रतिशत दर के आधार पर नियम एवं शर्तो के अधीन आमंन्त्रित की जाती है। उक्त अवधि में ही ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर डाउनलोड करके अपलोड की जा सकती है। कार्य की 10 प्रतिशत जमानत धनराशि एवं निविदा मूल्य अलग-अलग आर0टी0जी0एस0 / नेफ्ट के माध्यम से नगरपालिका परिषद बहराइच के इण्डियन बैंक शाखा डिगिहा स्थित खाता संख्या 50383894033 IFS code IDIB0000601 में जमा की जायेगी। आनलाइन अपलोड की गयी प्रत्येक निविदा से सम्बंधित अभिलेखो (जैसे जमानत धनराशि / निविदा मूल्य जमा रसीद, हैसियत/चरित्र प्रमाण पत्र / पंजीकरण प्रमाण पत्र इत्यादि) को ई-टेण्डर पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 11.03.2024 को अपरान्ह 4: 00 बजे आनलाइन खोली जायेगी। अपलोड की गयी ई-निविदाओं में से किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष नगरपालिका परिषद बहराइच को होगा। तकनीकी बिड में अर्ह पाये गये निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदायें आनलाइन ई-टेण्डर पोर्टल पर खोलने हेतु अपलोड की जायेंगी।

(प्रमिता सिंह) अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका परिषद बहराइच — (सुधा देवी) अध्यक्ष नगरपालिका परिषद बहराइच

बावन चुंगी पर हुए हंगामे में फायरिंग से मची भगदड़

हरदोई, अमृत विचार : कहासुनी के बाद हुए बवाल और फायरिंग होने लगी। बीच आबादी में फायरिंग होने से वहां दहशत फैल गई। बवाल करने वालों के खिलाफ गुस्साए लोग सड़क पर आकर नारेबाज़ी करने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर मामला शांत कराया। बताया गया है कि तीन दिन पहले कोतवाली शहर इलाके के बावन चुंगी निवासी दीपक और रानू शुक्ला के बीच कुछ कहासुनी हो गई थी। जैसा कि दीपक का आरोप है कि उसी बात पर सोमवार कई शाम को रानू शुक्ला उसके मकान पर पहुंचा और उसे गाली-गलौज करते हुए ताबड़तोड़ फायरिंग करने लगा।

लोहिया पार्क चौराहे की ओर आने वाले मार्ग पर लगा भीषण जाम, राहगीरों को हुईं काफी दिक्कतें। अमृत विचार

रामलीला में कलाकारों ने सीता हरण का किया मंचन

अमृत विचार, हरदोई। नुमाइश मैदान में चल रही रामलीला में मंगलवार को सीता हरण की लीला का मंचन किया गया। लीला में दर्शाया गया कि रावण मारीच को सोने का हिरण बना। रावण साधु का भेष बना कर कुटिया के समीप जाकर माता सीता को अकेली देख कर भिच्छा मांगने पहुंच जाता है। माता सीता को कुटिया से बाहर बुला कर अपने रथ पर चढ़ा कर चल देता है। रास्ते में गिद्धराज को पता चलता है वह रावण को रोकता है, जिस पर उसका रावण से युद्ध होता है। युद्ध में रावण उसे घायल कर आगे बढ़ जाता है। उधर प्रभु श्री राम और लछ्मण कुटिया पर आते हैं और देखते हैं कि माता सीता कुटिया में नहीं है।

कार्यालय-नगर पंचायत जहाँगीरगंज- अम्बेडकरनगर

पत्रांक- 800/15वांविअ0/न0पं0जहॉ0/विज्ञापन/2023-24 दिनांक - 20/02/2024

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

नगर पंचायत जहॉगीरगंज, जनपद-अम्बेडकरनगर में अधोहस्ताक्षरी के द्वारा 15वां वित्त आयोग (अनटाडड ग्रांट) योजना की संस्तुतियों के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से जिलाधिकारी महोदय की स्वीकृति के उपरान्त निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत /इच्छुक एवं अनुभवी ठेकेदारों से आनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्यो हेतु निविदा 21.02.2024 को 02:00 बजे से दिनांक 27.02.2024 को 02:00 बजे तक ऑनलाइन वेबसाइट http//etender.up.nic.up पर अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदायें दिनांक 28.02.2024 को 02:00 बजे खोली जायेगी। जिसे सम्बन्धित वेबसाइट http//etender.up.nic.up पर देखा जा सकता है।

किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदा शुल्क आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से बैंक का नामः- यूनियन बैंक आफ इण्डिया शाखा-जहाँगीरगंज, खाता संख्या 693302010018565, आई0एफ0एस0सी0 कोड-(UBIN0569330) तथा 10 प्रतिशत जमानत धनराशि को आर0टी0 जी0एस0 के माध्यम सेबैंक का नामः- यूनियन बैंक आफ इण्डिया शाखा-जहाँगीरगंज, खाता संख्या693302010018565, आई0एफ0एस0सी0 कोड-(UBIN0569330) में जमा करना होगा। निविदा शुल्क तथा धरोहर की धनराशि अन्य किसी माध्यम से स्वीकार नहीं की जायेगी। बिना जमानत धनराशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। कार्यो का आगणन व विवरण, नियम व शर्ते तथा अन्य जानकारी कार्यालय नगर पंचायत जहॉगीरगंज, जनपद-अम्बेडकरनगर में किसी भी कार्य दिवस में देखी व प्राप्त की जा सकती है। निविदादाता को निविदा की समस्त नियम व शर्तो का पालन करना अनिवार्य होगा। किसी कारणवश अवकाश होने तथा तकनीकी खराबी होने पर ई-निविदा अगले कार्य दिवस को खोली जायेगी।

विनय कुमार द्विवेदी, अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत जहॉगीरगंज, अम्बेडकरनगर — सुनीता, अध्यक्ष, नगर पंचायत जहॉगीरगंज, अम्बेडकरनगर

लाभार्थी जनसंपर्क अभियान को लेकर कार्यशाला आयोजित

संडीला, हरदोई

अमृत विचार। नगर में लाभार्थी जनसंपर्क अभियान की कार्यशाला सम्पन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि संजय गुप्ता (क्षेत्रीय मंत्री व मण्डल प्रभारी) रहे। कार्यशाला की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष रमन नितीश जायसवाल ने की।

मण्डल अध्यक्ष रमन नितीश जायसवाल ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के विधायक, सांसद, सदस्य विधान परिषद सदस्य, प्रदेश से लेकर मण्डल तक वर्तमान व पूर्व पदाधिकारी 50 बूथों पर जाकर लाभार्थी से सम्पंर्क करके फोटो लेकर सरल एप्प के माध्यम से फोटो अपलोड करना है।

कार्यशाला में लाभार्थी को सम्मानित करते भाजपा नेता। अमृत विचार

इस अवसर पर लोक सभा सह संयोजक अतुल तिवारी, जिला उपाध्यक्ष सिद्ध प्रताप मौर्या, ओबीसी मोर्चा के क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र रठौर, महामंत्री ऋषभ खन्ना, मण्डल उपाध्यक्ष नरेश अर्कवंशी, सौरभ गुप्ता, शिवम् सिंह, दीपक गुप्ता सहित कार्यशाला में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी व मण्डल पदाधिकारी अभियान संयोजक व सहसंयोजक, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ संयोजक मौजूद रहे। संचालन महामंत्री अमित कुमार शर्मा ने किया।

हरियावां संवाददाता के अनुसार ब्लाक सभागार मे भाजपा लाभार्थी संपर्क अभियान की मंडल बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का शुभारम्भ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री अवध क्षेत्र भाजपा अनु मोर्चा पीके वर्मा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय व् श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर किया गया। श्री वर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास व् सबका प्रयास के मूलमंत्र से कार्य करती है। पार्टी की विचारधारा को लाभार्थी सम्मेलन के माध्यम से जन-जन तक पहुंचना हम सभी का दायित्व है। भाजपा सरकार ने जनहित की योजनाओं को धरातल पर उतार कर जनता से किए गए वायदों को पूरा किया है। उन्होंने उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक एवं मंडल पदाधिकारियों से भाजपा सरकार के द्वारा संचालित अभियानों व् जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हुए लाभार्थियों से संपर्क करने को कहा। बैठक में जिलाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा महिपाल गौतम, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरियावां रामप्रताप सिंह, मंडल महामंत्री इंद्रेश मिश्रा सहित अनेक भाजपाई मौजूद रहे।

अब बिना पूरा राशन दिए काम नहीं करेगी कोटेदार की ई-पास मशीन

योजना

- मार्च से इलेक्ट्रॉनिक कांटे से लिंक मशीन से मिलेगा अनाज
- 1389 कोटे की दुकानों पर पहुंच चुकी हैं वेइंग मशीनें

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत राशन कार्ड धारकों को मिलने वाले खाद्यान्न में घटतौली को रोकने के लिए शासन ने नई व्यवस्था शुरू की है। इसके तहत अब कोटेदार के कांटे को ई-पास मशीन से लिंक कर दिया है। यह मशीनें भी जिला पूर्ति विभाग के माध्यम से सभी कोटे की दुकानों पर पहुंचा दी गई हैं। साथ ही इन मशीनों को इंस्ट्रॉल किया जा रहा है। अगले माह से अब इसी मशीन से कोटेदार अनाज का वितरण करेंगे। इससे जितने यूनिट का बॉयोमीट्रिक सत्यापन होगा, उतने ही राशन की तौल की जा सकेगी। बताया जा रहा है कि इस नई व्यवस्था से घटतौली पर पूरी तरह से लगाम लगेगी। अब ई-पॉस मशीनों को ई-कांटे से लिंक गया है। जिले के आपूर्ति विभाग को उपकरण मिल चुके हैं जिन्हें तहसीलवार कोटे की दुकानों पर भेजकर इंस्ट्रॉल किया जा रहा है। नगर क्षेत्र की 103 तो ग्रामीण क्षेत्र की 1288 कोटे की दुकानों से प्रतिमाह निर्धारित मात्रा पर पात्र गृहस्थी और अंत्योदय श्रेणी के कुल 6 लाख 39 हजार 127 कार्डधारकों को अनाज का वितरण किया जा रहा है। कार्डधारकों को पूरा अनाज मिल सके और कोटेदारों द्वारा घटतौली न किया जा सके, इसके लिए शासन द्वारा नई व्यवस्था के अनुसार पॉस मशीन से लिंक इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीनों की खेप जिले में आने के बाद उन्हें सभी कोटे की दुकानों पर भेजा गया है। इस ई-कांटे से तौल किए गए खाद्यान्न की सूचना सीधे वेबसाइट पर प्रदर्शित होगी। लाभार्थी खाद्यान्न की पावती भी मांग सकेंगे और उनके पंजीकृत मोबाइल पर भी मैसेज आएगा। ई-कांटे से लिंक ई-पास मशीनें फिंगरप्रिंट व आई स्कैनर से युक्त रहेंगी। कम मात्रा होने पर मशीन खाद्यान्न के तौल की स्वीकृति ही नहीं प्रदान करेंगी। इसमें कार्ड धारक का ई-पॉस मशीन अगूंठा लगाते ही इलेक्ट्रानिक वेइंग मशीन में चावल व गेहूं का वजन फीड हो जाएगा। नए सिस्टम में किस तरह अंगूठा लगवाना है और किस प्रकार अनाज तौलना है, इसके लिए सभी राशन विक्रेताओं को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा जिससे उन्हें कोई परेशानी न हो।

सिरौलीगौसपुर तहसील क्षेत्र में तौल मशीनों को इंस्टॉल करते बांट-माप अधिकारी।

आंकड़ों पर नजर

पात्र गृहस्थी राशनकार्ड	5,25,324
पात्र गृहस्थी लाभार्थी	22,68,964
अंत्योदय राशन कार्ड	1,13,803
अंत्योदय लाभार्थी	3,59,713
कुल राशनकार्ड	6,39,127
कुल-लाभार्थी	26,28,677
कोटे की दुकानें	1389

मशीन में छेड़छाड़ की नहीं रहेगी गुंजाइश

तौल मशीनों को इंस्टॉल के साथ कैलीब्रेशन किया जा रहा है। अब तक रामनगर में 140, सिरौलीगौसपुर में 136, हैदरगढ़ तहसील क्षेत्र में 270 मशीनों को तैयार कर दिया गया है। सिलिंग की कार्रवाई चल रही है। वहीं, नवाबगंज में सबसे अधिक 388 के अलावा रामसनेहीघाट और फतेहपुर में इन मशीनों को इंस्टॉल के साथ कैलीब्रेशन का काम इसी माह पूरा कर लिया जाएगा। सिलिंग के बाद मशीन में किसी प्रकार की छेड़छाड़ की गुंजाइश नहीं रहेगी। -**ध्रुव कुमार**, विधिक बांटमाप अधिकारी

फंदे पर लटका मिला महिला का शव, हत्या के आरोप पर केस किया गया दर्ज

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : संदिग्ध परिस्थितियों में घर के कमरे में मंगलवार को एक महिला का शव फंदे से लटका मिला। जानकारी मिलते ही परिजन उसे उतारकर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मायके वालों की तहरीर पर पुलिस ने दहेज हत्या का केस दर्ज किया। मामला रामनगर थाना क्षेत्र के थल खुर्द गांव का है। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के पंडित पुरवा निवासी अंशु देवी (20) का विवाह पिछले साल मई में रामनगर थाने के थल खुर्द निवासी संदीप से हुआ था। अंशु का शव मंगलवार को कमरे में फंदे से लटका मिला। सूचना मिलने पर पहुंचे मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाया। प्रभारी निरीक्षक रत्नेश कुमार पांडेय ने बताया कि दहेज हत्या का केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

शिकायतों के निस्तारण में लाभार्थी की संतुष्टि जरूरी

संपूर्ण समाधान दिवस पर डीएम ने अफसरों को दिए निर्देश, 129 प्रार्थना पत्रों में मात्र दो का निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को तहसील नवाबगंज के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी जिलास्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप जो समय सीमा समस्याओं का निस्तारण सरकार की गाइडलाइन के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि निस्तारण के साथ-साथ लाभार्थी को संतुष्टि भी मिलनी चाहिए। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 129 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें मौके पर दो का निस्तारण कराया गया। राजस्व विभाग से संबंधित 70, पुलिस के 25, विकास के 10, शिक्षा के 4 समेत अन्य विभागों से संबंधित 20 प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत हुए। वहीं, सर्वजन दवा सेवन (आईडीए) अभियान के अंतर्गत सीएमओ की टीम द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस पहुंचकर जिलाधिकारी सहित उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को दवा का सेवन कराया गया। इस मौके पर एएसपी दक्षिणी डॉ.अखिलेश नारायण सिंह, एसडीएम सदर विजय त्रिवेदी, पीडी मनीष कुमार, डीडीओ भूषण कुमार समेत सभी जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

नवाबगंज तहसील में जन-शिकायतें सुनते हुए जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार।

रामनगर में सीडीओ ने सुनी लोगों की समस्याएं

रामनगर तहसील सभागार में सीडीओ ए सुथन की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान 51 शिकायतें आईं जिनमें से 5 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। सीडीओ ने अधिकारियों से कहा कि प्रार्थना-पत्रों के निस्तारण में तेजी लाएं और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण ढंग से निस्तारण करें। इस मौके पर एसडीएम पवन कुमार, सीओ आलोक पाठक, प्रभारी निरीक्षक रत्नेश पांडेय सहित सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। उधर, तहसील रामसनेहीघाट के सभागार में एसडीएम रामआसरे वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुए समाधान दिवस में राजस्व के 14, पुलिस के 8, विकास के 10, पूर्ति का एक, नगर पंचायत के 4 व विद्युत विभाग के 3 मामलों सहित कुल 40 प्रार्थना-पत्र आए। इनमें से राजस्व संबंधित तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इसके अलावा, पारिजात सभागार सिरौलीगौसपुर में तहसीलदार वैशाली अहलावत की अध्यक्षता में आयोजित हुए समाधान दिवस में 76 शिकायती प्रार्थना-पत्र आए। इनमें से तीन का मौके पर ही निस्तारण किया गया। वहीं, फतेहपुर तहसील में भी एसडीएम की मौजूदगी में फरियादियों की शिकायतों का निस्तारण कराया गया।

मारपीट में सगे भाइयों समेत 4 को कैद

बाराबंकी कार्यालय

अदालत से

- विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की अदालत ने 3-3 साल के कठोर कारावास की सुनाई सजा

अमृत विचार : मारपीट के मामले में तीन सगे भाइयों समेत 4 दोषियों को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की अदालत ने 3-3 वर्ष के कठोर कारावास और 27 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। छेड़खानी व पॉक्सो एक्ट से अभियुक्तों को दोषमुक्त किया।

मामला रामनगर थाना क्षेत्र के बडनपुर का है। 6 साल पहले 20 जून 2017 को यहां के निवासी फुक्कन उर्फ प्रदीप मिश्रा ने थाने में तहरीर देकर रवि व उसके भाई अरूण, अजय व पिता जगदीश, बनवारी और पंकज पर एक राय होकर अस्त्र-शस्त्र के साथ मारपीट की सूचनी दी। पुलिस ने मारपीट, बलवा, धमकी, छेड़खानी व पॉक्सो एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया। विवेचक ने अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। मामले की सुनवाई कर रही अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की अदालत ने गवाहों के बयान व साक्ष्यों के आधार पर रवि, उसके भाई अरुण व अजय के साथ बनवारी को सजा सुनाई। छेडखानी और पॉक्सो एक्ट में दोषमुक्त किया। अभियुक्त जगदीश और पंकज की दौरान मुकदमा मौत हो चुकी है।

तस्कर को छह माह की कैद, दो हजार जुर्माना

बाराबंकी, अमृत विचार : मादक पदार्थ की तस्करी के दोषी को एपडीपीएस एक्ट की अदालत ने 6 माह की कैद व दो हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। मामला कोठी थाना क्षेत्र का है। दो वर्ष पहले कोठी पुलिस ने लखनऊ के अलीगंज थाना क्षेत्र के त्रिवेणीनगर निवासी विक्रम सिंह उर्फ प्रताप विक्रम सिंह को 40 ग्राम मार्फीन के साथ दबोचा था। एनडीपीएस एक्ट का केस दर्ज कर जेल भेजा। विवेचक ने साक्ष्यों का संकलन कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। सुनवाई कर रही अपर जिला सत्र न्यायाधीश (एनडीपीएसएक्ट) की अदालत ने गवाहों के बयान व साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त विक्रम को दोषी मानते हुए सजा सुनाई।

एक नजर

साइकिल सवार बालक को ट्रैक्टर ने रौंदा, मौत

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : पंचायत भवन के सामने साइकिल से जा रहे बालक को तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने रौंद दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना सफदरगंज थाना क्षेत्र के सैदनपुर गांव की है। यहां के निवासी वसीम का परिवार लखनऊ में रहता है। कुछ दिन पहले 10 वर्षीय बेटा दानिश गांव आया था। मंगलवार को दानिश पंचायत भवन के पास साइकिल चला रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बालक को रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची सफदरगंज पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली कब्जे में लेकर छानबीन की।

घर में घुसकर की महिला से छेड़छाड़

सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : मोहम्मदपुर खाला थाने में कोर्ट के आदेश पर सोमवार को 7 लोगो के विरुद्ध घर में घुसकर छेड़छाड़ व लूट सहित गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है। केस दर्ज कराने वाली महिला का आरोप है कि जब वह घर में अकेली थी तभी सातों लोगो ने आकर छेड़छाड़ की। विरोध करने पर सभी ने मारपीट करते हुए मंगलसूत्र लूट लिया। इलाके के सौरंगा गांव निवासी महिला ने बताया कि वह 4 अक्टूबर 2023 को जब घर पर थी तभी पड़ोसी इरशाद आया और हंसी-मजाक के साथ छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर अपने परिवार के मुन्ना, दोस्त मोहम्मद, कुर्बान, अनीस आदि के साथ मिलकर घर में घुसकर तोड़फोड़ करते हुए मारापीटा और जाते वक्त मंगलसूत्र छीन ले गए। आरोप है कि चौकी से लेकर थाने तक चक्कर लगाए पर कार्रवाई नहीं हुई। अंत में उसने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर घटना के 4 माह और 14 दिन बाद केस दर्ज हुआ।

हत्या, पॉक्सो एक्ट व गैंगस्टर के मुकदमों में करें प्रभावी पैरवी

बाराबंकी, अमृत विचार : मॉनीटरिंग सेल, माफिया सेल, थानों के पैरोकार और कोर्ट मोहर्रिर की गोष्ठी मंगलवार को पुलिस लाइन के सभागार में एसपी दिनेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें 2014 से अब तक के लोकसभा व विधासभा के चुनाव में दर्ज मुकदमों की अद्यतन स्थित की जानकारी ली गई। वहीं, अभियोगों की सघन पैरवी के निर्देश दिए गए। एसपी ने सभी पैरोकार व कोर्ट मोहर्रिर को समय से न्यायालय पहुंचकर आदेशों व निर्देशों के अनुपालन करने में कोताही न बरतने के निर्देश दिए।

एसपी ने कहा कि विचाराधीन मुकदमों में समय से गवाहों के लिए सम्मन और वारंट भेजने के साथ तामीलाशुदा सम्मन न्यायालय में प्रस्तुत करें। हत्या, पॉक्सो एक्ट या महिला संबंधित मुकदमें, गोकशी, गोतस्करी, गैंगस्टर और मादक पदार्थों की तस्करी जैसे मामलों में प्रभावी पैरवी कर गवाहों को अदालत में समय से पेश करें, ताकि अधिक से अधिक मुकदमों में अभियुक्तों को सजा दिलाई जा सके। जिन मुकदमों में गवाह कमजोर हैं, उनकी भी समीक्षा की गई। एसपी ने सभी पैरोकारों व कोर्ट मोहर्रिर को हिदायत दी कि पुलिस स्तर से न्यायालय के कार्य में किसी प्रकार का विलंब न हो। इस दौरान कई अधिकारी मौजूद रहे।

ओवरलोड ट्रक पलटा, बाइक सवार घायल

सूरतगंज, बाराबंकी

अमृत विचार : मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के सूरतगंज-हेतमापुर मार्ग पर गन्ने से लदा ओवरलोड ट्रक पलट गया। चपेट में आकर एक बाइक सवार घायल हो गया। हादसा बभनावा गांव के पास हुआ।

गन्ना लदा ओवरलोड ट्रक लालपुर गन्ना क्रय केंद्र से हैदरगढ़ चीनी मिल जा रहा था। बभनावा गांव के पास ट्रक पलट गया। चपेट में आने से बाइक सवार रिछला निवासी कुर्बान (25) ने किसी तरह कूदकर अपनी जान बचाई। उसकी बाइक ट्रक के नीचे दब गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार इसी मार्ग से गन्ने से भरे ओवरलोड ट्रक निकलते हैं।

सड़क पर पलटा ओवरलोड ट्रक। अमृत विचार

ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे दबकर बालक की मौत

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : थाना सफदरगंज क्षेत्र के ग्राम सैदनपुर में पंचायत घर के निकट ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर में 10 वर्षीय बालक की दबकर मौत हो गई। हादसा थाना सफदरगंज क्षेत्र के ग्राम सैदनपुर का है। यहां के वसीम निवासी सैदनपुर 30-40 वर्षों से अकबर नगर, लखनऊ में रहते हैं। कुछ दिन पूर्व परिवार सहित पैतृक गांव आए थे। उनका 10 वर्षीय बेटा दानिश मंगलवार सुबह करीब 9 बजे पंचायत भवन सैदनपुर के पास सायकिल से घर जा रहा था। सैदनपुर पंचायत भवन के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उसे रौंद दिया। सूचना पर पहुंची थाना सफदरगंज पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सार-संक्षेप

बच्चों के करियर काउंसलिंग की कराएं व्यवस्था

बाराबंकी, अमृत विचार : जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में कहा कि स्कूल का एक बैंड तैयार कराया जाएं जो स्कूल की एक विशिष्ट पहचान बन जाए। स्कूल में आवश्यक हो तो एक्स्ट्रा क्लॉसेज कराए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बच्चों की करियर काउंसलिंग की भी व्यवस्था कराएं। जिलाधिकारी पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय की प्रबंध समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक से पहले उन्होंने परिसर का निरीक्षण किया और कहा कि इसे और बेहतर बनाया जाएं। उन्होंने कहा कि जो बच्चे अधिक मेहनती हैं, उनके लिए और जो बच्चे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते है, उनके लिए कॉरियर काउंसलिंग की व्यवस्था करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों में करियर के प्रति मन में भ्रम की स्थिति को दूर करना भी शिक्षण कार्य का ही अंग है। बच्चों द्वारा गीत सुनाने के बाद जिलाधिकारी ने संगीत शिक्षक की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह स्कूल का एक बैंड तैयार कर सकते हैं, ताकि बच्चों की संगीत की प्रतिभा में निखार आए और स्कूल की अपनी एक विशिष्ट पहचान भी बन सके। जिलाधिकारी ने अभिभावकों की मांग पर स्कूल आने-जाने के लिए अप्रोच रोड के निर्माण या मरम्मत के लिए पीडब्ल्यूडी के अभियंता से पैमाइश की औपचारिकता पूर कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार का स्वागत करते प्रधानाचार्य। अमृत विचार

छात्र-छात्राओं को दिए करियर संवारने के टिप्स

शिविर में मौजूद संस्थान के पदाधिकारी। अमृत विचार

लखनऊ, अमृत विचार : चरक इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन संस्थान में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 7 दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन जीएस अकादमी कपूरथला, आकर आईएएस, घैर्य आईएएस और रेस आईएएस ने संयुक्त रूप से किया। इसमें करियर कॉउंसलिंग प्रोग्राम का आयोजन हुआ जिसमें स्थानीय छात्र-छात्राओं के साथ शहर के अन्य कॉलेजों ने भी बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। जीएस अकादमी के भूगोल के डॉ. बीके दूबे व इतिहास विशेषज्ञ हरीश मिश्रा के उद्बोधन से छात्र-छात्राओं में अपने करियर के लिए काफी उत्साह देखने को मिला। इस दौरान प्रिंसिपल डॉ. अनुराधा त्रिपाठी, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सतीश चंद्रा व संस्थान के सहयोगी मौजूद रहे।

राम की पैड़ी पर छाया राकेश श्रीवास्तव का जादू

कार्यक्रम में प्रस्तुति देते जादूगर राकेश श्रीवास्तव व उनकी टीम के सदस्य।

लखनऊ, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग के लोक कला जनजाति की ओर से अयोध्या में राम की पैड़ी में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें जादूगर राकेश श्रीवास्तव ने राम से राष्ट्र पर आधारित जादू का मंचन किया। उन्होंने अपनी रोमांचक जादुई प्रस्तुति से राम भक्तों का मन मोह लिया। जय श्रीराम के जयकारे से पूरा पांडाल राममय हो गया। जादूगर राकेश ने अनेक हंसने-हंसाने वाले कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीत लिया।

85 ग्राम मार्फीन के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : असंद्रा व कुर्सी थाने की पुलिस ने 85 ग्राम मार्फीन के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया। असंद्रा पुलिस ने 50 ग्राम मार्फीन के साथ नगर कोतवाली के पीर बटावन निवासी जमाल को गिरफ्तार किया। वहीं, कुर्सी पुलिस ने मोहम्मदपुर खाला थाने के सेवली निवासी मनोज कुमार को 35 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया।

तस्करी छोड़ करें नेक काम, नहीं तो अंजाम के लिए रहें तैयार: एएसपी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को सुबेहा पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार कर एक किलो 400 ग्राम मार्फीन बरामद की। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब एक करोड़ 40 लाख रुपये है। इनके पास से चोरी की पायल व बाइक भी बरामद हुई। इसका खुलासा मंगलवार को एएसपी दक्षिणी डॉ. अखिलश नारायण सिंह ने किया।

एएसपी ने बताया कि सुबेहा थाने के एसओ गजेंद्र प्रताप सिंह की टीम ने मंगलवार को थाना क्षेद्ध में मगौवा गांव के पास चौपुला से अमेठी के थाना व कस्बा इन्हौना निवासी हसीब बाबा, सुल्तानपुर के बल्दीराय थाना क्षेत्र के इसौली निवासी मासूम और सुबेहा थाने के बगिया मजरे अमरवल क्रिसिया निवासी प्रकाश रावत को गिरफ्तार किया। इनके पास से एक किलो 4 सौ ग्राम मार्फीन, चोरी की एक जोड़ी पायल और बाइक बरामद हुई। सभी आरोपियों को थाने लाकर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। एएसपी ने बताया कि पूछताछ में यह बात सामने आई है कि अभियुक्तों का एक गिरोह है जो चोरी व गोतस्करी की घटनाओं को अंजाम देता था। शिकंजा कसने पर अपराधिक मानसिकता वाले अभियुक्तों ने दूसरा रास्ता बदला और मादक पदार्थों की तस्करी करने लगे। एएसपी ने बताया कि मादक पदार्थों के कारोबार और इसे करने वालों या कैरियर सभी पर पूर्व से ही पुलिस गैंगस्टर व संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई कर रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि समय रहते मादक पदार्थों का कारोबार व तस्करी करने वाले अपराधी रास्ता बदलकर नेक कार्य करने में लग जाए। ऐसा न करने वाले अंजाम भुगतने को तैयार रहें।

मां को बीमार बता पीआरडी जवान ने हड़पे 35 हजार

संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : फर्जी महिला को खड़ा कर पीआरडी जवान ने 35 हजार रुपये की धनराशि हड़प ली। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की। एसपी के आदेश पर नगर कोतवाली में केस दर्ज किया गया।

नगर कोतवाली के फतहाबाद निवासी अजय वर्मा ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसनके परिचित रामनगर थाने के अमरसंडा निवासी कमलेश प्रसाद उर्फ कमला प्रसाद ने 5 मई 2022 को मां रामावती की तवियत खराब होने के कारण इलाज के लिए रुपये मांगे। इसके बदले उसने खेत गिरवी रखने का प्रस्ताव रखा। दूसरे दिन वह एक महिला को साथ लेकर आया जिसे अपनी मां बताकर खतौनी दिखाई। उसके बाद 35 हजार रुपये लेकर गया। इसके बदले जून में 6 लीटर मेंथा ऑयल के साथ रुपये लौटाने थे जिसे लौटाना तो दूर, फोन उठाना भी बंद कर दिया। जुलाई में पीड़ित घर गया जहां उसकी मां मिली तो सच्चाई सामने आई कि उसने किसी महिला को मां बता रुपये ऐंठे। मांगते हुए कमलेश ने रुपये लौटाने की बात कही मगर, रुपये नहीं लौटाए। इस पर उसने थाने में तहरीर दी जिस पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

जायजा मुख्य विकास अधिकारी ने तीन परिषदीय स्कूलों का किया निरीक्षण, ब्लैकबोर्ड पर हल कराए सवाल, पढ़वाईं किताबें

शिक्षक की भूमिका में दिखे सीडीओ, बच्चों की थपथपाई पीठ

रामनगर, बाराबंकी

अमृत विचार : मुख्य विकास अधिकारी ए. सुथन ने मंगलवार को रामनगर के तीन विद्यालयों का निरीक्षण कर शैक्षिक गुणवत्ता परखीं। उन्होंने छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने, खाली पड़े विद्यालय के भवन को बनवाने के निर्देश दिए।

संपूर्ण समाधान दिवस के बाद सीडीओ ने रामनगर कस्बा स्थित कन्या पूर्व माध्यमिक व प्राथमिक विद्यालय धमेड़ी-3 और प्राथमिक विद्यालय रामनगर-1 का निरीक्षण किया। तीनों विद्यालयों में बच्चों से सवाल जवाब पूछे। ब्लैक बोर्ड पर सवाल हल कराए और किताबें पढ़वाईं। एमडीएम के तहत दोपहर में खाने में क्या दिया गया, यह भी जानकारी ली। इस दौरान विद्यालयों में बच्चों के बीच वह पूरी तरह अध्यापक के रूप में नजर आए। रसोई घर की भी स्वच्छता परखी। इस दौरान छात्रा दिव्या, शुची, महक, कोमल, पवन से ब्लैक बोर्ड पर सवाल हल कराए। सही जवाब लिखने और बताने पर उन्होंने बच्चों की पीठ थपथपाई और तालियां बजाईं। प्राथमिक विद्यालय धमेड़ी-1 में दो अतिरिक्त कक्षाओं में छात्र-छात्राओं को पढ़ाया जा रहा था। पता चला कि विद्यालय का जो भवन है, वह बहुत पुराना है, छत जर्जर है। इस पर सीडीओ ने साथ में मौजूद बीईओ को मरम्मत कराने के निर्देश दिए। वहीं, प्राथमिक विद्यालय रामनगर-1 में खिड़की के टूटे पल्ले को भी बदलने के लिए कहा। इस मौके पर देवेंद्र सिंह, प्रधानाध्यापक जाहिदा अंजुम, शिक्षामित्र अन्नपूर्णा आदि मौजूद रहे। इसके बाद सीडीओ ने ग्राम पंचायत किन्हौली में बनाए गए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मुरलीधर ओझा अमृत सरोवर का भी स्थलीय निरीक्षण किया। वहां पत्रावलियां देखीं। मनरेगा के रेशियों के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने मनरेगा में बकाया भुगतान कराने की मांग की। इस मौके पर संयुक्त बीडीओ नंद कुमार, एपीओ दीप्ति चंद्र, जयराम, सचिव अभय शुक्ला, ऋषभ सहित कई लोग उपस्थित रहे।

प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को पढ़ाते मुख्य विकास अधिकारी ए. सुदन।

अर्थदंड से निपटे छह मामले

बाराबंकी, अमृत विचार : लंबित मुकदमों के निस्तारण के क्रम में अलग-अलग अदालतों ने अर्थदंड व न्यायालय उठने तक की सजा के साथ 6 मुकदमों का निस्तारण किया। इसमें देवा थाने में दर्ज महिलाओं से अश्लील टिप्पणी करने वाले देवा के शेख मोहल्ला निवासी इरशाद को न्यायालय उठने तक की सजा और 5 सौ रुपये जुर्माने से दंडित किया गया। बदोसराय थाने में लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने के दोषी कानपुर के बिठूर निवासी अमित तिवारी को न्यायालय उठने तक की सजा व 15 सौ रुपये अर्थदंड, घुंघटेर थाने में मारपीट के मामले के दोषी बजगहनी निवासी चन्द्रिका को 700 रुपये जुर्माने व न्यायालय उठने तक की सजा से दंडित किया गया। सतरिख थाने में दर्ज महिलाओं से अश्लीलता के दोषी मवैया निवासी करेंद्र व लवकुश यादव को 1-1 हजार रुपये जुर्माने व न्यायालय उठने तक की सजा दी गई। घुंघटेर थाने में आबकारी अधिनियम के दोषी नंद किशोर को दो हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई।

पातितोऽपि कराघातै–रुत्पतत्येव कन्दुकः।
प्रायेण साधुवृत्तानाम–स्थायिन्यो विपत्तयः॥

हाथ से पटकी हुई गेंद भी भूमि पर गिरने के बाद ऊपर की ओर उठती है, सज्जनों का बुरा समय अधिकतर थोड़े समय के लिए ही होता है।

संपादकीय

विकास की राह पर घाटी

जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए मंगलवार का दिन खास रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू कश्मीर में 32,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की। ये परियोजनाएं क्षेत्र के समग्र विकास को बढ़ावा देंगी। प्रधानमंत्री ने देश के अन्य हिस्सों के लिए करीब 13,500 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। प्रधानमंत्री ने जिन रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन किया उनमें बनिहाल-खारी-सुम्बर-संगलदान (48 किमी) और नव विद्युतीकृत बारामूला-श्रीनगर-बनिहाल-संगलदान खंड (185.66 किमी) के बीच रेलवे लाइन शामिल है। उन्होंने घाटी में पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन और संगलदान व बारामूला स्टेशनों के बीच ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाई। बनिहाल-संगलदान खंड कश्मीर घाटी को उत्तर भारत के रेलवे नेटवर्क के और करीब लाएगा। 12.77 किलोमीटर की देश की सबसे लंबी परिवहन सुरंग भी खारी-सुम्बर खंड के बीच में स्थित है। सभी की निगाहें प्रधानमंत्री की जम्मू की सार्वजनिक रैली पर थीं। रैली में प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाला अनुच्छेद 370 पूर्ववर्ती राज्य के विकास की राह में सबसे बड़ी बाधा था। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत में रिकॉर्ड संख्या में स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय स्थापित किए गए जिसमें अकेले जम्मू और कश्मीर में 50 नए डिग्री कॉलेज स्थापित किए गए।

बड़ी बात है कि पहली बार सरकार जम्मू-कश्मीर में लोगों के दरवाजे पर पहुंची है। प्रधानमंत्री की जम्मू-कश्मीर की यह दूसरी यात्रा थी। गौरतलब है कि कश्मीर घाटी को शेष भारत से जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग सर्दियों में हिमपात और बरसात में भूस्खलन के कारण अक्सर बाधित हो जाता है तथा कभी-कभी कई दिनों तक रास्ता बंद हो जाता है। रेलवे लाइन का अधिकांश भाग सुरंगों में होने के कारण यह हर मौसम में निर्बाध यातायात सुनिश्चित करेगी। ट्रेनों की कनेक्टिविटी से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा,बल्कि लोग बिना किसी कठिनाई और रुकावट के देश के अन्य हिस्सों की यात्रा कर सकेंगे। घाटी के लोगों को देश के बाकी हिस्सों के लिए परिवहन का सस्ता और तेज रफ्तार विकल्प मिलने से उनकी तरक्की के रास्ते आसान होंगे। साथ ही पूरे क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति और सुरक्षा बलों की रसद एवं सामरिक साजोसामान की आपूर्ति भी त्वरित गति से निर्बाध हो सकेगी और सीमाओं की सुरक्षा मजबूत होगी। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले हुई प्रधानमंत्री की इस यात्रा को अहम माना जा सकता है। यात्रा से लोकसभा चुनाव से पहले जम्मू-कश्मीर में भाजपा को बल मिलने की संभावना है।

विद्यासागर जी के संदेश देश को प्रेरित और आलोकित करते रहेंगे

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज सम्यक ज्ञान, सम्यक दर्शन और सम्यक चरित्र की त्रिवेणी थे। उनके व्यक्तित्व की सबसे विशेष बात ये थी कि उनका सम्यक दर्शन जितना आत्मबोध के लिए था,उतना ही सशक्त उनका लोक बोध भी था। उनका सम्यक ज्ञान जितना धर्म को लेकर था, उतना ही उनका चिंतन लोक विज्ञान के लिए भी रहता था।

जीवन में हम बहुत कम ऐसे लोगों से मिलते हैं जिनके निकट जाते ही मन-मस्तिष्क एक सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है। ऐसे व्यक्तियों का स्नेह, उनका आशीर्वाद, हमारी बहुत बड़ी पूंजी होता है। संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज मेरे लिए ऐसे ही थे। उनके समीप अलौकिक आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता था। आचार्य विद्यासागर जी जैसे संतों को देखकर ये अनुभव होता था कैसे भारत में आध्यात्म किसी अमर और अजस्र जलधारा के समान अविरल प्रवाहित होकर समाज का मंगल करता रहता है। आज मुझे, उनसे हुई मुलाकातें, उनसे हुआ संवाद, सब बार-बार याद आ रहा है।

पिछले साल नवंबर में छत्तीसगढ़ में डोंगरगढ़ के चंद्रगिरी जैन मंदिर में उनके दर्शन करने जाना मेरे लिए परम सौभाग्य की बात थी। तब मुझे जरा भी इस बात का अंदाजा नहीं था कि आचार्य जी से मेरी यह आखिरी मुलाकात होगी। वह पल मेरे लिए अविस्मरणीय बन गया है। इस दौरान उन्होंने काफी देर तक मुझसे बातें कीं। उन्होंने पितातुल्य भाव से मेरा ख्याल रखा और देश सेवा में किए जा रहे प्रयासों के लिए मुझे आशीर्वाद भी दिया। देश के विकास और विश्व मंच पर भारत को मिल रहे सम्मान पर उन्होंने प्रसन्नता भी व्यक्त की थी। अपने कार्यों की चर्चा करते हुए वह काफी उत्साहित थे। इस दौरान उनकी सौम्य दृष्टि और दिव्य मुस्कान प्रेरित करने वाली थी। उनका आशीर्वाद आनंद से भर देने वाला था,जो हमारे अंतर्मन के साथ-साथ पूरे वातावरण में उनकी दिव्य उपस्थिति का अहसास करा रहा था। उनका जाना उस अद्भुत मार्गदर्शक को खोने के समान है, जिन्होंने मेरा और अनगिनत लोगों का मार्ग निरंतर प्रशस्त किया है।

भारतवर्ष की ये विशेषता रही है कि यहां की पावन धरती ने निरंतर ऐसी महान विभूतियों को जन्म दिया है,जिन्होंने लोगों को दिशा दिखाने के साथ-साथ समाज को भी बेहतर बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। संतों और समाज सुधार की इसी महान परंपरा में संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज जी का प्रमुख स्थान है। उन्होंने वर्तमान के साथ ही भविष्य के लिए भी एक नई राह दिखाई है। उनका संपूर्ण जीवन आध्यात्मिक



प्रेरणा से भरा रहा। उनके जीवन का हर अध्याय, अद्भुत ज्ञान, असीम करुणा और मानवता के उत्थान के लिए अटूट प्रतिबद्धता से सुशोभित है।

संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज जी सम्यक ज्ञान, सम्यक दर्शन और सम्यक चरित्र की त्रिवेणी थे। उनके व्यक्तित्व की सबसे विशेष बात ये थी कि उनका सम्यक दर्शन जितना आत्मबोध के लिए था,उतना ही सशक्त उनका लोक बोध भी था। उनका सम्यक ज्ञान जितना धर्म को लेकर था, उतना ही उनका चिंतन लोक विज्ञान के लिए भी रहता था।

करुणा, सेवा और तपस्या से परिपूर्ण आचार्य जी का जीवन भगवान महावीर के आदर्शों का प्रतीक रहा, उनका जीवन, जैन धर्म की मूल भावना का सबसे बड़ा उदाहरण रहा। उन्होंने जीवनभर अपने काम और अपनी दीक्षा से इन सिद्धांतों का संरक्षण किया। हर व्यक्ति के लिए उनका प्रेम,ये बताता है कि जैन धर्म में 'जीवन' का महत्व क्या है। उन्होंने सत्यनिष्ठा के साथ अपनी पूरी आयु तक ये सीख दी कि विचारों, शब्दों और कर्मों की पवित्रता कितनी बड़ी होती है। उन्होंने हमेशा जीवन के सरल होने पर जोर दिया। आचार्य जी जैसे व्यक्तित्वों के कारण ही आज पूरी दुनिया को जैन धर्म और भगवान महावीर के जीवन से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है। वो जैन समुदाय के साथ ही अन्य विभिन्न समुदायों के भी बड़े प्रेरणास्रोत रहे। विभिन्न पंथों, परंपराओं और क्षेत्रों के लोगों को उनका सानिध्य मिला,विशेष रूप से युवाओं में आध्यात्मिक जागृति के लिए उन्होंने अथक प्रयास किया। शिक्षा का क्षेत्र उनके हृदय के बहुत करीब रहा है। बचपन में सामान्य विद्याधर से लेकर आचार्य विद्यासागर जी बनने तक की उनकी यात्रा ज्ञान प्राप्ति और उस ज्ञान से पूरे समाज को प्रकाशित करने की उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दिखाती है। उनका दृढ़ विश्वास था कि शिक्षा ही एक न्यायपूर्ण और प्रबुद्ध समाज का आधार है। उन्होंने लोगों को सशक्त बनाने और जीवन के लक्ष्यों को पाने के लिए ज्ञान को सर्वोपरि बताया। सच्चे ज्ञान के मार्ग के रूप में स्वाध्याय और आत्म-जागरूकता के महत्व पर उनका विशेष जोर था। इसके साथ ही उन्होंने अपने अनुयायियों से निरंतर सीखने और आध्यात्मिक विकास के लिए निरंतर प्रयास करने का भी आग्रह किया था।

संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज की इच्छा थी कि हमारे युवाओं को ऐसी शिक्षा मिले,जो हमारे सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित हो। वह अक्सर कहा करते थे कि चूंकि हम अपने अतीत के ज्ञान से दूर हो गए हैं। इसलिए वर्तमान में हम अनेक बड़ी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। अतीत के ज्ञान में वो आज की अनेक चुनौतियों का समाधान देखते थे। जैसे जल संकट को लेकर वो भारत के प्राचीन ज्ञान से अनेक समाधान सुझाते थे। उनका यह भी विश्वास था कि शिक्षा वही है,जो स्किल डेवलपमेंट और इनोवेशन पर अपना ध्यान केंद्रित करे। आचार्य जी ने कैदियों की भलाई के लिए भी विभिन्न जेलों में काफी कार्य किया था।

संत शिरोमणि आचार्य जी को भारत देश की भाषायी विविधता पर बहुत गर्व था। इसलिए वह हमेशा युवाओं को स्थानीय भाषाएं सीखने के लिए प्रोत्साहित करते थे। उन्होंने स्वयं भी संस्कृत, प्राकृत और हिंदी में कई सारी रचनाएं की हैं। एक संत के रूप में वे शिखर तक पहुंचने के बाद भी जिस प्रकार जमीन से जुड़े रहे,ये उनकी महान रचना 'मूक माटी' में स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ती है। इतना ही नहीं, वे अपने कार्यों से वंचितों की आवाज भी बने।

महाराज जी के योगदान से स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में भी बड़े परिवर्तन हुए हैं। उन्होंने उन क्षेत्रों में विशेष प्रयास किया,जहां उन्हें ज्यादा कमी दिखाई पड़ी। स्वास्थ्य को लेकर उनका दृष्टिकोण बहुत व्यापक था। उन्होंने शारीरिक स्वास्थ्य को आध्यात्मिक चेतना के साथ जोड़ने पर बल दिया ताकि लोग शारीरिक और मानसिक रूप, दोनों से स्वस्थ रह सकें। मैं विशेष रूप से आने वाली पीढ़ियों से यह आग्रह करूंगा कि वे राष्ट्र निर्माण के प्रति संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की प्रतिबद्धता के बारे में व्यापक अध्ययन करें। वे हमेशा लोगों से किसी भी पक्षपातपूर्ण विचार से ऊपर उठकर राष्ट्र हित पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया करते थे। वे मतदान के प्रबल समर्थकों में से एक थे और मानते थे कि यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी की सबसे सशक्त अभिव्यक्ति है। उन्होंने हमेशा स्वस्थ और स्वच्छ राजनीति की पैरवी की। उनका कहना था- 'लोकनीति लोभसंग्रह नहीं, बल्कि लोकसंग्रह है।' इसलिए नीतियों का निर्माण निजी स्वार्थ के लिए नहीं,बल्कि लोगों के कल्याण के लिए होना चाहिए। आचार्य जी का गहरा विश्वास था कि एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण उसके नागरिकों के कर्तव्य भाव के साथ ही अपने परिवार, अपने समाज और देश के प्रति गहरी प्रतिबद्धता की नींव पर होता है। उन्होंने लोगों को सदैव ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और आत्मनिर्भरता जैसे गुणों को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

आज जब हम विकसित भारत के निर्माण की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं,ऐसे में कर्तव्यों की भावना और ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाती है। ऐसे कालखंड में जब दुनियाभर में पर्यावरण पर कई तरह के संकट मंडरा रहे हैं, तब संत शिरोमणि आचार्य जी का मार्गदर्शन हमारे बहुत काम आने वाला है। उन्होंने एक ऐसी जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया, जो प्रकृति को होने वाले नुकसान को कम करने में सहायक हो। यही तो 'मिशन लाइफ' है जिसका आह्वान आज भारत ने वैश्विक मंच पर किया है। इसी तरह उन्होंने हमारी अर्थव्यवस्था में कृषि को सर्वोच्च महत्व दिया। उन्होंने कृषि में आधुनिक टेक्नोलॉजी अपनाने पर भी बल दिया। मुझे विश्वास है कि वो नमो ड्रोन दीदी अभियान की सफलता से बहुत खुश होते। संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज जी,देशवासियों के हृदय और मन-मस्तिष्क में सदैव जीवंत रहेंगे। आचार्य जी के संदेश उन्हें सदैव प्रेरित और आलोकित करते रहेंगे। उनकी अविस्मरणीय स्मृति का सम्मान करते हुए हम उनके मूल्यों को मूर्त रूप देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह न सिर्फ उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि होगी, बल्कि उनके बताए रास्ते पर चलकर राष्ट्र निर्माण और राष्ट्र कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

प्रसंगवश

वरिष्ठ होने के अपने लाभ

हिंदी में लिखने वाले वरिष्ठ होने के लिए उसी तरह प्रतीक्षारत बने रहते हैं जैसे कोई जूनियर अफसर प्रमोशन का रास्ता ताकता है। लिखने वाले का वरिष्ठ होना उस कष्ट के बिल्कुल विपरीत होता है जैसा एकांत लिफ्ट में मिली किसी युवा कन्या के अंकल कह कर पुकारने पर महसूस होता है। लिफ्ट में बूढ़ा होने से इंकार करने वाला हिंदी लेखक लिखने में वरिष्ठ कहलाने से खुश होता है,यही उसके जीवनभर का पारिश्रमिक है।

अपने वरिष्ठ होने का पता तब चलता है जब आपको किसी हिंदी गोष्ठी,सम्मेलन में अतिथि,मुख्य अतिथि होने योग्य मान लिए जाए। कोई लेखिका आपसे अपनी नई किताब का विमोचन करवाने के लिए तैयार हो। भले आप खुद कभी कायदे का कुछ नहीं लिख पाए हो,इसके बावजूद आपका किसी और की लिखी किताब का विमोचन करने योग्य होना या योग्य मान लिया जाना आपकी वरिष्ठता की तस्दीक है। वरिष्ठ होने के अपने लाभ हैं। ये मंचासीन होने का अवसर है। आप इस अवसर पर खेत से लेकर खलिहान तक की बातें कर सकते हैं और सबसे बड़ी बात,ऐसे मौके पर बोलने वाले तमाम वक्ताओं के लिए यह जरूरी हो जाता है कि वो मन मार कर ही सही पर आपकी तारीफ करें। हिंदी का लेखक संतोषी जीव होता है। वह तारीफ से ज्यादा किसी चीज की अपेक्षा नहीं करता। इससे अधिक की अपेक्षा इसलिए भी नहीं करता है,क्योंकि वो जानता है कि उनका पूरा होना नहीं है। हिंदी लेखकों की एक आचार संहिता है। वे एक दूसरे के बारे में जो भी राय रखे। सामने वाले को कितना भी हल्का और मामूली गिने पर आमने-सामने मिलने पर वे एक दूसरे की तारीफें ही करते हैं। इन तारीफों को एक दूसरे की पीठ खुजाने जैसा मामला ही समझिए। अचानक सभी विख्यात और प्रतिष्ठित हो जाते हैं। एक दूसरे को यशस्वी और प्रतिभाशाली बताते हुए गले सूखते है सबके। यह जानते हुए भी कि सामने वाला उसकी दी हुई किताब कभी नहीं पढ़ेगा।

ऐसे अवसर पर किताबों का आदान-प्रदान किया जाता है। संग-साथ फोटो खिंचवा ली जाती है ताकि उनका सदुपयोग फेसबुक पर चिपकाकर किया जा सके। वरिष्ठ होने का एक और लाभ है। चाय नाश्ते वाला सबसे पहले आपको परोसता है। दूसरों के पहले नाश्ते का पात्र होना भी एक महत्वपूर्ण सुख है। विमोचन कार्यक्रम के आयोजक यदि समझदार हो तो ऐसे कार्यक्रम शाम को होते हैं और इस तरह ये गला तर करने का भी सुअवसर हो सकता है।

वरिष्ठता का निर्धारण होता कैसे है? वरिष्ठ होने के किसी नवोदित लेखिका की पुस्तक के विमोचन योग्य मान लिए जाने के दो ही तरीके है। पहला आप क्वॉलिटी की परवाह किए बिना लगातार लिख रहे हो। आपकी लिखे की मार की चपेट में आकर दुनिया बेहाल हो चुकी हो। किसी को सूझ न रहा हो कि आपसे छुटकारा कैसे पाया जाए? ऐसे में आपको वरिष्ठ घोषित करने के अलावा और कोई रास्ता दुनिया के सामने नहीं बचता। आप इस कारण भी वरिष्ठ घोषित कर दिए जाते हैं कि शायद वरिष्ठ होकर ही आप कुछ संयम बरतें और दुनिया में शांति स्थापित हो। दूसरा तरीका ज्यादा आसान है। संयोग और किस्मत भी बहुत बार आपको वरिष्ठ घोषित करवा देते हैं। यदि आयोजक मित्र हो आपके या आप फूल मालाओं और नाश्ते का खर्च उठाने के लिए तत्पर हो,तब भी आपको अनायास वरिष्ठता का तमगा हासिल हो जाता है। किसी और की लिखी किताब पर चढ़ा रंगीन कवर का लाल फीता खोलने के लिए हिंदी का वरिष्ठ लेखक सदैव उतना ही प्रफुल्लित बना रहता है जैसे प्राइमरी स्कूल का बच्चा अपने बर्थ डे पर मिलने वाले गिफ्ट पैकेट्स का रैपर उतारते वक्त होता है। विमोचन होता है सरकारी कार्यक्रमों जैसा। वैसा ही औपचारिक। सबको पता होता है कि अब क्या होगा,बोलने वाला क्या बोलेगा। सब आपस में बतियाते हैं, चहकते हैं,उबासियां लेते हैं, झपकते हैं और इस बात का पूरा ध्यान रखते हैं कि मंच से बोल रहे बंदे को पूरी तरह अनसुना कर दिया जाए।

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

विमोचन करने के बाद हर भले गृहस्थ की तरह सीधे घर लौटता है हिंदी लेखक। पत्नी देखती है शाल और श्रीफल को। अपने पति के बारे में अब तक बनाई अपनी राय को तात्कालिक रूप से थोड़ा बहुत नरम करती है। इसके बाद शाल को लड़के की शादी मौके पर ननदोई को देने के लिए सुरक्षित रख लेती है और नारियल की चटनी बना लेती है। विमोचन कार्यक्रम की अगली सुबह नारियल की चटनी के साथ डोसे मिल जाना हिंदी लेखक का बतौर वरिष्ठ होने के नाते सर्वोच्च सम्मान है। यही उपलब्धि है उसके जीवन की और इसी कारण वो वरिष्ठ होना चाहता है।

राष्ट्र निर्माण में मातृभाषा का महत्व

डॉ. साकेत सहाय
भाषा एवं संचार विशेषज्ञ

भारत में अक्सर यह भ्रम फैलाया जाता है कि किसी भी तकनीकी क्षेत्र में सफलता के लिए अंग्रेजी ज्ञान आवश्यक है,परंतु यह विचार देश की तकनीकी प्रगति के लिए घातक है।

अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था के विकास हेतु यह जरूरी है कि भारतीय समाज में विद्यमान नैसर्गिक बौद्धिकता को मजबूती दी जाए। भारत के ग्रामीण बच्चों में न केवल प्रतिभा है,बल्कि ग्रामीण बच्चे भारतीय शहरी बच्चों की तुलना में अधिक मेधावी हैं। परंतु इन बच्चों की प्रगति के मार्ग में गणित की अपेक्षा अंग्रेजी बड़ी बाधा है। इन बच्चों के लिए अंग्रेजी से तालमेल बिठाना बेहद कठिन होता है। इन बच्चों के लिए अंग्रेजी विवशता एवं बाध्यता है। हालांकि वर्तमान सरकार द्वारा इस दिशा में बदलाव हेतु प्रयास किए जा रहे है। देशी भाषाओं में चिकित्सा शिक्षा पाठ्यक्रम की शुरुआत इस दिशा में बड़ा कदम है।

दुनियाभर के सफल एवं समृद्ध देशों में बच्चों को विज्ञान, तकनीक, चिकित्सा विज्ञान, व्यावसायिक शिक्षा उनके देश की प्रमुख भाषाओं में ही दी जाती है। ये सभी देश भारत की तुलना में अधिक सफल हैं,क्योंकि वहां समूची जनसंख्या की प्रतिभा को स्थानीय भाषाओं में निखारा गया है। बावजूद इसके ये इस प्रतिस्पर्धी विश्व में अपनी शर्तों, प्रतिभा के बल पर टिके हुए हैं। भारत में स्वीकृत अंग्रेजी माध्यम की अनिवार्यता निश्चित रूप से दोषपूर्ण है। देश में आर्थिक एवं सामाजिक स्तर पर पिछड़ेपन का एक बड़ा कारण अंग्रेजी भाषा के प्रति हमारा अंध मोह हैं। हालांकि वर्तमान सरकार इस दिशा में थोड़ी प्रयासरत है, पर इस प्रकार के और अधिक प्रयास किए जाने की आवश्यकता है।

भारत में यह भी एक दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य है कि गीत,संगीत,नृत्य,फिल्मों,चुनाव प्रचार आदि के लिए तो देशी भाषाएं ठीक हैं,लेकिन विज्ञान, तकनीक, व्यावसायिक शिक्षा आदि के लिए अंग्रेजी अनिवार्य है। पश्चिमी शिक्षा के समर्थक तो इस बात पर दिन-रात बल देते रहते है। आजादी के इस अमृत काल में व्यवस्था को यह विचारने की आवश्यकता है कि देश की समृद्धि हेतु देशी भाषा के वातावरण में विकसित अधिकांश भारतीय बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा उनकी अपनी भाषा में समान रूप से उपलब्ध होनी चाहिए। एक मजबूत लोकतांत्रिक भारत इसी आधार पर निर्मित हो सकता है।

भाषाओं का भी अपना अर्थशास्त्र होता है। यह सब कुछ अंग्रेजी का आधिपत्य देखकर समझ आता है। आज ऐसी धारणा बन गई है कि भारत की वर्तमान आर्थिक प्रगति में अंग्रेजी भाषा का विशेष योगदान है। जबकि ऐसा नहीं है। दुनिया के 20 धनी राष्ट्रों में सरकारी कामकाज की भाषा (एवं सभी स्तरों पर शिक्षा का माध्यम) स्थानीय जनभाषा से भिन्न नहीं है। इस देश में भाषिक विभेद का सबसे बड़ा उदाहरण यह है कि जिन उच्च वर्ग के लोग अंग्रेजी/विदेशी भाषा के स्कूलों में जाते हैं और वहां की शब्दावली तथा विचारों से प्रभावित होकर वे वैसे ही व्यवहार करते हैं जिसके अंतर्गत वे स्वयं को श्रेष्ठ व स्थानीय भाषा के लोगों को हेय दृष्टि से देखते है। भारत में उच्च शिक्षा अंग्रेजी पर केंद्रित होने से अपनी जनसंख्या का बहुत कम भाग बौद्धिक रूप से विकसित हो पाता है। हमारे देश में यह स्थिति अंग्रेजी की अनिवार्यता के कारण नहीं,बल्कि हमारी दोषपूर्ण शिक्षा नीति की वजह से हैं। यह देश का दुर्भाग्य है कि आप भारतीय भाषाओं से परीक्षा देकर सेना में एक सैनिक या जवान तो बन सकते हैं,परंतु एक अधिकारी होने के नाते आपको परीक्षा अंग्रेजी में देनी होगी। इससे अंग्रेजी एक ऐसी भाषा के रूप में उभरकर सामने आती है,जो भारत की प्रगति के बजाय पिछड़ेपन का कारण बनकर हमारे सामने उपस्थित होती है।

भारत में अक्सर यह भ्रम फैलाया जाता है कि किसी भी तकनीकी क्षेत्र में सफलता के लिए अंग्रेजी ज्ञान आवश्यक है,परंतु यह विचार देश की तकनीकी प्रगति के लिए घातक है। यह सत्य है कि भारत में जैसे विशाल एवं विविधता वाले देश में किसी भी भाषा का विरोध उचित नहीं। परंतु भाषाई रूप से इस समृद्ध देश में द्वितीय या तृतीय भाषा के रूप में ही अंग्रेजी का शिक्षण उपयुक्त हो सकता है प्रथम भाषा के रूप में कदापि नहीं। उच्च शिक्षा, न्यायालय एवं शासन हेतु भारतीय भाषाओं पर रोक एवं अंग्रेजी को अपनी प्रथम भाषा बनाने से इस देश में अनेक असुविधाएं सामने आती हैं। अधिकतर विद्यार्थियों को मजबूरीवश अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा ग्रहण करनी पड़ती है। इस व्यवस्था से देश में अनेक भाषाई विकलांग पैदा होते जा रहे हैं,जो किसी भी भाषा में प्रवीण नहीं होते। जबकि प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्र की प्रमुख भाषा एवं उनकी स्थानीय भाषा में ही विकसित होने की छूट होनी चाहिए, बाद में भले अन्य भाषाएं सीखी जा सकती हैं। नई शिक्षा नीति के तहत कुछ प्रयास हुए है,परंतु अभी मीलों आगे जाना है।

सोशल फोरम

इतने निरीह क्यों हैं हम

दुनिया के लगभग सभी धर्म यह मानते हैं कि सृष्टि से इतर कोई ऐसी ईश्वरीय सत्ता है जिसने हमारी और इस विराट ब्रह्मांड की रचना की और इसका संचालन करता है। मतभेद इस बात का रहा है कि ईश्वर के साथ हमारे रिश्ते कैसे होने चाहिए? ईसाई धर्म में ईश्वर से हमारा पिता और पुत्र का रिश्ता है,लेकिन यह रिश्ता सीधा नहीं है। इस रिश्ते का स्वरुप ईश्वर के पुत्र जीसस के माध्यम से तय होता है। इस्लाम में सूफियों और हिंदुओं में प्रेममार्गी पंथ के अनुयायियों की थोड़ी सी संख्या है जिनके लिए ईश्वर और हमारा रिश्ता प्रेमी-प्रेमिका का, पति-पत्नी का, प्रेम का, समझदारी का,भरोसे का और अभय का है। उनके अलावा सभी धर्मों ने ईश्वर के साथ हमने जो रिश्ता बनाकर रखा है वह आमतौर पर स्वामी और दास का है। हम ईश्वर के अंश या कृति हैं तो उसके साथ हमारे रिश्ते इतने लिजलिजे क्यों होने चाहिए? क्यों वह सब कुछ है और हम कुछ भी नहीं? हमने कभी यह क्यों नहीं सोचा कि परमपिता परमेश्वर तो क्या संसार का कोई भी पिता अपनी संतान को इस कदर बेचारा,कातर, रीढ़विहीन,दयनीय,भयातुर, पराजित, अंधभक्त और याचक की तरह हर समय अपने चरणों में झुका हुआ नहीं देखना चाहता। हर पिता की ख्वाहिश होती है कि उसकी संतान विनम्र,लेकिन आत्मविश्वास से लबरेज स्वतंत्र व्यक्तित्व के रूप में विकसित हो। ऐसा व्यक्तित्व जो जरूरत पड़ने पर उसकी आंख से आंख मिलाकर सवाल भी पूछ सके। हम क्यों अपना व्यक्तित्व अपने सर्जक में विलीन कर आजीवन अकिंचन बने रहें? आभार,कृतज्ञता और श्रद्धा तक तो ठीक है,लेकिन उस पर हमारी इस कदर भावनात्मक निर्भरता हमसे हमारा व्यक्तित्व और स्वाभिमान छीन लेगी। क्यों हम उसके आगे भीख का कटोरा लिए हर समय याचक की तरह खड़े रहें? उसने यह खूबसूरत दुनिया और उसके सुव्यवस्थित संचालन के लिए बुद्धि-विवेक हमें सौंप रखे हैं। वह किसी को वरदान या दंड, स्वर्ग या नर्क नहीं आबंटित करता। यह अपने कृत्यों से हम इसी जीवन में अर्जित करते हैं। ईश्वर को अपनी सृष्टि से प्यार है। उस तक पहुंचने का कोई भी रास्ता जड़ता, दासता, अकिंचनता से होकर नहीं जाता।

ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

-फेसबुक वॉल से

पाकिस्तान में हो क्या रहा है

इमरान खां कैद में हैं और एक न्यायालय के आदेश ने उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ को उसके चुनाव चिन्ह (क्रिकेट का बल्ला) से वंचित कर रखा है। इमरान के कई सहयोगी भी गिरफ्तार हैं और कुछ गिरफ्तारी टाल सकने के लिए फरार हैं। अव्यवस्था और बेतरतीबी के ऐसे हालात में पार्टी का नेतृत्व अभी एक अपेक्षाकृत अनजान गौहर अली खां संभाल रहे हैं। 8 फरवरी को हुए आम चुनाव में पीटीआई ने कुछ स्वतंत्र उम्मीदवारों को समर्थन दिया था। चुनाव के दिन पाकिस्तान में सुरक्षा के विचार से मोबाइल फोन सेवाएं बंद कर दी गई थीं। चुनाव में धांधली की आशंका शुरू से थी, सेवा बंद किए जाने पर लोग और अधिक सशंकित हो उठे थे। एक तरह से चुनाव पाकिस्तान मुस्लिम लीग - नवाज (पीएमएल-एन) और 'अन्य' के बीच लड़ा जा रहा था। लोग मान बैठे थे कि पीएमएल-एन विजयी रहेगा,क्योंकि नवाज को सेना का समर्थन है और पाक सेना, कहते हैं,जंग भले कभी न जीती हो, चुनाव कभी नहीं हारी है।

सचिदानंद सिंह
मुंबई

चुनाव के दिन लग रहा था पीटीआई समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवार बड़ी संख्या में जीतने वाले हैं। मतों की गिनती शुरू होने के बाद भी वैसा ही लगता रहा। कुछ समय तक नवाज और उनके भाई शाहबाज दोनों बहुत पीछे चल रहे थे। शाहबाज नेशनल असेंबली और प्रोविंशियल असेंबली दोनों के लिए लाहौर से लड़ रहे थे और दोनों जीत गए। नवाज दो जगहों से नेशनल असेंबली के लिए लड़ रहे थे, एक जगह जीते। चुनाव के नौ दिनों के बाद रावलपिंडी के कमिश्नर लियाकत चट्ठा ने एक संवाददाता सम्मेलन में खुलासा किया कि उन्होंने अपने मातहतों के मार्फत पीएमएल-एन की जीत के लिए बहुत धांधलियां कीं। यहां तक कि पीटीआई समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवार जो सत्तर हजार मतों से जीत रहे थे,उन्हें पराजित दिखा कर नवाज की पार्टी के उम्मीदवार को विजयी दिखाया। कुछ नाटकीय ढंग से उन्होंने अपने लिए सजा-ए मौत उचित ठहराया, बस अपने लिए नहीं,उन्होंने कहा पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा और मुख्य चुनाव आयुक्त (मुचुआ) सिकंदर सुलतान राजा को भी सजा-ए मौत दी जानी चाहिए। जज साहब ने साक्ष्य की कमी कहते हुए उनकी बात को खारिज कर दिया। मुचुआ ने जांच शुरू कर दी है। सभी रिटर्निंग ऑफिर्स से सवाल जवाब किए जा रहे हैं। पाक सरकार ने चट्ठा को हिरासत में ले लिया है। नवाज की पार्टी कह रही है चट्ठा पीटीआई के एजेंट हैं और देश में अराजकता फैलाने के लिए उन्होंने ऐसा गैर जिम्मेदाराना बयान दिया है। पीटीआई वाले कुछ लोगों ने एक प्रिंटिंग प्रेस के वीडियो पोस्ट किए हैं,जहां किसी क्षेत्र के बैलट पेपर छापे जा रहे थे। नवाज की पार्टी के लोगों ने चट्ठा और इमरान के नजदीकी रिश्तों की बात की है-कैसे इमरान की बहन उज्मा खां को डेरा गाजी खां में चट्ठा ने, जो उस समय वहां कमिश्नर थे,छह सौ करोड़ रुपयों (पाक रुपये) की जमीन बस तेरह करोड़ में दिला दी। चट्ठा को पाकिस्तान के एक समय के जासूस-ए आज़म फैज हमीद का नजदीकी भी बताया जाता है। यह बात तो खैर गौर करने लायक है ही कि चट्ठा की अंतरात्मा नौ दिनों तक चुप क्यों बैठी रही? मीर तकी मीर से माफी मांगते हुए, फ़ौज़ी चुनाव है रोता है क्या/ आगे आगे देखिए होता है क्या।

मोदी का चौथा कार्यकाल

हिंदी साहित्य के इतिहास का रीतिकाल सुंदरियों के नख शिख वर्णन और नृप यश कीर्तन के लिए प्रसिद्ध है। हम यहां नायिका भेद और नख शिख वर्णन की बात न करके 'नृप यश कीर्तन' की ओर ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। दरबारी कवि राजाओं के आश्रय में रहते थे और भारी भरकम अतिशयोक्तियों के द्वारा उनकी प्रशंसा और स्तवन करते थे,जैसे भूषण कवि ने शिवाजी की प्रशंसा करते हुए लिखा कि 'आपके यश विस्तार से सब कुछ सफेद हो गया है जिससे जो मुख्य-मुख्य श्वेत वस्तुएं थीं,वह अब ढूंढे नहीं मिल रही हैं,यानी खो गई हैं। क्योंकि साहित्य में यश का रंग सफेद माना गया है। उदाहरण स्वरूप इंद्र को उनका ऐरावत हाथी (श्वेत वर्ण) नहीं मिल रहा है।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

भगवान विष्णु क्षीर सागर खोज रहे हैं,शंकर जी हिमालय और पार्वती जी शिव को, क्योंकि वे भी कर्पूर गौर हैं। आजकल राजनीति के क्षेत्र में भी लगता है रीतिकाल आ गया है और मोदी की धूम है। अब देखिए राजनाथ सिंह जैसे बड़े नेता ने कहा है कि मोदी के तीसरे और चौथे कार्यकाल में देश का विकास बुलंदियों पर होगा। उन्होंने मोदी को विश्व के राजनीतिक व्योम का अतिशय देदीप्यमान सितारा भी कहा। जबकि चुनाव देश में होता है,दुनिया में नहीं। हम यह कहना चाहते हैं कि अभी तो तीसरे कार्यकाल का ही चुनाव होना बाकी है, फिर चौथे कार्यकाल में भी मोदी को चुना हुआ घोषित कर देना और तत्कालीन उपलब्धियां बता देना या तो कवित्वपूर्ण उक्ति वैचित्र्य है या मसखरी। यह जनता के साथ मजाक ही है,क्योंकि अभी उन्होंने तो अपने प्रतिनिधि चुने ही नहीं हैं। वे जिन्हें चुनेंगे, तब वे अपना नेता चुनेंगे। फिर चौथा कार्यकाल तो 2029 से 2034 तक होगा।

इतने लंबे भविष्य की दृष्टि तो संभवतः ज्योतिषियों और ऋषियों के पास भी नहीं होती है। यह 'विधि हाथ' है, 'राजनाथ के हाथ' नहीं। जनता के मजाक के साथ-साथ किसी व्यक्ति विशेष का नाम पीएम या सीएम पद के लिए प्रायोजित करना असंवैधानिक भी है,क्योंकि इसकी संविधान में व्यवस्था ही नहीं है। निर्वाचन के बाद चयनिति प्रतिनिधियों को अपना नेता चुनने का अधिकार होता है। फिर राष्ट्रपति अपने विवेक का प्रयोग करके प्रधानमंत्री नियुक्त करते हैं तथा अपनी 'सहायता और सलाह देने' के लिए सरकार गठित करते हैं।

समान नागरिक विधेयक पारित करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य : धामी

दर्शन-पूजन के बाद रामलला को अर्पित किया ब्रह्मकमल | चुनाव में रामभक्तों को मिलेगा रामलला का अशीर्वाद

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपनी कैबिनेट के साथ मंगलवार को अयोध्या पहुंचे। रामलला का दर्शन करने के बाद बोले कि चुनाव में रामभक्तों को रामलला का आशीर्वाद मिलेगा। उन्होंने दर्शन-पूजन के बाद रामलला को ब्रह्मकमल व भोज पत्र अर्पित किया। इस दौरान वे बोले कि समान नागरिक विधेयक पारित करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य बना है।

उन्होंने कहा कि एक लंबी प्रतीक्षा और लंबे संघर्ष के बाद प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बनकर तैयार हुआ है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अयोध्या और उत्तराखंड का बेहद गहरा नाता रहा है। उत्तराखंड से बड़ी संख्या में रामभक्त यहां दर्शन-पूजन के लिए आते हैं। उनकी सुविधा के लिए यहां 4700 वर्ग मीटर में राज्य अतिथि गृह को बनाने के लिए हमारी सरकार ने भूमि की खरीद को लेकर 32 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। अयोध्या में जमीन उपलब्ध कराने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ से आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड से प्रभु श्री राम के दर्शन करने के लिए अयोध्या पहुंचने वाले श्रीराम भक्तों को इस राज्य अतिथि गृह में सुविधा मुहैया करवाई जाएगी।

कैबिनेट मंत्रियों के साथ मंदिर परिसर में जय श्रीराम का उद्घोष करते उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। अमृत विचार

रामलला को साष्टांग प्रणाम करते उत्तराखंड के मुख्यमंत्री।

रामलला का आशीर्वाद लिया और खिंचवाई परिसर में फोटो

अपनी कैबिनेट के साथ महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचे उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का प्रदेश सरकार में खाद्य एवं रसद मंत्री सतीश शर्मा, नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पांडेय बादल सहित अन्य पदाधिकारियों ने स्वागत किया। कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति से उनका स्वागत किया। उन पर फूल बरसाए और तिलक किया। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बुके देकर स्वागत किया। एयरपोर्ट से उनका काफिला रामनगरी पहुंचा। जहां वीवीआईपी गेट नंबर -11 से श्रीरामजन्मभूमि परिसर में उन्हें प्रवेश दिया गया। परिसर में श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने सभी का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने रामलला को साष्टांग प्रणाम किया। अपनी कैबिनेट के साथ रामलला का आशीर्वाद लिया और परिसर में फोटो खिंचवाई।

समान नागरिक संहिता भी रामराज्य

समान नागरिक संहिता लागू करने वाले देश के पहले राज्य का गौरव प्राप्त करने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यही रामराज्य है। इस विधेयक से महिलाओं को उनके अधिकार मिलेंगे। बच्चों, बुजुर्गों सभी के हक व हितों की रक्षा होगी। सभी को उचित सम्मान मिलेगा।

एयरपोर्ट पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देतीं महिला कलाकार।

रेलिंग पर लटका ट्रक

सीतापुर में रामनगर पुल पर सोमवार को हरदोई से सीतापुर जा रहे एक ट्रक ने सामने से आ रहे बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। हादसे के बाद ट्रक पुल की रेलिंग तोड़कर नीचे लटक गया। गनीमत रही कि ट्रक पुल से नीचे नहीं गिरा।

दिसंबर 2024 तक तैयार होगा राम मंदिर

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : राममंदिर दिसंबर-2024 तक पूरा बनकर तैयार हो जाएगा। मंदिर और परकोटे के निर्माण संबंधित समस्त कार्य पूरे कर लिए जाएगा। परकोटे के निर्माण का कार्य को प्रारंभ करने में अभी चार दिन और लगेंगे। प्रथम तल पर लगाए की खम्भों में भी मूर्तियों को उकेरे जाने का कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि राम मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक में मंगलवार को पहले दिन निर्माण कार्यों में गति देने पर मंथन किया गया। समीक्षा बैठक में राम मंदिर के सभी कार्यों को दिसंबर 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक से पहले मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने दर्शन के लिए कई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

बैठक में निर्माण कार्यों को पूरा करने की समय सीमा तय

जन्मभूमि पथ पर सात स्थानों पर लगेंगे एलईडी स्क्रीन

राम मंदिर में आने वाले श्रद्धालु को जन्मभूमि पथ से ही रामलला को भी देख सकेंगे। इसके लिए ट्रस्ट की ओर से जन्मभूमि पथ पर सुग्रीव किला से लेकर सुरक्षा प्वॉइंट तक और यात्री सुविधा केंद्र में एलईडी स्क्रीन लगाए जाएंगे। ट्रस्ट सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि मंगलवार की बैठक में इसको लेकर मंथन किया गया। जल्दी ही सात स्थान पर एलईडी स्क्रीन लगाने का कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

बढ़ाई जा रही श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं

मौसम का मिजाज बदलने के साथ ही राम जन्मभूमि परिसर में आने वाली श्रद्धालुओं की सुविधाओं को भी बढ़ाये जाने का कार्य शुरू कर दिया गया। राम जन्मभूमि मंदिर तक जाने के लिए सुग्रीव क्लासिक मंदिर तक जूट के कारपेट बिछाये जा रहे हैं। ट्रस्ट सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 121 स्थानों पर पानी की टोटियां लगाई जा रही हैं।

सार-संक्षेप

बहराइच में किसान पर तेंदुए ने किया जानलेवा हमला

मिहीपुरवा, बहराइच : जंगल से सटे गांव निवासी किसान मंगलवार शाम को गेहूं के फसल में खाद डाल रहा था। तभी झाड़ियां से निकाल कर आए तेंदुए ने हमला कर दिया। शोर मचाने पर तेंदुआ जंगल की ओर गया। घायल किसान को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र अंतर्गत कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के कतर्नियाघाट रेंज अंतर्गत सिरसियन पुरवा निवासी संकटा प्रसाद पुत्र पुत्ती लाल अपराह्न 3बजे अपने गेंहू की फसल में खाद डाल रहे थे। तभी अचानक घात लगाये तेन्दुए ने हमला कर दिया।बगल के खेत में काम कर रहे लोगों ने हांका लगा कर तेन्दुए को भगाया। परिजनों ने बताया की घायल को प्राथमिक उपचार के लिए सुजौली पीएचसी ले गये, लेकिन मौके पर कोई डॉक्टर न होने के कारण मिहींपुरवा सीएचसी ले आया गया। हमले की जानकारी मिलने पर मौके पर कतर्निया वन क्षेत्राधिकारी अनूप कुमार, वन क्षेत्राधिकारी मोतीपुर सुरेन्द्र तिवारी, वन दरोगा ऋषभ प्रताप पहुंचे। वन क्षेत्राधिकारी कतर्निया ने बताया खेत में काम करते समय तेन्दुए ने हमला कर दिया।

सपा नेता समेत 15 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर : ग्वालटोली थानाक्षेत्र में एक महिला ने समाजवादी पार्टी नेता और उनके साथियों पर घर का ताला तोड़ने के प्रयास का आरोप लगाया। दोनों पक्षों में विवाद बढ़ा तो हंगामा शुरू हो गया। पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी भाग निकले। महिला ने समाजवादी पार्टी नेता समेत 15 अज्ञात पर एफआईआर दर्ज कराई है। खलासी लाइन ग्वालटोली निवासिनी अनीता गुप्ता ने पुलिस को बताया कि 16 फरवरी की शाम को छह बजे बजे करीब समाजवादी पार्टी नेता दुर्गेश यादव, उनके 4-5 अज्ञात साथी व 8-10 अज्ञात महिलाएं घर का ताला तोड़ने का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने विरोध किया तो दुर्गेश ने उनके व परिवार के साथ मारपीट कर वस्त्र फाड़ दिए। इस दौरान उसने गालीगलौज देते हुए मारने का प्रयास किया और जान से मारने की धमकी दी। बताया कि वहां से भागकर किसी तरह वह जान बचाकर भागी। इस घटना के बाद परिवार दहशत में जी रहा है।

एके 47 गैंग के सदस्य ने सोशल मीडिया पर डाली फोटो, दी धमकी

सुमेरपुर (हमीरपुर) । करीब छह माह तक शांत रहने के बाद कस्बे में सक्रिय एके 47 गैंग के सदस्य फिर सिर उठाने लगे हैं। गैंग के एक सदस्य ने रेलवे लाइन पर अवैध तमंचा लहराते हुए सोशल मीडिया पर अपलोड करके कस्बे के लोगों को धमकी दी है। सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होने के बाद पुलिस छानबीन में जुट गई है। बताते हैं कि तमंचे के साथ फोटो अपलोड करने वाला युवक कस्बे के वार्ड संख्या 14 का निवासी है, लेकिन मौजूदा समय में कस्बे से बाहर है। कस्बे में एके 47 गैंग ने पिछले दो वर्षों में से धमाल मचा रखा है। इस गैंग के सरगना के खिलाफ थाने में कई मुकदमे कायम है। यह गैंग छह माह से शांत था। मंगलवार को यह एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है।

नाबालिग मंदबुद्धि लड़की से अधेड़ ने किया दुष्कर्म

संवाददाता, कंचौसी, औरैया : दिबियापुर थाना क्षेत्र के ग्राम मधवापुर में एक ह्रदयविदारक घटना सामने आई है। मधवापुर थाना दिबियापुर निवासिनी ने थाना दिबियापुर में जाकर लिखित तहरीर दी है जिसमें उसने बताया कि 19 फरवरी को उसकी 12 वर्षीय पुत्री प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने गई थी। जब विद्यालय में लंच का समय चल रहा था। उसी समय इसी गांव का निवासी पप्पू उर्फ गजराज सिंह पुत्र जहान सिंह विद्यालय में आया और उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर स्कूल के पीछे ले गया और दुष्कर्म किया। स्कूल की रसोइया को घटना की जानकारी हुई तो उसने अध्यापकों को बताया। तब विद्यालय के शिक्षकों ने बच्ची के परिजनों को सूचना दी। परिजन विद्यालय पहुंचकर बच्ची को बदहवास हालत में घर लाये तब उसने पूरी घटना परिजनों को बताई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नौ साल की बालिका से युवक ने किया दुष्कर्म

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : मोहाना थाना क्षेत्र में एक बालिका के साथ उसके रिश्ते के मामा ने दुष्कर्म किया। घर वालों की सूचना पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। वहीं, बालिका का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस घटना को लेकर क्षेत्र में लोगों में भारी आक्रोश है। मोहाना थाना क्षेत्र के एक गांव में दस साल की बालिका अपने ननिहाल आई थी। उसका गांव भी पास में ही है। इसलिए वह अकेली आती-जाती रहती है। सोमवार दोपहर में वह ननिहाल से अपने गांव लौट रही थी। गांव के बाहर ही 36 वर्षीय आरोपी युवक मिला, जो रिश्ते में उसका चचेरा मामा लगता है। बातचीत के दौरान आरोपी ने पीड़ता बालिका को पकड़ लिया और उसे जबरन उठाकर पास के सरसों के खेत में ले गया। जहां बालिका के साथ के दुष्कर्म किया और भाग गया। बच्ची किसी तरह घर पहुंची तो उसे देख लोग स्तब्ध रह गए।

थैले का मूल्य जोड़ने पर शॉपिंग माल पर 8 हजार जुर्माना

गोंडा कार्यालय : सामान के साथ दिए गए थैले का मूल्य अलग से वसूलने पर उपभोक्ता फोरम ने शहर के सिटी कार्ट शॉपिंग मॉल पर 8004 रुपये का जुर्माना लगाया है। फोरम ने जुर्माने की धनराशि को एक महीने के भीतर परिवादी को चुकाने का निर्देश दिया है। तय समय अवधि में जुर्माने की रकम न चुकाने पर शॉपिंग मॉल संचालक को प्रतिमाह छह प्रतिशत ब्याज देना होगा। धानेपुर थाना क्षेत्र के सोहिली गांव के रहने वाले अधिवक्ता सुरेंद्रनाथ मिश्रा के मुताबिक वह 20 मई 2022 को शहर के सिटी कॉर्ट शॉपिंग मॉल में परिवार के साथ खरीदारी करने गए थे। वहां उन्होने 628 रुपये का सामान खरीदा था। सुरेंद्र ने बताया कि मॉल के कर्मचारी ने उन्हे सामान के साथ एक थैला भी दिया था लेकिन बिल देते समय थैले की कीमत के रूप में चार रुपये अतिरिक्त जोड़ लिया। इस बाबत जब उन्होंने कर्मचारी से पूछताछ की तो उसने इस संबंध में मैनेजर से बात करने के लिए कहा। सुरेंद्र का कहना है कि दो दिन तक दौड़ाने के बाद मैनेजर ने उनसे कहा कि थैले की कीमत अलग से ही ली जाती है। मैनेजर के कृत्य से आहत अधिवक्ता सुरेंद्रनाथ मिश्रा ने उपभोक्ता फोरम में वाद दायर कर 55 हजार रुपये की क्षतिपूर्ति दिलाए जाने की मांग की थी।

पूर्व डीआईजी पर किशोर से कुकर्म का आरोप, केस

संवाददाता, सुलतानपुर : जिले में एक सनसनीखेज व शर्मनाक मामला सामने आया है। जिले के ही एक पूर्व डीआईजी पर किशोर से कुकर्म का आरोप लगा है। किशोर के मां की तहरीर पर पुलिस ने पूर्व डीआईजी पर केस दर्ज कर मामले की जांच-पड़ताल शुरू की है। नगर कोतवाली क्षेत्र के एक महिला ने तहरीर देते हुए बताया कि रिटायर्ड डीआईजी के मकान में किराए पर बेटे के साथ रहती है। आरोप है कि मकान मालिक पूर्व डीआइजी डरा धमकाकर उनके बेटे के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म करते थे। बुधवार की दोपहर जबरदस्ती उनके बेटे को पकड़कर ले जा रहे थे तो भागकर बेटा उनके पास आया। पूर्व की सारी घटनाओं के बारे में जानकारी दी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने पूर्व डीआइजी पर लैंगिक अपराध साहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सपा नेता समेत तीन को उम्रकैद की सजा

शिक्षामित्र हत्याकांड

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- 2007 में अवैध संबंधों के शक में अभियुक्तों ने घटना को दिया था अंजाम
- एक आरोपी की मुकदमे की सुनवाई के दौरान मौत हो गई थी, तीन पर चला मुकदमा

60 हजार रुपये प्रत्येक आरोपी पर लगा अर्थदंड

20 जून 2007 को हत्या कर शव को लटकाया था

अमृत विचार। कुरारा थानाक्षेत्र के एक गांव में अवैध संबंधों के शक में 16 साल पहले शिक्षामित्र का अपहरण कर हत्या कर करने के मामले में समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष समेत तीन दोषियों को आजीवन कारावास और 60-60 हजार रुपये का अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। इस हत्याकांड के एक आरोपी की मुकदमे के दौरान मौत हो चुकी है। यह सजा मंगलवार को अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय ने सुनाई। मामले में पूर्व सपा जिलाध्यक्ष व हमीरपुर लोकसभा प्रभारी आदि आरोपियों पर अपहरण के बाद हत्या कर शव को झलोखर गांव के पास पेड़ से लटकाने का आरोप था।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता जगदीश अनुरागी व प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि कुरारा क्षेत्र के एक गांव निवासी रामसेवक ने कुरारा थाने में एक जुलाई 2007 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि 29 जून 2007 को उसके शिक्षामित्र बेटे प्रमोद का अपहरण कर गांव निवासी राजबहादुर पाल, प्रहलाद, दिनेश व रमेश ने पेड़ से बांधकर पीटा और उसकी हत्या कर दी। शव को झलोखर गांव में लटका दिया।

पुरवामीर में गिरा ड्रोन, मचा हड़कंप

सरसौल (कानपुर) : महाराजपुर के पुरवामीर चौकी क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब एक हेलीकाप्टर नुमा चीज अचानक उड़ते हुए नीचे आ गिरी। गनीमत रही की ये फ्लाइंग ऑब्जेक्ट आबादी से दूर खेतो में जाकर गिरा जिसके चलते जान माल का कोई नुकसान नहीं हुआ।.जानकारी के मुताबिक मंगलवार दोपहर में सिकठिया और नौगवां गौतम गांवों के बीच खेतो के ऊपर एक एफ फ्लाइंग ऑब्जेक्ट उड़ते हुए अचानक जमीन पर आ गिरा। गिरने के बाद ये ऑब्जेक्ट कई टुकड़ों में बंट गई। जहां पर यह मशीन गिरी वहा पर खेतों में फसल खड़ी हुई थी और आसपास जंगल है। ग्रामीणों ने पास जाकर देखा तो यह एक बड़े आकार का ड्रोन था।

गिरे ड्रोन के टुकड़े खेत में पड़े मिले।

दस्यु सुन्दरी सीमा परिहार सहित नौ आरोपी दोषी

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। कोतवाली औरैया पर पंजीकृत मुकदमा वादी श्रीकृष्ण त्रिपाठी पुत्र रामसनेही निवासी गढिया बक्सीराम कोतवाली औरैया की ओर 10-15 अज्ञात बदमाशों द्वारा वादी के भाई प्रमोद कुमार की 20 मार्च 1994 की रात्रि में ट्यूबवेल ग्राम गढ़िया बक्सीराम से अपहरण किये जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

विवेचना के क्रम में अपहृत प्रमोद पुत्र रामसनेही 26 अप्रैल 1994 को स्वंय वापस आया। अपहृत के बयान के आधार पर मुकदमा में धारा 364-ए भादवि का लोप कर धारा 365 में तरमीम हुआ व सीमा परिहार पुत्री शिरोमणि निवासी बबाईन सहित 9 आरोपी प्रकाश में आये। सभी आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। न्यायालय द्वारा कोतवाली औरैया पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में मंगलवार को सीमा परिहार सहित अन्य आरोपियों को दोषी पाया गया है।

सीसीटीवी में कैद हुआ लापता छात्र

अयोध्या कार्यालय: नगर कोतवाली के लक्ष्मणपुरी के कौशलपुरम कॉलोनी निवासी लापता छात्र हर्षित दूसरे दिन मंगलवार तक नहीं मिला। उसकी तलाश में जुटी पुलिस को वह कुछ स्थानों पर सीसीटीवी फुटेज में मिला है। यूनियन बैंक में प्रबंधक के पद पर तैनात संतोषबली पांडेय का पुत्र हर्षित पाण्डेय (15) कैंट थाना क्षेत्र स्थित कैंब्रियन स्कूल सहादतगंज में कक्षा नौ का छात्र है। वह सोमवार को परीक्षा देने के लिए स्कूल गया, लेकिन वापस नहीं लौटा। इसके बाद परिवार और रिश्तेदारों ने तलाश शुरू की। स्कूल जाकर पूछताछ की तो पता चला कि परीक्षा देकर वापस गया है।

जूनियर बालक हैंडबॉल स्पर्धा शुरू

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : प्रदेश खेल निदेशालय व उप्र हैंडबॉल संघ के संयुक्त तत्वावधान में डाभासेमर के डॉ. भीमराव आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में चार दिवसीय सबजूनियर बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता मंगलवार को शुरू हुई। उप्र हैंडबाल संघ के संयुक्त सचिव परमेन्द्र सिंह व प्रदेश संघ के आयोजन सचिव अमित पाण्डेय ने खिलाड़यों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इसके पूर्व उपक्रीड़ा अधिकारी मो. इरफान ने अतिथियों को बुके प्रदान कर व बैज लगाकर स्वागत किया।

लीग कम नॉक आउट पद्धति पर हो रही प्रतियोगिता में प्रदेश के कानपुर, चित्रकूट व सहारनपुर मंडल को छोड़कर शेष 15 मंडलों की टीमें जिनमें लगभग 250 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं।

गोल के लिए संघर्ष करते बरेली व देवीपाटन टीम के खिलाड़ी।

अयोध्या व देवीपाटन मंडल ने किया जीत का आगाज

अयोध्या कार्यालय : प्रदेशीय सबजूनियर बालक हैडबाल प्रतियोगिता के पहले दिन हुए लीग मुकाबलों में अयोध्या, प्रयागराज, मुरादाबाद व देवीपाटन मंडल टीमों ने जीत दर्ज कर अपने विजय अभियान का श्रीगणेश किया। पहला मैच देवीपाटन मंडल व बरेली मंडल टीमों के बीच हुआ। इस संघर्षपूर्ण मुकाबले में 13-11 से देवीपाटन मंडल ने जीत दर्ज की। दूसरे मैच में प्रयागराज मंडल ने आजमगढ़ मंडल टीम को 13-8 से पराजित किया। तीसरा मैच मेजबान अयोध्या मंडल व आगरा मंडल के बीच हुआ।

शराब पीकर नशे में नाच रहा यूपी का भविष्य : राहुल गांधी

रायबरेली में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने दिया विवादित बयान

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। राहुल गांधी अक्सर अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहते हैं। एक बार फिर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अपने ही बयान के चलते विवादों में घिरे नजर आ रहे हैं। रायबरेली में मंगलवार को सुपर मार्केट में सभा के दौरान उन्होंने डबल इंजन की सरकारों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मैं वाराणसी पहुंचा तो वहां पर देखा कि रात को बाजा बज रहा। वहां पर शराब पिये यूपी का भविष्य रात को नाच रहा, डांस कर रहा है। वहीं राममंदिर खुलता है। राम मंदिर में नरेंद्र मोदी, अंबानी, अडानी समेत कई अरबपति दिखेंगे। वहां पर पिछड़ा, दलित, आदिवासी नहीं दिखेगा, क्योंकि आपकी जगह सड़कों पर भीख मांगने की है। आपका काम हिंदुस्तान में सड़क पर जाकर ऐसे पोस्टर दिखाने का है। उनका काम पैसा गिनने का है। आप के बच्चे जीएसटी देते हैं। आपको अपने हक के लिए जातीय जनगणना के लिए आगे आना होगा। हमारा काम 73 प्रतिशत का काम आपके भविष्य को बनाने का है। देश में 200 बड़ी कंपनियां हैं। इस देश में दलित, पिछड़े, आदिवासी 24 घंटे प्रताड़ित हो रहे हैं। यह सच्चाई है देश की।

आज कानपुर भी जाएंगे राहुल गांधी

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा बुधवार को कानपुर पहुंचेगी। घंटाघर पर जनसभा संबोधित करने के बाद राहुल चार्टर्ड प्लेन से दिल्ली चले जाएंगे। मंगलवार को सुरक्षा टीम ने यात्रा रूट का निरीक्षण किया और सभा स्थल देखा। सुरक्षा टीम ने शहर कांग्रेस के नेताओं से बातचीत में भीड़ का जायजा लिया। उधर, लखनऊ में चौक चौराहे से लेकर घंटाघर तक लाखों की भीड़ को संबोधित करते हुए राहुल ने पेपर लीक की बात उठाई। चौक में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव संजीव पाण्डेय ने राहुल गांधी की हौसला अफजाई की।

जनता महंगाई और बेरोजगारी से बहुत परेशान

स्वराज इंडिया पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेन्द्र यादव मंगलवार को रायबरेली पहुंचे। भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने के दौरान विकास भवन में धरने पर बैठे किसान इंद्रेश सिंह से मिलने पहुंचे। विकास भवन में धरने पर बैठे इंद्रेष सिंह ने बताया कि मेरी जमीन दंबग लोगों से कब्जा कर रखा और मैं पिछले डेढ़ महीने से धरना दे रहा हूं, लेकिन मेरी बात प्रशासन नहीं मान रहा है। योगेंद्र यादव ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ में पहुंचकर डिग्री कॉलेज चौराहे पर शहीदों को श्रद्धाजंलि दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान समय में जनता बेरोजगारी और मंहगाई से बहुत ही परेशान हैं।

एमपी-एमएलए कोर्ट में मानहानि केस में राहुल का आत्मसमर्पण

सुलतानपुर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के आरोप में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी मंगलवार को एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। विशेष कोर्ट मजिस्ट्रेट योगेश यादव ने उनकी जमानत पर हुई सुनवाई में जमानत मंजूर कर कोर्ट से ही रिहाई का आदेश दिया है। कोर्ट ने अभियोजन साक्ष्य के लिए अगली तारीख दो मार्च नियत की है। मंगलवार को सांसद राहुल गांधी अपने अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ल के साथ विशेष कोर्ट में हाजिर हुए तथा जमानत की मांग की। विशेष कोर्ट ने उनकी जमानत 25 हजार रुपए के दो जमानतदार (प्रतिभू) व उतनी ही धनराशि के व्यक्तिगत बंधपत्र पर मंजूर कर कोर्ट से ही रिहाई का आदेश दिया। कोर्ट में मानहानि के आरोपी सांसद राहुल गांधी लगभग आधे घंटे न्यायिक हिरासत में रहे। कोर्ट मे उनकी न्याय यात्रा को देखते हुए बचाव पक्ष ने उनकी हाजिरी माफी का प्रार्थना पत्र भी दिया है। जिसमें कोर्ट ने आदेश सुरक्षित रखा है।

नैनीताल और भीमताल का रुख नहीं कर रहे पर्यटक

दिल्ली-एनसीआर के सैलानियों के नैनीताल नहीं पहुंचने से स्थानीय कारोबारियों को उठाना पड़ रहा नुकसान

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: दिल्ली सीमा पर चल रहे किसान आंदोलन का पर्यटन पर गहरा असर पड़ रहा है। दिल्ली-एनसीआर से आने वाले सैलानियों के नैनीताल नहीं आने से स्थानीय कारोबारियों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

बता दें कि नैनीताल में इस वर्ष बर्फबारी नहीं होने से दिसंबर से फरवरी तक नैनीताल पहुंचने वाले सैलानियों की कमी से व्यापारी काफी निराश दिखाई दे रहे थे, तो वहीं अब उनको किसान आंदोलन की दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। जिसके चलते वीकेंड पर दिल्ली एनसीआर से आने वाले लोगों की संख्या में काफी कमी आ गयी है। जिसके चलते नगर में सन्नाटा पसरा हुआ है। जिसके चलते पर्यटन पर आधारित टैक्सी चालकों, नाव चालकों, गाइड, होटल कारोबारियों व छोटे-बड़े दुकानदारों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं होटलों की बुकिंग भी रद्द हो चुकी है।

नैनीताल का पर्यटन व्यवसाय और पर्यटकों की बीते कुछ दिनों से बेहद कम आमद से पर्यटन व्यवसायी बेहद परेशानी का सामना कर रहा है। किसान आंदोलन की वजह से भी नैनीताल का पर्यटन व्यवसाय खासा प्रभावित हुआ हुआ। पर्यटन व्यापारी इस बार नव वर्ष के खराब व्यवसाय की मार झेल रहा है। कुछ दिनों पहले हल्द्वानी प्रकरण और कर्फ्यू के बाद भी अब किसान आंदोलन से बेहद हताशा महसूस कर रहा है। हमारा आग्रह है की संबंधित सरकारी तंत्र और सभी किसान भाई तुरंत बातचीत से इस मसले का हल ढूंढे।

–पुनीत टंडन, अध्यक्ष, मां नयना देवी, नैनीताल व्यापार मंडल

बीते दो सप्ताह से काफी कम पर्यटक आ रहे हैं, जिसके चलते हमारे काम पर भी काफी फर्क पड़ा है। हम लोग पर्यटकों को होटल बुक कराने व अन्य स्थानों पर घुमाने से हर रोज 500 से 700 रुपये तक कमा लेते थे लेकिन अब दिन भर में बिल्कुल भी पैसा नहीं कमा पा रहे हैं।

– सुनील कुमार, गाइड, नैनीताल

किसान आंदोलन का नैनीताल के पर्यटन पर काफी असर पड़ा है। लोग नैनीताल आने से कतरा रहे हैं जिसके चलते इस वीकेंड पर कई होटलों की बुकिंग भी कैंसिल हुई है और अगर जल्द स्तिथि सामान्य नहीं हुई तो आने वाले वीकेंड पर भी इसका असर पड़ सकता है।

–वेद साह, सचिव होटल व रेस्टोरेंट एसोसिएशन नैनीताल

हम लोग वीकेंड पर पांच से सात चक्कर और बाकी दिन भी तीन से चार चक्कर लगाते थे, लेकिन किसान आंदोलन व बनभूलपुरा घटना के बाद एक चक्कर लगाना भी मुश्किल हो चुका है। खासकर ठेके पर नाव चला रहे नाविकों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

–राम सिंह, अध्यक्ष, नाव मालिक संघ नैनीताल

किसान आंदोलन से जिम कॉर्बेट के पर्यटन पर असर नहीं

रामनगर : किसान आंदोलन की वजह से भले ही अन्य स्थानों पर असर पड़ रहा हो लेकिन फिलहाल रामनगर में इसका पर्यटन व्यवसाय में कोई खास प्रभाव फिलवक्त पड़ता नजर नहीं आ रहा है। होटल एवं रिसोर्ट एसोशिएशन के अध्यक्ष हरि सिंह मान कहते हैं कि आंदोलन का प्रभाव कार्बेट पर्यटन पर नहीं पड़ा है। उन्होंने कहा कि अभी आंदोलनकारियों ने हरियाणा बॉर्डर सील किया है। यूपी बार्डर खुला होने से दिक्कत नहीं है। अधिकतर पर्यटक यहां दिल्ली से आते हैं। यूपी बॉर्डर पर यदि किसानों ने जाम लगा दिया तो इससे दिक्कत हो सकती है।

वीकेंड पर भी काफी कम पहुंच रहे हैं पर्यटक

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : दिल्ली सीमा में चल रहे किसान आंदोलन का भीमताल व आसपास के क्षेत्र के पर्यटन स्थल पर खासा प्रभाव देखने को मिला है। भीमताल में ऑफ सीजन पर्यटकों की खासी संख्या पिछले वर्ष तक रही थी।

वहीं पिछले दो सप्ताह से वीकेंड भी पर्यटन को लेकर खासा प्रभावित रहा। वैसे तो भीमताल व आसपास के क्षेत्र में 31 फर्स्ट दिसंबर के बाद से पर्यटन खास नहीं रहता है लेकिन फिर भी कुछ लोग ऐसे होते हैं जो की सीजन के समय भीमताल व आसपास में पर्यटन को लेकर अफरा तफरी के माहौल में आना पसंद नहीं करते हैं। ऐसे में बहुत सारे पर्यटक ऑफ सीजन में भीमताल का रुख करते हैं। पर्यटकों के नहीं पहुंचने से कारोबारियों पर इसका सीधा असर पड़ रहा है। वहीं भीमताल, सातताल, नौकुचियाताल, चाफी, अलचौना आदि क्षेत्र ऐसे क्षेत्र हैं जहां पर पक्षी विशेषज्ञ भी यहां पर जाड़ों में निवास करके अपने प्रवासी पक्षियों को देखने के शौक को पूरा करते हैं। इस बार दिल्ली में हुए आंदोलन से पक्षी पर्यटक भी खासा प्रभावित हुआ है। इससे कारोबारियों में निराशा का माहौल है।

वीकेंड खासा प्रभावित रहा। जिन लोगों ने इन दिनों रुकने के लिए इन्क्वायरी प्राप्त की थी। उनका कोई कंफर्मेशन नहीं हो पाया है। **–नितेश बिष्ट**, स्वामी होटल, माउंटेरिया 11

बहुत सारे पर्यटक दिल्ली और उससे लगे क्षेत्र से हर वीकेंड में आते थे, जो कि नियमित तौर पर आते थे। दो सप्ताह से नहीं आए हैं। इतना ही नहीं अन्य पर्यटन को लेकर कारोबार प्रभावित है। **–संजय महरा**, होटल स्वामी, वोल्नट क्रीक

बहुत ज्यादा असर देखने को मिला है, नियमित तौर पर आने वाली इन्क्वायरी में भी इसका असर है। पर्यटन तो मानिए इस समय कुछ भी नहीं है क्षेत्र में। **–हरीश जोशी**, होटल स्वामी, लेक्स नाइन

पर्यटकों की संख्या नहीं के बराबर है। नावों के साथ टैक्सी कारोबार भी खासा प्रभावित है। इससे लोगों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है। **–देवेन्द्र फर्त्याल**, अध्यक्ष वोट चालक समिति

मेरठ-दिल्ली बॉर्डर बंद होने से ट्रांसपोर्टरों पर पड़ रहा भार

20 से 25 फीसदी कम हुआ कारोबार, 50 से 60 किमी. अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है ट्रक चालकों को

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: एमएसपी कानून बनाने सहित कई मांगों को लेकर एक बार फिर आंदोलित हुए किसानों द्वारा दिल्ली और मेरठ के कई बॉर्डर बंद करने से ट्रांसपोर्टर कारोबारियों पर इसका असर देखने को मिल रहा है। बॉर्डर बंद होने के कारण ट्रांसपोर्टरों पर आर्थिक भार बढ़ा है। वहीं कारोबार में भी गिरावट आने लगी है।

बताते चलें कि पिछले कुछ दिनों से दिल्ली के शंभू बॉर्डर, गाजीपुर बॉर्डर के अलावा मेरठ का औचंदी बार्डर, फैजाबाद बार्डर, करनाल बार्डर सहित कई संपर्क हाईवों की सीमाओं पर किसानों का जमावड़ा होने के कारण आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ट्रांसपोर्ट कारोबारियों का कहना था कि कई हाईवे वनवे और ज्यादातर हाईवों पर पुलिस प्रशासन द्वारा बैरिकेटिंग लगाकर पूर्णतया बंद कर दिए हैं। यदि यह सिलसिला चलता रहा तो कारोबार में काफी गिरावट आने की संभावना है। जिस ट्रक को अपने गंतव्य तक पहुंचने में एक से दो दिन का समय लगता था। अब चालकों को तीन से चार दिन का समय लग रहा है। कई किलोमीटर अतिरिक्त चलने के कारण डीजल-पेट्रोल सहित चालकों का खर्चा भी बढ़ा है।

पिछले कुछ दिनों से दिल्ली, मेरठ, पंजाब व करनाल बॉर्डर के बंद होने के कारण ट्रांसपोर्ट कारोबार में 20 से 25 फीसदी कारोबार में गिरावट आई है और ट्रांसपोर्टरों पर डीजल-पेट्रोल के खर्चे के अलावा चालकों पर होने वाले खर्च का भी अधिभार बढ़ा है। यदि यह सिलसिला ऐसे ही चलता रहा तो अन्य कारोबारियों पर भी इसका असर देखने को मिल सकता है। समय रहते बार्डर नहीं खुले तो आवाजाही ठप होने लगेगी।

–महेंद्र सिंह भाटिया, ट्रांसपोर्टर, रुद्रपुर

किसान आंदोलन और पुलिस प्रशासन द्वारा बॉर्डर पर बैरिकेडिंग करने के कारण भारी वाहनों की आवाजाही में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि जिस गंतव्य तक जाने में दो से तीन का समय लगता था। वर्तमान में चार से पांच दिन तक का समय लग रहा है और आर्थिक बोझ भी बड़ा है। उत्पादों की आवाजाही ज्यादातर दिल्ली, पंजाब, मेरठ हाईवों की ओर होता है। बॉर्डर बंद होने के कारण वाहनों को 50 से 60 किमी. अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। **–जमील अहमद**, ट्रांसपोर्टर, रुद्रपुर

कारोबारियों का मानना है कि यदि आंदोलन लंबा चला तो बाजार की अर्थव्यवस्था पर इसका बुरा असर पड़ सकता है। जिसको लेकर ट्रांसपोर्टरों ने चिंता व्यक्त की है।

महेंद्र भट्ट राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित

- मुख्यमंत्री धामी ने निर्वाचन पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को दी बधाई

ब्यूरो, देहरादून

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। कोई दूसरा प्रत्याशी न होने की वजह से मंगलवार को नाम वापसी का समय पूरा होने के बाद उनको निर्विरोध निर्वाचन घोषित किया गया।

उत्तराखंड से रिक्त राज्यसभा सीट के लिए भाजपा ने प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट को उम्मीदवार बनाया था। भट्ट ने बीती 15 फरवरी को नामांकन पत्र दाखिल किया था। मंगलवार को नाम वापसी थी, दोपहर तीन बजे नाम वापसी का समय पूरा होने के बाद विधानसभा स्थित चुनाव कक्ष में रिटर्निंग अधिकारी चंद्रमोहन स्वामी ने भट्ट के निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा की और उन्हें प्रमाण पत्र सौंपा। इस दौरान प्रदेश संगठन मंत्री अजेय कुमार, प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, विधायक खजानदास मौजूद रहे। अयोध्या गए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने फोन पर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

नई दिल्ली में मंगलवार को मिस वर्ल्ड इवेंट के उद्घाटन से पहले रिहर्सल के दौरान प्रतियोगियों ने रैंप अपना जलवा बिखेरा। राजधानी में मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने के विभिन्न देशों की प्रतियोगी पहुंचीं हैं। ● एजेंसी

ताल से पानी रिसाव, चिंता बढ़ी

- नगर पंचायत ने झील का कराया है सौंदर्यीकरण
- धार्मिक महत्व की झील के लिए श्रद्धालुओं से सहयोग की अपील

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : भीमताल के नगर पंचायत वार्ड छ के अन्तर्गत आने वाली नल दमयंती ताल से पानी का रिसाव लगातार जारी है, जिससे स्थानीय निवासियों में झील में पानी को लेकर चिंता बढ़ गई है।

नगर पंचायत के द्वारा आसपास पर्यटन को विकसित करने के लिए इसका खासा सौंदर्यकरण किया गया है। इसके रिसाव को रोकने के लिए भी खासा कार्य किया पर वर्तमान में भी इसका पानी रिस रहा है। स्थानीय निवासियों की मानें तो सिंचाई विभाग के स्वामित्व वाली झील में विभाग के द्वारा झाड़ी कटान का कार्य और कुछ अन्य कार्य के अलावा कुछ अन्य कार्य नहीं किया गया है। स्थानीय निवासियों और झील के धार्मिक महत्व को देखते हुए श्रद्धालुओं ने एक बार फिर से पानी के रिसाव को रोकने के लिए सकारात्मक कार्य करने का अनुरोध किया है।

भीमताल के नगर पंचायत वार्ड छह स्थित नल दमयंती ताल। ● अमृत विचार

जैव विविधता को बचाने में वनाग्नि बड़ी चुनौती

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : जैव विधिवता को बचाने के लिए वनाग्नि आज एक बड़ी चुनौती साबित हो रही है। इसलिए हमें वनाग्नि से निपटने के लिए ठोस प्रयास करने होंगे और चीड़ की पत्तियों के विभिन्न उत्पाद बनाकर उनका विपणन करना होगा और जंगलों में फलदार और चौड़ी पत्ती के पौधे रोपने पर जोर देना होगा।

जीबी पंत पर्यावरण संस्थान में आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला के शुभारंभ के दौरान वैज्ञानिकों ने यह बात कही। संस्थान में चीड़ एवं रिंगाल आधारित आजीविका के अवसर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए जैव विविधता संरक्षण व प्रबंधन विभाग केंद्र प्रमुख डा. आईडी भट्ट ने कहा कि वनाग्नि से हिमालय की जैव विविधता को नुकसान पहुंच रहा है। ज्यादातर आग चीड़ के जंगलों में फैलती है। इसलिए हम चीड़ की पत्तियों से विभिन्न उत्पाद बनाकर इसे कम कर सकते हैं। प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग आजीविका संवर्धन में करने की बात कही। डॉ. हर्षित पंत जुगरान ने पिरूल से जैव ईधन तैयार करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. सुबोध ऐरी ने अतिक्रमणकारी पादप प्रजातियों के प्रभावों की जानकारी दी। कार्यशाला में हंस फाउंडेशन के अल्मोड़ा, बागेश्वर, टिहरी और पौड़ी से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया और सूर्यकुंज का भ्रमण कराया गया। इस मौके पर डॉ. अशोक साहनी, डॉ. एससी आर्य, किरन चौधरी, ममता अधिकारी आदि रहे।

जीबी पंत संस्थान में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते वैज्ञानिक। ● अमृत विचार

एसटीएफ ने सॉल्वर गैंग के एक सदस्य को दबोचा

- प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक कराने और सॉल्वर से परीक्षा दिलाने में रहा सक्रिय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक कराने तथा फर्जी सॉल्वर बैठाकर परीक्षा दिलाने वाले गिरोह का एसटीएफ ने पर्दाफाश किया है। गिरोह के एक सदस्य को झांसी से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ के हत्थे चढ़ा अभिताभ रावत, मध्य प्रदेश का निवासी है। वह 2021 से लेकर अब तक मध्य प्रदेश की कई प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली करा चुका है।

रावत ने 2013 में मध्य प्रदेश आरक्षी भर्ती परीक्षा में तीन लाख रुपेय देकर सतेंद्र रावत की जगह रनवीर जाट को परीक्षा में बैठाया था, जिसमें सतेंद्र व रनवीर पकड़े गए थे। सतेंद्र की अग्रिम जमानत हो गई थी। वर्ष 2016 में जब ऑनलाइन परीक्षाएं होने लगीं तब अभिताभ रावत गैंग बनाकर 2016 में सिलिका जेल से बायोमेट्रिक इंप्रेशन बनाकर सॉल्वर बैठाकर परीक्षा में धांधली कराने लगा। उसने 17 एवं 18 फरवरी को हुई उप्र पुलिस भर्ती में विष्णु चौधरी निवासी आगरा से संपर्क करके भर्ती कराने के नाम पर कई अभ्यर्थियों से धोखाधड़ी की है।

कोतवाली के मालखाने से 12.48 लाख रुपये चोरी

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : कोतवाली के मालखाने से 12.48 लाख रुपये की नगदी चोरी हो गई। वर्ष 2017 में हत्या के एक मामले में आरोपियों के पास से पुलिस ने यह धनराशि जब्त की थी। जांच के बाद मामले में एसएसआई ने मालखाना मोहर्रिर, रिटायर्ड मालखाना मोहर्रिर व एक अन्य पुलिसकर्मी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

एसएसआई प्रदीप मिश्रा ने सोमवार को कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि मालखाने में रखी 12.48 लाख रुपये की धनराशि से संबंधित जांच उच्चाधिकारी द्वारा कराई गई थी। जांच के बाद कोतवाली में तैनात मालखाना मोहर्रिर हेड कांस्टेबल महेश पंत, रिटायर्ड मालखाना मोहर्रिर अपर उप निरीक्षक सुदेश कुमार तथा मालखाना मुंशी कांस्टेबल कुशाल सिंह पर धनराशि को गायब करने का संदेह है।

उन्होंने कहा कि अप्रैल 2023 में तत्कालीन मालखाना मोहर्रिर सुदेश कुमार ने यह धनराशि अलमारी में देखी थी, लेकिन उसके बाद अगस्त 2023 में नवनियुक्त मालखाना मोहर्रिर हेड कांस्टेबल महेश पंत को चार्ज देने के दौरान धनराशि अलमारी से गायब थी।

जबकि उसकी एकमात्र चाबी नवनियुक्त मालखाना मोहर्रिर के पास थी। तहरीर के आधार पर वर्तमान मालखाना मोहर्रिर, रिटायर्ड मालखाना मोहर्रिर व मालखाना मुंशी के खिलाफ धारा 409 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

- मालखाने के वर्तमान और रिटायर्ड मोहर्रिर व एक अन्य पुलिसकर्मी पर एफआईआर
- वर्ष 2017 में हत्या आरोपियों के पास से पुलिस ने यह धनराशि जब्त की थी

इस मामले में मालखाने में जमा हुई थी धनराशि

वर्ष 2017 में रामपुर के थाना टांडा ग्राम हमीरपुर निवासी संतराम पुत्र स्वर्गीय मोहर सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी थी कि उसका भाई पृथ्वी सिंह पिछले 15 वर्षों से फसियापूरा में रेनू नाम की महिला के साथ रहता था जिसकी एक पुत्री भी है। 24 अप्रैल 2017 को उसके भाई ने अपने गांव की जमीन बेची थी। जिसके एवज में उसे 14.45 लाख रुपये नगद मिला था। जिसको लेकर वह रेनू के पास चला गया था। आरोप लगाया था कि रेनू की पुत्री का मानपुर निवासी हरप्रीत नाम के युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। 24 अप्रैल 2017 की रात को रेनू ने भाई की मौत की सूचना दी। पीड़ित ने रेनू व उसकी पुत्री और हरप्रीत पर हत्या का शक जताया था। पुलिस ने मामले का खुलासा कर आरोपियों के कब्जे से 12.48 लाख रुपये बरामद कर मालखाने में जमा कराया था।

दंगे का असर मलिक का बगीचा में पसरा है सन्नाटा, गलियों में भी है कम चहल-पहल, घरों की छतों पर सूखते नजर जा रहे कपड़े

दरवाजों पर बाहर लटके ताले, अंदर लोगों के रहने की सुनाई दे रही आहट

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: मलिक का बगीचा के पास बने ज्यादातर घरों में ताले लटके हुए हैं। हालांकि कई घरों के बाहर ताले लटके होने के बावजूद अंदर लोगों से लोगों के रहने की आहट सुनाई दे रही है। एक बंद घर के अंदर से टीवी चलने की धीमी आवाज तक आ रही थी।

मंगलवार को बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में कर्फ्यू पूरी तरह से हटा दिया गया है। थाना क्षेत्र में ही मलिक का बगीचा वो जगह है जहां पर मदरसा और नमाज स्थल हटाए जाने को लेकर आठ फरवरी को उपद्रव हुआ। लाखों रुपये के वाहन फूंक दिए गए। पुलिस, प्रशासन, नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ ही हिंसा में पत्रकार भी घायल हो गए। 12 दिन बाद कर्फ्यू को पूरी तरह से हटाया गया और हिंसा की घटना के दो सप्ताह बीतने से पहले ही अब मलिक का बगीचा और उसके आसपास का इलाका पूरी तरह से शांत हो गया है। मलिक का बगीचा से सटे ज्यादातर घरों के बाहर ताले लटके हुए हैं। जमींदोज हो चुकी नमाज स्थल के दरवाजे के सामने बने घर में भी ताला लटका है लेकिन घर की तीसरी मंजिल पर एक बच्चा आहते से नीचे झांक रहा था। जल्द ही किसी की अंदर से आवाज आयी और वह बच्चा अंदर चला गया। इसी तरह से एक दुकान के पास बने घर के बाहर भी ताला लटका है लेकिन उस घर के अंदर से टीवी चलने की धीमी आवाज आ रही थी। मलिक का बगीचा के पास की एक गली के घर के बाहर भी ताला लटका हुआ था लेकिन घर की छत पर कपड़े सूख रहे थे।

लोगों के घरों में लगे ताले। ● अमृत विचार

फोर्स का अभी भी पहरा

हल्द्वानी : बनभूलपुरा में कर्फ्यू हटा दिया गया है लेकिन मलिक का बगीचा की ओर आने वाली गलियों में अभी भी पहरा है। यहां एसएसबी के जवान पुलिस के साथ ड्यूटी कर रहे हैं। किसी भी आने जाने वाले सख्त पूछताछ की जा रही है। पूछताछ किए जाने के बाद ही मलिक का बगीचा में किसी को भी जाने दिया जा रहा है।

बेसमेंट का किया जा रहा भरान

हल्द्वानी : आठ फरवरी को मदरसा और नमाज स्थल को ढहाने की कार्रवाई की गयी थी। इधर प्रशासन ने बेसमेंट का भरान शुरू करा दिया है। मंगलवार को बुलडोजर से नमाज स्थल के बेसमेंट में भरान किया गया। ढांचों का मलबा निस्तारण भी किया जा रहा है।

तबाही के निशान अभी भी मौजूद

उपद्रवियों की मचाई तबाही के निशान अभी भी मौजूद हैं। एक दुकान की शटर के बाहर आग लगा दी गयी थी। शटर भी जलकर काला और टेढ़ा हो गया है। पत्थरबाजों के पथराव में स्थानीय लोगों की घरों को भी नुकसान पहुंचा। जिसके निशान साफ देखे जा सकते हैं। इसी तरह जिस घर के बाहर नगर निगम का ट्रैक्टर जलाया था उस घर की दीवार धुएं की वजह से पूरी तरह से काली हो गयी है। मलिक का बगीचा की तरफ से जिस गली से फोर्स और नगर निगम की टीम आयी थी, उस गली में सबसे ज्यादा आगजनी हुई थी।

एक नजर

12 शहीद सैनिकों के आश्रितों को नियुक्ति का आदेश

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश के 12 शहीद सैनिकों के आश्रितों को विभिन्न सरकारी विभागों में नौकरी देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के क्रम में नियुक्ति आदेश जारी किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि राज्य सरकार शहीद जवानों के परिवार के साथ पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ी है। प्रदेश सरकार द्वारा सैनिकों के कल्याण एवं सम्मान में अनेक कदम उठाए गए हैं। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश के इन वीर सैनिकों ने आतंकवादी घटनाओं में कर्तव्यपालन करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था।

ढलाई की फैक्ट्री में आग, दो कारीगरों की मौत

आगरा। ताजनगरी में देर शाम बड़ा हादसा हुआ। नमक की मंडी सराफा बाजार में ढलाई की फैक्ट्री में धमाका हो गया। धमाके के बाद अफरा तफरी का माहौल बन गया। लोग डर की वजह से शटर बंद करने लगे। हादसे इसमें दो कारीगरों की मौत हो गई जबकि एक युवक घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस के साथ फायर ब्रिगेड पहुंच गई। जानकारी के अनुसार, नमक की मंडी स्थित महल कॉम्प्लेक्स मार्केट में सिल्वर प्लांट की गैस लीकेज होने के बाद ये ब्लास्ट हुआ। बाजार में अफरातफरी मच गई।डीसीपी सिटी सूरज कुमार राय ने बताया कि हादसे में दो कारीगरों की मौत हो गई। जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। हादसे के बाद बाजार में भीड़ लग गई है। बतौर डीसीपी सिटी, कॉम्प्लेक्स के तीसरे तल पर चांदी पॉलिश की दुकान है। शाम को कारीगर आकाश और रवि चांदी की पॉलिश कर रहे थे, तभी हादसा हुआ। इस हादसे में रवि और आकाश सहित तीसरा कारीगर बेहोश हो गया। सूचना मिलते ही थाना कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और पुलिस ने तीनों कारीगरों को एसएन मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में लाया गया। यहां चिकित्सकों ने रवि और आकाश को मृत घोषित कर दिया।

मिशन कदाचार : क्यूआरटी मुस्तैद, नकल पर होगी जेल

- प्रयागराज, मथुरा, आगरा, अलीगढ़ व बलिया समेत 16 जिले अतिसंवदेनशील
- कुल 8266 केंद्र बनाए गए, 55 लाख से अधिक परीक्षार्थी होंगे सम्मिलित



राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : यूपी बोर्ड की नकलविहीन एवं शुचितापूर्ण परीक्षा कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त रुख अपनाया है। इसबार सोशल मीडिया खासकर वाट्सएप, एक्स, फेसबुक, टेलीग्राम के साथ-साथ ऑनलाइन वेब पोर्टल पर 24 घंटे निगरानी रखने के लिए बोर्ड द्वारा क्विक रिस्पॉन्स टीम (क्यूआरटी) की व्यवस्था की गयी है। दण्डनीय संज्ञेय और गैर जमानती अपराध की धाराओं में कार्रवाई होगी। उत्तर पुस्तिकाओं पर पहली बार क्यूर कोड क्रमांक अंकित रहेगा। कक्ष निरीक्षकों के प्रवेश पत्र को भी क्यूआर कोड के दायरे में लाया गया है।

माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश (यूपी बोर्ड) ने वर्ष 2024 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 22 फरवरी से शुरू हो रही है। परीक्षा में कुल 55,25,308 परीक्षार्थी सम्मिलित होने जा रहे हैं। इसमें हाईस्कूल में 29,47,311 एवं इंटरमीडिएट में 25,77997 परीक्षार्थी हैं। सोशल मीडिया व अन्य किसी माध्यम से प्रश्नपत्र या उसके किसी भाग या उसके हल को संचारित करने का प्रयास किया जाता है तो ऐसा कृत्य उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम-1998 की धारा 4/10 अन्तर्गत दण्डनीय संज्ञेय एवं गैर जमानती अपराध है। परीक्षा के लिहाजा से प्रयागराज, अलीगढ़, मथुरा, कौशाम्बी, आगरा, बलिया, मैनपुरी, बागपत, मऊ, हरदोई, आजमगढ़, चंदौली, देवरिया, गाजीपुर, गोड़ा, एटा जिलों को अतिसंवदेनशील जिला माना गया है। यहां बोर्ड के अफसरों की खास निगाह रहेगी। कंट्रोल से लगातार इन जिलों के परीक्षा पर निगहबानी की जाएगी।

प्रदेश में कुल 8266 परीक्षा केंद्र

बोर्ड के सचिव दिव्यकांत शुक्ला ने हाईस्कूल एवं इंटर परीक्षा की तैयारी की सिलसिलेवार जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल एवं इंटर की परीक्षा 22 फरवरी से 9 मार्च तक संचालित होगी। कुल 16 दिवसों में होने वाली परीक्षा में कुल 55 लाख से अधिक बालक बालिकाएं सम्मिलित होंगे। इसमें हाईस्कूल में 15,,71,184 बालक एवं 13,76,127 बालिकाएं हैं। इंटर में 14,28,323 बालक एवं 11,49,674 बालिकाएं हैं। पूरे प्रदेश में कुल 8266 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

24 घंटे होगी ऑनलाइन निगरानी

यूपी बोर्ड मुख्यालय समेत सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में एक-एक कमांड कंट्रोल रूम बनाया गया है। जहां से सभी परीक्षा केंद्रों एवं वहां के स्ट्रांग रूमों की ऑन लाइन निगरानी 24 घंटे रहेगी। बोर्ड मुख्यालय ने पहली बार पांचों क्षेत्रीय कार्यालय प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर, बरेली एवं मेरठ में कंमाड एंड कंट्रोल रूम की स्थापना की है। यहां से परीक्षा केंद्रों पर नकल की घटनाओं एवं अन्य किसी प्रकार की आवंछनीय गतिविधियों के परिलक्षित होने पर तत्काल कार्रवाई की जागी। सचल दस्तों को तत्काल सूचित किया जाएगा। वह तुरंत मौके पर पहुंच कर कार्यवाही करेंगे।

उत्तर पुस्तिकाओं की अदला-बदली रोकने के लिए क्यूआर कोड

यूपी बोर्ड ने उत्तर पुस्तिकाओं की अदलाबदली रोकने के लिए एक नया कदम उठाया है। कवर पृष्ठ के साथ-साथ आन्तरिक पृष्ठ पर भी लोगो लगाया गया है। कॉपियों के प्रत्येक पृष्ठ पर पृष्ठ संख्या अंकित है। साथ ही उत्तर पुस्तिकाओं के पृष्ठों को स्टेपल पिन के स्थान पर सिलाई कराकर अलग अलग रंगों से मुद्रित किया गया है।

कक्ष निरीक्षकों के लिए हाइटेक परिचय पत्र

यूपी बोर्ड ने 3,11,453 कक्ष निरीक्षकों को पहली बार एक सुरक्षित क्यूआर कोड एवं क्रमांक युक्त कंप्यूटराइज्ड परिचय पत्र दिया है। बोर्ड सचिव ने बताया कि इस व्यवस्था से कक्ष निरीक्षकों की डयूटी लगाने में आसानी होगी। साथ ही परीक्षा व्यवस्था और भी सुदृढ़ व पारदर्शी होगी।

प्रमोद कृष्णम ने की इंडिया गठबंधन की आलोचना

एजेंसी, संभल

- नीतीश ने गठबंधन का किया अंतिम संस्कार, जयंत ने श्राद्ध

कल्कि धाम पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने मंगलवार को दावा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विपक्षी इंडिया गठबंधन का अंतिम संस्कार किया और राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के प्रमुख जयंत चौधरी ने इसका श्राद्ध कर दिया।

कृष्णम ने पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि इंडिया गठबंधन अपने जन्म के समय से ही बड़ी बीमारियों से ग्रसित हो गया था। उन्होंने कहा कि यह (विपक्षी गठबंधन) पहले आईसीयू में चला गया, और बाद में इसे वेंटिलेटर पर रखा गया। नीतीश कुमार ने उसका अंतिम संस्कार किया और जयंत चौधरी ने इसका श्राद्ध कर दिया। अब गठबंधन नाम की कोई चीज नहीं बची है। कृष्णम ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि मैं राहुल गांधी के लिए सिर्फ दो बातें कहना चाहता हूं। सबसे पहले, उन्हें न्याय यात्रा कांग्रेस के उन वरिष्ठ नेताओं के लिए निकालनी चाहिए जिनका रोज अपमान हो रहा है और जिनके साथ अन्याय हो रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का वे लोग अपमान कर रहे हैं जो कभी पार्षद तक का चुनाव नहीं लड़े हैं। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव द्वारा अपने राज्य में यात्रा निकालने के बारे में पूछे जाने पर कृष्णम ने कहा कि मुझे लगता है किसी भी दुकान में सौदा बचा नहीं है। 2024 में सारी दुकानें बंद हो जाएंगी।

कल्कि पीठाधीश्वर ने कहा कि देश की जनता उन्हें स्वीकार नहीं कर रही है और देश परिवारवाद के खिलाफ है। परिवारवाद थोड़े ही समय तक चल सकता है। उन्होंने कहा कि योग्यता और प्रतिभा के आधार पर राजनीति में सम्मान मिलना चाहिए तथा प्रतिभाओं को सम्मानित करने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस के बीच गठबंधन के बारे में पूछे जाने पर कहा कि अखिलेश यादव को पहले अपने चाचा शिवपाल जी से ठीक से व्यवहार करना चाहिए, उनका सम्मान करना चाहिए और उसके बाद दूसरों को जोड़ें। यह पूछे जाने पर कि क्या वह भाजपा में शामिल होंगे, कृष्णम ने कहा कि सवाल भाजपा या कांग्रेस या किसी पार्टी में जाने का नहीं है, सवाल देश का है। उन्होंने कहा, ''मैं कल तक कांग्रेस के साथ था। आज मैं देश के साथ हूं और देश मोदी के साथ है, इस पर मैं ज्यादा बात करना नही चाहता। मेरा मानना है कि भारतीय संस्कृति व सभ्यता को बढ़ावा देने और भारत के ध्वज फहराने का काम देश के सफल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं और मैं मोदी के साथ हूं।

कंटेनर की चपेट में आने से तीन की मौत

बिजनौर : जिले में मंगलवार को एक अनियंत्रित कंटेनर की चपेट में आने से एक गाड़ी पर सवार तीन लोगों की मौत हो गयी। पुलिस क्षेत्राधिकारी संग्राम सिंह ने यहां बताया कि बिजनौर कोतवाली क्षेत्र में पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे बिजनौर नगर की ओर से बैराज की तरफ जा रहा एक कंटेनर अनियंत्रित होकर एक अस्पताल के बायोमेडिकल अपशिष्ट से भरे एक वाहन पर पलट गया। सिंह ने बताया कि इस हादसे में गंभीर रूप से घायल दिनेश शर्मा (36), रविन्द्र (35) और मोनू (32) को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सिंह ने बताया कि मरने वाले तीनों लोग गाजियाबाद के भोजपुर के रहने वाले थे और विवाह का निमंत्रण पत्र बांटने आये थे।

चयनित उम्मीदवारों को पक्षकार न बनाने पर दर्जनों याचिकाएं खारिज

विधि संवाददता, प्रयागराज

- सहायक शिक्षकों की नियुक्ति में लागू आरक्षण का मामला

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जूनियर बेसिक स्कूलों में सहायक शिक्षकों की नियुक्ति में लागू आरक्षण के मामले में अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि अनारक्षित, आरक्षित सीटों के वितरण के साथ-साथ क्षैतिज आरक्षण के लिए सीटों की संख्या प्रासंगिक अधिनियम और नियमों के अनुसार निर्धारित की गई थी।

याचीगण नियुक्ति में किसी भी अस्पष्टता को इंगित करने में असफल रहे हैं, साथ ही चयनित उम्मीदवारों को पक्षकार न बनाने के कारण वर्तमान याचिका को पोषणीय नहीं माना जा सकता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकलपीठ ने सहायक शिक्षकों की नियुक्ति हेतु विपक्षी प्राधिकारी द्वारा जारी चयन सूची को रद करने के लिए श्वेता मौर्या और 21 अन्य के साथ दाखिल याचिकाओं के समूह को खारिज करते हुए पारित किया। वर्तमान याचिका पर सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट के मामले का हवाला देते हुए कहा गया कि सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश 1 नियम 8 के अनुसार असफल उम्मीदवारों के मामले में चयनित उम्मीदवारों को पक्षकार बनाने की आवश्यकता होती है। अतः न्यायालय ने माना कि ऐसी स्थिति में याचियों को कोई राहत नहीं दी जा सकती है। याचियों की ओर से यह भी तर्क दिया गया कि अध्यापकों का चयन जिला स्तर पर किया गया था और आरक्षण राज्य स्तर पर गलत ढंग से लागू किया गया था, जिसका प्रतिकूल प्रभाव अन्य पिछड़ा वर्ग के याचियों पर पड़ा। ओबीसी के लिए आरक्षित सीटों की संख्या और उन पर नियुक्ति की संख्या का सटीक खुलासा नहीं किया गया।

इस पर सरकार की ओर से दाखिल हलफनामे में बताया गया कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण), 1994 के तहत प्रदान किया गया रोस्टर प्रत्येक जिले में उपलब्ध पदों के अनुसार लागू किया गया है। प्रत्येक श्रेणी के पदों के लिए जिलावर रिक्तियों की सूची और मेरिट सूची का निर्धारण उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा (शिक्षक) सेवा नियमावली,1981 के प्रावधानों के तहत ही किया जाता है।

परीक्षा निरस्त कर दोबारा कराने की मांग को लेकर जिलों में हो रहा प्रदर्शन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पुलिस भर्ती : सोशल मीडिया पर कथित पेपर लीक मामला

अमृत विचार : उप्र पुलिस में सिपाही के 60,244 पदों पर भर्ती को लेकर शनिवार और रविवार को हुई परीक्षा की शुचिता पर लगातार सवाल खड़े किए जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर कथित पेपर लीक मामला तूल पकड़ रहा है। इसको लेकर अब प्रदेश के कई जिलों में अभ्यर्थियों द्वारा प्रदर्शन होने लगा है। वे पेपर लीक होने का आरोप लगाते हुए परीक्षा निरस्त कर दोबारा कराने की मांग कर रहे हैं।

उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड वैसे तो पेपर लीक होने के आरोपो को सिरे से खारिज कर रहा है, लेकिन लगातार हो रहे बवाल को देखते हुए फिलहाल एडीजी एके सिंह की अध्यक्षता में आतंरिक जांच समिति गठित कर दी है। यह समिति पेपर लीक की शिकायत के अलावा पेपर छपाई में गड़बड़ी, पेपर देर से पहुंचने, सनी लियोनी के एडमिट कार्ड मामले की भी जांच करेगी। बोर्ड की अध्यक्ष रेणुका मिश्र ने कहा है कि जांच रिपोर्ट में मिली जानकारियों के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

उधर, आंदोलित अभ्यर्थी समिति गठित किए जाने पर कान नहीं दे रहे हैं। उनका सीधा आरोप है कि परीक्षा में धांधली हुई है। ढाई से तीन लाख अभ्यर्थियों के पास वायरल सॉल्व्ड पेपर पहुंच गया था। ऐसे में परीक्षा निरस्त किया जाना चाहिए। इसको लेकर बिजनौर, कुंड़ा (प्रतापगढ़) समेत कई जिलों से अभ्यर्थियों द्वारा प्रदर्शन किए जाने की खबरें आ रही हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, मछली शहर विधायक डा. रागिनी, पूर्व आईपीएस अफसर अमिताभ ठाकुर समेत कई विधायकों ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर परीक्षा निरस्त कि जाने की मांग की है।

विदेशियों के पलायन से निष्पक्ष सुनवाई में हो रही कठिनाई

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने विभिन्न अपराधों के लिए राज्य में अभियोजन का सामना कर रहे चीनी नागरिकों के मामलों में कहा कि कई मामलों में कोर्ट द्वारा जमानत की शर्तों के अनुसार विदेशी नागरिकों का पासपोर्ट जमा करने, वीजा विस्तार के लिए अनुमति न देने से भी समस्या की जड़ का समाधान नहीं हो पा रहा है।

विदेशी नागरिकों द्वारा अन्य देशों की क्षेत्रीय सीमाओं में पलायन कर जाने से अभियोजन को अपना पक्ष रखने में कठिनाई हो रही है। इस मुद्दे पर राज्य सरकार के साथ-साथ केंद्र सरकार को भी समान रूप से चिंतन करने की आवश्यकता है। इसके अलावा विदेशी नागरिकों से जुड़े कई मामलों में कोर्ट को बताया गया कि आरोपी व्यक्तियों को अनुवादक उपलब्ध नहीं कराए गए हैं, जिसके कारण उनका पक्ष रखने में कठिनाई हो रही है। उपरोक्त दोनों मुद्दों पर कोर्ट ने भारत के एडिशनल सॉलिसिटर जनरल और अपर महाधिवक्ता को अगली तारीख पर व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में उपस्थित होने का निर्देश दिया। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति अजय भनोट की एकलपीठ के समक्ष चल रही है। उक्त मामला जोंग हाउ झी उर्फ जॉन

किसानों की मांगें मानना किसी भी सरकार के लिए आसान नहीं

एजेंसी, मेरठ

केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व सेनाध्यक्ष वीके सिंह ने मंगलवार को कहा कि अपनी विभिन्न मांगों को लेकर दिल्ली-हरियाणा सीमा पर प्रदर्शन कर रहे किसानों की मांगें पूरी करना किसी भी सरकार के लिए आसान नहीं है।

सिंह ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में किसानों के आंदोलन से जुड़े एक सवाल पर कहा कि आंदोलनकारी किसानों के नेता जो मांगें कर रहे हैं उन्हें पूरा करना किसी भी सरकार के लिए आसान नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि असल बात यह है कि किसान नेता मामले का समाधान निकालना ही नहीं चाहते हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री सिंह ने कहा कि वर्तमान में किसानों को विभिन्न तरीके से दिए जाने वाली सब्सिडी और प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के खर्च को अगर मिला लें तो यह देश के कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 2.4 प्रतिशत है जबकि सेना पर किया जाने वाला खर्च जीडीपी का केवल 1.9 प्रतिशत ही है। सिंह ने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि मामले को लेकर पूछे गये सवाल के जबाव में कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार वहां के नागरिकों को सुरक्षा देने में नाकामयाब हो चुकी है। उसका एक ही समाधान है कि वहाँ के लोग भाजपा की बेहतर सरकार चुनें।

विचार

- आंदोलनकारी किसानों की मांगों पर केंद्रीय मंत्री वीके सिंह खुलकर बोले

सेना को न जानने वाले कर रहे अग्निवीर योजना का विरोध

अग्निवीर को लेकर विपक्षी दलों के नेताओं की आलोचना के सवाल पर पूर्व सेना अध्यक्ष ने कहा कि असल बात यह है कि विपक्षी दलों के नेता सेना को नहीं जानते हैं इसीलिए इस योजना का विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि सच्चाई यही है कि अग्निवीर युवाओं के लिए एक बेहतर अवसर है। बहुत से युवा सेना में भर्ती होने के बाद में सोचते थे कि उन्होंने ग़लत निर्णय ले लिया और वह आसानी से वहां से निकल नहीं पाते थे। उन्होंने कहा कि अग्निवीर एक ऐसा अवसर है कि आसानी से वापस निकलने का मौक़ा भी मिलेगा और सेना में सेवा जारी रखने का भी अवसर मिलेगा। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को रायबरेली में अग्निवीर योजना को लेकर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अग्निवीर योजना शुरू होने के बाद से शहीदों में भी अंतर किया जाने लगा है, जहां एक ओर पूर्णकालिक सैनिक को शहीद का दर्जा दिया जाता है वहीं अग्निवीर की शहादत पर उसे ऐसा कोई दर्जा नहीं दिया जाता।

वर्ग पहेली-349

बाएं से दाएं

1.1. बैठने की एक प्रकार की चार पाए वाली लंबी चौकी 2. संसद भवन में दल विशेष के सदस्यों के बैठने का स्थान 3. पत्थर आदि का बना हुआ पाश्चात्य ढंग का आसन 4. सरकारी न्यायालय के न्यायकर्ता।

3.1. कोई चीज़ तोड़ने में किसी को प्रवृत्त करना, तुड़ाना 2. बड़े सिक्के को उतने ही मूल्य के छोटे-छोटे सिक्कों में बदलवाना।

5.1. चांद्रमास के कृष्ण या शुक्ल पक्ष की छठवीं तिथि 2. बच्चे के जन्म के छठे दिन होने वाला उत्सव या ऊबना

6. वह स्थान जहां अपराधियों को सजा की अवधि समाप्त होने तक रखा जाता है, बंदीगृह, जेलख़ाना, कारागार।

7.1. पत्थर तराशने की छेनी, नक्काशी करने वालों का एक औज़ार 2. छोटा टकुआ।

8.1. वनौषधि, बूटी 2. वह औषधि जिसकी जड़ दवा के काम लाई जाए।

ऊपर से नीचे

2.1. 'घड़-घड़' आवाज़ होने का भाव 2. गाड़ी चलने का स्वर।

4.1. पुराने समय में प्रचलित एक प्रकार का बाण जो बांस की नली में रखकर चलाया जाता था, तुफंग 2. भाला 3. कमल-दल, कमल-नाल 4. कमंडल।

5. छली, कपटी, छल करने वाला।



वर्ग पहेली - 348 का हल

1 पा	प	ना	2 श	क	■
प	■	■	व	■	3 नो
शो	■	4 ओ	दा	र	ना
ध	■	■	ह	■	■
न	■	■	गृ	■	5 ती
■	■	6 स	ह	चा	र
7 के	था	■	■	■	थ

सुडोकू-66

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

5			9			7		
		8						9
	7		4		2		6	
	9				8		4	
		2	7			8		
	8		5				3	
	1			3	5		7	
7						1		5
		6			4			3

सुडोकू - 65 का हल

1	5	4	9	7	6	8	3	2
3	7	6	8	2	4	1	5	9
9	8	2	5	1	3	7	6	4
6	4	7	1	9	5	3	2	8
5	2	3	4	8	7	9	1	6
8	9	1	6	3	2	5	4	7
7	6	8	2	5	1	4	9	3
4	3	5	7	6	9	2	8	1
2	1	9	3	4	8	6	7	5

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 21 फरवरी, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वादशी 11.27 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- उत्तर। **ऋतु**-वसंत। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 14.18 तक तत्पश्चात पुष्य।

मेष — आज किसी परिजन को लेकर परेशानी हो सकती है। खान-पान में सावधानी रखनी चाहिए। अपने विचारों को लेकर किसी पर दबाव न बनायें। अधूरे काम समय पर पूरे होने के योग बन रहे हैं। कारोबार को लेकर आप यात्रा कर सकते हैं।

वृष — आज अपने विचारों और सिद्धांतों से लोगों को काफी प्रभावित करेंगे। डिजिटल मार्केटिंग के करियर से जुड़े लोगों को अच्छे प्रोजेक्ट्स मिल सकते हैं। नई संपत्ति खरीद रहे हैं तो आपको बड़ा आर्थिक लाभ मिल सकता है।

मिथुन — आज वरिष्ठ अधिकारी आपके अनुकूल नहीं है। कोर्ट-कचहरी के विवाद बढ़ सकते हैं। आप महंगे आभूषणों के शौकीन हो सकते हैं। आपकी जीवनशैली में धीरे-धीरे बदलाव होगा। परिजनों से ज्यादा अपेक्षा न करें।

कर्क — आज आध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। व्यापार में आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। जीवनसाथी से आपको काफी अच्छी सलाह मिल सकती है। बड़ी परेशानियों से मुक्ति मिलेगी। अपने काम करने के तरीके में बदलाव कर सकते हैं।

सिंह — आज आपको महत्वपूर्ण निर्णय लेने से आपको परेशानी होगी। मन में अज्ञात भय का भाव रहेगा। दूसरों की बातों को ज्यादा महत्व न दें। लवमेट्स को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। नए अनुबंध करने के लिए दिन अच्छा नहीं है।

कन्या — आज अनुभवी व्यक्तियों की सलाह लेने से आपको लाभ मिलेगा। बच्चों के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। जॉब के बढ़ियां प्रपोजल आपको मिल सकते है। पारिवारिक रिश्तों में अच्छा सामंजस्य रहेगा। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

तुला — आज रुके हुए काम आपके बनने के योग बन रहे हैं। दोस्त आपकी काफी मदद करेंगे। अविवाहित लोगों के विवाह को लेकर चर्चा चल सकती है। आपकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी। अपनी व्यक्तिगत बातों को सार्वजनिक न होने दें।

वृश्चिक — आज किसी पुराने लोन की किश्त भरने में धन खर्च कर सकते हैं। अधिकारी आपके प्रदर्शन से संतुष्ट रहेंगे। विदेश यात्रा को लेकर दिन काफी अच्छा है। विद्यार्थी पढ़ाई में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। किसी भी काम को जल्दबाजी में न करें।

धनु — आज यात्राओं में समय और धन बर्बाद होगा। आप लोगों की मदद करेंगे आपको उसके लिए सम्मान नहीं मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोगों के विरोधी सक्रिय हो सकते हैं। आपका मूड अचानक से बदल सकता है। इसलिए आज बड़े निर्णय लेना उचित नहीं है।

मकर — आज सरकारी विभाग में कार्यरत लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। आप काफी व्यस्त रहने वाले हैं। जीवनसाथी के साथ काफी अच्छा समय व्यतीत करेंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात होसकती है।

कुंभ — आज व्यापार में ग्राहक बढ़ने से आप काफी प्रसन्न रहेंगे। घर में कुछ नवीनीकरण कर सकते हैं। परिवार के लिए आप समय निकालेंगे। नौकरी कर रहे लोगों को बेहतरीन परिणाम मिलेंगे। दांपत्य जीवन में प्रसन्नता बढ़ेगी।

मीन — आज पूजा-पाठ और धार्मिक विषयों की तरफ आप काफी आकर्षित हो सकते हैं। जीवनसाथी के साथ कुछ अनबन हो सकती है। शुभ कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। मन में प्रसन्नता का अनुभव होगा। विद्यार्थी नए कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- भीष्मा — सुबह : 10.00
- दानवीर — रात : 07.00

SONY MAX
- पटेल की पंजाबी शादी — सुबह : 10.57
- सत्यमेव जयते 2 — रात : 10.01

SONY PIX
- ब्राइटबर्न — सुबह : 11.24
- रैमपेज — रात : 08.45

ZEE CINEMA
- बुलंदी — सुबह : 10.30
- आचार्य — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- द बॉडी — दोपहर : 01.51
- तनु वेड्स मनु — रात : 09.33

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर सुबह-10.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

टीचर- पानी मे रहने वाले 5 जीवों का नाम बताओ ?
सोनू -मेंढक
टीचर-वाह, बाकी चार भी बताओ
सोनू - उसकी मां, उसका बाप, उसकी बहन और उसका भाई।

भिखारी- भगवान के नाम पर कुछ दे दो।
लड़की-कुछ नहीं है बाबा, माफ करो
भिखारी- कुछ नहीं तो अपना मोबाइल नंबर ही दे दो, बाबा दुआ भी करेगा और मैसेज भी।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 975 फ्लैग 1095 डीएमओ 860 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-

गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल प्रति कुन्तल	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800 रुपये।

निजी पूंजीगत व्यय से वृद्धि को मिलेगी गति

भारतीय रिजर्व बैंक ने बुलेटिन जारी करके अगले चरण के लिए जताई उम्मीद

मुंबई, एजेंसी

भारतीय अर्थव्यवस्था ने वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में हासिल की गई वृद्धि की रफ्तार को बरकरार रखा है और कॉरपोरेट क्षेत्र द्वारा पूंजीगत व्यय के नए दौर से वृद्धि के अगले चरण को गति मिलने की उम्मीद है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बुलेटिन में मंगलवार को यह बात कही गई।

बुलेटिन में 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' पर एक लेख में कहा गया- हाल के महीनों में यह धारणा मजबूत हुई है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था 2024 में उम्मीद से अधिक मजबूत वृद्धि हासिल करेगी और जोखिमों को व्यापक रूप से संतुलित किया गया है। लेख के मुताबिक, उच्च आवृत्ति संकेतकों के आधार पर कहा जा सकता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने 2023-24 की पहली छमाही में हासिल की गई गति को बरकरार रखा है। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्रा के नेतृत्व वाली एक टीम द्वारा लिखे गए लेख में कहा गया-कॉरपोरेट क्षेत्र द्वारा पूंजीगत व्यय के नए दौर की उम्मीद से वृद्धि के अगले चरण को बढ़ावा मिलने की संभावना है। जिन परियोजनाओं के लिए बैंकों और वित्तीय संस्थानों ने ऋण स्वीकृत किए हैं, उनकी कुल लागत अप्रैल-दिसंबर, 2023 के दौरान 2.4 लाख करोड़ रुपये थी। यह राशि पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 23 प्रतिशत अधिक है। कुल मिलाकर इस साल अब तक निजी कॉरपोरेट क्षेत्र के निवेश इरादे सकारात्मक रहे हैं।

लेख में कहा गया कि केंद्रीय बैंक ने 2024-25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। लेख में कहा गया कि स्थिर और चार प्रतिशत की मुद्रास्फीति जीडीपी वृद्धि की गति को बनाए रखने के लिए आधार तैयार करती है।

आरबीआई ने भारत के ऋण-जीडीपी अनुपात पर आईएमएफ के तर्क को खारिज किया

आरबीआई के एक लेख में देश के सामान्य सरकारी ऋण के बारे में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के तर्क को खारिज किया गया है। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्रा के नेतृत्व वाली एक टीम द्वारा लिखे गए लेख में इस बात पर जोर दिया गया कि ऋण-जीडीपी अनुपात अनुमान से काफी कम हो सकता है। 'राजकोषीय समेकन के अनुकूल वृद्धि का आकार' शीर्षक वाले लेख में कहा गया है कि अनुभव से मिले निष्कर्षों से पता चलता है कि विवेकपूर्ण राजकोषीय समेकन और वृद्धि के बीच मध्यम अवधि की पूरकता अल्पकालिक लागत से अधिक हैं। लेख के मुताबिक, सामाजिक और भौतिक बुनियादी ढांचे, जलवायु कार्यवाही, डिजिटलीकरण और श्रमबल को कुशल बनाने पर किए जा रहे खर्च का दीर्घकाल में फायदा मिल सकता है।

गन्ना की 3 नई प्रजाति बढ़ाएंगी मिठास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शाहजहांपुर ने एक और लखनऊ संस्थान ने विकसित की दो किस्म
- गन्ने की अन्य प्रजाति से उत्पादन और चीनी परता होगा अधिक

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में गन्ने की नई 3 प्रजाति आच्छादन, गन्ना उत्पादन के साथ चीनी का उत्पादन बढ़ाने में सहायक होंगी।

नवविकसित प्रजाति में शीघ्र होने वाला कोयम्बटूर शाहजहांपुर (को.शा) 18231 शामिल है। इसे गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर ने शोध और परीक्षण कर विकसित किया है। यह फसल प्रदेश भर में की जाएगी। जबकि भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान लखनऊ ने अधिसूचित अगेती गन्ना प्रजाति कोयम्बटूर लखनऊ (को.लख) 16202 व 15206 मध्यदेर को विकसित किया है। यह प्रजाति प्रदेश के मध्य एवं पश्चिमी उप्र में की जाएगी। इन प्रजातियों को विकसित करने में आठ से 10 साल लगे हैं।

मंगलवार को तीनों प्रजाति को

आयुक्त गन्ना एवं चीनी पीएन सिंह की अध्यक्षता में हुई बीज गन्ना एवं गन्ना किस्म स्वीकृति उपसमिति की बैठक में स्वीकृति दी गई है। पैदावार के लिए किसानों को शरदकालीन गन्ना बुआई से बीज उपलब्ध कराए जाएंगे।

सभी में चीनी परता ज्यादा, दिया गया प्रस्तुतीकरण: नवविकसित प्रजाति यह उच्च गुणवत्तायुक्त अधिक रोगरोधी हैं। यह अन्य प्रजाति से अधिक मीठा है। बैठक में प्रजातियों का प्रस्तुतिकरण किया गया।

18231 के शोध व परीक्षण आंकड़ों के अनुसार उपज 90.16 टन/हेक्टेयर पाई गई। जो प्रमाप की तुलना में 11.36 व 27.92 प्रतिशत अधिक है। इसमें 18231 में रस में शर्करा प्रतिशत व पोल प्रतिशत इन केन भी प्रमाप की तुलना में अधिक बताया गया और भी खूबियां बताई गईं। सीसीएस टन/हेक्टेयर की दृष्टि से 11.89 प्रमाप को. 0238 की तुलना में 13.84 प्रतिशत अधिक पाई गई। सभी में चीनी परता ज्यादा है। उपसमिति ने आंकड़ों का विस्तृत तुलनात्मक अध्ययन करने के बाद सम्पूर्ण प्रदेश के लिए स्वीकृत किया। इसी तरह इसी तरह 16202 (शीघ्र) व 15206 (मध्यदेर) को पश्चिम व मध्य के लिए स्वीकृत किया है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	73,000
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	63,800
गिन्नी (प्रति नग)	47,500-47,700
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	65,000
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,850
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	73,700
चांदी तैयार	73,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,850
सोना जेवरात गिन्नी	62,850
चांदी पक्की	722 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,000
चांदी आभूषण	73,100।

ईपीएफओ ने दिसंबर में 15.62 लाख सदस्य जोड़े

नई दिल्ली। सेवानिवृत्ति कोष का प्रबंधन करने वाले निकाय ईपीएफओ ने मंगलवार को ताजा पेरोल आंकड़े जारी कर बताया कि उनसे दिसंबर 2023 में शुद्ध रूप से 15.62 लाख सदस्य जोड़े। श्रम मंत्रालय के अनुसार, पिछले महीने की तुलना में दिसंबर 2023 के दौरान सदस्यों की संख्या मं 11.97 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है ईपीएफओ (कर्मचारी भविष्य निधि संगठन) के अस्थायी पेरोल आंकड़ों के मुताबिक निकाय ने दिसंबर में शुद्ध रूप से 15.62 लाख सदस्य जोड़े। यह दिसंबर 2022 की तुलना में 4.62 प्रतिशत की वृद्धि है।

भारत का एआई बाजार 2027 तक 17 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा

मुंबई, एजेंसी

- नैसकॉम-बीसीजी ने रिपोर्ट जारी करके जताई उम्मीद

भारत का कृत्रिम मेधा (एआई) बाजार सालाना 25-35 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है और इसके 2027 तक 17 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई।

नैसकॉम की रिपोर्ट के अनुसार, यह वृद्धि उद्यम प्रौद्योगिकी खर्च में वृद्धि, भारत के बढ़ते एआई प्रतिभा आधार तथा एआई निवेश में उल्लेखनीय वृद्धि सहित कई कारकों से प्रेरित है। रिपोर्ट का शीर्षक 'एआई पावर्ड टेक सर्विज : ए रोडमैप फॉर फ्यूचर रेडी फर्म्स, एआई एंड जनएआई रोल इन टर्बोचार्जिंग द इंडस्ट्री' है।

बीसीजी के साथ साझेदारी में नैसकॉम रिपोर्ट मंगलवार को यहां नैसकॉम टेक्नोलॉजी एंड लीडरशिप फोरम 2024 के मौके पर जारी की गई। रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक स्तर पर एआई में निवेश में 2019 से 24 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि देखी गई है। 2023 में 83 अरब डॉलर के करीब निवेश हुआ था। अधिकतर निवेश डेटा एनालिटिक्स, जेनएआई और एमएल एल्गोज़ और मंच में किए गए थे।

प्याज निर्यात पर प्रतिबंध 31 मार्च तक जारी रहेगा

नई दिल्ली। प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध पहले से घोषित समय सीमा 31 मार्च तक जारी रहेगा। सरकार की कीमतों को नियंत्रण में रखने और घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने की कोशिश जारी है। एक शीर्ष अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सरकार ने आठ दिसंबर 2023 को 31 मार्च तक प्याज के निर्यात पर रोक लगा दी थी। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने कहा कि प्याज निर्यात पर प्रतिबंध नहीं हटाया गया है। यह जारी है। मौजूदा स्थिति में कोई भी बदलाव नहीं है।

सेंसेक्स 349 अंक चढ़ा, निफ्टी का फिर बना नया रिकॉर्ड

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में तेजी का सिलसिला जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 349 अंक चढ़ गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी फिर नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स शुरुआती नुकसान से उबरते हुए 349.24 अंक यानी 0.48 प्रतिशत की बढ़त के साथ 73,057.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 18 शेयर लाभ में जबकि 12 नुकसान

में रहे। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 74.70 अंक यानी 0.34 प्रतिशत की बढ़त के साथ नए रिकॉर्ड स्तर 22,196.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी अपने सर्वकालिक उच्चस्तर 22,215.60 अंक तक गया। निजी बैंकों के शेयरों में लिवाली से शेयर बाजार नुकसान से उबर गया।

एक नजर

बुजुर्ग की मौत पर उड्डयन महानिदेशालय को नोटिस जारी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मंगलवार को मुंबई हवाई अड्डे पर व्हीलचेयर की अनुपलब्धता के कारण एक बुजुर्ग व्यक्ति (80) की मौत के मामले में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय को नोटिस दिया है। आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार इस मामले में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय से चार सप्ताह के भीतर मामले में विस्तृत रिपोर्ट मांगी गयी है। आयोग ने इस मामले में मीडिया की खबरों का स्वत: संज्ञान लेते हुये यह नोटिस जारी किया।

शिक्षक भर्ती घोटाले में बिचौलिया गिफ्तार

कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल सरकार के स्वामित्व वाले विद्यालयों में 'शिक्षक भर्ती घोटाले' मामले में बिचौलिया होने के संदेह में ट्रैवल एजेंसी के मालिक प्रसन्ना रॉय को 10 घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। आधिकारिक सूत्र मंगलवार को यह जानकारी दी। शिक्षकों की नियुक्ति में कथित अनियमितताओं में धन के लेन-देन की जांच कर रही ईडी ने यहां स्थित अपने कार्यालय में पूछताछ करने के बाद सोमवार रात रॉय को गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) अगस्त 2022 में द्वारा जारी उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद रॉय जमानत पर थे।

राष्ट्रीय

कांग्रेस देश का कभी विकास नहीं कर सकती

गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस को परिवारवादी व दिशाहीन पार्टी करार दिया

जयपुर, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उसे परिवारवादी व दिशाहीन पार्टी करार दिया तथा कहा कि वह देश का कभी विकास नहीं कर सकती। शाह ने उदयपुर में पार्टी के कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा-कांग्रेस पार्टी परिवारवाद पार्टी है, इतना ही नहीं यह दिशाविहीन पार्टी है।

उन्होंने कहा-भारत का विकास कांग्रेस पार्टी नहीं कर सकती। गरीबों का कल्याण कांग्रेस पार्टी नहीं कर सकती। भारत को सुरक्षित यह कांग्रेस पार्टी नहीं कर सकती। भारत का गौरव कांग्रेस पार्टी नहीं बढ़ा सकती।' शाह ने कहा कि कांग्रेस वाले एफिडेविट देते हैं कि राम का अस्तित्व भी नहीं है। उन्होंने कहा,' कांग्रेस देश का विभाजन करने पर तुली है। उनके नेता उत्तर भारत और दक्षिण भारत दो हिस्सों में बांटने की मांग करते हैं। लेकिन अब किसी की हिम्मत नहीं है कि राजस्थान या देश में दंगे कर सके। हम भारत को आत्मनिर्भर बनाएंगे, ये भारतीय जनता पार्टी सरकार का वादा है।' भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने राम मंदिर के मुद्दे को अटकाकर रखा।

शाह ने कहा-हमने वादा किया था कि हम मंदिर बनाएंगे। करोड़ों लोगों के आराध्य भगवान राम एक टेंट में अपमानित होकर, अपना स्थान गंवाकर बैठे थे।...कांग्रेस ने प्रभु श्रीराम के मंदिर के मुद्दे को अटकाकर, लटकाकर व भटकाकर रखा। कहीं पर भी इनकी मंशा नहीं थी कि अयोध्या में राम मंदिर बने। उन्होंने मोदी सरकार की उपलब्धि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने दस साल में देश के पच्चीस करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर लाने का काम किया। गरीबों को घर दिया, गैस सिलेंडर दिया, बिजली दी, प्रति व्यक्ति प्रति माह पांच किलो अनाज मुफ्त दिया, पांच लाख तक की दवा का खर्च आज मोदी सरकार उठा रही है। शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने देश को सुरक्षित करने का काम किया है।

इंडी गठबंधन परिवारवादी पार्टियों का स्वार्थी मेलजोल

भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने कहा-मोदी जी के नेतृत्व में राजग एक विकास करने वाला एलायंस है जबकि यह घमंडिया, इंडी गठबंधन यह सात परिवारों का परिवारवादी पार्टियों का स्वार्थी मेलजोल है।' उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने आदिवासी समुदाय को सम्मान देने का काम किया है और द्रौपदी मुर्मू को भारत का राष्ट्रपति बनाया है। शाह ने लोगों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास के लिए लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देने की भी अपील की। इससे पहले शाह राजस्थान के एक दिवसीय दौरे पर मंगलवार दोपहर बीकानेर पहुंचे। उन्होंने वहां आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बीकानेर क्लस्टर में लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक को संबोधित किया।

एमएसपी पर कानून लाने के लिए 1 दिन का संसद सत्र बुलाए केंद्र सरकार : पंधेर

चंडीगढ़, एजेंसी

- किसान नेता सरवन ने प्रमुख मांगों को स्वीकार करने को भी कहा

किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार को फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानून लाने के वास्ते 1 दिन का संसद सत्र बुलाना चाहिए। उन्होंने केंद्र से कृषि ऋण माफी समेत किसानों की अन्य प्रमुख मांगों को स्वीकार करने को भी कहा।

उनका यह बयान 'दिल्ली चलो' मार्च में भाग लेने वाले किसान नेताओं द्वारा पांच साल के लिए एमएसपी पर दालों, मक्का और कपास की खरीद के केंद्र के प्रस्ताव को खारिज किए जाने के एक दिन बाद आया है। किसान नेताओं ने कहा है कि केंद्र का प्रस्ताव किसानों के पक्ष में नहीं है। रविवार को किसान नेताओं के साथ चौथे दौर की बातचीत में तीन केंद्रीय मंत्रियों की समिति ने प्रस्ताव दिया

था कि किसानों के साथ समझौता करने के बाद सरकारी एजेंसियां पांच साल तक दालें, मक्का और कपास एमएसपी पर खरीदेंगी।

संयुक्त किसान मोर्चा और किसान मजदूर मोर्चा 'दिल्ली चलो' मार्च का नेतृत्व कर रहे हैं। मंगलवार को पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू बॉर्डर पर पत्रकारों से बातचीत में किसान मजदूर मोर्चा का प्रतिनिधित्व करने वाले पंधेर ने कहा-हमारी मांग है कि एमएसपी की गारंटी का कानून लाया जाए। अगर प्रधानमंत्री के पास इच्छाशक्ति होगी तो संसद का एक दिन का सत्र बुलाया जा सकता है। कोई भी विपक्षी दल इसका विरोध नहीं करेगा। उन्होंने कहा-मैं मांग करता हूं कि सभी विपक्षी दल अपना रुख स्पष्ट करें।

177 सोशल मीडिया खातों, वेब लिंक ब्लॉक

नई दिल्ली। सरकार ने किसानों के विरोध प्रदर्शन से जुड़े करीब 177 सोशल मीडिया खातों और वेब लिंक को अस्थायी रूप से 'ब्लॉक' करने का आदेश दिया है। सूत्रों ने बताया कि यह आदेश इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने गृह मंत्रालय के अनुरोध पर आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी) अधिनियम की धारा 69ए के तहत 14 और 19 फरवरी को जारी किए।

राजस्थान में जेईएन पेपर लीक मामले में पटवारी सहित चार लोग गिरफ्तार

जयपुर। राजस्थान पुलिस की विशेष शाखा एसओजी ने कनिष्ठ अभियंता (जेईएन) पेपर लीक मामले में एक पटवारी सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। ये सभी सरकारी कर्मचारी हैं। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एटीएस एवं एसओजी) वीके सिंह ने बताया कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने परीक्षा का आयोजन छह दिसंबर 2020 को विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर किया गया था। इस परीक्षा के पेपर लीक प्रकरण की जांच में पेपर लीक पाये जाने पर बोर्ड ने परीक्षा रद्द कर दी थी। उन्होंने बताया कि प्रकरण में अनुसंधान के दौरान 24 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

विधानसभा में हंगामे पर कांग्रेस के 10 सदस्य निलंबित

गांधीनगर, एजेंसी

- गुजरात के सदन में कुल 15 में से 10 सदस्य कर रहे थे नारेबाजी

पिछले साल गुजरात के छोटा उदयपुर जिले में सामने आए एक 'फर्जी' सरकारी कार्यालय के खुलासे और सिंचाई परियोजनाओं के लिए धन की हेराफेरी के मुद्दे पर विधानसभा में हंगामे और नारेबाजी के बाद मंगलवार को विपक्षी कांग्रेस के 10 सदस्यों को सदन से एक दिन के लिए निलंबित कर दिया गया।

विधानसभा में कांग्रेस के सदस्यों की कुल संख्या 15 है लेकिन हंगामे के वक्त उसके पांच विधायक सदन में नहीं थे। चालू बजट सत्र के प्रश्नकाल के दौरान, कांग्रेस विधायक तुषार चौधरी ने जानना चाहा कि सरकार ने उन लोगों के खिलाफ क्या कार्रवाई की है, जिन्होंने छोटा उदयपुर जिले में एक 'फर्जी' सरकारी कार्यालय खोला था और आदिवासी क्षेत्र में विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं को पूरा करने के लिए सरकारी धन की हेराफेरी की थी। जनजातीय विकास मंत्री कुबेर डिंडोर ने कहा कि उदयपुर जिले में ऐसा कोई कार्यालय नहीं पाया गया और इसलिए कार्रवाई के बारे में कोई सवाल ही नहीं उठता।

मराठों को 10 प्रतिशत आरक्षण से संबंधित विधेयक महाराष्ट्र में पारित

मुंबई। महाराष्ट्र विधानमंडल ने शिक्षा एवं सरकारी नौकरियों में मराठा समुदाय को 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाला विधेयक मंगलवार को सर्वसम्मति से पारित कर दिया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मराठा आरक्षण पर विधानमंडल के एक दिवसीय विशेष सत्र के दौरान सदन में महाराष्ट्र राज्य सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़ा विधेयक 2024 पेश किया। विधेयक को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। इसमें कहा गया कि महाराष्ट्र की कुल आबादी में मराठों की हिस्सेदारी 28 प्रतिशत है। इसमें कहा गया है कि बड़ी संख्या में जातियां और समूह पहले से ही आरक्षित श्रेणी में हैं।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने हाथ से मैला उठाने संबंधी याचिका पर केंद्र से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्रीय मंत्रालय व दिल्ली सरकार के खिलाफ नोटिस जारी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने हाथ से मैला उठाने की अनुमति देने वाले कानून के विभिन्न प्रावधानों को चुनौती देने वाली एक याचिक पर केंद्र और दिल्ली सरकार से मंगलवार को जवाब तलब किया।

याचिका में कहा गया है कि ऐसे प्रावधान हाथ से मैला उठाने वाले और सुरक्षात्मक उपकरणों का इस्तेमाल करते हुए मैला उठाने वाले लोगों के बीच 'अतार्किक विभेद' पैदा करते हैं। याचिकाकर्ता ने कहा है कि संबंधित कानून हाथ से मैला उठाने की "अमानवीय" प्रथा

को खत्म करने में विफल रहा है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी. एस. अरोड़ा की खंडपीठ ने याचिका पर केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय तथा दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किए। उच्च न्यायालय ने अधिकारियों को अपना जवाब दाखिल करने के लिए आठ सप्ताह का समय दिया तथा मामले की अगली सुनवाई के लिए चार जुलाई की तारीख तय की। याचिका में ''हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम, 2013'' की विभिन्न धाराओं को निरस्त करने की मांग की गयी है, साथ ही इस आमनवीय प्रथा को अनुच्छेद 14 (कानून के समक्ष समानता), अनुच्छेद 17 (अस्पृश्यता का उन्मूलन), अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का संरक्षण) और अनुच्छेद 23 का उल्लंघन बताया गया है।

हेमंत सोरेन के खिलाफ एक और मामला दर्ज

रांची। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ एक और मामला दर्ज हुआ है। इस संबंध में यहां ईडी की ओर से शिकायतवाद संख्या 3952/2024 सीजेएम कोर्ट में दाखिल की गई। इसकी सुनवाई मंगलवार को हुई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 27 फरवरी निर्धारित की है। शिकायतवाद में शिकायतकर्ता ईडी की ओर से बताया गया है कि हेमंत सोरेन को ईडी ने जमीन घोटाला मामला में 10 समन जारी किया था, जिसमें से मात्र दो समन पर ही हेमंत सोरेन ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे। यह ईडी के समन की अवहेलना है। समन की अवहेलना को लेकर शिकायतवाद दर्ज कराया गया है।

स्थिति भयावह होने के साथ-साथ पूरी तरह अराजक

कोलकाता, एजेंसी

संदेशखालि मामला

- हाईकोर्ट से अनुमति मिलने के बाद क्षेत्र पहुंचे भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी बोले

कलकत्ता उच्च न्यायालय से अनुमति मिलने के बाद मंगलवार को दोपहर बाद पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि पहुंचे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पश्चिम बंगाल इकाई के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने संघर्षग्रस्त क्षेत्र की स्थिति को भयानक तथा अराजकता का स्पष्ट उदाहरण बताया। एक अन्य विधायक शंकर घोष के साथ पहुंचे अधिकारी ने महिलाओं सहित स्थानीय लोगों से बात की।

महिलाओं ने फरार चल रहे शाहजहां शेख सहित तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के स्थानीय नेताओं द्वारा दिए गए अपने दर्दनाक अनुभवों को

साझा किया। भाजपा नेता नाव से कालिंदी नदी पार कर संदेशखालि पहुंचे, जहां महिलाओं सहित स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा-स्थानीय लोगों द्वारा साझा किये गये अनुभव बेहद दर्दनाक हैं। उनकी जमीनें हड़प ली गईं और महिलाओं का शोषण किया गया। सब कुछ पुलिस और प्रशासन की मदद से हुआ। स्थिति पूरी तरह से भयावह है और इलाके में अराजकता का स्पष्ट उदाहरण है। अधिकारी ने संदेशखालि में घरों का दौरा करने के साथ ही स्थानीय लोगों से बात की। वह 2007-08 में नंदीग्राम में भूमि अधिग्रहण-विरोधी आंदोलन के दिनों में तत्कालीन विपक्षी नेता ममता बनर्जी के करीबी विश्वासपात्र थे।

शाहजहां की गिरफ्तारी न होने पर कोर्ट ने जताई हैरानी

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी को संकटग्रस्त संदेशखालि गांव का दौरा करने की अनुमति दे दी लेकिन साथ ही इस बात पर आश्चर्य जताया कि मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को अब तक राज्य पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया है। मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा-यह काफी आश्चर्य की बात है कि जिस व्यक्ति को इस समस्या का मूल कारण बताया जा रहा है उसे अभी भी पकड़ा नहीं जा सका है और वह कानून तोड़कर भागा हुआ है। पीठ ने कहा कि अदालत को नहीं पता कि उसे संरक्षण प्राप्त है या नहीं, तथ्य यह है कि उसे पकड़ा नहीं गया है। एकल पीठ के आदेश को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की अपील पर सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा, "इसका मतलब यह हो सकता है कि राज्य के पुलिस तंत्र के पास उसे पकड़ने के साधन नहीं हैं या (वह) राज्य पुलिस के अधिकार क्षेत्र से बाहर है।

नीदरलैंड पर दबदबा बरकरार रखने को उतरेगा भारत

एफआईएच प्रो लीग: पांच में दो मुकाबले जीते, नीदरलैंड और स्पेन को शूट आउट में हराकर अंक किए हासिल

राउरकेला, एजेंसी

भारतीय पुरुष हॉकी टीम बुधवार को एफआईएच प्रो लीग के अगले चरण में नीदरलैंड के खिलाफ उतरेगी तो उसकी नजरें जीत के साथ इस टीम पर अपना दबदबा बनाए रखने पर होंगी। प्रो लीग में भारत ने अब तक प्रभावी प्रदर्शन किया है। ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम ने पांच में से अपने दो मुकाबले नियमित समय में जीते जबकि नीदरलैंड और स्पेन को शूट आउट में हराकर बहुमूल्य बोनस अंक भी हासिल किए।

टीम ने एकमात्र मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गंवाया है लेकिन उसमें भी भारतीय टीम जीत दर्ज करने की स्थिति में थी। भारत अभी पांच मैच में 10 अंक के साथ प्रो लीग तालिका में चौथे स्थान पर चल रहा है। नीदरलैंड नौ मैच में 18 अंक के साथ शीर्ष पर है। अर्जेन्टीना के आठ मैच में 13 जबकि ऑस्ट्रेलिया के चार मैच में 12 अंक हैं। दुनिया की तीसरे नंबर की टीम भारत को हालांकि दुनिया की 12वें नंबर की टीम आयरलैंड और आठवें नंबर की टीम स्पेन के खिलाफ पिछले दो मुकाबलों में जूझना पड़ा है। आयरलैंड के खिलाफ भारत ने गुरजंत सिंह के अंतिम मिनट में दागे गोल की बदौलत 1-0 से जीत दर्ज की और फिर मैराथन शूट आउट में स्पेन को 8-7 से हराया। भारत और स्पेन 60 मिनट के नियमित समय के बाद 2-2 से बराबर थे। भारत को नीदरलैंड के खिलाफ नियमित समय में जीत दर्ज करके तीन अंक जुटाने हैं तो अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। पिछले तीन मुकाबले में प्रदर्शन भले ही उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा हो लेकिन उप कप्तान हार्दिक सिंह ने कहा है कि दुनिया की नंबर एक टीम के खिलाफ मुकाबले से पहले टीम का आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है। भुवनेश्वर में 11 फरवरी को नीदरलैंड के खिलाफ नियमित समय में मुकाबला 2-2 से बराबर रहने के बाद भारत ने शूट आउट में 4-2 से जीत दर्ज की थी। मिडफील्डर हार्दिक ने कहा, पहले हाफ में हमारा प्रदर्शन उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहा लेकिन दूसरे हाफ में हमने जोरदार वापसी की और खेल को शूटआउट में खींचा। हम तब से अपनी संभावनाओं के बारे में आश्वस्त थे, विशेषकर यह देखते हुए कि हमारे पास अच्छे गोलकीपर हैं।

हुसैन ने डकेट से कहा, बैजबॉल से नहीं जायसवाल ने कड़ी मेहनत से सीखा

लंदन, एजेंसी

पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने राजकोट टेस्ट में यशस्वी जयसवाल की आक्रामक बल्लेबाजी को इंग्लैंड की 'बैजबॉल' रणनीति से प्रभावित बताने वाले बेन डकेट की आलोचना की।

उन्होंने कहा कि मेहमान टीम को इस बल्लेबाज से सीख लेने की जरूरत है। राजकोट में तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद डकेट ने जायसवाल की आक्रामक बल्लेबाजी की प्रशंसा की और कहा कि टेस्ट मैचों में आक्रामक बल्लेबाजी करने के लिए प्रेरित करने का श्रेय इंग्लैंड की वर्तमान टीम को जाता है। इंग्लैंड की आक्रामक बल्लेबाजी करने की 'बैजबॉल' रणनीति इस मैच में नहीं चल पाई और उसे 434 रन की करारी हार का सामना करना पड़ा। हुसैन ने डकेट की टिप्पणी पर कहा कि जायसवाल को लेकर डकेट की टिप्पणी की उसने हमसे सीखा, मैं उसके बारे में बात करने जा रहा हूं। उसने (जायसवाल) आपसे नहीं सीखा है बल्कि उसने अपनी परवरिश और कड़ी मेहनत से सीखा है। उसने आईपीएल से सीखा है। हुसैन ने पूर्व कप्तान माइकल एथरटन के साथ चर्चा के दौरान कहा कि अगर कुछ भी हो मैं उसे देखकर सीख लूंगा। हुसैन ने रांची में होने वाले चौथे टेस्ट मैच से पहले इंग्लैंड के खिलाड़ियों को आत्ममंथन करने की सलाह भी दी। वे सार्वजनिक या ड्रेसिंग रूम में जो कुछ कह रहे हों, उन्हें असल में अपने अंदर झांकने की जरूरत है।

खेल डायरी

स्पेन को हराकर भारतीय महिला टीम विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप के नॉकआउट चरण में

बुसान, एजेंसी। भारतीय महिला टीम ने विश्व टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप के अपने आखिरी ग्रुप मुकाबले में स्पेन के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए 3-2 की जीत के साथ नॉकआउट चरण में जगह पक्की की। कागजों पर मजबूत भारतीय टीम को स्पेन से कड़ी टक्कर मिली। श्रीजा अकुला और मनिका बत्रा के शुरुआती दोनों मैचों में हारने के बाद अयहिका मुखर्जी ने जीत के साथ भारत की मुकाबले में वापसी कराई। श्रीजा और मनिका चौथे और पांचवें मैच को जीतने में सफल रहे। भारत चार मैचों में तीन जीत के साथ ग्रुप एक में शीर्ष स्थान पर रहा। इस ग्रुप में चीन शीर्ष स्थान पर रहा। भारत को ग्रुप चरण में इकलौती हार चीन से मिली। चीन के खिलाफ अयहिका और श्रीजा ने विश्व की नंबर एक और नंबर दो खिलाड़ी क्रमश: सुन यिंघसा और वांग यिदि को हराया था। इस स्पर्धा में 40 टीमों में से भारत नॉकआउट में जगह बनाने वाली 32 टीमों में शामिल है।

'लेन उल्लंघन' से गुलवीर ने गंवाया स्वर्ण पदक

तेहरान, एजेंसी। भारत के गुलवीर सिंह ने एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की 3000 मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक गंवा दिया, क्योंकि उन्हें 'लेन उल्लंघन' से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। गुलवीर ने सोमवार को 3000 मीटर के फाइनल में 8 मिनट 07 .48 सेकंड का समय लेकर पहला स्थान पाया था। यह स्पर्धा ओलंपिक में शामिल नहीं है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने देर रात इसके खिलाफ अपील दायर की लेकिन उसे भी नामंजूर कर दिया गया। टीम के साथ गए एक कोच ने कहा, हां, यह फैसला सुनाया गया कि गुलवीर ने लेन का उल्लंघन किया था। एएफआई ने विरोध भी दर्ज कराया लेकिन उसे नामंजूर कर दिया गया।

ला लीगा में एथलेटिक्स बिलबाओ से हारा गिरोना

मैड्रिड, एजेंसी। दूसरे स्थान पर चल रहे गिरोना ने एथलेटिक्स बिलबाओ के खिलाफ 2-3 की शिकस्त के साथ स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा के शीर्ष पर रीयाल मैड्रिड की बढ़त को कम करने का मौका गंवा दिया। गिरोना के पास रीयाल मैड्रिड की बढ़त को तीन अंक तक सीमित करने का मौका था लेकिन एलेक्स बेरेनगुएर ने दो और इनाकी विलियम्स ने एक गोल दागकर बिलबाओ की जीत सुनिश्चित की। गिरोना की ओर से विक्टर सेहानकोव और एरिक गार्सिया ने गोल किए। गिरोना की हार से ला लीगा के शीर्ष पर रीयाल मैड्रिड की छह अंक की बढ़त बरकरार है। रीयाल मैड्रिड के 25 मैच में 62 जबकि दूसरे स्थान पर चल रहे गिरोना के इतने ही मैच में 56 अंक हैं।

सिंगापुर के भारतीय मूल के 8 साल के लड़के ने पोलैंड के ग्रैंडमास्टर को हराया, बनाया रिकॉर्ड

सिंगापुर, एजेंसी। भारतीय मूल के सिंगापुर के आठ साल के अश्वथ कौशिक रविवार को स्विट्जरलैंड में बर्गडोर्फर स्टेडथॉस ओपन टूर्नामेंट में पोलैंड के शतरंज ग्रैंडमास्टर जासेक स्टोपा को हराकर क्लासिकल शतरंज में किसी ग्रैंडमास्टर को हराने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। चैनल न्यूज एशिया की खबर के अनुसार सिंगापुर का प्रतिनिधित्व कर रहे अश्वथ ने 37 साल के स्टोपा को हराया। पिछला रिकॉर्ड कुछ ही हफ्ते पहले बना था जब सर्बिया के लियोनिड इवानोविच ने बेलग्रेड ओपन में बुल्गारिया के 60 साल के ग्रैंडमास्टर मिल्को पोपचेव को हराया था। इवानोविच की उम्र अश्वथ से कुछ महीने अधिक है। फिडे विश्व रैंकिंग में दुनिया के 37,338वें नंबर के खिलाड़ी अश्वथ 2017 में सिंगापुर आ गए थे। उन्होंने कहा, मुझे अपने खेल पर और मैंने जैसा प्रदर्शन किया उस पर गर्व है, विशेषकर तब जब मैं एक समय बहुत खराब स्थिति में था लेकिन वहां से वापसी करने में कामयाब रहा। सिंगापुर के ग्रैंडमास्टर और सिंगापुर शतरंज महासंघ के सीईओ केविन गोह ने अश्वथ की उपलब्धि की सराहना करते हुए 'एक्स' पर लिखा, उसके पिता ने काफी समर्थन किया, लड़का समर्पित है, स्कूल ने लचीलापन दिखाया और निश्चित रूप से उसमें नैसर्गिक प्रतिभा है। उन्होंने लिखा, यह देखना बाकी है कि वह कितनी दूर तक जा सकता है क्योंकि उम्र बढ़ने के साथ लड़के की रुचि बदल सकती हैं। फिर भी हम आशांवित हैं।

भारत के खिलाफ गेंदबाजी करने पर विचार कर रहे हैं स्टोक्स

दो टेस्ट मैच में शिकस्त ने इंग्लैंड के कप्तान को विचार करने पर किया विवश

राजकोट, एजेंसी



भारत के खिलाफ दो टेस्ट मैच में शिकस्त ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स को गेंदबाजी में वापसी पर विचार करने को मजबूर कर दिया है और मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने स्वीकार किया है कि यह एक अच्छा संकेत है लेकिन वे नहीं चाहते कि यह ऑलराउंडर अनावश्यक रूप से जल्दबाजी करे। अब भी घुटने की सर्जरी से उबर रहे स्टोक्स ने पिछले साल जून में दूसरे एशेज टेस्ट के बाद से गेंदबाजी नहीं की है।

मैकुलम ने कहा कि यह अच्छा है कि वह उस स्थिति में पहुंच रहा है जहां उसे लगता है कि वह गेंदबाजी कर सकता है। उन्होंने कहा, लेकिन बेन चतुर है, वह काफी चतुर है। वह तब तक गेंदबाजी नहीं करेगा जब तक उसे नहीं लगता कि वह वैध रूप से गेंदबाजी करने में सक्षम है। समस्या तब होगी जब वह गेंदबाजी स्पेल शुरू करेगा और फिर उसे खत्म नहीं कर पाएगा। इसलिए हम देखेंगे कि क्या होता है। मैकुलम ने कहा, हमें देखना होगा कि खतरा कहां है और उसे इससे दूर करने की कोशिश करनी होगी, लेकिन यह एक अच्छा संकेत है। राजकोट टेस्ट से पहले स्टोक्स ने कहा था कि उन्होंने अपने फिजियोथेरेपिस्ट से वादा किया था कि वह मौजूदा श्रृंखला में गेंदबाजी नहीं करेंगे। लेकिन रविवार को तीसरे टेस्ट में 434 रन की हार के बाद जब उनसे पूछा गया कि क्या वह अपनी ऑलराउंडर की भूमिका दोबारा निभाएंगे तो स्टोक्स ने कहा, मैं हां नहीं कह रहा हूं, मैं ना भी नहीं कह रहा हूं। मैं ज्यादातर चीजों के बारे में हमेशा आशावादी रहता हूं। मेडिकल टीम के साथ विस्तृत बातचीत होगी कि मुझ पर काम का कितना बोझ है, जिससे कि मुझे कोई बड़ा खतरा नहीं हो। राजकोट टेस्ट के दौरान स्टोक्स ने शत प्रतिशत क्षमता से ट्रेनिंग की थी और स्वीकार किया था कि उन्हें काफी अच्छा महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा, मैं अभ्यास के एक दिन शत प्रतिशत क्षमता के साथ गेंदबाजी करने में सफल रहा, जिससे मुझे अच्छा महसूस हुआ। मुझे लगा कि मैं मैच में गेंदबाजी कर सकता था लेकिन यह बेवकूफी होती। श्रृंखला का पहला मैच 28 रन से जीतने के बाद इंग्लैंड को विशाखापत्तनम में 106 रन से हार मिली, जिसके बाद राजकोट में सबसे करारी हार झेलनी पड़ी और श्रृंखला में 1-2 से पिछड़ गई। अगर यह ऑलराउंडर दोबारा गेंदबाजी करना शुरू कर दे तो इंग्लैंड की टीम को काफी फायदा होगा।

अंपायर कॉल को हटा देना चाहिए: बेन

रांची। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने अंपायर्स कॉल को लेकर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इसे हटाया जाना चाहिए। स्टोक्स ने कहा कि मेरी निजी राय यह है कि अगर गेंद स्टंप्स से टकरा रही है, तो मैं पूरी ईमानदारी से कहूं तो अंपायर कॉल को हटा देना चाहिए, लेकिन मैं इसमें ज्यादा नहीं पड़ना चाहता, क्योंकि तब यह ऐसा लगेगा कि हम इसलिए बिलबिला रहे है कि हम हारे हैं, इसीलिए हम केवल मन मसोसकर रह गए हैं। सोशल मीडिया पर नाराजगी व्यक्त करने के बाद स्टोक्स ने राजकोट टेस्ट के अंत में डीआरएस पर स्पष्ट किया कि इंग्लैंड की हार का कारण उनकी तकनीक नहीं थी। अंपायर्स कॉल पर पहले भी कई खिलाड़ियों ने असंतोष व्यक्त किया है। 2021 में इंग्लैंड के दौरे पर भारतीय कप्तान विराट कोहली ने भी अंपायर्स कॉल को लेकर नाराजगी जताई थी और अपनी टीम के खिलाफ ऑपयर द्वारा लिए फैसले को गलत ठहराया था। उस समय भी इस तकनीक को लेकर गर्मागरम बहस छिड़ी थी।

बुमराह को विश्राम, राहुल रांची मैच से भी हुए बाहर

राजकोट, एजेंसी

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को मंगलवार को भारतीय टेस्ट टीम से रिलीज (विश्राम के लिए टीम बाहर करना) किया गया, जबकि बल्लेबाज लोकेश राहुल शुक्रवार से रांची में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले चौथे मैच के लिए पूर्ण फिटनेस हासिल करने में नाकाम रहे। बुमराह को उनके कार्यभार प्रबंधन के तहत रिलीज किया गया है। वह 3 मैचों में 17 विकेट के साथ टेस्ट श्रृंखला में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज है। उन्होंने विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में अपने दम पर भारत को जीत दिलाई थी। राहुल अपने दाहिने क्वाड्रिसेप्स (दाहिने जांघ की मांसपेशियों) में दर्द की शिकायत के बाद दूसरा और तीसरा टेस्ट भी नहीं खेल पाए थे। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा कि जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ रांची में होने वाले चौथे आईडीएफसी फर्स्ट बैंक टेस्ट के लिए टीम से रिलीज कर दिया गया है। मौजूदा श्रृंखला की अवधि और हाल के दिनों में उनके द्वारा खेली गई क्रिकेट मैचों की संख्या को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि इस बीच लोकेश राहुल चौथे टेस्ट से भी बाहर रहेंगे। धर्मशाला में अंतिम टेस्ट मैच में उनकी भागीदारी फिटनेस पर निर्भर है। राजकोट में तीसरे टेस्ट के लिए टीम से रिलीज किए गए तेज गेंदबाज मुकेश कुमार रांची में टीम से जुड़ गए हैं।

रूट को अपना स्वाभाविक खेल खेलना चाहिए: चैपल

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल ने खराब फॉर्म में चल रहे इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट से 'बैजबॉल (टेस्ट में बेहद आक्रामक होकर बल्लेबाजी की रणनीति)' तरीके को छोड़कर अपना स्वाभाविक खेल खेलने की सलाह दी। बल्लेबाज रूट भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। पिछली छह पारियों में उनका सर्वोच्च स्कोर 29 रन रहा है। वह ज्यादातर मौके पर आक्रामक शॉट खेलने की कोशिश में आउट हुए। ब्रैंडन मैकुलम के कोच और बेन स्टोक्स के कप्तान बनने के बाद इंग्लैंड 'बैजबॉज' अंदाज में टेस्ट खेल रहा है और रूट को इससे सामंजस्य बिठाने में संघर्ष करना पड़ा है।

कड़ी मेहनत करके इस स्तर तक पहुंचा हूं: आशुतोष

मोहाली, एजेंसी

आईपीएल की टीम पंजाब किंग्स के नए खिलाड़ी आशुतोष शर्मा ने कहा कि मौका मिलने पर वह अपनी फ्रेंचाइजी के लिए बल्ले से प्रभावी प्रदर्शन करना चाहते हैं। आशुतोष ने कहा कि उन्होंने इस स्तर तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत की है और खेल में गलती होने पर पर खुद को घरेलू काम करने की सजा देते हैं। मध्य प्रदेश के लिए प्रथम श्रेणी के चार मैचों में एक शतक लगाने वाले आशुतोष को पंजाब किंग्स ने आईपीएल नीलामी में 20 लाख की बोली के साथ टीम में शामिल किया है। मध्य प्रदेश के रतलाम के आशुतोष को आर्थिक तंगी से निपटने के लिए अंपायरिंग का सहारा लेना पड़ा था। आशुतोष ने कहा कि मैंने जब क्रिकेट में करियर बनाने के लिए घर छोड़ा था तब मेरे पास ज्यादा पैसे नहीं थे। मैं शिविर में जाता था और दोपहर के खाने के लिए अंपायरिंग शुरू कर दिया था। परिवार में कमाई के सीमित संसाधन थे और खुद के बूते सब कुछ करना काफी मुश्किल था।

आईपीएल 22 मार्च से शुरू करने की योजना: धूमल

नई दिल्ली, एजेंसी

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का आगामी चरण 22 मार्च से शुरू होगा और लोकसभा चुनावों के बावजूद इसका आयोजन देश में ही होगा। आईपीएल के अध्यक्ष अरुण धूमल ने यह जानकारी दी। आम चुनाव के अप्रैल और मई में होने की संभावना है और यही कारण है कि आईपीएल के 17वें सत्र का कार्यक्रम अभी तक जारी नहीं किया गया है।

धूमल ने कहा कि शुरुआत में इस लीग के केवल पहले 15 दिनों के कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी। बाकी मैचों के कार्यक्रम की घोषणा आम चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद होगी। लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा अगले महीने की शुरुआत में होने की संभावना है। धूमल ने कहा हि हम टूर्नामेंट को 22 मार्च से शुरू करने की योजना बना रहे हैं। हम सरकारी एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। हम सबसे पहले शुरुआती कार्यक्रम जारी करेंगे। पूरा टूर्नामेंट भारत में आयोजित किया जाएगा। इससे पहले 2009 में आम चुनावों के दौरान आईपीएल के पूरे सत्र का आयोजन दक्षिण अफ्रीका में हुआ था जबकि 2014 में इसके कुछ मैचों का आयोजन यूएई में हुआ था। 2019 के आम चुनावों के दौरान इस लीग का आयोजन देश में ही हुआ था। जून में होने वाले टी-20 विश्व कप के मद्देनजर आईपीएल के फाइनल का आयोजन 26 मई को हो सकता है। भारतीय टीम टी-20 विश्व कप में 5 जून को न्यूयॉर्क में आयरलैंड के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी। इस टूर्नामेंट का आगाज एक जून को अमेरिका और कनाडा के मैच के साथ होगा। आमतौर पर आईपीएल का उद्घाटन मैच पिछले साल के विजेता और उपविजेता के बीच होता है।

बॉलीवुड हलचल

धनुष की 'रायन' का फर्स्ट लुक रिलीज

मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार धनुष की आने वाली फिल्म रायन का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। सन पिक्चर्स ने धनुष की आने वाली फिल्म रायन का फर्स्ट लुक एक्स पर शेयर किया है। इस फिल्म को धनुष ने ही लिखा और निर्देशित किया है। रायन धनुष के करियर की 50 वीं फिल्म है। फिल्म रायन के पोस्टर में धनुष एप्रन पहने और खून से लथपथ नजर आ रहे हैं। एक हाथ में उन्होंने पेचकस पकड़ा हुआ है। फिल्म रायन का संगीत ए .आर . रहमान तैयार कर रहे हैं। फिलहाल 'रायन' के पोस्ट प्रोडक्शन पर काम चल रहा है। फिल्म रायन को हिंदी, तमिल और तेलुगू में रिलीज किया जाएगा।

'ऑपरेशन वेलेंटाइन' का ट्रेलर लांच

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान और दक्षिण भारतीय अभिनेता राम चरण ने वरुण तेज-मानुषी छिल्लर की फिल्म ऑपरेशन वेलेंटाइन' का ट्रेलर लांच किया। वरुण तेज की एरियल एक्शन फिल्म 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' को हिंदी और तेलुगु में शूट किया गया है, जहां हिंदी ट्रेलर सलमान खान ने जारी किया . वहीं, तेलुगु ट्रेलर का अनावरण राम चरण ने किया। 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' में वरुण तेज और मानुषी छिल्लर एक वायु सेना पायलट और एक रडार अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं। 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' देश की वायु सेना के नायकों के अदम्य साहस और देश की रक्षा के लिए उनके सामने आने वाली चुनौतियों के इर्द-गिर्द घूमती है। 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस, संदीप मुद्दा की रेनेसां पिक्चर्स द्वारा निर्मित और गॉड ब्लेस एंटरटेनमेंट (वकील खान) और नंदकुमार अब्बिनेनी द्वारा सह-निर्मित है।

शो टाइम में नजर आएंगी श्रिया सरन

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री श्रिया सरन वेबसीरीज शो टाइम में अभिनेत्री के किरदार में नजर आएंगी। श्रिया सरन इन दिनों शो टाइम को लेकर चर्चा में है। करण जौहर के धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट के बैनर तले बनी शो टाइम बॉलीवुड के पर्दे के पीछे के कई दिलचस्प किस्सों को लेकर बनाई गई है। श्रिया सरन ने इस शो में अभिनेत्री का किरदार निभाया है। श्रिया सरन ने बताया कि मैं एक ऐसा किरदार निभाना चाहती थी जो मेरे बेहद करीब हो। शो में मैं एक अभिनेत्री हूं जो एक अभिनेत्री की भूमिका निभाती है। मैं करण से कई बार मिली हूं और वह बहुत प्यारे इंसान हैं। व्यावसायिक रूप से, मेरे लिए, इस प्रोजेक्ट पर धर्मेटिक्स के साथ काम करना एक शानदार अनुभव है। श्रिया सरन ने इमरान हाशमी के साथ वर्ष 2007 में प्रदर्शित फिल्म आवारापन में काम किया है। श्रिया सरन लंबे अरसे के बाद इमरान हाशमी के साथ शो टाइम में नजर आएगी। श्रिया सरन ने कहा, मैं बहुत खुश हूं कि हमें एक साथ शोटाइम करने का मौका मिला। मैं उनके साथ दोबारा काम करने को लेकर भाग्यशाली हूं। वह एक अद्भुत अभिनेता हैं और कैमरे पर अविश्वसनीय दिखते हैं। मैं शो देखने के लिए उत्सुक हूं। यह एक बहुत ही दिलचस्प किरदार है, इसमें बहुत सारे आर्क हैं, मैं दर्शकों द्वारा इसे देखने का इंतजार नहीं कर सकती। शो टाइम में इमरान हाशमी, मौनी रॉय, नसीरउद्दीन साह ,श्रिया सरन, राजीव खंडेलवाल, विशाल वशिष्ठ और महिमा मकवाना,की अहम भूमिका है। धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट द्वारा निर्मित, सुमित रॉय और शोरनर मिहिर देसाई द्वारा रचित एवं लिखित, इस सीरीज का निर्देशन मिहिर देसाई और अर्चित कुमार ने किया है। वेबसीरीज शोटाइम 8 मार्च 2024 को डिज्नी+हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

शांतनु ने 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में काम के अनुभव को किया साझा

मुंबई। अभिनेता शांतनु माहेश्वरी ने 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में काम करने के अनुभव के बारे में बताया है। संजय लीला भंसाली की फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' के प्रदर्शन के दो साल पूरे हो गए हैं। इस फिल्म में शांतनु माहेश्वरी ने अफसान की भूमिका निभाई।शांतनु ने हजारों फैंस और आलोचकों का दिल जीत लिया और उन्हें नीली आंखों वाला लड़का कहा जाने लगा। शांतनु माहेश्वरी ने कहा, ऐसा महसूस नहीं हो रहा है कि 'गंगूबाई काठियावाड़ी' दो साल की हो गई है, ऐसा लग रहा है जैसे कुछ दिन पहले ही मैं संजय सर के साथ शूटिंग कर चूका हूं और सेट पर उनसे सीख रहा था। हर कोई मुझे अफसान का किरदार निभाने के लिए याद करता है।सेट पर संजय सर जैसे किसी व्यक्ति के साथ रहना और उन्हें अपने सामने अपनी जादू की छड़ी घुमाते हुए देखना बहुत संतुष्टिदायक अनुभव था। मैं सभी कौशलों को हमेशा याद रखूंगा। शांतनु अब नीरज पांडे की फिल्म 'औरों में कहां दम था' के साथ-साथ बंगाली सिनेमा में चलचित्र से डेब्यू करते नजर आएंगे।

फिल्म 'इश्क नचाए बीच बाजार' का ट्रेलर 25 फ़रवरी को होगा रिलीज

मुंबई। अभिनेता संग्राम सिंह पटेल और अभिनेत्री प्रतिष्ठा ठाकुर की आने वाली फिल्म 'इश्क नचाए बीच बाजार' का ट्रेलर 25 फ़रवरी को अवध गंगा म्यूजिक के यूट्यूब चैनल पर रिलीज़ किया जाएगा। फिल्म 'इश्क नचाए बीच बाजार' की पूरी शूटिंग उत्तर प्रदेश के सीतापुर शहर में सचिन यादव के निर्देशन में की गई है। इस फिल्म में संग्राम सिंह पटेल, प्रतिष्ठा ठाकुर के बॉडी गार्ड के किरदार में नज़र आएंगे। अवध गंगा फिल्म के बैनर तले बनी भोजपुरी फिल्म 'इश्क नचाए बीच बाजार' संग्राम सिंह पटेल की होम प्रोडक्शन है। संग्राम सिंह पटेल ने बताया कि फिल्म 'इश्क नचाए बीच बाजार' बेहद खास और अन्य फिल्मों से अलग है। इसकी पटकथा पर हमने बेहद मेहनत की है। हमारी कोशिश है कि हम एक ऐसी फिल्म लेकर दर्शकों के पास जाएं, जो दर्शकों का पैसा वसूल करे और उनका मनोरंजन हो। वे और लोगों को फिल्म देखने को प्रेरित करे। उन्होंने कहा कि भोजपुरी सिनेमा के बदलते दौर में हमारी फिल्म भी बेहद खास है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

एक नजर

डब्ल्यूटीओ में निवेश पर चीन के प्रस्ताव पर भारत की आपत्ति

नई दिल्ली। भारत ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में निवेश सुविधा मामले में प्रस्ताव को आगे बढ़ाने को लेकर चीन जैसे कुछ देशों के प्रयासों का कड़ा विरोध किया है। उसका कहना है कि यह एजेंडा डब्ल्यूटीओ को मिली जिम्मेदारी से बाहर का मामला है। यह मुद्दा अबू धाबी में विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में उठेगा। चार दिन की यह बैठक 26 फरवरी से शुरू होगी। मंत्रिस्तरीय सम्मेलन डब्ल्यूटीओ में निर्णय लेने वाला सर्वोच्च निकाय है।

ऑस्ट्रेलिया अपनी नौसेना में युद्धपोतों को करेगा दोगुना

कैनबरा। ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने देश की नौसैना में युद्धपोतों की संख्या दोगुना से ज्यादा करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। ऑस्ट्रेलियी रक्षा मंत्री, उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्ल्स और रक्षा उद्योग मंत्री पैट कॉनरॉय ने मंगलवार को इस बड़े बदलाव की घोषणा की। योजना के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया अपने युद्धपोतों के बेड़े को वर्तमान 11 से बढ़ाकर 26 तक विस्तारित करेगा।

बुजुर्ग की जिंदा जलने से मौत

हिसार। रोडवेज बस में बनाये गये रैन बसेरे में सोमवार रात एक बुजुर्ग की संभवत: बीड़ी सुलगाने से गद्दे में लगी आग में जलने से मौत हो गयी। पॉलिक के अनुसार मृतक की शिनाख्त उमरा गांव निवासी प्रेम (60) के रूप में हुई जो दिन में यहां हिसार बस स्टैंड पर ही रहते थे और रात में रैन बसेरे में चले जाते थे। घटना के समय प्रेम बस में अकेले ही थे। इसलिए वास्तव में क्या हुआ, बताना मुश्किल है, पर संभवत: आग प्रेम के बीड़ी सुलगने से लगी। पुलिस के अनुसार आसपास के लोगों ने रैन बसेरा बस से धुआं निकलता देखा तो उन्होंने बस स्टैंड चौकी पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बस में लगी आग को बुझाया। आग की चपेट में आने से प्रेम बुरी तरह जल गये थे, और उनकी मौत हो गयी थी।

सिखों को मुस्लिम समझने की भूल संबंधी पोस्ट पर मांगी माफी

लंदन। बर्मिंघम विश्वविद्यालय ने एक विवादास्पद सोशल मीडिया पोस्ट को हटाते हुए माफी मांगी है। इस पोस्ट में ऐसा लग रहा था कि सिख विद्यार्थियों को मुसलमान समझने की भूल हुई है। बर्मिंघम मेल की खबर के अनुसार, विश्वविद्यालय द्वारा किये गये पोस्ट में कहा गया था कि इस माह के प्रारंभ में विश्वविद्यालय की सिख सोसाइटी द्वारा आयोजित 20वां 'लंगर ऑन कैंपस' कार्यक्रम इस्लामिक जागरूकता सप्ताह का हिस्सा था। विश्वविद्यालय के इंस्टाग्राम एकाउंट पर एक पोस्ट में लंगर की तस्वीरें टैग की गईं।

देश में विकसित डिजिटल कंप्यूटर प्रणाली के साथ तेजस ने उड़ान भरी

लड़ाकू विमान उच्च खतरे वाले हवाई क्षेत्र में काम करने में है सक्षम

नई दिल्ली, एजेंसी

● हवाई रक्षा, समुद्री टोही और हमले की भूमिका निभाने के उद्देश्य से किया डिजाइन

रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा, स्वदेशी रूप से विकसित 'डिजिटल फ्लाई-बाय-वायर फ्लाइट कंट्रोल कंप्यूटर' को हल्के लड़ाकू विमान तेजस में एकीकृत किया गया है जो एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। स्वदेश निर्मित तेजस एकल इंजन वाला बहुउद्देश्यीय लड़ाकू विमान है जो उच्च खतरे वाले हवाई क्षेत्र में काम करने में सक्षम है। इसे हवाई रक्षा, समुद्री टोही और हमले की भूमिका निभाने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है।

रक्षा मंत्रालय ने कहा, तेजस एमके1ए कार्यक्रम की दिशा में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में 'डिजिटल फ्लाई-बाय-वायर फ्लाइट कंट्रोल कंप्यूटर' (डीएफसीसी) को प्रोटोटाइप एलएसपी-7 में एकीकृत किया गया। 19 फरवरी को सफलतापूर्वक उड़ान का संचालन किया गया। 'तेजस-एमके1ए' संस्करण के लिए डीएफसीसी को वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान (एडीई), बेंगलुरु द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उड़ान नियंत्रण के सभी महत्वपूर्ण मानक और प्रदर्शन संतोषजनक पाए गए। कहा कि पहली उड़ान का संचालन राष्ट्रीय उड़ान परीक्षण केंद्र से संबद्ध विंग कमांडर सिद्धार्थ सिंह केएमजे (सेवानिवृत्त) ने किया।

भारतीय वायुसेना पहले ही 'तेजस एलसीए एमके1' का संचालन शुरू कर चुकी है। विमान के उन्नत संस्करण 'तेजस एमके1ए' में उन्नत मिशन कंप्यूटर और उच्च-प्रदर्शन डिजिटल उड़ान नियंत्रण कंप्यूटर (डीएफसीसी एमके1ए) सहित कई आधुनिक प्रणालियां हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तेजस एमके1ए के लिए इस महत्वपूर्ण प्रणाली के विकास एवं सफल उड़ान परीक्षण में शामिल रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ), वायुसेना, एडीए और उद्यमों की की सराहना की। सिंह ने इसे 'आत्मनिर्भरता' की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। तेजस विमान भारतीय वायुसेना का मुख्य आधार बनने के लिए तैयार है जिसमें शुरुआती संस्करण के लगभग 40 तेजस पहले ही शामिल किए जा चुके हैं।

बच्चा गोद लेने का अधिकार मौलिक नहीं: दिल्ली हाईकोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी : दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि बच्चा गोद लेने के अधिकार को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकार का दर्जा नहीं दिया जा सकता और इसके इच्छुक माता-पिता के पास यह चुनने का कोई अधिकार नहीं है कि किस बच्चे को गोद लेना है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने उस नियम को बरकरार रखा, जिसके तहत दो या दो से अधिक बच्चों वाले दंपति को केवल विशेष जरूरतों वाले या ऐसे बच्चों को गोद लेने की अनुमति दी जाती है, जिन्हें अधिक लोग गोद लेने के इच्छुक नजर नहीं आते। अदालत ने कहा कि इस प्रक्रिया में बच्चों के कल्याण को तरजीह दी जाती है, और भावी दत्तक माता-पिता (पीएपी) के अधिकारों को इस पर तवज्जो नहीं दी जा सकती।

उच्च न्यायालय ने एक हालिया आदेश में कहा, गोद लेने के अधिकार को अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकार का दर्जा नहीं दिया जा सकता है और न ही इसे उस स्तर तक बढ़ाया जा सकता है जिससे पीएपी को यह विकल्प मिले कि किसे गोद लेना है। गोद लेने की प्रक्रिया पूरी तरह बच्चों के कल्याण के आधार पर संचालित होती है। न्यायाधीश ने कहा कि गोद लेने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है और कई निःसंतान दंपति और एक बच्चे वाले माता-पिता हैं, जो सामान्य बच्चे को गोद लेना चाहेंगे, ऐसे में विशेष जरूरतों वाले बच्चे को गोद लेने की संभावना बहुत कम हो जाती है, इसलिए उपरोक्त नियम का उद्देश्य केवल यही है। अदालत ने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि विशेष आवश्यकता वाले अधिक से अधिक बच्चों को गोद लिया जाए।

सेवानिवृत्ति के पांच माह बाद सुनाया फैसला, सुप्रीम कोर्ट ने की आलोचना

नई दिल्ली, एजेंसी

● न्यायालय ने कहा - सेवानिवृत्ति के बाद मामले की फाइल अपने पास रखना घोर अनुचित कार्य

उच्चतम न्यायालय ने एक आपराधिक मामले में एक पंक्ति का आदेश सुनाने और सेवानिवृत्त होने के पांच महीने बाद विस्तृत फैसला जारी करने के लिए मद्रास उच्च न्यायालय के एक पूर्व न्यायाधीश की आलोचना की है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद पांच महीने तक मामले की फाइल अपने पास रखना घोर अनुचित कार्य है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द करते हुए कहा कि आदेश का मुख्य अंश 17 अप्रैल, 2017 को सुनाया गया था।

इसमें कहा गया है कि न्यायाधीश के पद छोड़ने की तारीख तक तर्क-सहित निर्णय जारी करने के लिए पांच सप्ताह का समय उपलब्ध था। पीठ ने कहा, हालांकि, 250 से अधिक पृष्ठों का विस्तृत निर्णय न्यायाधीश के पद छोड़ने की तारीख से पांच महीने के बाद सामने आया है। इस प्रकार, यह स्पष्ट है कि न्यायाधीश ने पद छोड़ने के बाद भी कारण बताए और निर्णय तैयार किया। पीठ ने कहा, हमारे अनुसार, सेवानिवृत्त होने के पांच महीने बाद तक मामले की फाइल अपने पास रखना न्यायाधीश की ओर से घोर अनुचित कार्य है। इस मामले में जो किया गया है, हम उसे स्वीकार नहीं कर सकते। न्यायमूर्ति टी. मथिवनन 26 मई, 2017 को सेवानिवृत्त हुए थे और मामले में विस्तृत निर्णय उसी वर्ष 23 अक्टूबर को उपलब्ध कराया गया।

पीठ ने फैसले को रद्द करते हुए कहा, हम ऐसे अनुचित कृत्यों का समर्थन नहीं कर सकते हैं और इसलिए, हमारे विचार में, इस अदालत के लिए एकमात्र विकल्प विवादित फैसले को रद्द करना और मामलों को नये फैसले के लिए उच्च न्यायालय के पास वापस भेजना है। इसमें कहा गया है, यह कहने की जरूरत नहीं है कि हमने विवाद के गुण-दोष पर कोई निर्णय नहीं दिया है और सभी मुद्दों को उच्च न्यायालय द्वारा तय किए जाने के लिए खुला छोड़ दिया गया है।

मातृभाषा दिवस

कोलकाता में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की पूर्व संध्या पर स्वयंसेवक रंगोली तैयार करते हुए। ● एजेंसी

भारत ने दिया 10 लाख डॉलर का योगदान

संयुक्त राष्ट्र। गरीबी और भूखमरी से निपटने के उद्देश्य से स्थापित किये गये एक कोष में भारत ने 10 लाख अमेरिकी डॉलर का योगदान दिया है। इस कोष को भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका द्वारा स्थापित किया गया है। संयुक्त राष्ट्र में भारतीय राजदूत रुचिरा कंबोज ने गरीबी और भूखमरी उन्मूलन कोष (आईबीएसए कोष) के लिए योगदान के रूप में संयुक्त राष्ट्र दक्षिण-दक्षिण सहयोग कार्यालय (यूएनओएसएससी) के निदेशक दिमा अल-खतीब को 10 लाख अमेरिकी डॉलर का चेक सौंपा। इस अवसर पर कंबोज ने कहा कि भारत की अध्यक्षता में हुए जी20 शिखर सम्मेलन में जनता का, जनता द्वारा और जनता के लिए विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया था।

श्रीनगर में हुई मौसम की दूसरी बर्फबारी हिमाचल प्रदेश में यातायात बाधित

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में मंगलवार को कई स्थानों पर मध्यम से भारी बर्फबारी हुई। कश्मीर के श्रीनगर में मंगलवार को सर्दी के मौसम की दूसरी बर्फबारी हुई जबकि घाटी के ऊंचे इलाकों में पिछले 48 घंटों में भारी बर्फबारी दर्ज की गई।

मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि श्रीनगर में रविवार से भारी बारिश हो रही थी जिसके बाद आज दिन के शुरुआती हिस्से में मध्यम बर्फबारी हुई। हिमाचल प्रदेश के जनजातीय इलाकों और ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों पर भारी बर्फबारी के कारण चार राष्ट्रीय राजमार्गों सहित कम से कम 228 सड़कें अवरुद्ध हो गईं। गुलमर्ग, सोनमर्ग, शोपियां, गुरेज, माछिल और घाटी के अन्य पहाड़ी इलाकों में भारी बर्फबारी हुई है। बारिश के साथ तेज हवाएं भी चल रही हैं जिसके परिणामस्वरूप घाटी में कई घरों को नुकसान पहुंचा है। तेज हवाओं से टिन की छतें उड़ने के वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुए हैं। अधिकारी ने कहा कि बारामूला जिले में स्कीइंग रिसॉर्ट गुलमर्ग में पिछले 48 घंटों में लगभग 2.5 फुट ताजा बर्फबारी हुई है।

उत्तरी कश्मीर के तंगमर्ग इलाके में ताजा बर्फबारी के बाद बर्फ से ढकी सड़क।

● हिमाचल में चार राष्ट्रीय राजमार्गों सहित 228 सड़कें अवरुद्ध

गाजा में ऑक्सीजन की कमी से आठ मरीजों की मौत

गाजा, एजेंसी

● फिलिस्तीन की स्वास्थ्य मंत्री माई अल-कैला ने दी जानकारी

दक्षिणी गाजा के खान यूनिस शहर के एक प्रमुख अस्पताल में इजरायल की ओर से किए जा रहे लगातार हमलों के कारण कई दिनों तक बिजली गुल होने और ऑक्सीजन आपूर्ति बाधित होने के कारण आठ मरीजों की मौत हो गई। यह जानकारी फिलिस्तीन की स्वास्थ्य मंत्री माई अल-कैला ने सोमवार को दी।

अल-कैला ने कहा कि इजरायली हमले के कारण नासिर अस्पताल में उपचार करवा रहे अन्य रोगियों के जीवन पर खतरा उत्पन्न हो गया है। उन्होंने बिस्तर पर पड़े मरीजों और चिकित्सा कर्मचारियों की रिहाई के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रयासों का आह्वान किया और दावा किया कि इजरायली सैन्य ट्रकों द्वारा उन्हें अस्पताल से अज्ञात स्थान पर ले जाया गया है। गाजा में हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने पहले कहा था कि इजरायली बलों ने गुरुवार को दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस शहर में नासिर अस्पताल की दक्षिणी दीवार को ध्वस्त करने के बाद उस पर धावा बोल दिया। उधर, इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर रविवार को कहा कि उसने इजरायली सुरक्षा एजेंसी बलों के साथ एक संयुक्त अभियान में सैकड़ों आतंकवादियों और अन्य संदिग्धों को गिरफ्तार किया है, जो अस्पताल में छिपे हुए थे और कुछ चिकित्सा कर्मचारी के रूप में काम कर रहे थे।

गाजा में संघर्षविराम की मांग वाले प्रस्ताव पर अमेरिका का वीटो

संयुक्त राष्ट्र। अमेरिका ने संकटग्रस्त गाजा पट्टी में इजराइल-हमास युद्ध में तत्काल मानवीय संघर्षविराम की मांग करने वाले अरब समर्थित संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव को मंगलवार को वीटो कर दिया। 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद में मतदान 13 के मुकाबले 1 रहा, जिसमें ब्रिटेन अनुपस्थित रहा। यह 4 महीने से अधिक समय से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए व्यापक वैश्विक समर्थन को दर्शाता है। यह युद्ध दक्षिणी इजराइल पर हमास के आक्रमण से शुरू हुआ था। इसमें 1,200 लोग मारे गए थे और 250 बंधक बनाए गए थे। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, तब से, इजराइल के सैन्य हमले में 29,000 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं। यह गाजा में संघर्षविराम की मांग वाले सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव पर अमेरिका का तीसरा वीटो था।

अमेरिका ने भारतीय नौसेना की भूमिका की सराहना की

नई दिल्ली, एजेंसी

● पोतों पर हूती विद्रोहियों के हमलों का मामला

अमेरिका के उप विदेश मंत्री रिचर्ड वर्मा ने मंगलवार को कहा, उनका देश एक सिख अलगाववादी की हत्या की कथित साजिश के मामले में भारत से संपर्क बनाए हुए है और इसकी जांच के लिए नयी दिल्ली द्वारा नियुक्त उच्चस्तरीय समिति के निष्कर्षों की प्रतीक्षा है।

विभिन्न भू-राजनीतिक चुनौतियों पर चर्चा करते हुए उन्होंने लाल सागर में विभिन्न वाणिज्यिक पोतों पर हूती विद्रोहियों के हमलों के मद्देनजर रणनीतिक जल क्षेत्र में भारतीय नौसेना की भूमिका की सराहना की। अमेरिका ने पिछले साल दिसंबर में दावा किया था कि उसने अमेरिकी धरती पर सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या के लिए कथित रूप से एक भारतीय एजेंट द्वारा रची गई साजिश को विफल कर दिया। इन आरोपों की जांच के लिए भारत पहले ही एक जांच समिति गठित कर चुका है। भारत में अमेरिका के पूर्व राजदूत ने 'ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन' (ओआरएफ) द्वारा आयोजित परिचर्चा सत्र में एक सवाल के जवाब में कहा, हमने भारत सरकार के समक्ष अपनी चिंताओं को रखा है। एक जांच समिति इस मामले की जांच कर रही है और हम सरकार के साथ जुड़े रहेंगे एवं उनके निष्कर्षों की प्रतीक्षा करेंगे। उन्होंने इसे बहुत गंभीरता से लिया है जिसके लिए हम आभारी हैं। उन्होंने कहा, हम भारत द्वारा नौसेना के जरिए लाल सागर में किए जा रहे काम और उनके द्वारा प्रदान किए गए अविश्वसनीय समर्थन की सराहना करते हैं।

पुणे में 1100 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त तीन लोग गिरफ्तार

पुणे, एजेंसी : पुलिस ने करीब 1,100 करोड़ रुपये मूल्य का 600 किलोग्राम से अधिक मेफेड्रोन नामक मादक पदार्थ जब्त किया है तथा इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने पहले 3.85 करोड़ रुपये मूल्य का करीब 1.75 किलोग्राम मेफेड्रोन (एमडी) बरामद किया गया। जांच के दौरान पुलिस को दो गादामों का पता चला जहां और 55 किलोग्राम एमडी मिला। तीनों से पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर कुरकुंभ एमआईडीसी क्षेत्र में एक अन्य अभियान चलाया गया और वहां एक इकाई से करीब 550 किलोग्राम एमडी बरामद किया गया। अब तक पुलिस ने 600 किलोग्राम से अधिक मेफेड्रोन बरामद किया है जो करीब 1100 करोड़ रुपये मूल्य का है।

विराट की पत्नी अनुष्का ने दिया बेटे को जन्म

नयी दिल्ली, एजेंसी

● 15 फरवरी को 'अकाय' का हुआ जन्म, सोशल मीडिया पर जानकारी की वायरल

भारत के दिग्गज क्रिकेटर विराट कोहली की पत्नी अनुष्का शर्मा ने बेटे को जन्म दिया है। विराट कोहली और अनुष्का शर्मा ने सोशल मीडिया मंच के जरिए अपने प्रशसंकों को यह जानकारी दी है।

विराट कोहली ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए अपने प्रशसंकों के साथ यह जानकारी साझा करते हुए बताया है कि उनके घर बेटे का जन्म 15 फरवरी को हुआ था। उन्होंने बताया कि बेटे का नाम 'अकाय' रखा गया है। विराट कोहली के साथ-साथ अनुष्का के इंस्टाग्राम अकाउंट पर यह पोस्ट साझा करते हुए कहा, हमें यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि 15 फरवरी को हमने अपने बेटे अकाय और वामिका के छोटे भाई का इस दुनिया में स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि हम अपने जीवन के इस खूबसूरत समय में आपका आशीर्वाद और शुभकामनाएं चाहते हैं। हम आपसे अनुरोध करते हैं कि हमारी निजता का सम्मान करें।

वहीं इससे विराट कोहली के मित्र और दिग्गज क्रिकेटर ने इस बात का खुलासा कर दिया था, जिसके लिए उन्होंने बाद में माफी तक मांगी थी।

पाकिस्तान में नई सरकार के गठन में गतिरोध के संकेत: बिलावल

इस्लामाबाद, एजेंसी

● शीर्ष नेताओं के बीच हुई नवीनतम दौर की बातचीत बेनतीजा

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी ने मंगलवार को कहा कि यदि कोई अपना रुख बदलने के लिए तैयार नहीं है तो उन्हें पाकिस्तान में गठबंधन सरकार बनने में गतिरोध की आशंका है, जो देश के राजनीतिक परिदृश्य में गहराती दरार का संकेत देता है। बिलावल की यह टिप्पणी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के शीर्ष नेताओं के बीच सोमवार को हुई नवीनतम दौर की बातचीत बेनतीजा समाप्त होने के एक दिन बाद आयी है।

पीपीपी पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पीएमएल-एन को समर्थन देने के लिए राष्ट्रपति, सीनेट का अध्यक्ष और नेशनल असेंबली के अध्यक्ष जैसे प्रमुख संवैधानिक पदों की कथित तौर पर मांग कर रही है। 'डॉन' अखबार की खबर के अनुसार, बिलावल ने उच्चतम न्यायालय में पत्रकारों से कहा कि पीपीपी और वह अपने रुख पर अड़े हुए हैं और इस बात पर जोर दिया वह इसे किसी भी कीमत पर नहीं बदलेंगे। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के सीनेटर इरफान सिद्दीकी ने संसद के ऊपरी सदन में कहा, 2018 में, नवाज शरीफ जेल में थे, उन्हें चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं दी गई। क्या तब यह उचित था? और उस समय कोई हंगामा नहीं हुआ था। देश के सबसे शक्तिशाली राजनीतिक परिवार और पीएमएल-एन का नेतृत्व करने वाले शरीफ को 2017 में उच्चतम न्यायालय ने सार्वजनिक पद संभालने से अयोग्य घोषित कर दिया था और जवाबदेही अदालत ने उन्हें 10 साल जेल की सजा भी सुनाई थी। दोषसिद्धि और सजा के कारण वह आम चुनाव नहीं लड़ सके। सिद्दीकी ने सीनेट में कहा कि यह सच है कि पाकिस्तान का चुनावी इतिहास सही नहीं रहा है और यह स्थिति कई दशकों से बनी हुई है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई किसी भी सरकार को अपना कार्यकाल पूरा नहीं करने दिया गया। उन्होंने कहा कि हमारे चुनावों का इतिहास वास्तव में सबसे अच्छा नहीं है। लेकिन हम 2018 के चुनावों के बारे में बात क्यों नहीं कर रहे हैं? उन्होंने कहा, ''2018 के आम चुनावों में जो कुछ भी हुआ वह हमारे देश के इतिहास में एक काला अध्याय है। जेयूआई-एफ के साथ खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ की हालिया बातचीत का उल्लेख करते हुए इरफान ने सवाल किया कि पूर्व प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली पार्टी अन्य दलों के साथ बातचीत क्यों नहीं करती है।

पाकिस्तान: नई सरकार को नहीं बनी सहमति

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में नई गठबंधन सरकार के गठन में मंगलवार को कोई प्रगति नहीं हुई क्योंकि पीएमएल-एन और पीपीपी के शीर्ष नेताओं के बीच नवीनतम दौर की बातचीत में सत्ता-साझा करने के मुद्दे पर सहमति नहीं बन पायी। यहां पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के वरिष्ठ नेता सीनेटर इशाक डार के आवास पर सोमवार को आयोजित पांचवें दौर की बैठक में दोनों दलों के प्रमुख नेताओं की भागीदारी देखी गई, जिन्होंने नकदी संकट से जूझ रहे देश के हित में एकसाथ काम करने का संकल्प जताया है। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार ने मंगलवार को बताया कि पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ नेता मुराद अली शाह, कमर जमां कैरा, नदीम अफजल चान और अन्य शामिल थे। सोमवार को तीन घंटे के विचार-विमर्श के बाद, बातचीत में रुकावट आ गई। पीएमएल-एन और पीपीपी दोनों सोमवार रात 10 बजे फिर से मिलने पर सहमत हुए।

खगोल विज्ञान

ब्रह्मांड की अनसुलझी गुरुत्वाकर्षण की गुत्थियों को सुलझाने में मदद करेगी इसकी तस्वीरें

हबल ने कैद की एनजीसी 2298 की आकर्षक तस्वीर

कार्यालय संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : ग्रह नक्षत्रों की दुनिया अजूबी है। हमारी कल्पना से परे, इनकी थाह पाना कतई आसान नहीं। तकनीकि विकास के चलते हम इनके करीब पहुंचने लगे हैं। हाल ही में हबल ने गोलाकार क्लस्टर (आकाश गंगाओं का समूह) एनजीसी 2298 को कैमरे में कैद किया है। वैज्ञानिक मान रहे हैं कि दूर के इस क्लस्टर से खगोल के क्षेत्र में ब्रह्मांड की अनसुलझी गुरुत्वाकर्षण की गुत्थियों को सुलझाने में मदद मिलेगी।

हमारे निकटवर्ती ब्रह्मांड में आकाशगंगा समूहों में कन्या क्लस्टर, फॉर्नेक्स क्लस्टर, हरक्यूलिस क्लस्टर और कोमा क्लस्टर शामिल हैं। जिन्हें हम देख सकते हैं। माना जाता है लगभग 28 क्लस्टर हैं, जिन्हें हम आसानी से देख सकते हैं। देखने में यह सभी बेहद आकर्षक लगती हैं। स्याह रातों में इनका नजारा अद्भुत होता है। इन्हें निहारने का आकर्षण अक्सर प्रेमियों में रहता है, जबकि वैज्ञानिक वर्ग इनके भीतर का सच जानने को आतुर रहते हैं और रातों को जागकर इनके बारे में जानकारी जुटाते हैं। अब जो क्लस्टर की तस्वीरें भी ले ली गईं हैं यह गोलाकार आकृति के साथ बनी हुई हैं। गोलाकार क्लस्टर एनजीसी 2298 के बारे में अधिक जानकारी नहीं मिली है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि इसमें हजारों तारे पारस्परिक गुरुत्वाकर्षण के साथ एक दूसरे से बंधे हुए हैं और दूर आसमान में शानदार नजारा पेश करता है। यह जानकारी खास है कि गोलाकार समूह के तारे आमतौर पर तारों की पुरानी आबादी होती है, जो इनका आवास जैसा है और ये ज्यादातर आकाशगंगाओं के धूल भरे बाहरी इलाके में रहते हैं। इस क्लस्टर को लेकर खगोलविदों का कहना है कि गोलाकार क्लस्टर के व्यवहार को समझ पाना आसान हो जाएगा। साथ ही उनकी आंतरिक गतिविधियां, कक्षाएं और उनके तारों का विकास के रहस्य को उजागर किया जा सकेगा।



क्लस्टर एनजीसी 2298 की आकर्षक तस्वीर। ● अमृत विचार

● 30 मीटर व्यास की ऑप्टिकल दूरबीन का हो रहा निर्माण

दूरबीन से देखा जा सकेगा ब्रह्मांड का बड़ा हिस्सा

नैनीताल, अमृत विचार : आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ खगोलीय वैज्ञानिक डा. शशिभूषण पांडेय पिछले दो दशकों से भी अधिक समय से तारों की मायावी दुनिया को समझने का प्रयास कर रहे हैं और अभी तक अनेकों तारों के व्यवहार व गतिविधि का रहस्य उजागर कर चुके हैं। वह कहते हैं कि इनका रहस्य समझने के लिए दुनिया के वैज्ञानिक एकजुट होकर शोध कार्य कर रहे हैं। एक दूसरे के साथ जानकारी साझा कर रहे हैं। अब 30 मीटर व्यास की ऑप्टिकल दूरबीन (टीएमटी) का निर्माण किया जा रहा है। यह दूरबीन ब्रह्मांड के बड़े हिस्से को देख पाने में सक्षम होगी। भारत भी इस परियोजना का हिस्सा है।